ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी)

भारत की बढ़ती

ऊर्जा

जरूरतों की पूर्ति

वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24

वार्षिक प्रतिवेदन व लेखा

2023-24

ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी)

www.easterncoal.nic.in

CIN-U10101WB1975GOI030295

ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड

लक्ष्य

कोल इण्डिया लिमिटेड का लक्ष्य सुरक्षा, संरक्षण एवं गुणवत्ता को सम्यक प्रतिष्ठा प्रदान करते हुए दक्षतापूर्वक और मितव्ययिता के साथ पर्यावरण के अनुकूल योजनाबद्ध परिमाण में कोयला एवं कोयला उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन करना है।

संकल्पना

खदान से बाजार तक सर्वोत्तम प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण और सामाजिक रूप से टिकाऊ विकास को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता के साथ प्राथमिक ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक कंपनी के रूप में उभरना।

विषयसूची

क्रम सं.	विषयवस्तु	पृष्ठा संख्या
1.	निगमित संसूचना	4
2.	निदेशक मण्डल	5
3.	वार्षिक महाबैठक की सूचना	7
4.	अध्यक्षीय वक्तव्य	11
5.	परिचालनात्मक सांख्यि की	14
6.	निदेशक मण्डल की पृष्ठभूमि	24
7.	निदेशक मण्डलीय प्रतिवेदन 2023-24	29
8.	स्वतंत्र लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन	138
9.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ और उस पर उनका उत्तर	155
10.	31 मार्च, 2024 तक तुलन-पत्र	164
11.	31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण	166
12.	31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण	168
13.	31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण	170
14.	वित्तीय विवरणियों के लिए टिप्पणियाँ	172
15.	बैलेंस शीट का हिस्सा बनने वाले नोट्स	188
16.	लाभ एवं हानि विवरण का हिस्सा बनने वाले नोट्स	208
17.	खातों पर अतिरिक्त टिप्पणियाँ	228
18.	शब्दकोष	254

निगमित संसूचना

पंजीकृत कार्यालय

ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का कार्यालय, सांकतोड़िया,
पोस्ट – डिसेरगढ़, जिला- पश्चिम बर्द्धवान,
पिन- 713333, पश्चिम बंगाल

निदेशकगण एवं प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी

पूर्णकालिक निदेशकगण

श्री समीरन दत्ता, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
(28.12.2023 से) (अतिरिक्त प्रभार)
श्री ए. पी. पंडा, सीएमडी एवं सीईओ
(01.02.2022 से 27.12.2023 तक)
मो. अंज़ार आलम, निदेशक (वित्त)-सह-सीएफओ
(15.09.2022 से)
श्रीमती आहुती स्वाईं, निदेशक (वित्त)
(18.11.2022 से)
श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) संचालन (01.02.2023 से)
श्री नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना
(09.12.2022 से 29.04.2024 तक)

सरकार नामिति निदेशकगण

श्री हारा कुमार हाजोंग, आर्थिक सलाहकार, कोलया मंत्रालय
(05.07.2022 से 30.06.2023 तक)
श्री बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), सीआईएल
(12.05.2022 से 18.03.2024 तक)
श्री मुकेश अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी),सीआईएल
(18.03.2024 से)
श्री माणिक चंद्र पंडित, निदेशक (विपणन), कोयला मंत्रालय
(19.07.2023 से)

स्वतंत्र निदेशकगण

श्री शिव नारायण पाण्डेय (01.11.2021 से)
श्री शिव तपस्या पासवान (01.11.2021 से)
श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (01.11.2021 से 13.02.2024 तक)

कंपनी सचिव

श्री रामबाबू पाठक (01.07.2018 से)

सांविधिक लेखापरीक्षक

मेसर्स रॉय घोष एवं एसोसिएट, बर्द्धमान

शाखा लेखापरीक्षक

मेसर्स एस. गुहा एवं एसोसिएटस, कोलकाता
मेसर्स सुदीप्ता घोष एवं कंपनी, बर्द्धमान
मेसर्स अइच रे दास एवं चट्टोपाध्याय, बर्द्धमान
मेसर्स पीएनपी एवं कंपनी, बर्द्धमान
मेसर्स एस. के. नरेदी एवं कंपनी, कोलकाता

लागत लेखापरीक्षक

मेसर्स के. जी. गोयल एवं एसोसिएटस, जयपुर (अग्रणी लागत लेखापरीक्षक)
मेसर्स एम. जी. एवं एसोसिएटस, बर्नपुर
मेसर्स पंत एस. एवं एसोसिएटस, गाजियाबाद
मेसर्स बी. रे एवं एसोसिएटस, कोलकाता

सचिवालयिक लेखापरीक्षक

मेसर्स मेहता एवं मेहता
मुम्बई - 400018

आंतरिक लेखापरीक्षक

मेसर्स मित्रा रॉय एवं दत्ता, कोलकाता
मेसर्स कोमण्डूर एवं कंपनी, एलएलपी, कोलकाता
मेसर्स एस. श्रीवास्तव एवं कंपनी, लखनऊ
मेसर्स विनोद सिंघल एवं कंपनी, जयपुर
मेसर्स सी. के. दे एवं एसोसिएटस, मुम्बई
मेसर्स एन. ए. सिद्दीकी एवं कंपनी, लखनऊ
मेसर्स एसडीआर एवं एसोसिएटस, भुवनेश्वर
मेसर्स एमआईआर एवं एसोसिएटस, कोलकाता
मेसर्स घोषाल एवं घोषाल, कोलकाता
मेसर्स पीएसएमजी एवं एसोसिएटस, दिल्ली
मेसर्स चटर्जी एवं कंपनी, कोलकाता
मेसर्स बंदोपाध्याय एवं दत्ता, कोलकाता
मेसर्स एस. एन. नंदा एवं कंपनी, दिल्ली
मेसर्स दे एवं बोस, कोलकाता

खानों का अवस्थान

राज्य:	पश्चिम बंगाल
जिला:	पश्चिम बर्द्धमान
	बांकुड़ा
	पुरूलिया
राज्य:	झारखण्ड
जिला:	धनबाद
	गोड्डा
	दुमका
	पाकुड़
	देवघर

बैंकर्स

भारतीय स्टेट बैंक
इंडियन बैंक
बैंक ऑफ इंडिया
एचडीएफसी बैंक लि.
यूको बैंक
बैंक ऑफ बड़ौदा
आईसीआईसीआई बैंक लि.
केनरा बैंक
एक्सिस बैंक लि.
पंजाब नेशनल बैंक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

निक्षेपागार

मेसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता

मेसर्स एनडीएमएल
आईएसआईएन: INE06V901011

निदेशक मण्डल

निदेशक मण्डल (2023-24 के दौरान)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक / सीईओ

श्री समीरन दत्ता, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (28.12.2023 से) (अतिरिक्त प्रभार)
श्री ए. पी. पंडा, सीएमडी एवं सीईओ (01.02.2022 से 27.12.2023 तक)

पूर्णकालिक निदेशकगण

मो. अंज़ार आलम, निदेशक (वित्त)-सह-सीएफओ (15.09.2022 से)
श्रीमती आहुती स्वाईं, निदेशक (वित्त) (18.11.2022 से)
श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) संचालन (01.02.2023 से)
श्री नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) यो. व परि. (09.12.2022 से 29.04.2024 तक)

सरकार नामिति निदेशकगण

श्री हारा कुमार हाजोंग, आर्थिक सलाहकार, कोलया मंत्रालय (05.07.2022 से 30.06.2023 तक)
श्री बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), सीआईएल (12.05.2022 से 18.03.2024 तक)
श्री मुकेश अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी),सीआईएल (18.03.2024 से)
श्री माणिक चंद्र पंडित, निदेशक (विपणन), कोयला मंत्रालय (19.07.2023 से)

स्वतंत्र निदेशकगण

श्री शिव नारायण पाण्डेय (01.11.2021 से)
श्री शिव तपस्या पासवान (01.11.2021 से)
श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (01.11.2021 से 13.02.2024 तक)

मुख्य वित्तीय अधिकारी

मो. अंज़ार आलम, निदेशक (वित्त)-सह-सीएफओ (15.09.2022 से)

कंपनी सचिव

श्री रामबाबू पाठक (01.07.2018 से)

निदेशक मण्डल (यथा 1 अगस्त, 2024 तक)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक / सीईओ

श्री समीरन दत्ता, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (अतिरिक्त प्रभार)

पूर्णकालिक निदेशकगण

मो. अंज़ार आलम, निदेशक (वित्त)-सह-सीएफओ
श्रीमती आहुती स्वाईं, निदेशक (कार्मिक)
श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) संचालन एवं निदेशक (तकमीकी) योजना व परियोजना (अतिरिक्त प्रभार)

सरकार नामिति निदेशकगण

श्री मुकेश अग्रवाल, निदेशक (वित्त), सीआईएल

श्री माणिक चंद्र पंडित, निदेशक (विपणन), कोयला मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशकगण

श्री शिव नारायण पाण्डेय
श्री शिव तपस्या पासवान

मुख्य वित्तीय अधिकारी

मो. अंज़ार आलम, निदेशक (वित्त)-सह-सीएफओ

कंपनी सचिव

श्री रामबाबू पाठक

निदेशक मंडल

श्री समीरन दत्ता
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

श्री मुकेश अग्रवाल
निदेशक (वित्त), सीआईएल
अंशकालिक पदीय निदेशक, ईसीएल

डॉ. माणिक चंद्र पंडित
निदेशक, कोयला मंत्रालय
अंशकालिक पदीय निदेशक, ईसीएल

मो. अंज़ार आलम
निदेशक (वित्त), ईसीएल

श्रीमती आहुती स्वाईं
निदेशक (कार्मिक), ईसीएल

श्री नीलाद्रि रॉय
निदेशक (तकनीकी)
संचालन, ईसीएल

श्री शिव नारायण पाण्डेय
अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक, ईसीएल

श्री रामबाबू पाठक
कंपनी सचिव, ईसीएल

श्री शिव तपस्या पासवान
अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक, ईसीएल

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
Eastern Coalfields Limited
(कोल इंडिया की एक अनुषंगी)
(A Subsidiary of Coal India Limited)
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
(A Govt. of India Undertaking)
Telefax: 0341-2520546
E-Mail: companysecretary.ecl@coalindia.in

संदर्भ सं. ईसीएल:सीएस:15(2024)/10025 दिनांक- 30 जुलाई, 2024

49 वीं वार्षिक महाबैठक की सूचना

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सदस्यों को सूचना दिया जाता है कि ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ("कंपनी") के शेयरधारकों की उनचासवें (49वें) वार्षिक महाबैठक ("एजीएम") गुरूवार, 01 अगस्त, 2024 को सुबह 11:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, सीएमडी कार्यालय, सांकतोड़िया, डाकघर – डिसेरगढ़, पश्चिम बर्धमान, पिन-713333, पश्चिम बंगाल में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य श्रव्य-दृश्य उपाय (ओएवीएम) के जरिए निम्नलिखित कारबारों के संव्यवहार के लिए आयोजित की जाएगी।

सामान्य कारबार :

1. यथा 31 मार्च, 2024 को लेखापरीक्षित तुलन-पत्र, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लाभ और हानि विवरणी, समस्त टिप्पणियों के साथ नगदी प्रवाह विवरणी, वर्ष 2023-24 के लिए वित्तीय विवरणियों एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीति पर अतिरिक्त टिप्पणियों, सांविधिक लेखापरीक्षक एवं भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निदेशक मण्डल के प्रतिवेदन को ग्रहण, प्रतिफलित और अंगीकृत करने संबंधित।

2. श्रीमती आहुती स्वाईं (डीआईएन-9817248) के स्थान पर निदेशक नियुक्त करने संबंधित, निदेशक जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 (6) के निबंधनों के अनुसार चक्रानुक्रम से निवृत्त होते हैं और पुनःनियुक्ति के लिए पात्र होने पर स्वयं को प्रस्तावित करते हैं।

विशेष कारबार :

3. वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लागत लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक का अनुसमर्थन करने एवं प्रतिफलित करने और यदि उचित समझा जाए तो उपांतर सहित या रहित जारी करने संबंधित, निम्नलिखित संकल्प यथा **सामान्य संकल्प :**

"संकल्पित किया जाता है कि कंपनी के लागत परीक्षक कार्य करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निदेशक मण्डल द्वारा नियुक्त लागत लेखापरीक्षकों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(3) के अनुसरण में निम्नलिखित पारश्रमिक प्रदत्त किए जाते हैं :

क्रम सं.	लागत परीक्षक का नाम	वर्ष 2023-24 के लिए लागत लेखापरीक्षण हेतु पारिश्रमिक (₹ में)
1	मेसर्स के. जी. गोयल एवं एसोसिएट्स	6,60,000.00
2	मेसर्स एम. जी. एवं एसोसिएट्स	6,30,000.00
3	मेसर्स पंत एस एवं एसोसिएट्स	5,41,500.00
4	मेसर्स बी राय एवं एसोसिएट्स	2,71,500.00
	कुल : (इक्कीस लाख तीन हजार रूपए मात्र)	**21,03,000.00**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लागत परीक्षकों के रूप में उपर्युक्त फर्म की नियुक्ति अभिव्यक्ति की अभिरूचि (ईओआई) में यथा उल्लिखित निबंधनों एवं दशाओं द्वारा मार्गदर्शित होगी।

निदेशक मण्डल के आदेश से
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए

(रामबाबू पाठक)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)/कंपनी सचिव

दिनांक- 30 जुलाई, 2024
पंजीकृत कार्यालय :
सीआईएन - U10101WB1975GOI030295
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सांकतोड़िया, पोस्ट – डिसेरगढ़,
जिला – पश्चिम बर्द्धमान, पिन – 713333, पश्चिम बंगाल

टिप्पणियाँ :

1. कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी 28 दिसंबर, 2022 के सामान्य परिपत्र संख्या 10/2022 के अनुसार, कंपनियों को एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की सशरीर उपस्थिति के बिना वीसी के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की अनुमति है। इसलिए, कंपनी की एजीएम वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है।

   कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") ने अपने सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के माध्यम से "कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कंपनियों द्वारा सामान्य और विशेष प्रस्तावों को पारित करने पर स्पष्टीकरण और "कोविड-19" द्वारा उत्पन्न खतरे के कारण बनाए गए नियमों के संबंध में, सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, 2020, 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 और बाद के परिपत्रों को इस संबंध में जारी किया गया, नवीनतम 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 को "वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक महाबैठक ("एजीएम") के आयोजन पर स्पष्टीकरण, (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) ने वीसी/ओएवीएम के माध्यम से, एक सामान्य स्थल पर सदस्यों की सशरीर उपस्थिति के बिना, एजीएम आयोजित करने की अनुमति दी। एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी की एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है। कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एजीएम के लिए स्थल माना जाएगा।

2. चूंकि यह वार्षिक महाबैठक एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, इसलिए सदस्यों की वास्तविक उपस्थिति को समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, सदस्यों द्वारा परोक्षी की नियुक्ति करने की सुविधा एजीएम के लिए उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए परोक्षी प्रपत्र व उपस्थिति पर्ची इस सूचना के साथ संलग्न नहीं है। यद्यपि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 112 एवं 113 के अनुसरण में सदस्यों के प्रतिनिधि को वीसी या ओएवीएम के जरिए सहभागिता एवं मतदान करने के लिए नियुक्त किया जा सकता है। वीसी या ओएवीएम के जरिए बैठक में सम्मिलित होने के लिए, लिंक कंपनी के प्राधिकृत मेल आईडी के माध्यम से अग्रिम रूप में उपलब्ध करा दिया जाएगा और बैठक में शामिल होने की सुविधा बैठक शुरू होने के लिए निर्धारित समय से कम से कम 15 मिनट पहले खुली रखी जाएगी और ऐसे निर्धारित समय के 15 मिनट बाद बंद नहीं की जाएगी।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के अनुसरण में, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (सी&एजी) द्वारा एक सरकारी कंपनी के लेखापरीक्षकों को नियुक्त या पुनःनियुक्त किया जाना है और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142(1) के निबंधनों में, कंपनी द्वारा वार्षिक आम बैठक में उनका पारिश्रमिक नियत किया जाना है या इस तरह से यथा कंपनी सामान्य बैठक में निर्धारित कर सकती है।

4. विशेष कारबार से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरणी इसके साथ उपाबद्ध है।

5. शेयरधारकों से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101(1) के प्रावधानों के अनुसरण में अल्पतर समय की सूचना पर वार्षिक आम बैठक आहुत करने के लिए उनके सहमति देने का अनुरोध किया जाता है।

प्रतिलिपि :

1. मेसर्स रॉय घोष एंड एसोसिएट्स, 39, कालना रोड, बदामतला, बर्धमान, पश्चिम बंगाल, पिन-713101
2. मेसर्स मेहता एंड मेहता, कंपनी सचिव, सचिवीय लेखा परीक्षक, 201-206, शिव स्मृति चैंबर्स, दूसरी मंजिल, 49 ए, डॉ. एनी बेसेंट रोड, कॉर्पोरेशन बैंक के ऊपर, वर्ली, मुंबई - 400018
3. मेसर्स के.जी. गोयल एंड एसोसिएट्स, कॉस्ट ऑडिटर्स, 289, महावीर नगर 2, महारानी फार्म, गायत्री नगर बी, दुर्गापुरा, जयपुर, राजस्थान 302018
4. ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड के समस्त निदेशकगण।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(i) के अनुसरण में विवरणी

01 अगस्त, 2024 गुरूवार को आयोजित उनचासवें (49वें) वार्षिक महाबैठक आहुत करने की सूचना के साथ उपाबद्ध।

विशेष कारबार : मद सं. 3

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(3) के साथ पठित कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के अनुसार, लेखापरीक्षक समिति द्वारा यथा सिफारिश और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित लागत लेखापरीक्षक का पारिश्रमिक की बाद में शेयरधारकों द्वारा अनुसमर्थन की जानी है।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लेखापरीक्षक समिति 12 सितंबर, 2023 को आयोजित अपने 131 वीं बैठक में सिफारिश की और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल 12 सितंबर, 2023 को आयोजित अपने 366वीं बैठक में सिफारिश की कि निम्नलिखित पारिश्रमिक के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निम्नलिखित लागत लेखाकार फर्मों को यथा लागत लेखापरीक्षक नियुक्ति अनुमोदित किया जाए जिसे आगामी एजीएम में अनुसमर्थन किया जाना है :

क्रम सं.	लागत लेखापरीक्षक का नाम	वर्ष 2023-24 के लिए लागत लेखापरीक्षण हेतु पारिश्रमिक (₹ में)
1	मेसर्स के.जी. गोयल एवं एसोसिएट्स	6,60,000.00
2	मेसर्स एम. जी. एवं एसोसिएट्स	6,30,000.00
3	मेसर्स पंत एवं एसोसिएट्स	5,41,500.00
4	मेसर्स बी. राय एवं एसोसिएट्स	2,71,500.00
	कुल : (इक्कीस लाख तीन हजार रूपए मात्र)	**21,03,000.00**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लागत लेखापरीक्षकों के रूप में उपर्युक्त फर्मों की नियुक्ति अभिव्यक्ति की अभिरूचि (ईओआई) में यथा उल्लिखित निबंधनों एवं शर्तों द्वारा मार्गदर्शित होगी। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के साथ पठित कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के निबंधनों के अनुसार, लागत लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक को कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुसमर्थन किया जाना आवश्यक है। कंपनी के किसी भी निदेशक और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदारों की इस संकल्प में कोई अभिरूचि नहीं है। निदेशक मंडल आपके अनुमोदन के लिए इस संकल्प की सिफारिश करता है।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए
निदेशक मण्डल के आदेश से

(रामबाबू पाठक)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)/कंपनी सचिव

दिनांक- 30 जुलाई, 2024

पंजीकृत कार्यालय :
सीआईएन - U10101WB1975GOI030295
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
सांकतोड़िया, पोस्ट – डिसेरगढ़,
जिला – पश्चिम बर्द्धमान,
पिन – 713333, पश्चिम बंगाल

वार्षिक महाबैठक में चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होने वाले और पुन:नियुक्ति चाहने वाले निदेशकों का ब्यौरे – महाबैठक पर सचिवालयीक मानक ("एसएस -2") के अनुपालन में, वार्षिक महाबैठक में पुन:नियुक्ति के इच्छुक निदेशकों का अपेक्षित विवरण नीचे सारणीबद्ध है-

नाम और निदेशक का पदनाम	**श्रीमती आहुती स्वाईं** **निदेशक (कार्मिक), ईसीएल**
डीआईएन	09817248
जन्मतिथि	29.08.1964
राष्ट्रीयता	भारतीय
निदेशक मंडल में नियुक्ति की तिथि	18.11.2022
नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के निबंधन एवं शर्तें तथा मांगे गए पारिश्रमिक तथा अंतिम बार लिए गए पारिश्रमिक का विवरण	भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा निर्गत नियुक्ति पत्र के अनुसार
अर्हता एवं अनुभव	एक्सआईएसएस, राँची से पीएम एवं आईआर में स्नातकोत्तर और अन्नमलाई विश्वविद्यालय से विपणन प्रबंधन में व्यवसाय प्रशासन निष्णात (एमबीए)
कंपनी में शेयरधारिता	कुछ नहीं
अन्य निदेशक, प्रबंधक और केएमपी के साथ संबंध	कुछ नहीं
वर्ष 2023-24 के दौरान निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या	11
अन्य कंपनियों में रखे गए निदेशक पदों की सूची	कुछ नहीं
ईसीएल में अन्य समिति की अध्यक्षता / सदस्यता	की सदस्य : अ. “सी.एस.आर.” पर ईसीएल निदेशक मण्डल की उप-समिति; आ. लेखापरीक्षा समिति; इ. “परियोजनाओँ का मूल्यांकन, मूल्य-निरूपण एवं अनुमोदन” के लिए उप-समिति ई. “जोखिम प्रबंधन” पर ईसीएल निदेशक मण्डल की उप-समिति

अध्यक्षीय वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से मुझे वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आपकी कंपनी की एकीकृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जिसमें कंपनी के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है।

अर्थव्यवस्था और ऊर्जा

बाजार विनिमय दर पर, भारत का 3.942 ट्रिलियन डॉलर का सकल घरेलू उत्पाद दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पांचवें स्थान पर है, जो ब्रिटेन ($ 3.502 ट्रिलियन), फ्रांस ($ 3.132 ट्रिलियन), ब्राजील ($ 2.333 ट्रिलियन), इटली ($ 2.332 ट्रिलियन) और कनाडा ($ 2.242 ट्रिलियन) से ऊपर है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान गत वर्ष के 7.00% की तुलना में 8.20% की वृद्धि के बाद भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में माना जा रहा है। भारतीय आर्थिक सुधार में उछाल बढ़ती मुद्रास्फीति, आपूर्ति शृंखला व्यवधानों, भू-राजनीतिक तनाव आदि से विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहा है। इन कारकों ने नीति-निर्माताओं के बीच चिंता पैदा कर दी थी और अर्थव्यवस्था की अनुमानित वृद्धि को प्रभावित किया था। इसके अलावा, सर्वव्यापी रोग के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में कमजोरियों को रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी घटनाओं से बढ़ा दिया गया था और इस प्रकार, राष्ट्रों को बाहरी ऊर्जा संसाधनों की तलाश करने के लिए मजबूर किया गया था।

प्रायः जीवंत ऊर्जा क्षेत्र एक राष्ट्र की समृद्धि से जुड़ा होता है, क्योंकि इसमें अर्थव्यवस्था के सतत संवृद्धि और विकास की दिशा में समर्थन सुनिश्चित करने की क्षमता होती है। भारत में ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को विस्तार से बताने की आवश्यकता नहीं है, जब देश चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता बन गया है। लेकिन यह ध्यान रखना प्रासंगिक है कि प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत वैश्विक औसत से बहुत कम है, जो वर्तमान की तुलना में बहुत अधिक की आवश्यकता को इंगित करता है। यह भी सच है कि 3ए अर्थात ऊर्जा खपत के लिए उपलब्धता, सुलभता और वहनीयता, हमारे विकासशील राष्ट्र के लिए अन्य मुद्दों की तुलना में ऊर्जा क्षेत्र के लिए अधिक चुनौतियाँ लाती है। जलवायु परिवर्तन के लिए वैश्विक चिंताओं के अनुरूप, नेट-जीरो बनने की भारत की प्रतिबद्धता भविष्य में अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी के आयाम को बढ़ाती है।

वैश्विक स्तर पर, जीवाश्म ईंधन ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो भारत में अलग नहीं है। हमारे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं में कोयले का लगभग 55% हिस्सा है। भारत के भीतर प्रचुर मात्रा में कोयला भंडार की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण लाभ रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का अनुमान है कि 1200 मीटर की गहराई तक भारतीय कोयले के भूवैज्ञानिक संसाधनों की सूची 378.20 बिलियन टन है। ये संसाधन मुख्य रूप से झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र जैसे क्षेत्रों में केंद्रित हैं। आपकी कंपनी पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्यों में अपने कमांड क्षेत्र में 55.21 बि.टन के कोयला भंडार को निकालने के लिए काम करती है, जो पश्चिम बंगाल में रानीगंज कोलफील्ड्स को कवर करते हुए 33.92 बि.टन और झारखंड में राजमहल और शहारझुड़ी कोलफील्ड्स पर 21.29 बि.टन है।

कार्य-निष्पादन की मुख्य विशेताएँ

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी सतत संवृद्धि सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपलब्धियाँ प्राप्त करने में सफल रही है :

अ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, कंपनी ने सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों के बीच कोयला उत्पादन (35.96%), उपरिभार हटाव (30.59%) और कोयला ऑफ्टेक (22.93%) के सभी तीन प्रमुख मापदंडों में उच्चतम प्रतिशत वृद्धि का साक्षी बना है।

आ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, ईसीएल ने अपने स्थाना काल से अब तक का सबसे अधिक उपरिभार हटाव अर्थात 170.899 मि. घनमीटर पंजीबद्ध किया है।

इ) मार्च, 2024 के महीने के दौरान, कंपनी ने 6.63 मि.टन का कोयला उत्पादन और 19.21 मि. घनमीटर का उपरिभार हटाव का साक्षी बना है, जो स्थापना के बाद से एक महीने में अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन और उपरिभार हटाव है।

ई) कंपनी ने 31.03.2024 को 2.80 लाख टन का कोयला उत्पादन का साक्षी बना है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन है।

उ) कंपनी ने 29.03.2024 को 6.80 लाख घनमीटर का उपरिभार हटाव का साक्षी बना है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक का सबसे अधिक उपरिभार हटाव है।

ऊ) कंपनी ने 31.03.2024 को 2.91 लाख टन का कोयला ऑफ्टेक का साक्षी बना है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक का सबसे अधिक कोयला ऑफ्टेक है।

ऋ) कंपनी ने 31.03.2024 को 65 रेक की रेलवे रेक लोडिंग का साक्षी बना है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक की सबसे अधिक रेलवे रेक लोडिंग है।

ऌ) ईसीएल को 2023 में सीआईएल के 49वें स्थापना दिवस पर 'गुणवत्ता जागरूकता पर प्रथम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

ऍ) ईसीएल के बांकोला क्षेत्र की श्यामसुंदरपुर भूमिगत खान और झांझरा क्षेत्र की झांझरा परियोजना कोलियरी को 22 दिसंबर, 2023 को 2021-22 के लिए कोयला मंत्रालय से 'भूमिगत कोयला खान' की श्रेणी में प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग पुरस्कार प्राप्त हुए।

ऐ) ईसीएल ने 2022-23 में सैप ईआईपी कार्यान्वयन के लिए प्रतिष्ठित कोयला मंत्रालय पुरस्कार प्राप्त किया है।

ए) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जेम पोर्टल पर सीआईएल और इसकी अनुषंगी कंपनियों के भीतर सीएमसी विभाग द्वारा सबसे अधिक (छह-06) राजस्व हिस्सेदारी निविदाएं जारी की गई हैं।

वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने रु. 213.49 करोड़ का पीबीटी (कर पूर्व लाभ) और रु. 251.59 करोड़ का पीएटी (कर पश्चात लाभ) अर्जित किया, जबकि पिछले वर्ष के पीबीटी रु. 1,280.42 करोड़ और पीएटी रु. 892.80 करोड़ था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने भूमिगत से 9.183 एमटी कोयले का उत्पादन किया, विभागीय ओपनकास्ट से 6.183 एमटी और हायर पैच से 32.194 एमटी। इस प्रकार, कुल कोयला उत्पादन 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 47.56 एमटी था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35.82% की वृद्धि है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने रु. 741.64 करोड़ का नकद लाभ कमाया और रु. 1,461.34 करोड़ का पूंजीगत व्यय (कपेक्स) प्राप्त किया। 31 मार्च, 2024 को कंपनी का संचयी घाटा रु. 2,124.49 करोड़ था और 31 मार्च, 2024 को कंपनी की शुद्ध संपत्ति रु. 2,977.64 करोड़ थी।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस

आपकी कंपनी पारदर्शिता, खुलेपन, जवाबदेही और निष्पक्षता के उच्च स्तर को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें सभी हितधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए संचालन के सभी क्षेत्रों में प्रमुख उद्देश्य सभी के हितों की सुरक्षा और शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाना है। कंपनी ने सभी हितधारकों के साथ सभी महत्वपूर्ण जानकारी के समय पर और संतुलित प्रकटीकरण के लिए एक प्रभावी प्रणाली बनाई है। कंपनी ने जोखिम को कम करने और रोज़मर्रा के व्यावसायिक संचालन में कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए एक मजबूत आंतरिक नियंत्रण प्रणाली स्थापित की है। आपकी कंपनी को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई), भारत सरकार द्वारा स्व-मूल्यांकित मानकों के अनुसार "उत्कृष्ट" कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग दी गई है।

अभिस्वीकृति

मैं कोयला मंत्रालय, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, वित्त मंत्रालय - सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) और निवेश व सार्वजनिक आस्ति प्रबंधन विभाग (दीपम), संबद्ध सांविधिक प्राधिकरणों के अलावा पश्चिम बंगाल राज्य सरकार, झारखंड राज्य सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड से प्राप्त समर्थन के लिए निदेशक मंडल की ओर से अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।

मैं कोयला योद्धाओं के ठोस प्रयासों के लिए अपनी ईमानदारी से सराहना करता हूँ और श्रमिक संगठनों, विनिमयकारी निकायों और अन्य हितधारकों को धन्यवाद देता हूँ।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी उत्कर्ष को अपनाकर अपने संचालन में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, और अपने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ण करना जारी रखते हैं।

शुभकामना सहित,

(समीरन दत्ता)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08519303

दिनांक: 1 अगस्त, 2024
स्थान: सांकतोड़िया

परिचालनात्मक सांख्यिकी

31 मार्च को समाप्त वर्ष	2024	2023	2022	2021	2020
1. कोयला उत्पादन (मि.टन)					
भूमिगत	9.183	8.968	8.996	9.309	9.206
खुली खदान	38.377	26.050	23.432	35.695	41.195
कुल	**47.560**	**35.018**	**32.428**	**45.004**	**50.401**
2. उपरिभार हटाव (मि. घनमीटर)	**170.899**	**132.985**	**118.989**	**139.585**	**140.455**
3. कुल आवर्त (कच्चा कोयला) (मि.टन)					
विद्युत शक्ति	36.09	28.150	29.970	36.170	45.334
सिमेंट	0.35	0.430	0.120	0.093	0.076
कोलियरी खपत	0.15	0.170	0.180	0.177	0.181
अन्य	7.16	6.760	5.830	5.60	3.725
कुल	**43.75**	**35.510**	**36.100**	**42.040**	**49.316**
4. जनशक्ति	**48711**	**51074**	**52935**	**54866**	**57153**
5. उत्पादकता (ओ.एम.एस.) (मि.टन)					
भूमिगत	0.950	0.888	0.863	0.852	0.824
खुली खदान	14.258	11.420	10.310	15.374	17.358
समग्र	**3.849**	**2.829**	**2.555**	**3.397**	**3.722**
6. पूँजीगत व्यय (₹ करोड़ में)	**1461.34**	**1122.64**	**1227.99**	**1025.87**	**894.68**
7. सकल बिक्री आवर्तन (₹ करोड़ में)	**18999.97**	**19351.00**	**14453.63**	**14821.26**	**18192.36**
8. सकल बिक्री आवर्तन (₹ करोड़ में)	**2,977.64**	**2,820.25 (पुनःकथित)**	**1813.71**	**888.82**	**1882.88**

कोयला उत्पादन (एम.टी. में)

ओएमएस (टन/मैनशिफ्ट)



ऑफ टेक (एम.टी. में)

ओबीहटाना (एम.टी. में)

आय और व्यय

(₹ करोड़ में)

क्रम.	विशिष्टियाँ	31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए				
		2024	2023 (पुनर्कथित)	2022	2021	2020
क	**से अर्जित**					
1	**सकल बिक्री (कोयला)**	**18,999.97**	**19,351.00**	**14,453.65**	**14,821.26**	**18,192.36**
	न्यून : उत्पाद शुल्क एवं अन्य उगाही	5,108.09	4,581.71	4,152.20	4,564.87	5,368.62
2	**निवल बिक्री**	**13,891.88**	**14,769.29**	**10,301.45**	**10,256.39**	**12,823.74**
3. i	कोयला आयात के लिए सुकरीकरण प्रभार		-	-	-	-
3. ii	रेत भूगर्त भरण एवं संरक्षी कार्यों के लिए सहायकी	2.03	1.53	-	0.12	-
3. iii	परिवहन व लदाई लागत की वसूली (उगाही का निवल)	403.64	271.69	264.11	306.10	337.10
3. iv	निकासी सुविधा शुल्क (शुल्क के बाद)	261.59	211.97	185.19	155.54	177.59
3. v	सेवाओं से राजस्व (शुल्क के बाद शुद्ध)	-	-	-	-	-
3	**विस्थापन सुकर प्रभार (उगाही का निवल)**	**667.26**	**485.19**	**449.30**	**461.76**	**514.69**
4. i	सेवाओं से राजस्व (उगाही का निवल)	309.34	211.55	120.75	99.85	377.27
4. ii	अन्य परिचालनात्मक राजस्व (उगाही का निवल)	-	-	-	-	-
4. iii	ब्याज आय	330.21	344.75	97.35	286.03	252.64
4	**पारस्परिक निधि पर लाभांश**	**639.55**	**556.30**	**218.10**	**385.88**	**629.91**
	अन्य अपरिचालनात्मक आय	**15,198.69**	**15,810.78**	**10,968.85**	**11,104.03**	**13,968.34**
ख	को संदाय / के लिए प्रदत्त					
1. i	वेतन एवं मजदूरी	7,838.18	8,077.44	6,234.51	5,924.72	5,832.47
1. ii	भविष्य निधि एवं पेंशन निधि को अंशदान	1,943.23	1,476.87	1,459.39	1,526.42	1,566.99
1. iii	स्टाफ कल्याण व्यय	312.61	373.06	289.89	337.16	275.86
1	कर्मी प्रसुविधा व्यय	10,094.02	9,927.37	7,983.79	7,788.30	7,675.32
2	उपभुक्त सामग्रियों की लागत	1,000.35	1,086.24	781.36	720.07	681.90
3	तैयार माल/चालू कार्य और विक्रेय माल की वस्तुसूचियों में परिवर्तन	(497.30)	24.15	291.34	(300.71)	(86.86)
4	विद्युत शक्ति व्यय	433.63	425.44	434.92	431.19	445.78
5	निगमित सामाजिक दायित्व व्यय	7.33	6.92	13.86	11.56	11.48
6	मरम्मति	194.27	176.78	192.87	242.37	134.43
7	संविदात्मक व्यय	2,864.43	2,042.23	1,686.53	1,941.23	1,974.85
8	**वित्त लागत**					
	बट्टों का अकुंडलन	46.61	52.22	163.04	190.92	178.04
	अन्य वित्त लागत	74.52	12.63	0.62	2.88	0.17
9	मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति	700.17	628.35	529.70	494.18	434.35
10	विपट्टन गतिविधि समायोजन	(590.27)	(351.91)	(153.57)	1.27	286.92
11	प्रावधान और बट्टे खाता डालना	140.09	4.11	12.11	27.56	95.53
12	अन्य व्यय	517.35	495.83	469.65	460.47	635.08
	कुल (ख)	**14,985.20**	**14,530.36**	**12,406.22**	**12,011.29**	**12,466.99**
13	**अपवादात्मक मदों एवं कर पूर्व लाभ/(हानि) (क – ख)**	**213.49**	**1,280.42**	**(1,437.37)**	**(907.26)**	**1,501.35**
14	अपवादात्मक मदें	-	-	-	-	-
15	**कर पूर्व लाभ/(हानि)**	**213.49**	**1,280.42**	**(1,437.37)**	**(907.26)**	**1,501.35**
16	न्यून : कर व्यय	(38.10)	387.62	(376.71)	(147.68)	503.70
17	**सतत परिचालन से वर्ष के लिए लाभ/(हानि)**	**251.59**	**892.80**	**(1,060.66)**	**(759.58)**	**997.65**
18	अनिरंतरित परिचलानों से लाभ/(हानि) (करोपरांत)	-	-	-	-	-

(₹ करोड़ में)

क्रम.	विशिष्टियाँ	31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए				
		2024	2023 (पुनर्कथित)	2022	2021	2020
19	संयुक्त उद्यम/संस्थान के लाभ/(हानि) में शेयर	-	-	-	-	-
20	**वर्ष के लिए लाभ/(हानि)**	**251.59**	**892.80**	**(1,060.66)**	**(759.58)**	**997.65**
21	**अन्य व्यापक आय**					
	क. (i) मदें जिन्हें लाभ या हानि में वर्गीकृत नहीं किया जाएगा	(94.20)	152.00	(65.42)	(234.48)	(218.20)
	(ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनःवर्गीकृत नहीं किया जाएगा	-	38.26	-	-	(54.92)
	ख. (i) मदें जिन्हें लाभ या हानि में वर्गीकृत किया जाएगा।	-	-	-	-	-
	(ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनःवर्गीकृत किया जाएगा	-	-	-	-	-
22	**कुल अन्य व्यापक आय**	**(94.20)**	**113.74**	**(65.42)**	**(234.48)**	**(163.28)**
	वर्ष के लिए कुल व्यापक आय [वर्ष के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय को समाविष्ट]	**157.39**	**1,006.54**	**(1,126.08)**	**(994.06)**	**834.37**
23	**को रोप्य लाभ**					
	कंपनी के मालिक	251.59	892.80	(1,060.66)	(759.58)	997.65
	अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-
24	**को रोप्य अन्य व्यापक आय :**					
	कंपनी के मालिक	(94.20)	113.74	(65.42)	(234.48)	(163.28)
	अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-
25	**को रोप्य कुल व्यापक आय :**					
	कंपनी के मालिक	157.39	1,006.54	(1,126.08)	(994.06)	834.37
	अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-



वित्तीय स्थिति

(₹ करोड़ में)

क्रम	विशिष्टियाँ	31 मार्च को यथा				
		2024	2023 (पुनर्कथित)	2022	2021	2020
	आस्तियाँ					
क	**अप्रचलित आस्तियाँ**					
	अ. संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर	5,973.43	5,512.04	4,411.30	3,572.54	3,168.82
	आ. पूँजीगत चालू कार्य	798.56	556.58	400.51	587.28	473.31
	इ. अन्वेषित और मूल्यांकित आस्तियाँ	764.03	713.71	684.40	655.46	615.75
	ई. अमूर्त आस्तियाँ	12.40	15.36	2.08	2.78	-
	उ. विकासाधीन अमूर्त आस्तियाँ	-	-	9.16		
	ऊ. वित्तीय आस्तियाँ					
	i. निवेश	0.08	0.08	0.08	0.08	0.08
	ii. ऋण	0.02	0.05	0.10	0.02	0.05
	iii. अन्य वित्तीय आस्तियाँ	1,104.72	945.89	765.33	700.15	633.09
	ऋ. आस्थगित कर आस्तियाँ (निवल)	848.38	793.17	904.97	513.58	359.13
	ए. अप्रचलित कर आस्तियाँ (निवल)	71.14				
	ए. अन्य अप्रचलित आस्तियाँ	1,269.68	1,113.29	878.34	759.41	665.13
	कुल अप्रचलित आस्तियाँ (क)	**10,842.44**	**9,650.17**	**8,056.27**	**6,791.30**	**5,915.36**
ख	**चालू आस्तियाँ**					
	अ. वस्तुसूचियाँ	1,121.05	562.87	554.17	810.36	502.76
	आ. वित्तीय आस्तियाँ					
	i. निवेश	-	-	-	-	-
	ii. व्यवसाय प्राप्य	1,892.15	1,564.50	2,504.20	4,423.53	3,316.46
	iii. नकदी एवं नकदी समतुल्य	119.12	532.11	882.47	945.16	93.28
	iv. अन्य बैंक अतिशेष	1,798.65	3,439.35	997.56	566.50	3,873.27
	v. ऋण	-	-	-	-	-
	vi. अन्य वित्तीय आस्तियाँ	145.03	137.70	55.02	36.63	267.07
	इ. चालू कर आस्तियाँ (निवल)	-	-	274.39	1,071.22	1,197.05
	ई. अन्य चालू आस्तियाँ	2,017.49	1,910.85	1,409.17	855.95	803.33
	कुल चालू आस्तियाँ (ख)	**7,093.49**	**8,147.38**	**6,676.98**	**8,709.35**	**10,053.22**
	कुल आस्तियाँ (क + ख)	**17,935.93**	**17,797.55**	**14,733.25**	**15,500.65**	**15,968.58**
	साम्या और देयताएँ					
क	**साम्या**					
1	निर्गत, अत्यभिदत्त और प्रदत्त साम्या शेयर पूँजी	4,269.42	4,269.42	4,269.42	2,218.45	2,218.45
2	**पूँजी मोचन आरक्षित निधि**					
	लेखा आरंभ में शेष	-	-	-	-	-
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	-	-	-	-	-
	साम्या शेयर की वापसी खरीद	-	-	-	-	-
	बोनस शेयर का निर्गमन	-	-	-	-	-
	लेखाबंधी पर शेष	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
3	**अधिमान शेयर पूँजी का साम्या भाग**					
	लेखा आरंभ में शेष	-	-	855.61	855.61	855.61
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	-	-	-	-	-
	वर्ष के दौरान समायोजन	-	-	-855.61	-	-
	साम्या शेयर की वापसी खरीद	-	-	-	-	-
	बोनस शेयर का निर्गमन	-	-	-	-	-
	लेखाबंदी पर शेष	**-**	**-**	**-**	**855.61**	**855.61**
4	**सामान्य आरक्षित निधि**					
	लेखा आरंभ पर पुनःअभिकथित शेष	832.71	832.71	832.71	832.71	832.71

वित्तीय स्थिति (जारी.)

(₹ करोड़ में)

क्रम	विशिष्टियाँ	31 मार्च को यथा				
		2024	2023 (पुनर्कथित)	2022	2021	2020
	सामान्य आरक्षित निधि को/से अंतरण	-	-	-	-	-
	साम्या शेयर का वापसी-खरीद	-	-	-	-	-
	वापसी-खरीद पर कर	-	-	-	-	-
	बोनस शेयर का निर्गमन	-	-	-	-	-
	लेखाबंदी पर शेष	**832.71**	**832.71**	**832.71**	**832.71**	**832.71**
5	**प्रतिधारित उपार्जन**					
	लेखा आरंभ में शेष	(2,076.75)	(2,969.55)	(2,764.50)	(2,004.92)	(3,002.57)
	समायोजन	-	-	855.61	-	-
	वर्ष के लिए लाभ/(हानि)	251.59	892.80	(1,060.66)	(759.58)	997.65
	विनियोजन					
	सामान्य आरक्षित निधि को/से अंतरण	-	-	-	-	-
	अन्य आरक्षित निधि से अंतरण	-	-	-	-	-
	अंतरिम लाभांश	-	-	-	-	-
	निगमित लाभांश कर	-	-	-	-	-
	साम्या शेयर का वापसी-खरीद	-	-	-	-	-
	वापसी-खरीद पर कर	-	-	-	-	-
	बोनस शेयर का निर्गमन	-	-	-	-	-
	लेखाबंदी पर शेष	**(1,825.16)**	**(2,076.75)**	**(2,969.55)**	**(2,764.50)**	**(2,004.92)**
6	**अन्य व्यापक आय**					
	अथ शेष	(205.13)	(318.87)	(253.45)	(18.97)	144.31
	परिभाषित प्रसुविधा योजना का पुनर्मापन (कर का निवल)	-94.20	113.74	(65.42)	(234.48)	(163.28)
	लेखाबंदी पर शेष	**(299.33)**	**(205.13)**	**(318.87)**	**(253.45)**	**(18.97)**
7	**अन्य साम्या (2+3+4+5+6)**	**(1,291.78)**	**(1,449.17)**	**(2,455.71)**	**(1,329.63)**	**(335.57)**
8	**कंपनी के साम्याधारकों को रोप्य साम्या (1+7)**	**2,977.64**	**2,820.25**	**1,813.71**	**888.82**	**1,882.88**
9	**कंपनी के साम्याधारकों को रोप्य साम्या**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
10	**अनियंत्रित ब्याज**	**2,977.64**	**2,820.25**	**1,813.71**	**888.82**	**1,882.88**
	कुल साम्या (क)					
ख	**देयता**					
	अ. वित्तीय देयताएँ					
	i. उधार	150.09	155.94	151.04	2,091.68	1,959.81
	ii. व्यवसाय देय	-	-	-	-	-
	iii. अन्य वित्तीय देयताएँ	214.33	93.34	90.35	98.86	95.84
	आ. प्रावधान	4,657.56	4,654.57	4,369.68	4,311.62	3,700.76
	इ. आस्थगित कर देयताएँ (निवल)	-	-	-	-	-
	ई. अन्य अप्रचलित देयताएँ	176.09	315.39	2.63	41.44	2.78
	कुल अप्रचलित देयाताएँ (ख)	**5,198.07**	**5,219.24**	**4,613.70**	**6,543.60**	**5,759.19**
ग	**चालू देयताएँ**					
	अ. वित्तीय देयताएँ					
	i. उधार	671.15	7.79	7.36	7.07	368.16
	ii. व्यवासय देय	1,329.34	993.55	1,096.03	962.64	1,181.90
	iii. अन्य वित्तीय देयताएँ	2,070.24	1,609.51	1,657.31	1,706.27	1,657.03
	आ. अन्य चालू देयताएँ	4,636.27	4,212.81	4,262.20	4,232.07	3,901.17
	इ. प्रावधान	1,053.22	2,909.62	1,282.94	1,160.18	1,218.25
	ई. चालू कर देयताएँ (निवल)	-	24.78	-	-	-
	कुल चालू देयताएँ (ग)	**9,760.22**	**9,758.06**	**8,305.84**	**8,068.23**	**8,326.51**
	कुल साम्या और देयताएँ (क+ख+ग)	**17,935.93**	**17,797.55**	**14,733.25**	**15,500.65**	**15,968.58**

सकल बिक्री करोबार (₹ करोड़ में)

लाभ पश्चात कर (₹ करोड़ में)

निवल महत्व (₹ करोड़ में)

महत्वपूर्ण वित्तीय संसूचना

भारतीय लेखांकन मानक के पश्चात महत्वपूर्ण वित्तीय संसूचना :

(₹ करोड़ में)

क्रम.	विशिष्टियाँ	31 मार्च को यथा				
		2024	2023 (पुनर्कथित)	2022	2021	2020
क	आस्तियाँ एवं देयताएँ संबंधी					
1.i	प्रत्येक ₹1000/- के साम्या शेयरों की संख्या	4,26,94,200	4,26,94,200	4,26,94,200	2,21,84,500	2,21,84,500
1.ii	साम्या					
1.ii.अ	साम्या शेयर पूँजी	4,269.42	4,269.42	4,269.42	2,218.45	2,218.45
1.ii.आ	अन्य साम्या	(1,291.78)	(1,449.17)	(2,455.71)	(1,329.63)	(335.57)
1.ii.इ	साम्या (1.ii.अ + 1.ii.आ)	2,977.64	2,820.25	1,813.71	888.82	1,882.88
1.ii.ई	आरक्षित पूँजी (बोनस शेयर के निर्गम रहित)	-	-	-	-	-
1.ii.उ.	निवल मालियत (1.ii.इ - 1.ii.ई)	2,977.64	2,820.25	1,813.71	888.82	1,882.88
2.i	चालू परिपक्वता रहित दीर्घावधि उधार	150.09	155.94	151.04	2,091.68	1,959.81
2.ii	दीर्घावधि उधार की चालू परिपक्वता	7.90	7.79	7.18	6.95	7.16
2.iii.	चालू परिपक्वता सहित दीर्घावधि उधार (2.i. + 2.ii.)	157.99	163.73	158.22	2098.63	1966.97
2.iv.	चालू परिपक्वता रहित अल्पावधि उधार	663.25	-	0.18	0.12	368.16
2.v.	कुल उधार (चालू परिपक्वता सहित) (2.iii.+2.iv.)	821.24	163.73	158.40	2098.75	2335.13
3.i	सकल संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर	9969.06	8,900.04	7,182.87	5,814.13	4,924.75
3.ii	संचित मूल्यह्रास/क्षति	3995.63	3,388.00	2,771.57	2,241.59	1,755.93
3.iii	निवल संपत्ति, संयंत्र व उपस्कर (3.i. - 3.ii.)	5,973.43	5,512.04	4,411.30	3,572.54	3,168.82
3.iv.	निवल अन्य अचल आस्तियाँ	1,574.99	1,285.65	1,096.15	1,245.52	1,089.06
3.v.	अन्य अप्रचलित आस्तियाँ	3,294.02	2,852.48	2,548.82	1,973.24	1,657.48
3.vi.	चालू आस्तियाँ	7,093.49	8,147.38	6,676.98	8,709.35	10,053.22
3.vii.	कुल आस्तियाँ (3.iii. to 3.vi.)	17,935.93	17,797.55	14,733.25	15,500.65	15,968.58
3.viii.	चालू देयताएँ	9,760.22	9,758.06	8,305.84	8,068.23	8,326.51
3.ix.	प्रयुक्त पूँजी (3.vii - 3.viii.)	8,175.71	8,039.49	6,427.41	7,432.42	7,642.07
4.i	व्यवसाय प्राप्य	1,892.15	1,564.50	2,504.20	4,423.53	3,316.46
4.ii	नकदी एवं नकदी समतुल्य	119.12	532.11	882.47	945.16	93.28
4 iii	अन्य बैंक अतिशेष	1,798.65	3,439.35	997.56	566.50	3,873.27
5.i	कोयले का अंतिम स्टॉक (निवल)	808.09	313.76	339.63	622.73	321.92
5.ii	भण्डारों, पुर्जों एवं अन्य वस्तुसूचियों का अंतिम स्टॉक (निवल)	312.96	249.11	214.54	187.63	180.84
ख	लाभ/(हानि) से संबंधित					
1.i	कर पूर्व लाभ	213.49	1,280.42	(1,437.37)	(907.26)	1,501.35
1.ii	करोपरांत लाभ/वर्ष के दौरान लाभ	251.59	892.80	(1,060.66)	(759.58)	997.65
1.iii	अन्य व्यापक आय	(94.20)	113.74	(65.42)	(234.48)	(163.28)
1.iv	कुल व्यापक आय (1.ii.+1.iii.)	157.39	1,006.54	(1,126.08)	(994.06)	834.37
2.i	कोयले का सकल बिक्री	18,999.97	19,351.00	14,453.65	14,821.26	18,192.36
2.ii	निवल बिक्री	13,891.88	14,769.29	10,301.45	10,256.39	12,823.74
2.iii	अन्य परिचालनात्मक आय	667.26	485.19	449.30	461.76	514.69
2.iv	परिचालन से राजस्व (निवल) (2.ii.+2.iii.)	14,559.14	15,254.48	10,750.75	10,718.15	13,338.43
3.i.	जमाराशियों पर ब्याज व निवेश (ब्याज आय)	309.34	211.55	120.75	99.85	377.27
3.ii.	पारस्परिक निधियों से लाभांश	-	-	-	-	-
3.iii.	अन्य अपरिचालनात्मक आय	330.21	344.75	97.35	286.03	252.64
3.iv.	कुल अन्य आय (3.i.+3.ii.+3.iii.)	639.55	556.30	218.10	385.88	629.91
3	कुल आय (2.iv.+3.iv.)	15,198.69	15,810.78	10,968.85	11,104.03	13,968.34
4	कुल व्यय	14,985.20	14,530.36	12,406.22	12,011.29	12,466.99
4.i	कर्मी प्रसुविधा व्यय	10,094.02	9,927.37	7,983.79	7,788.30	7,675.32
4.ii	उपभुक्त सामग्री लागत	1,000.35	1,086.24	781.36	720.07	681.90
4.iii	विद्युत शक्ति व्यय	433.63	425.44	434.92	431.19	445.78

वित्तीय स्थिति (जारी.)

(₹ करोड़ में)

क्रम.	विशिष्टियाँ	31 मार्च को यथा				
		2024	2023 (पुनर्कथित)	2022	2021	2020
4.iv	वित्त लागत	121.13	64.85	163.66	193.80	178.21
4.v	मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति	700.17	628.35	529.70	494.18	434.35
4.vi.	निगमित सामाजिक दायित्व व्यय	7.33	6.92	13.86	11.56	11.48
4.vii.	विपट्टन गतिविधि समायोजन	-590.27	-351.91	(153.57)	1.27	286.92
4.viii.	प्रावधानित और बट्टा खाते	140.09	4.11	12.11	27.56	95.53
5	विक्रीत मालों की लागत (4 - 4.iv.-4.vi.-4.vii.-4.viii.)	15,306.92	14,806.39	12,370.16	11,777.10	11,894.85
6	ईबीआईटी (1.ii.+ 4.iv.-3.i.)	25.28	1,133.72	(1,394.46)	(813.31)	1,302.29
7	ईबीआईटीडीए (6+4.v.)	725.45	1,762.07	(864.76)	(319.13)	1,736.64
8	मूल्य योजित (1.ii.+4.iv.+4.v.+ 4.i.)	11,128.81	11,900.99	7,239.78	7,569.02	9,789.23





महत्वपूर्ण वित्तीय संबंधी अनुपात

क्रम	विशिष्टियाँ	31 मार्च को यथा				
		2024	2023	2022	2021	2020
1	कर्ज साम्या अनुपात					
1.i	कुल कर्ज में साम्या	0.28	0.06	0.09	2.36	1.24
1.ii	दीर्घावधि कर्ज में साम्या	0.05	0.06	0.09	2.36	1.04
2	चालू अनुपात	0.73	0.83	0.80	1.08	1.21
3	औसत निवल मालियत पर प्रतिलाभ	8.68%	38.53%	-78.49%	-54.81%	68.07%
4	औसत प्रयुक्त पूँजी पर प्रतिलाभ	0.31%	15.67%	-20.12%	-10.79%	18.73%
5	सकल बिक्री (यथा माहों की संख्या) देनदार आवर्त अनुपात	1.09	1.26	2.88	3.13	1.63
6	विक्रीत मालों की लागत का (यथा माहों की संख्या) वस्तुसूची आवर्त अनुपात	0.44	0.26	0.47	0.48	0.28
7	निवल बिक्री पर मूल्यह्रास, ब्याज व कर-पूर्व अर्जन मार्जिन	5.22%	11.93%	-8.39%	-3.11%	13.54%
8	निवल बिक्री पर निवल लाभ मार्जिन	1.81%	6.04%	-10.30%	-7.41%	7.78%
9	प्रति शेयर अर्जन (₹)	58.93	209.12	-415.52	-397.86	394.24
10	प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	697.43	660.57	424.81	400.65	848.74

सूत्र :

1) मूल्य योजित = कर-पूर्व लाभ + वित्त लागत + मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति + कर्मी प्रसुविधा व्यय

2) साम्या = साम्या शेयर पूँजी + अन्य साम्या

3) कुल कर्ज में साम्या = उधार / साम्या

4) दीर्घावधि कर्ज में साम्या = (दीर्घावधि उधार + दीर्घावधि का चालू परिपक्वता) / साम्या

5) चालू अनुपात = चालू आस्तियाँ / चालू देयताएँ

6) निवल मालियत पर प्रतिलाभ (%) = कर-पश्चात लाभ (वर्ष के दौरान लाभ) / औसत निवल मालियत

7) प्रयुक्त पूँजी = कुल आस्तियाँ – चालू देयताएँ

8) ब्याज व कर पूर्व अर्जन (ईबीआईटी) = कर-पूर्व लाभ + वित्त लागत – ब्याज आय

9) औसत प्रयुक्त पूँजी पर प्रतिलाभ = ईबीआईटी / औसत प्रयुक्त पूँजी

10) देनदार आवर्त अनुपात = औसत देनदार (प्रावधानित का निवल) / सकल बिक्री * 12

11) विक्रीत मालों की लागत = (कुल व्यय – वित्त लागत – बट्टा खाते – प्रावधानित – सीएसआर – विपट्टन गतिविधि समायोजन)

12) वस्तुसूचि आवर्त अनुपात = कोयले की औसत वस्तुसूची / विक्रीत मालों की लागत * 12

13) ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति पूर्व अर्जन) = कर पूर्व लाभ + वित्त लागत + मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति – ब्याज आय

14) ईबीआईटीडीए मार्जिन = ईबीआईटीडीए / निवल बिक्री

15) प्रति शेयर अर्जन = (कर-पूर्व लाभ (वर्ष के दौरान लाभ) – अधिमान लाभांश) साम्या शेयरों की भारित औसत संख्या

16) प्रति शेयर बहि मूल्य = साम्या / साम्या शेयरों की संख्या

निदेशक मण्डल की पृष्ठभूमि

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री समीरन दत्ता (58) (डीआईएन-08519303) 28.12.2023 से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ईसीएल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। वे 28 दिसंबर, 2021 से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भी हैं। श्री दत्ता भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के एसोसिएट सदस्य हैं। वे अगस्त, 1988 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद में कोयला उद्योग में शामिल हुए और फिर अप्रैल, 1990 में कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता में स्थानांतरित हो गए, जहाँ उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किया। उन्हें जनवरी, 2018 में महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर पदोन्नत किया गया था। श्री दत्ता ने 18 जुलाई, 2019 से बीसीसीएल में निदेशक (वित्त) का कार्यभार ग्रहण किया। इसके अलावा उन्हें ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सांकतोड़िया में निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था।

उन्हें 1 जुलाई, 2021 से 27 दिसंबर, 2021 तक कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। उन्होंने फरवरी, 2022 से अप्रैल, 2022 तक की संक्षिप्त अवधि के लिए सीएमपीएफओ के आयुक्त के रूप में भी कार्य किया। कोयला उद्योग में उनके विशाल अनुभव को ध्यान में रखते हुए, श्री दत्ता को 28 दिसंबर, 2021 से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का प्रभार प्रदान किया गया है।

कार्यकारी निदेशकगण

मो. अंज़ार आलम (55 वर्ष) (डीआईएन-09743117) ने 15.09.2022 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार संभाला।

श्री आलम ने 1991 में बीआईटी, सिंदरी से बीटेक (मैकेनिकल) किया था, इसके बाद 2005 में पांडिचेरी विश्वविद्यालय से कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रतिष्ठित पीजीपीईएक्स एक वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम के तहत 2007 में आईआईएम कोलकाता से वित्त में विशेषज्ञता वाले प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया था।

ईसीएल में शामिल होने से पहले, श्री आलम आरआईएनएल (राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड) में काम कर रहे थे - एक नवरत्न पीएसयू, जहाँ उन्होंने 1991 में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया और वित्त, आंतरिक लेखा परीक्षा, आईटी, परियोजना प्रबंधन, संचालन और अनुरक्षम में काम करने का 31 वर्षों का लंबा और विविध अनुभव है।
प्रबंधन की डिग्री पूरी करने के बाद, श्री आलम को आरआईएनएल के तत्कालीन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के विशेष सलाहकार के रूप में चुना गया था और उन्हें व्यापार विकास, रणनीतिक गठबंधन और दुनिया भर में कोयला, लौह अयस्क और उच्च श्रेणी के चूना पत्थर संसाधनों की खोज का काम सौंपा गया था। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कोयला उपक्रमों (आईसीवीएल) के गठन में महत्वपूर्ण योगदान दिया और वैश्विक कोयला खनन परियोजनाओं / संसाधनों का वित्तीय मूल्यांकन किया। उन्होंने आरआईएनएल के लिए बर्ड ग्रुप ऑफ कंपनीज के सफल अधिग्रहण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बाद में, निदेशक (वित्त) के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्य करते हुए श्री आलम ने परियोजना वित्त, बजट प्रबंधन, लागत, कॉर्पोरेट लेखा, निधि प्रबंधन, कराधान और ईआरपी के कार्यान्वयन के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त, महाप्रबंधक (वित्त और लेखा) और क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक (दक्षिण), चेन्नई की क्षमता में, उन्होंने प्रति वर्ष लगभग 3000 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ 4 क्षेत्रीय शाखाओं के वित्तीय कार्यों का प्रबंधन किया और बिक्री और ग्राहक संतुष्टि और अनुभव में सुधार के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत पहल की।

ईसीएल के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, श्री आलम को टीम में उनकी गतिशीलता और परिणाम उन्मुख दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है, वे सभी स्तरों पर दक्षता हासिल कर सकते हैं। उनके सक्षम नेतृत्व और मूल्य समर्थन के तहत, ईसीएल ने सभी स्तरों पर अपनी सभी तिमाही प्रस्तुत की। उनके सक्षम नेतृत्व और मूल्यवान समर्थन के तहत, ईसीएल ने नियत तिथि से पहले अपने सभी तिमाही खाते जमा किए और 2023-24 के लिए छमाही वित्तीय विवरणी समय पर प्रस्तुत करने की मान्यता में सीआईएल से दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने ईआरपी एसएपी में लागत पत्र की निर्मिति के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूँजीगत व्यय प्रक्रिया को भी सुव्यवस्थित किया जिसने सीआईएल और मंत्रालय को सटीक पूँजीगत प्रतिवेदन प्रदान की है। वह कंपनी में डिजिटल पहल का नेतृत्व कर रहे हैं और पूरे संगठन में ई-ऑफिस को लोकप्रिय बनाने, वेतन पत्रक प्रक्रमण के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन भुगतान इंटरफेस, कोयला ग्राहकों के लिए ऑनलाइन कागजरहित वापसी प्रक्रमण आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राजकोष प्रबंधन पर अपने मजबूत कौशल के साथ, ईसीएल कंपनी के 47000 कर्मचारियों को आसानी से ₹2300 करोड़ (लगभग) के लिए एनसीडब्ल्यूए-XI बकाया राशि का संदाय कर सकती है।

समाज में प्रौद्योगिकी परिवर्तन का गहन पालन, नगिमति सुशासन, व्यक्तगित वत्ति और धन प्रबंधन पर सलाह देना, शतरंज खेलना आदि उनकी रुचि के क्षेत्र हैं।

श्रीमती आहुती स्वाईं (59 वर्ष) (डीआईएन-09817248) ने 18.11.2022 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) का कार्यभार संभाला।

श्रीमती स्वाईं ने वर्ष 1987 में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के साथ अपना करियर शुरू किया और कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न सहायक कंपनियों में ट्रेड यूनियनों और अन्य हितधारकों के साथ सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों के प्रबंधन में अपनी विशेषज्ञता के साथ मानव संसाधन प्रबंधन के विभिन्न कार्यक्षेत्रों में काम करने का 35 से अधिक वर्षों का विशाल और विविध अनुभव है। ईसीएल में शामिल होने से पहले, श्रीमती अहुती स्वैन भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), धनबाद में महाप्रबंधक (सीएसआर) के रूप में काम कर रही थीं, जहाँ उन्होंने अधिशासी स्थापना, कल्याण, सीएसआर और पीएफ और पेंशन विभाग का भी नेतृत्व किया है। उन्होंने सीएसआर के तहत टीम का नेतृत्व किया, जिसने कोविड-19 महामारी का मुकाबला करने के लिए विभिन्न समर्पित गतिविधियों को अंजाम दिया, जिसके लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) को वर्ष 2020 में सीआईएल द्वारा सम्मानित किया गया।

बीसीसीएल में अपने पदस्थापन से पहले, श्रीमती अहुति स्वैन ने सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) में विभिन्न इकाइयों और क्षेत्रों में विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया। उन्होंने सीसीएल में यूपीआईएस (यूनिफाइड पर्सनल इंफॉर्मेशन सिस्टम) और एनईआईएस (नॉन-एग्जीक्यूटिव इंफॉर्मेशन सिस्टम) पायलट परियोजनाओं को लागू करने में अपने योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

श्रीमती स्वैन ने रांची स्थित एक्सआईएसएस (जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस) से पीएम एंड आईआर (कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध) में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। इसके साथ ही, उन्होंने अनामलाई विश्वविद्यालय से मार्केटिंग मैनेजमेंट में एमबीए भी किया है। उन्हें इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी) द्वारा 'सर्टिफाइड कॉर्पोरेट डायरेक्टर' का खिताब भी दिया गया है। श्रीमती अहुति स्वैन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और अभियानों जैसे गो ग्रीन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि से भी जुड़ी हुई हैं।

श्री नीलाद्रि रॉय (58 वर्ष) (डीआईएन-10055093) ने दिनांक 01.02.2023 से निदेशक (तकनीकी) संचालन, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का कार्यभार ग्रहण किया है। श्री रॉय ने वर्ष 1987 में आईआईटी-आईएसएम, धनबाद से माइनिंग इंजीनियरिंग (बीटेक) में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1990 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाणन प्राप्त किया।

वह 1987 में बीसीसीएल में कोल इंडिया लिमिटेड में शामिल हुए। श्री रॉय ने 2004 तक बीसीसीएल की विभिन्न इकाइयों में सुरक्षा अधिकारी, कोलियरी प्रबंधक जैसे विभिन्न पदों पर बीसीसीएल में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। बीसीसीएल में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शाफ्ट माइन, सुदामडीह नामक एक परियोजना में 15 से अधिक वर्षों तक काम किया था, जिसे इसकी प्रतिकूल भू-खनन स्थिति के कारण दुनिया की सबसे कठिन खानों में से एक माना जाता था। इसके बाद जनवरी, 2004 में उनका स्थानांतरण ईसीएल में कर दिया गया। वहां उन्होंने मुगमा क्षेत्र के तहत लखीमाता कोलियरी में परियोजना अधिकारी जैसी विभिन्न क्षमताओं में अपनी सेवाएं प्रदान कीं और उसके बाद वह ईसीएल मुख्यालय में कॉर्पोरेट कार्यालय में शामिल हो गए। उन्होंने 2008 से 2022 तक ईसीएल के महाप्रबंधक (तकनीकी और प्रबंधकीय सेवाएं) / अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव के रूप में कार्य किया। इतने लंबे समय तक कंपनी के मुख्य कार्यकारी के कार्यालय से जुड़े होने के कारण, अपने बहुमुखी अनुभव के साथ, वह जनसंपर्क सहित कंपनी के सर्वांगीण प्रदर्शन में सुधार में महत्वपूर्ण थे। निदेशक (तकनीकी) संचालन, ईसीएल के रूप में शामिल होने से पहले उन्हें कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय में कार्यकारी निदेशक (उत्पादन) के पद पर पदोन्नत किया गया था। उन्होंने डीएमटी द्वारा शुरू की गई एक परियोजना के संबंध में जुलाई, 2009 में जर्मनी का दौरा किया। उन्हें सितंबर, 2011 में इस्तांबुल, तुर्की में आयोजित विश्व खनन कांग्रेस में भाग लेने के लिए भी नामित किया गया था। उन्होंने सरकारी प्रतिनिधिमंडल के एक भाग के रूप में जून, 2015 में पोलैंड में सीआईएल का प्रतिनिधित्व किया। वह जुलाई, 2016 में कोल इंडिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ ऑस्ट्रेलिया गए थे। उन्होंने जून, 2019 के दौरान क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया में एक विदेशी घटक के साथ आईआईसीएम द्वारा आयोजित उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने सीआईएल प्रतिनिधि के रूप में 31.10.2023 से 02.11.2023 तक सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित खनन प्रदर्शनी और सम्मेलन "आईएमएआरसी 2023" में भी भाग लिया।

सरकार नामिति निदेशकगण

श्री मुकेश अग्रवाल (54) (डीआईएन-10199741) 18 मार्च, 2024 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में सीआईएल नामित निदेशक हैं। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक हैं और भारत के लागत लेखाकार संस्थान के सदस्य हैं। उन्होंने निदेशक (वित्त) के रूप में कोल इंडिया लिमिटेड में शामिल होने से पहले एनएलसी इंडिया लिमिटेड, एक नवरत्न कंपनी में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया। आईटीआई लिमिटेड, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड आदि जैसे निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के प्रभावशाली गत उपलब्धियों के साथ, इस अनुभवी पेशेवर के पास आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र के गतिशील परिदृश्य में व्यापक पदीय योग्यता अनुभव है। उनकी विशेषज्ञता में रबर, कताई, दूरसंचार, निर्माण, बिजली, लिग्नाइट और कोयला सहित उद्योगों की एक विविध श्रेणी शामिल है। वित्त क्षेत्र के भीतर, उन्होंने कई आयामों में दक्षता का प्रदर्शन किया है, जैसे कि लेखा, राजकोष, कराधान, लागत, बजट, वस्तुसूची प्रबंधन, देनदार और निधि प्रबंधन, डिजिटलीकरण, नीति निर्माण, प्रणाली सुधार, आईएफसी, आदि।

विशेष रूप से, उन्होंने एनएलसी इंडिया लिमिटेड की एक प्रमुख सहायक कंपनी एनयूपीपीएल में मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) का प्रतिष्ठित पद संभाला है। उन्होंने लिग्नाइट, बिजली मूल्य निर्धारण और नियामक मामलों के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वित्तीय मामलों में उनके ज्ञान और नेतृत्व की बहुलता ने हमेशा विकसित होने वाले आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में संगठनों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ. माणिक चंद्र पंडित, आईईएस (48) (डीआईएन- 10279620) भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) अधिकारी, निदेशक, कोयला मंत्रालय 19 जुलाई, 2023 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में अंशकालिक आधिकारिक निदेशक हैं।

डॉ. पंडित ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से बीएससी (कृषि) किया। उन्होंने राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा से एमएससी (डेयरी) पूरा किया और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से कृषि अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने एमएससी के लिए जूनियर रिसर्च फैलोशिप में 5 वां स्थान प्राप्त किया और पीएचडी के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संस्थान अध्येतावृत्ति से सम्मानित किया। उन्होंने यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) परीक्षा, 2006 में तीसरा स्थान भी प्राप्त किया।

उन्हें विभिन्न विभागों यथा वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग; कृषि मंत्रालय, कृषि और सहकारिता विभाग; ग्रामीण विकास मंत्रालयस ग्रामीण विकास विभाग; कोयला मंत्रालय में काम करने का अनुभव है।

उन्होंने लोक सुशासन और आर्थिक विकास: सिंगापुर का अनुभव और भारत के लिए सबक पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सिविल सेवा कॉलेज, सिंगापुर में भाग लिया। उन्होंने परियोजना मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन-2013 (पीएआरएम-2013) पर प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए ड्यूक सेंटर फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, ड्यूक यूनिवर्सिटी, नॉर्थ कैरोलिना, यूएसए का भी दौरा किया। उन्हें योग, बैडमिंटन और संगीत सुनने में गहरी रुचि है।

स्वतंत्र निदेशकगण

श्री शिव नारायण पाण्डेय (63 वर्ष) (डीआईएल-09413672) का जन्म वर्ष 1962 में छत्तीसगढ़ राज्य के जगदलपुर में हुआ था। विज्ञान में स्नातक की अपनी उपाधि की प्राप्ति के उपरांत, उन्होंने एलएलबी किया और एक व्यावसायिक अधिवक्ता भी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएँ दीं तथा सरकारी कॉलेज (विधि संकाय) में अवैतनिक प्राध्यापक भी हैं।

उन्हें भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा अनुशासन समिति में नामित किया गया था। वे विधि, वित्त, प्रबंधन, विक्रय, विपणन, प्रशासन, अनुसंधान, निगमित सुशासन, तकनीकी संचालन एवं अन्य संबद्ध क्षेत्रों में व्यापक अनुभव पर अधिकार रखते हैं।

वर्तमान में, वे 1 नवम्बर, 2021 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

श्री शिव तपस्या पासवान (56 वर्ष) (डीआईएन- 09414240) का जन्म वर्ष 1969 में उत्तर प्रदेश राज्य के चंदौली में हुआ था। विद्यापीठ से राजनीतिक विज्ञान में अपने कला स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत उन्होंने समाज के दुर्बल एवं अधिकारहीन वर्गो के उत्थान के लिए नानाविध सामाजिक सेवाओं में स्वयं को संलिप्त कर लिया। वर्तमान में वे 1 नवम्बर, 2021 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पूर्व निदेशक मण्डलीय सदस्यगण

श्री अंबिका प्रसाद पंडा (56 वर्ष) (डीआईएन- 06664375) ने धातु और खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ 1 फरवरी, 2022 से ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड (ईसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इस समनुदेशनपूर्व / कर्तव्यभारपूर्व, उन्होंने नानाविध पदों यथा साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (वित्त) पर क्रमशः 28 दिसम्बर, 2018 तथा 01 अगस्त, 2013 से सेवा दी। उन्हें जुलाई, 2018 से साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था।

उपर्युक्त समनुदेशन के अतिरिक्त, अगस्त, 2013 से वे एसईसीएल के दो अनुषंगी कंपनियों नामशः छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईआरएल) एवं छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईडब्लयूआरएल) के अध्यक्ष भी थे। एसईसीएल में पद ग्रहण करने के पूर्व, उन्होंने दो दशकों से अधिक में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, एक नवरत्न सीपीएसई विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में कार्य किया था। वे भारतीय लागत लेखापाल संस्थान के अध्येता सदस्य हैं तथा वित्त में व्यवसाय प्रशासन निष्णात हैं। उन्होंने 1 फरवरी, 2022 से 27 दिसंबर, 2023 तक ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया।

श्री हरा कुमार हाजोंग (61 वर्ष) (डीआईएन-09694697) 1995 बैच के भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) अधिकारी हैं। वर्तमान में वह कोयला मंत्रालय, भारत सरकार में आर्थिक सलाहकार हैं।

उन्होंने 1983 में तुरा गवर्नमेंट कॉलेज, तुरा से अर्थशास्त्र में स्नातक और वर्ष 1985 में नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग, मेघालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर पूरा किया। उन्होंने 2009 में आईआईएमबी और सिरैक्यूज़ विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से पेश सार्वजनिक नीति और प्रबंधन पर स्नातकोत्तर कार्यक्रम भी किया। उन्हें योजना आयोग और विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित पूर्वोत्तर ग्रामीण आजीविका परियोजना सहित विभिन्न सरकारी संगठनों में काम करने का व्यापक अनुभव है। वह 05.07.2022 से अंशकालिक पदीय निदेशक के रूप में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मण्डल में शामिल हुए हैं।

श्री बी वीरा रेड्डी (58) (डीआईएन- 08679590) 12 मई, 2022 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मण्डल के सीआईएल नामित निदेशक हैं। उन्होंने 01 फरवरी, 2022 से कोल इंडिया लि. के निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे 01.01.2020 से 31.01.2022 तक ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) संचालन रहें। उन्होंने कोठागुडम स्कूल ऑफ माइन्स (एएसएम), उस्मानिया विश्वविद्यलय से वर्ष 1986 में खनन में प्रौद्योगिकी स्नातक किया और उन्होंने वर्ष 1990 में खान सुरक्षा महानिदेशालय से प्रथम श्रेणी प्रबंधक सक्षमता प्रमाणपत्र प्राप्त किया। उन्होंने वर्ष 2000 में कोठागुडम स्कूल ऑफ माइन्स, उस्मानिया विश्वविद्यालय से खनन योजना में प्रौद्योगिकी निष्णात भी पूर्ण किया। श्री रेड्डी ने वर्ष 1987 में एससीसीएल में पदग्रहण किया और उन्हें कोयला खनन, योजना, अधिप्राप्ति एवं संचालन में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने एससीसीएल के यांत्रिक भूमिगत खानों एवं खुली खदानों में तथा निगमित परियोजना योजना विभाग में नानाविध क्षमता में कार्य किया। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में यथा निदेशक (तकनीकी) संचालन पदग्रहण करने के पूर्व उन्होंने सिंगरैनी कोलियरी कंपनी लि. के अद्रियला लॉङ्गवाल परियोजना क्षेत्र में यथा महाप्रबंधक कार्य किया। उन्होंने 12 मई, 2022 से 17 मार्च, 2024 तक ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में अंशकालिक आधिकारिक निदेशक के रूप में कार्य किया।

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (54 वर्ष) (डीआईएन- 09415976) का जन्म वर्ष 1969 में बिहार के दरभंगा जिले में हुआ था। अपने विज्ञान स्नातक उपाधि की प्राप्ति के उपरांत, उन्होंने दरभंगा के नगेन्द्र झा महिला महाविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में निष्णात किया। उन्होंने दरभंगा जिले के बिहार महिला कॉलेज में प्राध्यापक के रूप में पद ग्रहण किया और वर्तमान में समाज के उत्थान के लिए विविध सामाजिक सेवाओं में संलग्न हैं। लक्ष्मी बुक पब्लिकेशन में "सब्जी के फसलों में अनुकल्पतः रोगों एवं इसके प्रबंधकीय नियंत्रण पर अध्ययन" विषय पर उनका "अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त अनुसंधान जर्नल" प्रकाशित किया गया था। उन्होंने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में 1 नवंबर, 2021 से 13 फरवरी, 2024 तक कार्य किया।

श्री नीलेन्दु कुमार सिंह (55 वर्ष) (डीआईएन-09847503) ने दिनांक 09.12.2022 से निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का कार्यभार संभाल लिया है। श्री सिंह ने वर्ष 1989 में आईआईटी-आईएसएम, धनबाद से माइनिंग इंजीनियरिंग (बीटेक) में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1994 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाणन प्राप्त किया।

वह 1989 में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में कोल इंडिया लिमिटेड में शामिल हुए। वर्ष 2011 तक श्री सिंह ने सीसीएल में विभिन्न क्षमताओं यथा पिपरवार, अशोका, उरीमारी और कल्याणी परियोजनाओं में खान प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसके बाद जनवरी, 2012 में उनका स्थानांतरण एसईसीएल में कर दिया गया। वहाँ उन्होंने 2012 से 2017 तक गेवरा में खान प्रबंधक; दीपका और छाल परियोजना में उप क्षेत्र प्रबंधक (एजेंट) और एसईसीएल के दीपका क्षेत्र, कोरबा क्षेत्र और रायगढ़ क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक जैसी विभिन्न क्षमताओं में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनके पास बड़ी खुली खदानों में काम करने, एफएमसी परियोजनाओं को संभालने, साइडिंग शुरू करने, नई खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उच्चतम क्षमता वाले एचईएमएम यानी 42 घनमीटर शॉवेल, 240 टन की क्षमता समर्थ डंपर के साथ काम करने का विशाल अनुभव है। उन्हें एकीकृत सीएचपी और सीपीपी के साथ "इन-पिट क्रशिंग एंड कन्वेयरिंग सिस्टम" के साथ सीसीएल की पिपरवार ओपनकास्ट खदान में व्हाइट इंडस्ट्रीज ऑफ ऑस्ट्रेलिया लिमिटेड (डब्ल्यूआईएएल) के साथ काम करने का अनुभव है। उन्होंने उन्नत खनन तकनीकों में अनुभव प्राप्त करने के लिए 1997 में ऑस्ट्रेलिया का भी दौरा किया है। उन्हें खेल और चित्रकला में गहरी रुचि है। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तर पर वॉलीबॉल का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (तकनीकी) परियोजना और योजना के रूप में 9 दिसंबर, 2022 से 29 अप्रैल, 2024 तक कार्य किया। वर्तमान में, वह 30.04.2024 से सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री मुकेश कुमार मिश्रा, आईआरएसएसई (2000 परीक्षा वर्ष) ने 16 अगस्त, 2019 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी पदभार ग्रहण किया है।

वे इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार अभियांत्रिकी में स्नातक हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा जिआवतॉङ्ग यूनिवर्सिटी, चेंगदु, चीन में द्रुत प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण करने लिए प्रायोजित किया गया था।

सिगनल इंजीनियर के भारतीय रेलवे सेवा का पदभार ग्रहण के पश्चात, श्री मिश्रा रेलवे आस्तियों के अनुरक्षण एवं वृहद परियोजनाओं के निर्माण में नानाविध क्षमताओं पर सेवा प्रदान किया। रेलवे में पदभार ग्रहण के पूर्व, श्री मिश्रा दो वर्ष से अधिक भेल में कार्य किया।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में पदभार ग्रहण करने के पूर्व, वे उप मुख्य सिगनल एवं टेलिकॉम अभियंता / मुख्यालय की क्षमता में कार्य कर रहे थे।

कंपनी सचिव

श्री रामबाबू पाठक (एसीएस-55637), 02.07.2018 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कंपनी सचिव है।

उन्होंने वर्ष 2008 में संत जेवियर कॉलेज, कोलकाता विश्वविद्यालय से अपना वाणिज्य स्नातक (प्रवीण) पूरा किया। वे भारतीय लागत लेखापाल संस्थान (आईसीएआई) के सह-सदस्य एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के भी सह-सदस्य हैं। श्री पाठक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (आईएमटी), गाजियाबाद से मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएचआरएम) प्राप्त किया है। उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ से जेनेरल मैनेजमेंट प्रोग्राम (जीएमपी) भी पूर्ण किया है। श्री पाठक अप्रैल, 2016 में इंस्टीट्यूट ऑफ डॉयरेक्टर्स द्वारा आयोजित दुबई ग्लोबल कॉन्वेंशन 2016 – कारबार उत्कृष्टता एवं नवाचार के लिए नेतृत्व में सीआईएल के प्रतिनिधि मंडल में थे। उन्होंने सितंबर, 2022 में आईआईएम, नागपुर में ईएसजी पर एक सर्टिफिकेट कोर्स में भी भाग लिया है। सीआईएल स्थापना दिवस - 1 नवंबर, 2021 के अवसर पर उन्हें श्री प्रमोद अग्रवाल, आईएएस, सीआईएल द्वारा ईसीएल के सर्वश्रेष्ठ एचओडी से सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्ष 2010 में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में यथा प्रबंधन प्रशिक्षु (वित्त) पदभार ग्रहण किया। तबसे उन्होंने कंपनी सचिवालय में पदास्थापित है और वर्तमान में यथा प्रबंधक (वित्त)/कंपनी सचिव कार्य कर रहे हैं।

श्री पाठक आईसीएआई एवं आईसीएसआई जैसे पेशेवर निकायों से निकटता से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में वे भारतीय लागत लेखापाल संस्थान, आसनसोल चैप्टर के मानद अध्यक्ष हैं। वे ईसीएल के एचआरडी, आईसीएआई, आईसीएमएआई एवं आईसीएसआई के नियमित संकाय-सदस्य भी हैं।

निदेशक मण्डलीय प्रतिवेदन

प्रिय सदस्यगण,

निदेशक मण्डल की ओर से, यह मुझे लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन और भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षकों के टीका-टिप्पणियों के साथ-साथ, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणियों के साथ-साथ कंपनी के कारबार परिचालनों पर 49वीं वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्ततु करने में हर्ष प्रदान करता है।

1.0 वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान परिचालनों के मुख्य-मुख्य बातें :

अ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, कंपनी ने सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों के बीच कोयला उत्पादन (35.96%), उपरिभार हटाव (30.59%) और कोयला उठाव (22.93%) के सभी तीन प्रमुख मापदंडों में उच्चतम प्रतिशत वृद्धि देखी है।

आ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, ईसीएल ने स्थापना के बाद से अब तक का सबसे अधिक ओबी रिमूवल यानी 170.899 मि.घनमीटर दर्ज किया है।

इ) मार्च, 2024 के महीने के दौरान, कंपनी ने 6.63 मि. टन का कोयला उत्पादन और 19.21 मि.घनमीटर का उपरिभार हटाव देखा है, जो स्थापना के बाद से एक महीने में अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन और उपरिभार हटाव है।

ई) कंपनी ने 31.03.2024 को 2.80 लाख टन का कोयला उत्पादन देखा है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन है।

उ) कंपनी ने 29.03.2024 को 6.80 मि.घनमीटर का उपरिभार हटाव किया है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन है।

ऊ) कंपनी ने 31.03.2024 को 2.91 लाख टन का कोयला उठाव देखा है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक का सबसे अधिक कोयला उठाव है।

ऋ) कंपनी ने 31.03.2024 को 65 रेक की रेलवे रेक लोडिंग देखी है, जो स्थापना के बाद से एक दिन में अब तक की सबसे अधिक रेलवे रेक लोडिंग है।

ऌ) ईसीएल को 2023 में सीआईएल के 49वें स्थापना दिवस पर 'गुणवत्ता जागरूकता पर प्रथम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

ऍ) ईसीएल के बांकोला की श्यामसुंदरपुर भूमिगत खान और झांझरा की झांझरा परियोजना कोलियरी को 22 दिसंबर, 2023 को 2021-22 के लिए कोयला मंत्रालय से 'भूमिगत कोयला खदान' की श्रेणी में प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग पुरस्कार प्राप्त हुए।

ऐ) ईसीएल ने 2022-23 में एसएपी ईआईपी कार्यान्वयन के लिए प्रतिष्ठित कोयला मंत्रालय पुरस्कार प्राप्त किया है।

ए) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों के भीतर सीएमसी विभाग द्वारा जेम पोर्टल पर सबसे अधिक (छः - 06) राजस्व हिस्सेदारी निविदाएँ जारी की गई हैं।

2.0 संगठन

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कोयला खान प्राधिकरण लिमिटेड (सीएमएएल) की पूर्वी प्रभाग के साथ निहित 414 खानों के अधिग्रहण द्वारा दिनांक 01 नवंबर, 1975 को निगमित किया गया था और इस तिथि से कंपनी अपनी वाणिज्यिकीय परिचालन आरंभ किया था। यह पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड राज्य में परिचालित होती है। यहाँ 79 खननशील खदानें जिसमें 48 भूमिगत खदानें, 22 खुली खदानें और 9 मिश्रित खदानों के साथ 13 परिचालन क्षेत्र हैं। 01.04.2023 को यथा, ईसीएल के कमान क्षेत्र में 55.21 बिलियन टन (बि.टन) (पश्चिम बंगाल राज्य में 33.92 बि.टन एवं झारखण्ड राज्य में 21.29 बि.टन) कोयला निचय है।

ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में रुफ टॉप सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन

3.0 पूँजीगत संरचना

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2023-24	2022-23
क. शेयर पूँजी :		
i) प्राधिकृत शेयर पूँजी (प्रत्येक ₹1000 का 4,60,00,000 साम्या शेयर)	4600.00	4600.00
ii) चुकता साम्या शेयर पूँजी (प्रत्येक ₹1000 का 4,26,94,200 शेयर)	4269.42	4269.42
ख. ऋण निधियाँ :		
i) एक्पोर्ट डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन, कनाडा	157.99	163.73
ii) बैंक ओवरड्राफ्ट	663.25	-

4.0 उत्पादन निष्पादन

विशिष्टियाँ	ईकाई	2023-24			2022-23	गत वर्ष की तुलना में वृद्धि	
		लक्ष्य	वास्तविक	कार्य सिद्धि (%)	वास्तविक	आत्यंतिक	%
उत्पादन							
i) कच्चा कोयला-							
-भूमिगत खान		10.000	9.183	91.830	8.968	0.215	2.396
-खुली खदान		41.000	38.377	93.603	26.050	12.327	47.320
कुल	मि.टन	51.000	47.560	93.255	35.018	12.542	35.815
ii) कोककर कोयला		0.020	0.012	60.675	0.007	0.005	76.278
iii) अकोककर		50.980	47.548	93.268	35.011	12.537	35.807
उपरि संस्तर हटाव	मि.घनमीटर	152.000	170.899	112.434	132.985	37.914	28.510
उत्पादकता (ओ.एम.एस.)							
-भूमिगत	Tonnes	0.987	0.950	96.303	0.888	0.062	6.970
-खुली खदान		21.766	14.258	65.507	11.420	2.839	24.857
-समग्र		4.245	3.849	90.668	2.829	1.020	36.050

सीआईएन अध्यक्ष के झांजरा क्षेत्र, ईसीएल का दौरा

4.1 प्रणाली सामर्थ्य उपयोगिता सिद्धि :

(प्रतिशत में आँकड़े)

विशिष्टियाँ	2023-24			2022-23
	लक्ष्य	वास्तविक	कार्य सिद्धि (%)	वास्तविक
भूमिगत	87.40	78.80	90.16	96.70
खुली खदान (विभागीय) उत्खनन	66.91	59.68	89.20	62.33
खुली खदान (अवक्रय) उत्खनन	99.34	107.55	108.27	80.64
खुली खदान (विभागीय + अवक्रय) उत्खनन	91.11	95.40	104.71	76.17
कुल [भूमिगत + खुली खदान (विभागीय)]	69.57	62.15	89.34	66.07
समग्र (भूमिगत + खुली खदान) (अवक्रय + विभागीय)	90.98	94.80	104.20	76.76

4.2 कोयला भण्डार

31.03.2024 को यथा 5.962 मि.टन कच्चा कोयले का लेखाबंदी भण्डार था (31.03.2023 को यथा 2.163 मि.टन)।

5.0 वित्तीय निष्पादन

5.1 वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए सकल बिक्री कारोबार गत वर्ष से 1.81% की गिरावट के साथ गत वर्ष में ₹19,351.00 करोड़ की तुलना में ₹18,999.97 करोड़ रुपये था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, कंपनी ने गत वर्ष के ₹1432.42 करोड़ की कर-पूर्व कुल व्यापक आय और ₹1006.54 करोड़ की कर-पश्चात कुल व्यापक आय की तुलना में ₹119.29 करोड़ की कर-पूर्व कुल व्यापक आय और ₹157.39 करोड़ की कर-पश्चात कुल व्यापक आय अर्जित की। विवरण निम्नानुसार थे:

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2023-24	2022-23
सभी व्ययों की प्रभारित करने के पश्चात लेकिन पीआरपी/अधिशासी अधिवर्षिता प्रसुविधा, बीमांकिक, वित्त लागत, मूल्यह्रास, क्षति और विपट्टन गतिविधि समायोजन के पूर्व लाभ(+)/हानि(-)	957.50	1,885.75
न्यून : पीआरपी / अधिशासी अधिवर्षिता प्रसुविधा का प्रभाव	159.73	201.65
न्यून : बीमांकिक प्रावधान	447.45	-89.61
न्यून : वित्त लागत	121.13	64.85
न्यून : मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति	700.17	628.35
न्यून : विपट्टन गतिविधि समायोजन	-590.27	-351.91
कर-पूर्व वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	**119.29**	**1,432.42**
नकदी लाभ	741.64	3,530.24
करोपरांत कुल व्यापक आय	**157.39**	**1,006.54**



5.2 लाभ (हानि) में वृद्धि/कमी में योगदान करने वाले कारक

(₹ करोड़ में)

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए कर-पूर्व लाभ/(हानि) (पुनर्कथित)		**1,280.42**
अ. आय में वृद्धि		
अन्य परिचालनात्मक राजस्व (निवल)	182.07	
अन्य आय	83.25	265.32
आ. व्यय में कमी		
उपभुक्त सामग्रियों की लागत	85.89	
स्टॉक में अभिवृद्धि / अनभिवृद्धि	521.45	
विपट्टन गतिविधि समायोजन	238.36	845.70
इ. लाभ में कुल वृद्धि		**1,111.02**
अ. न्यून : आय में कमी		
बिक्री (निवल)		877.41
अ. न्यून : व्यय में कमी		
कर्मी प्रसुविधा व्यय	166.65	
संविदात्मक व्यय	822.20	
वित्त लागत	56.28	
मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति	71.82	
अन्य व्यय	183.59	1,300.54
अ. लाभ में कुल कमी		**2,177.95**
ऋ. लाभ में निवल परिवर्तन (इ – ऊ)		**(1,066.93)**
31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कर-पूर्व लाभ/(हानि)		**213.49**

5.3 पूँजीगत व्यय

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल पूँजीगत व्यय ₹1461.34 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान ₹1122.64 करोड़) था।



5.4 विविध देनदार

31 मार्च, 2023 की तुलना में 31 मार्च, 2024 को यथा विविध देनदारों (सकल), देनदार आवर्त और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान की स्थिति निम्नानुसार है:

विशिष्टियाँ	इकाई	31.03.2024	31.03.2023
विविध देनदार (सकल)	₹ करोड़ में	2,388.22	1,930.34
देनदार आवर्त	माह की संख्या	1.09	1.26
संदिग्ध कर्ज के लिए प्रावधान	₹ करोड़ में	496.07	365.84
विविध देनदार (निवल)	₹ करोड़ में	1,892.15	1,564.50

5.5 विदेशी ऋण की चुकौती

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2023-24	2022–23
सीआईएल के जरिए विदेशी ऋण की चुकौती	7.79	7.61

5.6 सरकारी राजकोष में अंशदान

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2023-24				2022-23			
	पश्चिम बंगाल	झारखण्ड	केंद्रीय	कुल	पश्चिम बंगाल	झारखण्ड	केंद्रीय	कुल
i) पश्चिम बंगाल से संबंधित जीएसटी								
अ. आईजीएसटी	-	-	82.90	82.90	-	-	180.41	180.41
आ. सीजीएसटी	-	-	7.86	7.86	-	-	28.13	28.13
इ. एसजीएसटी	7.86	-	-	7.86	28.13	-	-	28.13
ई. मुआवजा उपकर	-	-	1,112.04	1,112.04	-	-	1,082.01	1,082.01
ii) झारखण्ड राज्य संबंधी								
अ. आईजीएसटी	-	-	0.29	0.29	-	-	0.35	0.35
आ. सीजीएसटी	-	-	49.75	49.75	-	-	36.04	36.04
इ. एसजीएसटी	-	49.75	-	49.75	-	36.04	-	36.04
ई. मुआवजा उपकर	-	-	568.32	568.32	-	-	325.06	325.06
iii) कोयले की रॉयल्टी, एनएमईटी, डीएमएफ	21.66	528.16	-	549.82	21.51	395.67	-	417.18
iv) आ.ई एवं पी.ई उपकर	1,743.01	-	-	1,743.01	1,709.64	-	-	1,709.64
v) एएमबीएच उपकर	2.68	-	-	2.68	3.03	-	-	3.03
vi) पीडब्ल्यू एवं सड़क उपकर	2.55	-	-	2.55	2.61	-	-	2.61
vii) बिक्री कर (वैट/सीएसटी)	0.02	0.68	-	0.70	-	0.10	-	0.10
viii) भूगर्त भरण उत्पाद शुल्क	-	-	-	-	-	-	-	-
ix) स्वच्छ ऊर्जा उपकर	-	-	-	-	-	-	-	-
x) कोयले पर उत्पाद शुल्क	-	-	-	-	-	-	-	-
xi) प्रविष्टि कर	-	-	-	-	-	-	-	-
xii) प्रबंधन फीस	-	1.32	-	1.32	-	0.83	-	0.83
xiii) बाजार फीस	-	4.56	-	4.56	-	5.41	-	5.41
xiv) कोविड उपकर	-	16.59	-	16.59	-	8.25	-	8.25
xv) मार्गस्थ अनुमति फीस	-	21.66	-	21.66	-	-	-	-
कुल	**1,777.78**	**622.72**	**1,821.16**	**4,221.66**	**1,764.92**	**446.30**	**1,652.00**	**3,863.22**

6.0 कोयला विपणन :

6.1 कुल उठाव की तुलना में माँग / लक्ष्य :

वर्ष 2023-24 में कोयले का वास्तविक उठान 51.00 मि.टन की माँग के विरूद्ध 43.75 मि.टन अर्थात् 86% माँग तुष्टि था। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 के दौरान सेक्टर-वार माँग एवं उठान यथा अनुसरित है :

(आंकड़े मिलियन टन में)

सेक्टर	वर्ष 2023-24 में उठाव			वर्ष 2022-23 में उठाव		
	माँग / लक्ष्य	वास्तविक	% तुष्टि	माँग / लक्ष्य	वास्तविक	% तुष्टि
विद्युत शक्ति	34.000	36.090	106	30.000	28.150	94
सिमेंट	0.430	0.350	81	0.470	0.430	92
सीपीपी (ओआरएस)	0.250	0.180	71	0.250	0.210	84
सीपीपी (इस्पात)	0.490	0.420	86	0.490	0.380	78
इस्पात (मिश्रण योग्य)	-	-	-	-	-	-
स्पॉन्ज आयरन	0.850	0.080	9	0.220	0.210	96
निर्यात	-	0.010	-	-	0.020	-
लोको	-	0.001	-	-	0.002	-
प्रतिरक्षा	-	-	-	-	-	-
कोलियरी सन्निर्माण	0.180	0.150	84	0.180	0.170	95
अन्य	14.800	6.470	44	18.400	5.930	32
कुल	**51.000**	**43.750**	**86**	**50.000**	**35.510**	**71**

6.2 माल-डिब्बों का प्रतिदिन औसतन भारण :

पूर्व वर्ष की तुलना में वर्ष 2023-24 के लिए कार्यक्षेत्रवार माल-डिब्बों में औसतन भारण यथा अनुसरित है :

(बॉक्स प्रति दिन में आँकड़े)

कार्यक्षेत्र	माल-डिब्बों का भारण			
	2023-24		2022-23	
	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक
रानीगंज	1036	963	1018	931
मुगमा/सलानपुर	309	245	289	199
आद्रा	08	09	10	09
पीरपैंती	-	-	-	-
राजमहल (वार्फ वाल)	136	80	132	40
कुल	**1489**	**1297**	**1449**	**1179**

6.3 रीतिवार प्रेषण :

(मिलियन टन में आकड़े)

प्रेषण की रीति	2023-24	2022-23
रेल	30.01	26.88
सड़क	3.48	3.73
मेरी-गो-राउंड (एमजीआर)	10.11	4.73
कुल	**43.60**	**35.34**

6.4 यथा 31.03.2024 को कोयले का लेखाबंदी स्टॉक यथा अनुसरित है :

(लाख टन में आंकड़े)

कार्यक्षेत्र	As on 31.03.2024
रानीगंज	16.19
मुगमा/सलानपुर	14.40
संथाल परगना माइन्स	3.79
राजमहल	25.23
कुल	**59.62**



6.5 हाजिर व अनन्य ई-निलामी तथा विशेष वायदा ई-निलामी :

रीति	2023-24			2022-23		
	प्रेषित परिमाण (लाख टन में)	अधिसूचित दर में वृद्धि (₹ करोड़ में)	प्रतिशत वृद्धि	प्रेषित परिमाण (लाख टन में)	अधिसूचित दर में वृद्धि (₹ करोड़ में)	प्रतिशत वृद्धि
हाजिर एवं अनन्य ई-निलामी						
रेल	37.64	661.43	71.68	28.29	2452.35	267.64
सड़क	27.55	840.17	63.89	33.17	2303.08	220.02
कुल	65.19	1501.60	67.18	61.46	4755.43	242.25
विशेष वायदा ई-निलामी (विद्युत शक्ति)						
रेल	-	-	-	-	-	-
सड़क	-	-	-	1.86	1.90	6.93
कुल	**-**	**-**	**-**	**1.86**	**1.90**	**6.93**
समग्र कुल	**65.19**	**1501.60**	**67.18**	**63.32**	**4757.33**	**239.00**

7.0 योजना :

7.1 परिचालनों का कमान क्षेत्र :

यहाँ 79 खननीय खदानों जिसमें 48 भूमिगत खदान, 22 खुली खदान और 9 मिश्रित खदान के साथ 13 परिचालन क्षेत्र हैं।

7.2 आधुनिकीकरण :

भूमिगत खदानों में आधुनिकीकरण एवं मशीनीकरण के स्तर में संवर्धन के क्रम में, 2023-24 तक 56 खदानों में तत्काल तकनीकी एलएचडी/एसडीएल प्रवर्तन किया गया था। 31.03.2024 तक, भिन्न-भिन्न भूमिगत खानों में 202 एसडीएल, 37 एलएचडी एवं 137 यूडीएम रजिस्टर (आरंभिक सर्वे-ऑफ उपस्कर सहित) में दर्ज थे। वर्ष 2023-24 के दौरान, एसडीएलों से 3.125 मि.टन, एलएचडीयों से 0.642 मि.टन, 2 दीर्घ भित्ति से 0.728 मि.टन एवं 1 कटाई लदाई मशीन (दीर्घ भित्ति पैकेज का अंश) से 0.015 मि.टन उत्पादन प्राप्ति हुई।

ईसीएल में हाइवाल खनन का कार्य

"शटल कार (11 सेट) के साथ सतत खनित्र अभिनियोजन द्वारा "पुँजोत्पादन प्रौद्योगिकी" अभिनियोजित की गई है और सफलतापूर्वक परिचालित हो रही है। 5 मानक ऊँचाई वाले सतत खनित्र एवं 6 निम्न ऊँचाई वाले सतत खनित्र से वर्ष 2023-24 के दौरान उत्पादन प्राप्ति 4.127 मि. टन था। झांझरा में, अगस्त, 2016 से दीर्घ भित्ति तकनीक सफलतापूर्वक परिचालित हो रही है और वर्ष 2023-24 के दौरान उत्पादन 0.057 मि.टन (कटाई लदाई मशीन रहित) था। वर्ष 2023-24 के दौरान समग्र भूमिगत कोयला उत्पादन 9.183 मि.टन है।

इटापारा एमडीओ परियोजना का उद्घाटन

उपर्युक्त के अतिरिक्त व्यावसायिक अवसरों के गवेषिति के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए थे :

अ. हाइवॉल खनन : वर्ष 2023-24 में निमचा एवं नारायणकुड़ी खानों में हाइवॉल खनन तकनीक शुरू की गई थी। ईसीएल की कार्यकारी निदेशकगणों की सशक्त समिति ने दिनांक 17.02.2024 को आयोजित बैठक में मुगमा क्षेत्र के राजपुरा खुली खदान परियोजना में हाइवाल खनन के लिए पुनरीक्षित वित्त के साथ योजना को अद्यतन करने का निदेश दिया है।

आ. मैन राइडिंग प्रणाली : विभिन्न खानों जैसे झांझरा (3 डीजल संचालित फ्री स्टीयर्ड व्हीकल); परासिया (1 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम), निमचा (2 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम), बांसड़ा (2 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम), श्यामसुंदरपुर (1 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम); चिनाकुड़ी माइन III (1 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम); खोड्डाडीह कोलियरी (2 बैटरी संचालित फ्री स्टीयर्ड व्हीकल) और चिनाकुड़ी माइन-1 (2 नंबर बैटरी लोकोमोटिव) में सात मैन राइडिंग प्रणाली कार्यरत हैं। अमृतनगर और धेमोमेन खदानों में अतिरिक्त मैन राइडिंग सिस्टम लगाने की योजना बनाई गई है।

7.3 विविधिकरण

अ. कोयला संस्तरीय मिथेन (सीबीएम) : रानीगंज सीबीएम ब्लॉक (32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र) ईसीएल खनन पट्टे के भीतर है, जिसे सीबीएम निष्कर्षण के लिए प्रस्तावित किया गया है। परियोजना साध्यता प्रतिवेदन (पीएफआर) को 22.09.2018 को खान विकास व परिचालन (एमडीओ) अवधारणा के तहत ईसीएल निदेशक मंडल द्वारा प्रशासनिक रूप से निर्मिति और अनुमोदित किया गया है, जिसमें सतग्राम, कुनुस्तोरिया और श्रीपुर क्षेत्र के पट्टाधारित क्षेत्र को सम्मिलित किया गया है। सीएमपीडीआईएल को 08.05.2020 को कोयला संस्तरीय मीथेन (सीबीएम) के लिए परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) के रूप में काम करने के लिए अधिनिर्णित किया गया था। कोयला संस्तरीय मीथेन डेवलपर (सीबीएमडी) के चयन के लिए सीएमपीडीआईएल द्वारा 15.05.2020, 30.10.2020 और 09.06.2021 को तीन बार बोली ई-प्रकाशित की गई थी। तथापि, कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई। तत्पश्चात्, सीबीएम निष्कर्षण के लिए कुछ अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान की गई है और मूल क्षेत्र को सीएमटीएनएल के परामर्श से सीएमपीडीआईएल द्वारा संशोधित किया गया है। सीएमपीडीआईएल द्वारा नए निविदा दस्तावेज निर्मिति किए जा रहे हैं। निविदा देने से पूर्व संभावित बोलीदाताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई है ताकि उनके सुझावों को समाहित किया जा सके।

आ. सतही कोयला गैसीकरण (एससीजी) : कोयला से मेथनॉल परियोजना की स्थापना के लिए परियोजना साध्यता प्रतिवेदन (पीएफआर) को बोर्ड द्वारा 03.08.2021 को अनुमोदित किया गया था और पीडीआईएल को 14.09.2021 को जारी एलओए के माध्यम से तकनीकी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। बीओओ प्रोसेसर के चयन के लिए निविदा 31 जनवरी, 2022 को निर्गत की गई थी और बोली 05 मई, 2022 को खोली गई थी और कोई बोली प्राप्त नहीं हुई है। इसके पश्चात, सीआईएल और गेल (विद्यमान एमओयू का एक परिशिष्ट) के बीच संयुक्त रूप से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की नजदीकी खानों से कम राख वाले कोयले का उपयोग करके प्राथमिक कोयला से रासायनिक (सी2सी) उत्पाद के रूप में सिंथेटिक प्राकृतिक गैस (एसएनजी) के उत्पादन के लिए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(ईसीएल) में कोयला गैसीकरण परियोजना के विकास के अवसरों का संयुक्त रूप से पता लगाने के लिए एक सहमति ज्ञापन निष्पादित किया गया है। कार्यान्वयन के एलएसटीके मोड पर ईसीएल में कोयला-से-एसएनजी संयंत्र की स्थापना के लिए पीएफआर निर्मित के लिए सीआईएल द्वारा पीडीआईएल को 24.11.2022 को कार्य आदेश निर्गत किया गया है। सीआईएल को 14.03.2023 को कोयला से एसएनजी संयंत्र पर पीएफआर की अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त हुई। ईसीएल में एससीजी परियोजना का भूमि विवरण 15.11.2023 को सीआईएल को प्रस्तुत किया गया था। (190 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया और 60 एकड़ का अधिग्रहण किया जाना है)। गेल ने एलएसटीके मार्ग पर निविदा के बाद डीपीआर निर्मिति करने के लिए पीडीआईएल को पीएमसी सलाहकार के रूप में नियुक्त करने के लिए 19 अप्रैल, 2024 को अनुमोदन दे दी है।

इ. **भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूसीजी) :** झारखंड के जामताड़ा जिले के कस्ता वेस्ट ब्लॉक में भारतीय भू-खनन स्थितियों में यूसीजी प्रौद्योगिकी स्थापित करने के लिए एक पायलट परियोजना को 28.03.24 को ₹2309.63 लाख रुपये की मंजूरी दी गई। सीएमपीडीआईएल और ईसीएल प्रमुख कार्यान्वयन अभिकरणे हैं और एर्गो एक्सर्जी, कनाडा परियोजना के लिए उप-कार्यान्वयन अभिकरणे है। एर्गो एक्सर्जी द्वारा शीघ्र ही पायलट परियोजना का काम आरंभ किया जाएगा।

ई. **खान शीर्ष ताप विद्युत संयंत्र :** यथा अग्र अनुकूलन खान शीर्ष ताप विद्युत संयंत्र (पिट हेड टीपीपी) के लिए 2 स्थलों की पहचान की गई है, एक बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती में और दूसरा झारखंड के दुमका जिले के आमगाची, काठीकुण्ड प्रखण्ड में। दुमका जिले में राजमहल खदानों और आगामी खदानों से कोयले की आपूर्ति की जाएगी।

7.4 भूमिगत कोयला उत्पादन में सुधार के लिए उठाए गए कदम : विभिन्न प्रचालनात्मक बाधाओं, ऊपरी संस्तर के परिसमापन, कैविंग के लिए भूमि की उपलब्धता में विलंब आदि को ध्यान में रखते हुए भूमिगत उत्पादन में सुधार करने के लिए मुख्य रूप से झांझरा, तिलाबोनी, सिदुली, परासिया-बेलबाद जैसी अधिक भूमिगत खानों में शटल कार के साथ सतत खनित्रों को अभिनियोजित करके भूमिगत उत्पादन में सुधार करने के लिए कार्रवाई की गई है। अधिवर्षिता के कारण वेधन दल की कमी तथा आतन और साथ ही आलंबी पर अधिक कोयले की उपलब्धता के द्वैत उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए और अधिक यूडीएम प्रवेशन के लिए कार्रवाई की गई है।

7.5 वर्ष 2023-24 के दौरान निरूपित परियोजनाओं के ब्यौरे :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	प्राक्कलित अतिरिक्त पूँजी (₹ करोड़ में)			
			विभागीय	आंशिक बाह्यस्रोतीकरण	बाह्यस्रोतीकरण	एमडीओ
1.	परासकोल जामबाद खुली खदान	1.80	1398.71	1193.55	-	1446.01 (ईसीएल=877.82, एमडीओ=568.19)
2.	निमचा भूमिगत	2.76	1291.45	559.34	-	1400.75 (ईसीएल=23.44, एमडीओ=1377.31)
3.	रंगमाटी-ए भूमिगत	2.88	2101.41	882.50	-	1862.95 (ईसीएल-39.45, एमडीओ- 1823.50)
4.	बांसड़ा भूमिगत	0.54	489.79	189.43	-	566.94 (ईसीएल-5.18, एमडीओ- 561.76)
5.	हाइवाल सहित सीएल जामबाद खुली खदान परियोजना	1.00	-	138.61	114.62	-

7.6 वर्ष 2023-24 के दौरान अनुमोदित परियोजनाएँ :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता	पूँजीगत निवेश का अनुमोदन (₹ करोड़ में)	अनुमोदन की तिथि	अभ्युक्ति
1.	ईटापाड़ा खुली खदान परियोजना	3.50	ईसीएल अंश : 929.10	12.09.2023	परियोजना प्रतिवेदन एमडीओ रीति में अनुशंसित।
2.	चुपरभीटा-शिमलोंग खुली खदान परियोजना	6.00	ईसीएल अंश : 979.08	12.09.2023	परियोजना प्रतिवेदन एमडीओ रीति में अनुशंसित।

7.6अ वर्ष 2023-24 के दौरान परियोजनाओं के मूल्य-निरूपण, मूल्यांकन एवं अनुमोदन के लिए सीआईएल निदेशक मण्डल की सशक्त उपसमिति द्वारा परियोजना पूरण प्रतिवेदन का अंतिम अनुमोदन :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	अनुमोदित पूँजी निवेश (₹ करोड़ में)	अनुमोदन की तिथि	अभ्युक्ति
1.	इटापाड़ा खुली खदान	3.50	ईसीएल अंश : 929.1	29.12.2023	परियोजना प्रतिवेदन एमडीओ रीति में अनुमोदित।
2.	चुपरभीटा-शिमलोंग खुली खदान	6.00	ईसीएल अंश : 979.08	29.12.2023	06.03.2024 को एनआईटी जारी किया गया। 25.06.2024 को बोली खुलना अधिसूचित है।

ईसीएल में खनन कार्य

7.6आ वर्ष 2023-24 के दौरान ईसीएल निदेशक मण्डल द्वारा परियोजना पूरण प्रतिवेदन का अंतिम अनुमोदन :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	अनुमोदित पूँजी निवेश (₹ करोड़ में)	अनुमोदन की तिथि	अभ्युक्ति
1.	बांसड़ा भूमिगत	0.54	ईसीएल अंश : 5.18	19.10.2023	योजना एमडीओ रीति में अनुमोदित
2.	हाइवाल के साथ सीएल जामबाद ओसीपी	1.00	114.62	25.01.2024	योजना बाह्यस्रोत रीति में अनुमोदित

7.6इ 2023-24 में ईसीएल निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित खुली खदान खण्ड :

क्रम सं.	क्षेत्र	खुली खदान खण्ड के नाम	खननीय निचय		औसत विपट्टन अनुपात	व्यस्ततम समय (लाख टन प्रति वर्ष)	खान की क्रियाशीलता (वर्ष)	अनुमोदन की तिथि
			कोयला (लाख टन)	ओबी (लाख घनमीटर)				
1.	सोदपुर	परबेलिआ कोलियरी के आ-VIII (हिजुली संस्तर) में बाह्यस्रोत विकल्प से योजना	9.50	117.47 एवं पुनःनिपटान / पुनःभरण: 28.00	12.365	2.50	4	25.01.2024

7.7 राजस्व साझा मॉडल में अनिरंतरित खान के पुनःक्रियाशीलन के लिए खान रूपरेखा एवं एमडीओ दस्तावेज का अनुमोदन एवं इसकी प्रास्थिति :

क्रम सं.	शृंखला	खानों के नाम	खान रूपरेखा एवं एमडीओ दस्तावेजों का अनुमोदन	वर्तमान प्रास्थिति
1.	शृंखला - IV	बेनाली कोलियरी	02.02.2024	निविदा 04.03.2024 को जारी किया गया।
2.		महावीर (आर) कोलियरी	02.02.2024	निविदा 04.03.2024 को जारी किया गया।

7.8 पूँजीगत परियोजनाएँ :

वर्ष 2023-24 के दौरान, ईसीएल ने 14 पूँजीगत परियोजनाएँ आरंभ की हैं, जिनमें से 2 नई ग्रीनफील्ड परियोजना (हुर्रा-सी ओसी) और परियोजनाओं के विस्तार/संशोधन/पूर्वसमापन (झांझरा विस्तारित भूमिगत, खोट्टाडीह सीएम, मोहनपुर विस्तारित ओसीपी, न्यू केंदा ओसी, सोनपुर-बाजारी विस्तारित ओसीपी, चितरा पूर्व ओसीपी, सिदुली मिक्स, नकराकोंडा-कुमारडीह बी ओसीपी, तिलोबनी भूमिगत, परासिया-बेलबाद भूमिगत, सरपी भूमिगत सहित श्यामसुंदरपुर, बॉन्जेमेहरी विस्तारित ओसीपी) की संख्या 12 हैं।

7.9 नई पहल :

अ. वर्तमान में, पाँच खानों में निपातन के साथ 11 सतत खनित्र संचालित हैं (झांझरा: 2 मानक ऊँचाई सतत खनित्र और 2 कम ऊँचाई वाले सतत खनित्र; श्यामसुंदरपुर: 1 मानक ऊँचाई सतत खनित्र; कुमारडीह बी: 2 कम ऊँचाई वाले सतत खनित्र और 1 एसएचसीएम और खोट्टाडीह: 1 मानक ऊँचाई सतत खनित्र) और 1 कम ऊँचाई वाले सतत खनित्र तथा तिलाबोनी : 1 कम ऊँचाई वाला सतत खनित्र)।

आ. 07 खानों में 18 सतत खनित्रों के प्रवर्तन की योजना बनाई गई है जिनके लिए परियोजना प्रतिवेदन पूर्व में ही अनुमोदित की जा चुकी है। इन सतत खनित्रों को निपातन / पुनर्भरण के साथ विस्तंभन के लिए योजनाबद्ध किया गया है। 18 सतत खनित्रों के प्रवर्तन की समयसीमा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में पाँच-पाँच सतत खनित्रों का प्रवर्तन किया जाएगा, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में चार-चार सतत खनित्रों का प्रवर्तन किया जाएगा।

इ. पेस्ट फिल तकनीक के साथ सतत खनित्रों के प्रवेशन के लिए शामपुर-बी की योजना को ईसीएल निदेशक मण्डल द्वारा 29.01.2022 को अनुमोदन दे दी गई है और 17.02.2024 को फिर से निविदा की गई है। बोली 12.04.2024 को खोली गई। कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। एनआईटी की पूर्व बैठक 12.06.2024 को आयोजित की गई।

ई. विदेश सहयोग / प्रौद्योगिकी अवशोषण-अनुकूलन और नवाचार :

i) कुमारडीह-बी भूमिगत खान में सतत खनित्र का प्रवेशन : मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. द्वारा 07.02.2024 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निम्न ऊँचाई वाली सतत खनित्र का एक सेट चालू किया गया है।

ii) झांझरा में अतिरिक्त 2 मानक ऊँचाई वाली सतत खनित्र का प्रवेशन : 2 मानक ऊँचाई वाले सतत खनित्र की आपूर्ति के लिए, 08.08.2022 को मेसर्स गेनवेल कम्मोसेल्स प्रा. लि. को एलओए निर्गत किया गया था। 2024-25 में इसकी चालू होने की अपेक्षा है।

iii) तिलाबोनी भूमिगत खान में सतत खनित्र का प्रवेशन : वर्ष 2023-24 के दौरान 12.03.2024 को मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. द्वारा आर-VIII उच्च संस्तर में पैनल के विकास के लिए एक निम्न ऊँचाई वाला सतत खनित्र परिनियोजित किया गया है।

iv) वर्ष 2023-24 में झांझरा आर-VII संस्तर से 0.557 मि.टन (रोड़ हेडर रहित) कोयला उत्पादन के लिए शक्ति समर्थित लॉन्गवाल पैनल को सफलतापूर्वक संचालन।

v) श्यामसुंदरपुर भूमिगत खान में अतिरिक्त 2 निम्न ऊँचाई वाले सतत खनित्र का प्रवेशन : निम्न ऊँचाई वाले 2 सतत खनित्र की आपूर्ति के लिए, 08.08.2022 को मेसर्स गेनवेल कम्मोसेल्स प्रा. लि. को एलओए निर्गत किया गया था। यथा विद्यमान आनत के विस्तारण में द्वितीय आनत के अनुसुरंगन के लिए, 03.06.2024 को एलओए निर्गत किया गया।

vi) परासिया-बेलबाद भूमिगत में सतत खनित्र के प्रवेशन के लिए, 30.03.2023 को मेसर्स गेनवेल कम्मोसेल्स प्रा. लि. को एलओए निर्गत किया गया था।

vii) तिलाबोनी भूमिगत सीएचपी में तीन और सतत खनित्र के प्रवेशन के लिए, 30.03.2023 को मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. को एलओए निर्गत किया गया था।

7.10 वर्ष 2023-24 के लिए चालू परियोजनाओं से संबंधित प्रमुख मील के पत्थर समान उपलब्धियों की प्रास्थिति :

क्रम	परियोजना का नाम	गतिविधियाँ / मील का पत्थर	उपलब्धियाँ
1.	सोनपुर बाजारी विस्तारित खुली खदान परियोजना	526.51 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के लिए सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 4(1) के तहत अधिसूचना	संपन्न। सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 4 (i) के तहत अधिसूचित 526.51 हेक्टेयर प्राप्त करने के लिए 18.12.2023 को भेजा गया।
2.	झांझरा विस्तारित भूमिगत	1 कम ऊँचाई वाली सतत खनित्र का प्रवर्तन (झांझरा भूमिगत परियोजना का चौथा कम ऊँचाई वाली सतत खनित्र)	संपन्न । कुमारडीह-बी भूमिगत खान में 07.02.2024 को कम ऊँचाई वाली सतत खनित्र का प्रवर्तन किया गया है।
3.	इटापाड़ा खुली खदान परियोजना	एमडीओ विकल्प में निविदा को अंतिम रूप देना	संपन्न । मेसर्स आरके ट्रांसपोर्ट कंपनी को एमडीओ मोड में 08.05.2023 को एलओए जारी किया गया था और 10.06.2023 को करार पर हस्ताक्षर किए गए थे।
4.		कोयला उत्पादन आरंभ	संपन्न । 20.12.2023 को कोयला उत्पादन आरंभ हुआ।
5.	चितरा ईस्ट ओसीपी	सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 7 (i) के तहत 146.17 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना	संपन्न । सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 7 (i) के तहत 146.62 हेक्टेयर भूमि के लिए अधिसूचना का.आ.सं. 415 (ई) दिनांक 01.02.2024 द्वारा जारी की गई।
6.	तिलाबोनी भूमिगत	1 कम ऊँचाई वाली सतत खनित्र का परिनियोजन	संपन्न । 12.03.2024 को कम ऊँचाई वाली सतत खनित्र को परिनियोजित किया गया है।
7.		सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 11 (i) के तहत 419.0496 हेक्टेयर काश्तकारी भूमि के अधिग्रहण के लिए किया गया आवेदन	संपन्न । सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 11 (i) के तहत 18.07.2023 को 419.0496 हेक्टेयर के अधिग्रहण के लिए आवेदन किया गया।
8.	मोहनपुर विस्तारित खुली खदान परियोजना	38.20 हेक्टेयर काश्तकारी भूमि के अधिग्रहण के लिए सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 11 (i) के तहत अधिसूचना	संपन्न । सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 की धारा 7 (i) के तहत अधिसूचित 04.01.2024 को 38.20 हेक्टेयर काश्तकारी भूमि की गई।

7.11 वर्ष 2023-24 के दौरान विशेष उपलब्धियाँ :

अ) गुच्छ सं. 12 (कुल क्षमता : 31.83 मि.टन प्रति वर्ष) के अधीन एक वर्ष की अवधि के लिए 31.07.2023 को 12 मि.टन प्रति वर्ष से 14 मि.टन प्रतिवर्ष तक सोनपुर बजारी विस्तारित खुली खदान परियोजना हेतु पर्यावरण सहमति (ईसी) संशोधित किया गया।

आ) 21.12.2.23 को आयोजित ईएसी बैठक में मुग्मा क्षेत्र के अंतर्गत बरमुरी ओसीपी की सफारिश गुच्छ सं. 2 (कुल क्षमता : 1.1 मि.टन प्रति वर्ष) के अधीन, पर्यावरणीय सहमति क्षमता 0.5 मि.टन प्रति वर्ष से 0.90 मि.टन प्रति वर्ष तक बढ़ाई गई। 21.02.2024 को ईसी पत्र निर्गत किया गया।

इ) गुच्छ सं. 12 (14 मिश्रित खानों को समाहित करते हुए) के लिए पुनरीक्षित खान योजना (प्रगतिशील खान संवरण योजना सहित) 31.83 मि.टन प्रति वर्ष से 34.83 मि.टन प्रति वर्ष तक खान पट्टाधृत (एमएल) क्षेत्र में 12694.47 हेक्टेयर से 14814.20 हेक्टेयर तक की वृद्धि के साथ 12.09.2023 को आयोजित ईसीएल निदेशक मंडल की बैठक द्वारा अनुमोदित की गई। टीओआर प्राप्त करने के प्रस्ताव पर 17.11.2023 को आयोजित तीसरी ईएसी बैठक में विचार किया गया और सिफारिश की गई। टीओआर 04.01.2024 को जारी किया गया। ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट का प्रारूप सीएमपीडीआईएल में निर्मिति किया जा रहा है।

ई) खान पट्टाधृत क्षेत्र में 1628.0 हेक्टेयर से 1774 हेक्टेयर तक की वृद्धि के साथ 3.33/3.97 मि.टन प्रति वर्ष (मानकी / अधिकतम) की विद्यमान उत्पादन क्षमता वाले गुच्छ-3 (3 मिश्रित खानों) के विस्तार के लिए विचारार्थ विषयों के प्रस्ताव पर विचार किया गया और 17.11.12023 को आयोजित तृतीय ईएसी बैठक में इसकी सिफारिश की गई। टीओआर 04.01.2024 को जारी किया गया। ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट का प्रारूप सीएमपीडीआईएल में निर्मिति किया जा रहा है।

उ) गुच्छ सं. 4 के अधीन समग्र गुच्छ क्षमता 7.71 मि.टन प्रति वर्ष को अपरिवर्तित रखते हुए इटापाड़ा ओसीपी के क्षेत्र विस्तार के लिए पर्यावरण सहमति (ईसी) को 855.87 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1003.37 हेक्टेयर, समग्र गुच्छ क्षेत्र को 2720.87 हेक्टेयर से बढ़ाकर 2868.37 हेक्टेयर करना, खनन योजना को ईसीएल निदेशक मण्डल द्वारा 25.01.2024 को अनुमोदित किया गया है।

ऊ) कोयला गैसीकरण शिल्पांचल परियोजना पश्चिम बंगाल, ईसीएल - कोयला से मेथनॉल परियोजना की स्थापना के लिए ईसीएल एससीजी के लिए पीएफआर को ईसीएल निदेशक मंडल द्वारा 03.08.2021 को अनुमोदित किया गया है। पीडीआईएल को तकनीकी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है और 14.09.2021 को एलओए जारी किया गया है। ईसीएल में कोयला से एसएनजी संयंत्र की स्थापना के लिए पीएफआर निर्मिति करने के लिए पीडीआईएल को 24.11.2022 को 'एकमुश्त संपूर्ण (एलएसटीके)' रीति पर कार्य आदेश जारी किया गया है।

ऋ) ईआरपी को एसएपी पोर्टल में सभी चौदह चालू परियोजनाओं और फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए पीएस मॉड्यूल के माध्यम से लागू किया गया है। यह एसएपी पोर्टल के पीएस मॉड्यूल के माध्यम से चल रही परियोजनाओं के प्रत्यक्ष प्रबोधन को सक्षम बनाता है।

8.0 उपस्करों की संख्या (एचईएमएम) :

8.1 यथा 31 मार्च, 2023 की तुलना में 31 मार्च, 2024 को उपस्करों की संख्या

उपस्कर	क्षमता (घनमीटर)	31.03.2024 को यथा उपस्करों की संख्या	31.03.2023 को यथा उपस्करों की संख्या
ड्रैगलाइन	26.8	01	01
शॉवेल	12 और 10 के बीच	11	11
	10 और 05 के बीच	24	20
	05 और 03 के बीच	10	13
	03 और 01 के बीच	11	09
		56	**53**
डम्पर	190 टन	18	18
	120 टन	09	12
	100 टन	28	31
	60 टन	76	72
	35 टन	41	57
		172	**190**
डोजर	410 एचपी	28	28
	320 एचपी	54	50
		82	**78**
ड्रिल	311एमएम	05	05
	250एमएम	07	10
	160एमएम	31	31
	100एमएम	03	03
		46	**49**



8.2 पूर्व वर्ष की तुलना में वर्ष 2023-24 के दौरान सीएमपीडीआईएल प्रादर्शों के अनुसार उपस्करों के प्रत्येक प्रकारों की प्रतिशत उपलब्धता एवं उपयोगिता सिद्धि यथा अनुसरित है :

उपस्कर	प्रतिशत उपलब्धता				प्रतिशत उपयोगिता सिद्धि			
	सीएमपीडीआईएल प्रदर्श	2023-24	2022-23	% में गत वर्ष से अंतर	सीएमपीडीआईएल प्रदर्श	2023-24	2022-23	% में गत वर्ष से अंतर
ड्रैगलाइन	85	83.34	87.08	-3.74	73	68.97	75.24	-6.27
डम्पर	67	81.43	79.02	2.41	50	34.43	31.95	2.48
डोजर	70	72.38	72.03	0.35	45	18.38	21.03	-2.65
शॉवेल	80	79.77	75.30	4.47	58	45.48	48.10	-2.62
ड्रील	78	81.73	78.86	2.87	40	16.01	16.98	-0.97

8.3 वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदत्त नूतन उपस्कर एवं प्रतिस्थापित उपस्कर :

उपस्कर	क्षमता	2023-24 में यथा प्रतिस्थापन / अतिरिक्त जोड़ा गया	2023-24 में प्राप्त हुआ और यथा प्रतिस्थापन 2024-25 में प्रवर्तन किया जाएगा
शॉवेल	5 घनमीटर	5	0
	1.5 घनमीटर	2 (1 अतिरिक्त)	0
डम्पर	100 टन	10	2
	60 टन	5	0
डोजर	242 कि.वाट	2	0
ड्रिल	160 एमएम	3	0

8.4 एचईएमएम की उपयोगिता सिद्धि में सुधार के लिए कार्रवाई :

खनन उपस्करों (एचईएमएम) के उपयोग में सुधार लाने के लिए निम्नलिखित कार्रवाई की गई है :

अ) राजमहल क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की समस्या का समाधान कर लिया गया है और पर्याप्त भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।

आ) मुगमा क्षेत्र में, बड़जना ओसीपी को बंद कर दिया गया है और उपस्कर उपयोगिता सिद्धि के लिए अन्य ओसीपी को हस्तांतरित कर दिए गए हैं।

इ) पांडवेश्वर क्षेत्र की खोट्टाडीह खदान में, पट्टाधृत भूमि के विवाद संबंधी भूमि अवरोध के कारण खदान 2 माह के लिए बंद कर दी गई थी। इस मामले को सीआईएल स्तर पर सुलझा लिया गया है और वर्तमान में खान परिचालन में है।

ई) बांकोला क्षेत्र की नाकराकोंडा खान में, कोयला आतन पर जल भराव और संविदाकार के खराब कार्य निष्पादन के परिणामस्वरूप कोयले के कम अनावरण के कारण खान को 5 महीने के लिए बंद कर दिया गया था। कुछ उपस्करों को लाभप्रद उपयोगिता के लिए अन्य खानों को हस्तांतरित कर दिया गया है। वर्तमान में खान विभागीय रूप से परिचालन में है।

उ) काजोड़ा क्षेत्र के जामबाद ओसीपी में उपरि संस्तर डंप की अग्रदूरी को कम करने के लिए अलग कर्षण पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में कोयला आतन पर जल भराव के कारण एक उत्खनक बेकार है। कोयला निकालने के बाद मशीन को उपरि संस्तर हटाव के लिए उपरि संस्तर बेंच में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

ऊ) केंदा क्षेत्र की शंकरपुर खदान में भूमि अवरोध होने के कारण खदान 3 माह के लिए बंद कर दी गई थी। वर्तमान में उपस्करों को लाभप्रद उपयोगिता के लिए सीएल जामबाद को हस्तांतरित कर दिया गया है।

9.0 ऊर्जा संरक्षण :

9.1 विद्युत शक्ति एवं ईंधन खपत :

क्रम	विशिष्टियाँ	इकाई	2023-24	2022-23
I.	**क्रय की गई विद्युत**			
	क. क्रय की गई इकाइयाँ	एम.केडब्ल्यूएच	835.42	831.12
	ख. आपूर्ति अभिकरणों को प्रदत्त कुल राशि (लगभग)	₹ करोड़ में	610.05	627.41
	ग. दर प्रति ईकाई (औसतन)	₹ / किलोवाट	7.30	7.54
	घ. विद्युत की विशेष खपत (लगभग)	किलोवाट घंटा/घन	4.04	5.24
II.	**विद्युत शक्ति की माँग**			
	क. औसतन विद्युत शक्ति की माँग	एमवीए	178.84	180.16
	ख. संविदात्मक माँग	एमवीए	199.33	199.89
	ग. प्रतिशत उपयोगिता सिद्धि	%	89.72	90.00

9.2 सौर परियोजनाओं का क्रियान्वयन :

ईसीएल में अब तक विभिन्न अवस्थानों पर कुल 1.906 मेगावाट रूफ टॉप सोलर स्थापित किया गया है। वर्ष 2023-24 के दौरान, संयंत्र से निवल उत्पादन 8.47 लाख किलोवाट घंटा था, जिसके परिणामस्वरूप ₹42.72 लाख रुपये की बचत हुई।

9.3 ऊर्जा संरक्षण :

विभिन्न इकाइयों और प्रतिष्ठानों में ऊर्जा दक्षता उपायों को लागू करने के लिए, 450 पारंपरिक पंखों को बीएलडीसी पंखों (सुपर फैन), 152 पुराने एसी को ऊर्जा-कुशल एसी, 12 पुराने वॉटर हीटर, 2508 पारंपरिक रोशनी को एलईडी लाइट्स और 05 पुराने मोटरों को ऊर्जा-कुशल मोटर्स के साथ बदलने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा, स्ट्रीट लाइट के लिए 50 ऑटो-टाइमर स्थापित लगाए गए। इन ऊर्जा दक्षता उपायों से कुल प्रत्याशित बचत लगभग 1.5 मिलियन यूनिट है, जिसका मूल्य वर्ष 2023-24 के दौरान 1.10 करोड़ रुपये (लगभग) है, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन-डाइ-ऑक्साइड उत्सर्जन में 1237 टन की कमी आई है। वित्तीय वर्ष 202324 में पावर फैक्टर में सुधार से प्राप्त निवल लाभ 11.95 करोड़ रूपए (लगभग) है।

9.4 भूमिगत मशीनरी कार्य-निष्पादन :

उपस्कर	2023-24		2022-23	
	रजिस्टर में दर्ज	उत्पादकता (टन प्रति दिवस)	रजिस्टर में दर्ज	उत्पादकता (टन प्रति दिवस)
एसडीएल	225	70	204	66
एलएचडी	33	88	38	98
सतत खनित्र	11	1310	9	1440
कटाई लदाई मशीन	1	44	1	162
दीर्घ भित्ति मशीन	1	1802	1	2797
उच्च भित्ति मशीन	2	1204	1	1031

9.5 कोयला निपटान संयंत्रों (सीएचपी) के कार्य-निष्पादन :

वर्ष 2022-23 के दौरान 13.62 मि.टन कोयले की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में, 31 मार्च, 2024 को यथा, सोनपुर बजारी एवं राजमहल में दो प्रमुख कोयला निपटान संयंत्रों (सीएचपी) ने 21.05 मि.टन कोयले का निपटान किया।

9.6 वर्ष 2023-24 के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ :

अ) ईसीएल में 35 मेगावाट के भूमि आरूढ़ सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना और प्रवर्तन के लिए कार्यादेश जारी कर दिया गया है।

आ) ईसीएल में 16 नए इलेक्ट्रिक वाहन की अधिप्राप्ति किए गए।

इ) 04 भाप कुंडलक को विद्युत कुंडलक में परिवर्तित करने के लिए कार्य आदेश जारी किया गया है।

ई) ईसीएल में 3.73 मेगावाट छतारूढ़ सौर ऊर्जा संयंत्र की संस्थापना और प्रवर्तन के लिए एलओए जारी किया गया है।

ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में कोयला हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी)

9.7 ईसीएल में सौर ऊर्जा पहल

जलवायु परिवर्तन पर लगातार बढ़ती वैश्विक चिंता ने स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा स्रोतों की ओर बदलाव को प्रेरित किया है। विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में, सौर ऊर्जा इस बात का एक चमकदार उदाहरण है कि कैसे नवाचार और प्रौद्योगिकी कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। जैसा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रही है, कार्बन उत्सर्जन को रोकने में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाना सर्वोपरि हो जाता है। उनमें से, सौर ऊर्जा ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ लड़ाई में आशा की एक चमकदार किरण के रूप में उभरी है। कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) उत्सर्जन को काफी कम करने की क्षमता के साथ, सौर ऊर्जा दशकों की अवधि में सैकड़ों पेड़ लगाने के बराबर है। इस ब्लॉग में, हम CO_2 उत्सर्जन को कम करने में सौर ऊर्जा के उल्लेखनीय प्रभाव और वृक्षारोपण में इसके समकक्ष योगदान का पता लगाते हैं।

कोल इंडिया लिमिटेड ने पहले ही अपनी सभी अनुषंगी कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे नेट जीरो कंपनी बनने के लिए तौर-तरीके/कार्य योजना तैयार करें। कोल इंडिया लिमिटेड ने सूचित किया है कि नेट जीरो कंपनी बनने के लिए; ईसीएल को 525 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना लगाना है। तत्पश्चात्, ईसीएल ने अपने परिचालन क्षेत्र में सौर ऊर्जा परियोजनाएं संस्थापित करने की पहल की है। ईसीएल ने पहले ही 1.906 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित कर ली है, जिसने वित्ती वर्ष 2022-23 के दौरान 7.12 लाख किलोवाट बिजली का उत्पादन किया है, जिसके परिणामस्वरूप 34.75 लाख रुपये की बचत हुई है और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 8.47 लाख किलोवाट बिजली उत्पन्न हुई है, जिसके परिणामस्वरूप 42.72 लाख रुपये की बचत हुई है।

ईसीएल ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान निम्नलिखित सौर ऊर्जा परियोजनाओं को लागू करने की योजना बनाई है:

अ) 35 मेगावाट क्षमता का भू-आरूढ़ सौर ऊर्जा संयंत्र : तीनों स्थलों पर सौर ऊर्जा विद्युत संयंत्र की स्थापना का काम प्रगति पर है और अगस्त, 2024 तक चालू होने की प्रत्याशा है।

आ) 3732 किलोवाट क्षमता का छतारूढ़ सौर ऊर्जा संयंत्र : 3732 किलोवाट छतारूढ़ सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का कार्य प्रगति पर है और अक्टूबर, 2024 तक चालू होने की प्रत्याशा है।

इ) 5 मेगावाट क्षमता का चलंत सौर ऊर्जा संयंत्र : सालनपुर क्षेत्र में 5 मेगावाट चलंत सौर ऊर्जा संयंत्र की परियोजना प्रगति पर है और मार्च, 2025 तक चालू होने की प्रत्याशा है।

ई) 5 मेगावाट क्षमता का भू-आरूढ़ सौर ऊर्जा संयंत्र : सोनपुर बाजारी क्षेत्र में 5 मेगावाट भू-आरूढ़ सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए परियोजना प्रगति पर है और मार्च, 2025 तक चालू होने की प्रत्याशा है।

इसके अलावा, ईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए अपने परिचालन क्षेत्र में उपयुक्त भूमि की पहचान की है ताकि निकट भविष्य में नेट जीरो कंपनी बन सके।

जमीन पर लगाए जाने वाले सौर पैनल - स्थिरता की ओर एक कदम

10.0 कल्याणकारी सुविधाएँ :

क्रम	मद	31.03.2023 को यथा संचयी स्थिति	2023-24 के दौरान प्राप्ति	31.03.2024 को यथा संचयी स्थिति
1.	**शैक्षणिक प्रसुविधाएँ**			
	अ) डीएवी विद्यालय	06	-	06
	आ) i) आवर्ती सहायता अनुदान प्राप्त विद्यालयों की संख्या	118	70	188
	आ) ii) आवर्ती सहायता अनुदान की राशि (₹ लाख में)	7,047.74	104.07	7151.81
	इ) i) अनावर्ती सहायता अनुदान प्राप्त विद्यालयों की संख्या	388	-	388
	इ) ii) आवर्ती सहायता अनुदान की राशि (₹ लाख में)	312.04	-	312.04
	ई) i) तदर्थ अनुदान स्वीकृत विद्यालयों की संख्या	79	-	79
	ई) ii) स्वीकृत तदर्थ अनुदान की राशि (₹ लाख में)	69.60	-	69.60
	उ) विद्यालयों को संलग्न बसों की संख्या	156	-	156
	ऊ) i) सीआईएल छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति एवं अधिनिर्णित नकद की संख्या	20584	268	20852
	ऋ) ii) स्वीकृत राशि (₹ लाख में)	313.64	8.134	321.774
	ए) i) चयनित इंजीनियरिंग एवं सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पठन करने वाले वेज बोर्ड कर्मी के आश्रितों के शिक्षण शुल्क एवं होस्टल प्रभार देने के निहितार्थ वित्तीय सहायता के लिए सीआईएल योजना			
	ए) ii) स्वीकृत डब्ल्यूबीई वार्डो की संख्या	1007	76	1083
	ए) iii) स्वीकृत राशि (₹ लाख में)	397.34	61.27	458.61
2	खेलकूद और क्रीड़ा में संव्यय राशि (₹ लाख में)	676.63	56.488	733.118
3	सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में संव्यय राशि (₹ लाख में)	96.88	2.21	99.09
4	कैंटीन	82	-	82
5	**बैंकिंग प्रसुविधाएँ – बैंकों की क्रियाशील शाखाओं की संख्या**	27	-	27
6	**सहकारी सोसाइटी**			
	अ) सहकारी साख सोसाइटी	62	-	62
	आ) प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार	30	-	30
	इ) केंद्रीय सहकारी	04	-	4
	ई) सहकारी सोसाइटी को ऋण एवं में निवेश (₹ लाख में)	63.80	-	63.80

ईसीएल निदेशक द्वारा स्थानीय स्कुन्ताम कंप्यूटरों का वितरण

ईसीएल में कौशल प्रशिक्षण पहल

11.0 चिकित्सीय सुविधाएँ :

कर्मियों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए 2 केंद्रीय अस्पताल, 600 बिस्तरों की आवासी क्षमता वाले 07 क्षेत्रीय अस्पताल और 106 औषधालय हैं। इसमें दोनों केंद्रीय अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा टेली-परामर्श प्रदान करने के लिए सात कार्यात्मक डिजिटल औषधालय सम्मिलित हैं। इस समय ईसीएल के लाभार्थियों की चिकित्सा समस्याओं को पूरा करने के लिए विभिन्न चिकित्सा विधाओं में 24 विशेषज्ञों सहित 154 डाक्टर कार्यरत हैं।

11.1 चिकित्सीय निर्देशपरक और चल औषधालय:

विशिष्टियाँ	2023-24	2022-23
बाह्य निर्देशित रोगियों की संख्या	3147	2792
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम		
-शिविरों की संख्या	151	85
-हितलाभुकों की संख्या	7604	3852
चल औषधालयों द्वारा आच्छादित ग्राम		
-शिविरों की संख्या	1735	800
-हितलाभुकों की संख्या	100000 (लगभग)	16600
कंपनी कर्मकारों का पीएमई	11736	11881
संविदात्मक कर्मकारों का पीएमई	1015	1176
कंपनी कर्मकारों का आईएमई	1006	1179
संविदात्मक कर्मकारों का आईएमई	1561	874

चिकित्सा विभाग द्वारा और मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से संचालित स्वास्थ्य शिविरों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इससे ईसीएल कमान क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लाभार्थियों तक पहुंचने में मदद मिली है।

11.2 विशेष उपलब्धियाँ :

अ) अंकीय औषधालय : अंकीय औषधालय केन्द्र की पायलट परियोजना का उद्घाटन 06.06.2022 को किया गया था और यह श्यामसुंदरपुर कोलियरी, बांकोला क्षेत्र ईसीएल में सफलतापूर्वक संचालित है। राजमहल, एसपी माइंस, मुगमा, पाण्डवेश्वर, झांझरा और सोनपुर बाजारी में 01.12.2022 से अंकीय औषधालय की अन्य छः संख्या कार्य कर रही है।

आ) ईसीएल के अस्पतालों के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का उन्नयन: ईसीएल के अस्पतालों के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का उन्नयन के लिए इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक टेबल एक्ट्यूएटर के साथ एसआई सर्जिकल ऑर्थोपेडिक ऑपरेटिंग टेबल, लाइफ प्लस 12 चैनल ईसीजी मशीन, वोल्ट्रिक सिंगल डोर 350-380 लीटर प्रयोगशाला रेफ्रिजरेटर, मैनमैन आर्थोपेडिक बैटरी संचालित ड्रिल सिस्टम, शिखा सर्जिकल 93 डबल डोम सीलिंग ओटी लाइट, चिकित्सा उपयोग के लिए वैटेक मोबाइल स्टैंड एलईडी परीक्षा लाइट, ऑप्टिटेक दोनों मायड्रायटिक और नॉन मायड्रायटिक डिजिटल फंडस कैमरा, ऑप्टिटेक हॉरिजॉन्टल स्लिट एंगल पोजिशन डिजिटल फोटो स्लिट लैंप विद एप्लायनेशन टोनोमीटर, ऑप्टिटेक बाइनोकुलर इनडायरेक्ट ऑप्थाल्मोस्कोप विद 20डी और 30डी एस्फेरिक बाइकोनवेक्स लेंस और 40 सेंटीमीटर वर्किंग डिस्टेंस, अप्पासामी एसोसिएट्स ऑप्थाल्मिक चेयर यूनिट वेट अप 189 किलोग्राम, अकास मैडॉक्स और शोबर और दूरबीन बैलेंस और वर्थ 4 डॉट डिजिटल एलईडी विजन चार्ट, अकास टच स्क्रीन ए-स्कैन, मिकोप्लस एंगल रोटर मेडिकल सेंट्रीफ्यूज साइज 16x15एमएल और सी-आर्म मशीन की अधिप्राप्ति किया गया है।

सीएसआर के तत्वावधान में ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल वैन

इ) ईसीएल के कोर खनन श्रमिकों के बीच व्यावसायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण :

- ईसीएल ने श्वसन और श्रवण क्षति के विशेष संदर्भ में ईसीएल के प्रमुख खनन श्रमिकों के बीच व्यावसायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के लिए 08.06.2022 को एनआईओएच के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 2800 कर्मचारियों के परिक्षण का लक्ष्य है, जिसमें से लगभग 2100 का काम पूरा हो चुका है।
- अध्ययन का प्रथम चरण जनवरी 2023 के महीने में झांझरा क्षेत्रीय अस्पताल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था और झांझरा क्षेत्र, बंकोला क्षेत्र और पांडवेश्वर क्षेत्र के 790 कर्मचारियों की जांच की गई थी।
- अध्ययन का द्वितीय चरण जुलाई 2023 के महीने में क्षेत्रीय अस्पताल, केंदा क्षेत्र में आयोजित किया गया था तथा केंदा क्षेत्र, काजोड़ा क्षेत्र और सोनपुर बाजारी क्षेत्र के 710 कर्मियों का परीक्षण किया गया।
- अध्ययन का तृतीय चरण जनवरी 2024 के महीने में संकतोड़िया अस्पताल में आयोजित किया गया था, जहाँ मुगमा क्षेत्र, एसपी खान क्षेत्र, सलानपुर क्षेत्र और सोदपुर क्षेत्र के 580 कर्मियों की जांच की गई थी। इस चरण का एक हिस्सा राजमहल क्षेत्र में भी आयोजित किया गया था।
- अध्ययन का चतुर्थ और अंतिम चरण कुनुस्तोड़िया क्षेत्रीय अस्पताल में आयोजित किया जाएगा जहाँ कुनुस्तोड़िया क्षेत्र और सतग्राम-श्रीपुर क्षेत्र के कर्मियों का परीक्षण किया जाएगा।

ई) मानसिक स्वास्थ्य पर आईसीएमआर स्वास्थ्य सर्वेक्षण :

- आईसीएमआर पाथवेज टू रेजिलिएशन एंड मेंटल हेल्थ (पीएआरएएम) के बैनर तले ईसीएल के श्रमिकों और परिवारों के बीच एक स्वास्थ्य अनुसंधान अध्ययन करेगा। ईसीएल के खान कामगारों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की पहचान उपयुक्त प्रबंधन रणनीति के साथ की जाएगी। शराब की लत से ग्रस्त महिलाओं और कर्मचारियों के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन भी किया जा रहा है। ये अध्ययन 6 मार्च, 2024 से कुनुस्तोड़िया क्षेत्र अस्पताल में आरंभ हो गए हैं।

उ) आयुष्मान भारत : ईसीएल के दो केंद्रीय अस्पताल भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना (एबीपीएमजेएवाई) के तहत नामांकित हैं।

ऊ) स्वास्थ्य शिविर :

- ईसीएल ने ईसीएल कमान क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नौ (09) मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं। शिविर 21 फरवरी, 2024 से शुरू होकर एसपी माइंस, सोनपुर बाजारी, राजमहल, सोदपुर, सलानपुर, पांडवेश्वर, झांझरा, दुमका और मुगमा में आयोजित किए गए हैं। इस पहल में सांकतोड़िया अस्पताल में दो नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर भी शामिल थे, जहाँ 100 लाभार्थियों को मुफ्त आईओएल वितरित किया गया था। इन शिविरों का उद्देश्य आसपास के स्थानीय लोगों और ईसीएल के सभी हितधारकों को शामिल करना था। शिविरों में लगभग 1900 लाभार्थियों को सेवा प्रदान की गई।
- सांकतोड़िया अस्पताल ने 12.08.2023 को 10 लाभार्थियों के साथ लाइव स्ट्रीमिंग के साथ एक ग्रामीण लेप्रोस्कोपिक सर्जरी शिविर आयोजित किया है.
- सांकतोड़िया अस्पताल के नेत्र विभाग ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों जो इलाज का खर्च नहीं उठा सकते के लिए दिसंबर, 2023 के महीने में इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण के साथ मोतियाबिंद सर्जरी शिविर भी आयोजित किया है जो इलाज का खर्च नहीं उठा सकते। इस निःशुल्क नेत्र शिविर के माध्यम से कुल 30 रोगियों को लाभान्वित किया गया।
- सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, स्कूल-स्वास्थ्य, दवा वितरण और जागरूकता शिविर जैसे स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जा रहे हैं।

ईसीएल में स्वास्थ्य पहल

ऋ) क्षय रोग उन्मूलन और निक्षय-मित्र:

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम है। कोल इंडिया अपनी स्थापना के समय से ही इस कार्यक्रम में भागीदार रही है। कोयला मंत्रालय ने 23 अप्रैल, 2023 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उक्त सहमति ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 2025-26 तक भारत में क्षयरोग उन्मूलन की दिशा में सक्रिय उपाय करने के लिए कोयला मंत्रालय और सीआईएल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। सभी क्षेत्रों और केंद्रीय अस्पतालों में नियमित जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्क्रीनिंग के लिए संभावित मामलों की पहचान करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। राजमहल क्षेत्र ने गोड्डा जिले में 100 क्षयरोगियों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराने के लिए अंगीकार किया है और ईसीएल ने आंतरिक संसाधनों की मदद से 'निक्षय मित्र' का प्रमाण पत्र अर्जित किया है।

स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति में एसपी माइंस क्षेत्र में चिकित्सा शिविर

12.0 सेवानिवृत्ति पश्च कल्याणकारी उपाय :

अ) ईसीएल के सभी पीएफ/पेंशन संबंधी पदधारियों के साथ पीएफ/पेंशन दावा ठीक से जमा करने के संबंध में 19 जून, 2023 और 22 जून, 2023 को पीएफ/पेंशन दावा प्रस्तुत करने के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई थी।

आ) संघ के प्रतिनिधियों (बीओटी के सदस्य) के साथ बीओटी बैठक 13.10.2023 को आयोजित की गई थी।

इ) पेंशन सेल, ईसीएल मुख्यालय द्वारा 6 नवंबर, 2023 को डिसेरगढ़ क्लब में अनुसूची-ग की तैयारी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुक्त, सीएमपीएफओ ने कोलियरी/क्षेत्र द्वारा उनके कार्यालय को प्रस्तुत अनुसूची ग की कमियों और त्वरित निपटान के लिए इस संबंध में बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों पर अपना व्याख्यान और स्पष्टीकरण दिया। कार्यशाला में सभी क्षेत्र/इकाई/प्रतिष्ठान के संबंधित अधिशासियों एवं संबंधित लिपिकों ने भाग लिया।

ई) सीएमपीएफ कार्यालय, आसनसोल में 18.10.2023 को सीएमपीएफओ के समन्वय से सतर्कता जागरूकता और शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

उ) ईसीएल से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण आवधिक रूप से आयोजित किया जा रहा है।

ऊ) पीएफ/पेंशन से संबंधित पूर्व कर्मियों/भूतपूर्व कर्मियों के कर्मियों/आश्रितों की शिकायतों के निवारण के लिए ईसीएल के सभी क्षेत्रों/स्थापना में हर महीने की 9 तारीख को समय-समय पर हेल्प डेस्क का आयोजन किया जाता है।

ऋ) 'सी केयर्स' पोर्टल में दावों को ऑनलाइन जमा करने के लिए मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण 13 और 14 फरवरी, 2024 को सीएमपीडीआईएल, रांची में आयोजित किया गया था और कंपनी के सभी क्षेत्र/इकाई/प्रतिष्ठान के डीलिंग एग्जीक्यूटिव्स और डीलिंग स्टाफ का आगे का प्रशिक्षण बाद में आयोजित किया गया था।

ईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई

13.0 खान सुरक्षा एवं खान बचाव :

"सेफ्टी फर्स्ट एंड प्रोडक्शन मस्ट" इस मंत्र के साथ, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड अपनी स्थायी खनन प्रक्रिया के अभिन्न अंग के रूप में 'शून्य नुकसान क्षमता' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस प्रकार, ईसीएल ने हमारे सुरक्षा मानकों में सुधार के लिए उपयुक्त तकनीकी, प्रशासनिक और मानवीय पहल करके वर्ष 2023-24 के दौरान श्रमिकों और खानों की सुरक्षा के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाया है।

13.1 दुर्घटना सांख्यिकी :

क्रम सं.	विशिष्टियाँ	2023-24	2022-23
1.	घातक दुर्घटना (संख्या)	03	02
2.	मृत्यु-संख्या	05	02
3.	गंभीर दुर्घटना (संख्या)	04	06
4.	गंभीर चोट (संख्या)	05	06
5.	मृत्यु-संख्या/मिलियन टन उत्पादन	0.105	0.057
6.	मृत्यु-संख्या / 3 लाख श्रमिक पारी	0.126	0.049
7.	गंभीर चोट /मिलियन टन उत्पादन	0.105	0.171
8.	गंभीर चोट / 3 लाख श्रमिक पारी	0.126	0.146

13.2 खान सुरक्षा जागरूकता :

अ) सभी खानों में पाली-पूर्व सुरक्षा वार्ता की सुपुर्दगी की जा रही है ताकि कामगारों को उनके कार्य वातावरण में मौजूद विभिन्न खतरों के बारे में संवेदनशील बनाया जा सके और ऐसी खतरनाक परिस्थितियों में सुरक्षित रूप से अपना कार्य कैसे किया जा सके। पर्यवेक्षकों के साथ-साथ श्रमिकों को भी इन पाली-पूर्व सुरक्षा वार्ताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

आ) कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, वर्ष के दौरान भूमिगत और खुली खदान दोनों खानों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 12 खान सुरक्षा अभियान आयोजित किए गए थे।

इ) खान सुरक्षा बोर्ड वर्ष भर सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से द्विपक्षीय निरीक्षण किए जाते रहे हैं।

ई) 21.11.2023 से 30.11.2023 तक सभी क्षेत्रों में त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठकें बुलाई गईं।

उ) 62वीं निगम स्तरीय स्तरीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक 06.02.2024 को ईसीएल मुख्यालय में आयोजित की गई थी।

ऊ) विभिन्न श्रमिक प्रतिनिधियों और ईसीएल प्रबंधन के खान सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों के बीच निगम स्तर की द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठकें 19.06.2023, 27.09.2023 और 07.03.2024 को आयोजित की गईं।

ऋ) वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2022 का अंतिम दिवस समारोह 18.05.2023 को मनाया गया।

ऌ) डीजीएमएस के मार्गदर्शन में 11.12.2023 से 16.12.2023 तक क्षेत्र की छह कैप्टिव खदानों के साथ-साथ सभी खानों, पीएमई केंद्रों, वीटी केंद्रों में 2023-24 सत्र के लिए वार्षिक सुरक्षा सप्ताह मनाया गया।

ॡ) सभी क्षेत्रों के एजेंटों और एएसओ के साथ मासिक समन्वय बैठकें निगम स्तर पर आयोजित की गई थीं।

ॠ) कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए आईएलओ दिवस 28 अप्रैल, 2023 को मनाया गया।

ए) कार्यबल को संवेदनशील बनाने के लिए पूरे वर्ष विभिन्न कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए हैं।

ऐ) मूल कारण विश्लेषण तकनीकों के आधार पर खानों में दुर्घटनाओं/घटनाओं की जांच करने के लिए प्रशिक्षण आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के सहयोग से आयोजित किया गया था।

वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह - महानिदेशक, डीजीएमएस और सीएमडी, ईसीएल की उपस्थिति में अंतिम दिवस समारोह

खान सुरक्षा उन्नयन :

अ) 2022-23 की तुलना में 2023-24 के दौरान कुल दुर्घटनाओं में 12.5% और गंभीर दुर्घटनाओं में 33% की कमी आई है।

आ) 57 खदानें जो ईसीएल की परिचालन खानों का लगभग 77% हैं, 2023-24 के दौरान घातक, गंभीर और रिपोर्ट करने योग्य दुर्घटनाओं से मुक्त हैं।

इ) 2023-24 में प्रकाशित राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (खान) – 2021 की विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं और उपविजेताओं की सूची में ईसीएल से विभिन्न श्रेणियों में 5 विजेता और 3 उपविजेता थे।

ई) ईसीएल की 2 खानों को 22 दिसंबर, 2023 को कोयला मंत्रालय से 2021-22 के लिए प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग पुरस्कार मिला।

उ) सुरक्षा कार्रवाई कैलेंडर मार्च 2023 में निर्मिति किया गया था, जिसमें 2023-24 के दौरान सफलतापूर्वक की गई विभिन्न खान सुरक्षा-संबंधी गतिविधियों का समय निर्धारण किया गया था।

ऊ) ईसीएल की सभी खानों का सुरक्षा लेखापरीक्षा 31.08.2023 को पूरा किया गया था और सभी इकाइयों ने 30.11.2023 तक अपना अनुपालन प्रस्तुत कर दिया है, सभी क्षेत्रों ने 29.02.2024 को अपना अनुपालन पूरा कर लिया है और ईसीएल मुख्यालय से आईएसओ ने 30.03.2024 को अनुपालन की पुष्टि की है।

खान सुरक्षा में श्रमिकों की सहभागिता :

अ) 2023-24 के दौरान खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं श्रमिक संगठनों के साथ सभी क्षेत्रीय स्तरीय तथा निगमित स्तरीय त्रिपक्षीय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं।

आ) वित्तीय वर्ष के दौरान आंतरिक खान सुरक्षा संगठन प्रतिनिधियों के साथ कंपनी स्तरीय खान सुरक्षा मंडल सदस्यगण एवं क्रियाशील श्रमिक संघों के प्रतिनिधियों ने एकदा सभी खदानों का निरीक्षण किया है।

इ) संविदात्मक कर्मकारों के प्रतिनिधियों को खदानों के खान सुरक्षा समिति में सम्मिलित किए गए हैं।

ई) खानों की सुरक्षा समिति को सुदृढ़ और सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारीगण (अर्थात - क्षेत्र महाप्रबंधक, अभिकर्ता और आईएसओ प्रतिनिधि) इसके महत्व को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से सुरक्षा समिति की बैठकों में भाग ले रहे हैं।

13.3 मानसून तैयारियाँ :

अ) 15 जून 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक मुख्यालय, क्षेत्र और इकाई स्तर पर मानसून नियंत्रण कक्षों को 24x7 आधार पर चालू किया गया था, जिन्हें अधिकारियों द्वारा एक दूसरे के साथ निकट संपर्क रखते हुए उनके आवागमन के लिए टेलीफोन और वाहन प्रदान किए गए थे।

आ) 'बाढ़ चेतावनी सूचनाओं' की प्राप्ति के लिए 'मानसून नियंत्रण कक्ष के अधिकारी प्रभारी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी), मैथन के मुख्य अभियंता (पनबिजली) के साथ निकट संपर्क स्थापित रखे हुए थे, जब कभी नदियों के जल स्तर में वृद्धि के कारण पंचेत एवं मैथन डैम जल निकासी करती थी तब खदानों को खतरे में हो के लिए सतर्क किया गया।

इ) भारी वर्षा एवं आंधी तूफान से प्रभावित खनन क्षेत्रों को सतर्क करने के निहितार्थ मौसम पूर्वानुमान रिपोर्टों की प्राप्ति के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, अलीपुर, कोलकाता के निदेशक एवं क्षेत्रीय चक्रवात चेतावनी केन्द्र, अलीपुर, कोलकाता के निदेशक के साथ भी मानसून नियंत्रण कक्ष के अधिकारी प्रभारी ने निकट संपर्क स्थापित रखा था।

ई) 2024-25 के आगामी मानसून के लिए, निम्नलिखित अग्रिम कार्रवाई शुरू की गई है:

- ईसीएल की सभी खानों से मानसून कार्य योजना 31.01.2024 को सुरक्षा विभाग, ईसीएल मुख्यालय को प्रस्तुत की गई।
- ईसीएल के क्षेत्रीय खान सुरक्षा अधिकारियों को सभी मानसून गतिविधियों की निगरानी और समीक्षा के संबंध में अपने संबंधित क्षेत्र के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया गया है।
- महाप्रबंधक (खान सुरक्षा) की अध्यक्षता में फरवरी, 2024 के साथ-साथ मार्च, 2024 में आयोजित समन्वय बैठक में, ईसीएल के सभी क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे मानसून सीजन की शुरुआत से पहले अपने संबंधित मानसून कार्य योजना – 2024 के अनुसार अपने क्षेत्रों से संबंधित गतिविधियों के संबंध में अपने कार्य आदेशों को अंतिम रूप दें।
- ईसीएल मुख्यालय के सुरक्षा, ई एवं एम और सिविल विभागों की एक बहु-विषयक टीम ने 14.03.2024 से 27.03.2024 तक ईसीएल के सभी क्षेत्रों के साथ समीक्षा बैठकें कीं।

13.4 खान बचाव सेवाएँ :

खान बचाव केन्द्र, केन्दा के रेस्क्यू रूम विद रिफ्रेशर ट्रेनिंग (आरआरआरटी) और झांझरा व मुगमा में संचालित रेस्क्यू रूमों के जरिए ईसीएल के समस्त कोलियरियों, बीसीसीएल के चाँच विक्टोरिया क्षेत्र, इस्को के रामनगर कोलियरी के साथ-साथ सिविल प्रशासन एवं लोक प्राधिकरणों (जब कभी अपेक्षित) को जरूरत आधारित खान बचाव सेवाएँ प्रदान किए गए थें।

13.5 आकस्मिक सेवाएँ :

क्रम सं.	कोलियरी	क्षेत्र	तिथि	घटना/कार्य की प्रकृति
1.	बहुला कोलियरी	केंदा	07.05.2023 से 17.05.2023 तक	खदान को फिर से खोलना। स्वतःस्फूर्त ताप के कारण इसे बंद कर दिया गया था।
2.	सतग्राम परियोजना	सतग्राम-श्रीपुर	15.11.2023 से 27.11.2023 तक	विस्तंभन पैनल सं. डी 1 में स्वतःस्फूर्त ताप से निपटना।
3.	सतग्राम परियोजना	सतग्राम-श्रीपुर	19.03.2024	अनुभागीय विकसित पैनल सं. 0 राइज सेक्सन का पुनः उद्घाटन

13.6 खान बचाव प्रशिक्षण :

खान बचाव केन्द्र में पुनश्चर्या तथा आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए थें और निम्नलिखित कर्मी को प्रशिक्षित किए गए थे :

ब्यौरे	2023-24	2022-23
खान बचाव प्रशिक्षित कर्मी की सक्रिय संख्या	479	469
नव प्रशिक्षित कर्मी की संख्या	87	44
पुनश्चर्या व्यवहार प्रशिक्षित की संख्या	4174	2946
आपात कर्तव्य निर्वहन की संख्या	03	04
प्राथमिक चिकित्सा में नव प्रशिक्षित व्यक्ति की संख्या	221	220
गैस क्रोमैटोग्राफ द्वारा विश्लेषित वायु नमूने की संख्या	2230	2515

13.7 प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण :

सीतारामपुर खान बचाव स्टेशन को डीजीएमएस द्वारा प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण प्रदान करने और प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। वर्ष 2023-24 के दौरान पाँच सौ पैंतीस (545) कर्मियों को प्रशिक्षित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, ईसीएल की अंतरक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता 17.01.2024 को खान बचाव केन्द्र, सीतारामपुर में आयोजित की गई, जिसमें ईसीएल के सभी क्षेत्रों से प्रत्येक 5 सदस्यों की 28 टीमों ने भाग लिया, जिसमें दो महिला टीमों सहित ईसीएल के सभी क्षेत्रों से भाग लिया गया और आंचलिक खान सुरक्षा प्रतियोगिता 9 और 10 अक्टूबर 2023 को खान बचाव केंद्र, सीतारामपुर में आयोजित की गई। 15.03.2024 को डीआरएम कार्यालय, आसनसोल (पूर्व रेलवे) में ईसीएल की बचाव टीम द्वारा सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा पर एक प्रदर्शन किया गया।

खानों के सुरक्षा पहलुओं में उनके प्रदर्शन के लिए क्षेत्रों को पुरस्कार सौंपना

14.0 सतर्कता गतिविधियाँ :

कंपनी का सतर्कता स्कन्ध प्रबंधन कृत्य की पारदर्शिता, अभेद, जबाबदेही और दक्षता को सुनिश्चित करने में सहायता प्रदान करती है। पूरे वर्ष कई सतर्कता गतिविधियों को संगठन के कामकाज की "पारदर्शी और तर्कसंगत" छवि को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रमुख भूमिका मिली है। अनेक हितधारकों के मध्य विश्वास जागृति के लिए नाना प्रकार के साहसिक एवं प्रगत कदमों को परिगृहीत किए गए थे। कई प्रकार के व्यपगतों/अनियमितताएँ परिचिह्नित करने के लिए नानाविध परिवाद आधारित अन्वेषण संचालित किए गए थे और अपचारी पदधारियों के विरूद्ध पैनल अध्युपायों को आरंभ किए गए थे तथा प्रचलित प्रणालियों के सुधारों की एक महत्वपूर्ण संख्या को लागू किया गया है। इसके अलावा, कंपनी की कार्यक्षमता की जवाबदेही, पारदर्शिता और तर्कसंगतता में अधिक स्पष्टता लाने के लिए, जानबूझकर इरादे से की गई अनियमितताओं / चूक के कई उदाहरणों पर बहुत गंभीरता से विचार किया गया और कई मामलों में यह दोषी अधिकारियों को दंड देने में समाप्त हुआ। खामियों को रोकने के लिए विभिन्न मुद्दों पर गहन परीक्षाएं आयोजित की गई थीं और कुछ मामलों में, यह प्रणाली में सुधार के रूप में समाप्त हुआ है। और भी, सतर्कता विभाग में नियमित पर्यवेक्षण और अनुश्रवण द्वारा ईसीएल के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकीय पहलों एवं ई-सुशासन को क्रियान्वित किया गया है।

14.1 निवारणात्मक सतर्कता :

सतर्कता विभाग द्वारा 2023-24 के दौरान ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों/इकाइयों में बड़ी संख्या में औचक निरीक्षण किए गए ताकि कंपनी के कामकाज की पूरी विविधता को कवर किया जा सके। इसके अलावा, लाभार्थियों के विभिन्न वर्गों को कवर करते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच वर्ष भर बड़ी संख्या में सतर्कता जागरूकता-सह-अभिप्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अधिकांश मामलों में, प्रचलित प्रणालियों का गहन अध्ययन किया गया है और जब कभी आवश्यक हुआ है, विद्यमान प्रणाली में सुधार करने के लिए और साथ ही निवारक सतर्कता के एक भाग के रूप में विद्यमान प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए विभिन्न "प्रणाली सुधार" उपाय लागू किए गए हैं। इस तरह के ईमानदार प्रयास संगठन की कार्य संस्कृति पर उल्लेखनीय रूप से परिलक्षित हुए हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:

क्रम	विषय	2023-24	2022-23
i.	सामयिक जांच-पड़ताल के साथ-साथ संचालित औचक जांच/ निरीक्षण की संख्या	44	72
ii.	**सतर्कता जागरूकता सह अभिप्रेरक कार्यक्रम :**		
	क) आंतरिक संकायों के साथ जागरूकता कार्यक्रम	35	32
	ख) ग्राम सभा के माध्यम से जागरूकता	01	03
iii.	गहन परीक्षा	10	09

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तीन माह की अवधि के दौरान निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :

क्रम	विषय	प्रशिक्षु का प्रशिक्षण (टीओटी) कैप्सूल में प्रशिक्षित पदधारियों की संख्या	प्रशिक्षित पदधारियों की संख्या
1.	अधिप्राप्ति	65	189
2.	सदाचार और सुशासन	29	130
3.	संगठन की प्रणाली एवं पद्धतियाँ	45	82
4.	साइबर स्वच्छता एवं सुरक्षा	26	263
5.	आईओ / पीओ प्रशिक्षण	29	130

14.2 सर्वांगी उन्नयन के लिए अंगीकृत अध्युपाय :

वर्ष 2023-24 के दौरान निम्नलिखित सुव्यस्थित उन्नयनात्मक अध्युपायों को लिए गए हैं :

अ) ईसीएल में भूमिगत से सतही के लिए कार्य आदेश एवं मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी)।

आ) प्राधिकृत दस्तावेज एवं लोडिंग प्रोग्राम आबंटन चार्ट की स्वीकृति में प्रणालीगत उन्नयन।

इ) नियोजन फाइल संबंधित प्रणालीगत उन्नयन।

14.3 दाण्डिक सतर्कता :

संगठनों के कृत्यों का उचित एवं पारदर्शी छवि स्थापित करने के साथ-साथ उसे बनाए रखने के लिए उद्देश्यपूर्ण ढंग से किए गए अनियमितताओं के दृष्टांतों को सतर्कता दृष्टिकोण रखकर बहुत गंभीरतापूर्वक विचार किया गया और सुसंगत आचरण नियम के अधीन लिए गए कठोर एवं अनुकरणीय दांडिक अध्युपायों के साथ बरता गया। वर्ष के दौरान, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा 38 पदधारियों को चेतावनी सहित (प्रशासनिक और अभिलिखित योग्य) कई वृहद और लघु शास्तियाँ अधिनिर्णित किए गए।

14.4 प्रौद्योगिकी उद्यमान :

संगठन की पारदर्शिता एवं क्षमता में अभिवृद्धि के लिए प्रौद्योगिकी उद्यामन करने की दिशा में प्रबंधन द्वारा लिए गए निम्नलिखित पहलों का सतर्कता विभाग द्वारा अनुश्रवण किया गया :

सी.एम.डी., ई.सी.एल. और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सीवीओ, सीआईएल द्वारा ईसीएल की समीक्षा बैठक

क्रम सं.	गतिविधि	पुनरीक्षितापेक्षा सहित कुल परिमाण	वर्तमान प्रास्थिति		अतिशेष
			अधिष्ठापित/ नवप्रवर्तित	अधिष्ठापित/ नवप्रवर्तित	
1.	भूमंडलीय स्थिति निर्धारण प्रणाली (जीपीएस/जीपीआरएस) युक्त वाहन लक्ष्यानुसरण प्रणाली	1085	1085	1085	शून्य
2.	सीसीटीवी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी	2404	1260	1106	1144
3.	बूम रोधनाका / रीडर	228	228	216	शून्य
	आरएफ आईडी टैग्स	12127	12127	12127	शून्य
4.	मार्ग तोलन वेदी	157	133	108	24
	उपर्युक्त तोलन वेदी में से वैन के साथ मार्ग तोलन वेदी संयोजकता	123	123	123	शून्य
	रेलवे तोलन वेदी	20	15	12	05
	उपर्युक्त रेलवे तोलन वेदियों में से वैन के साथ रेलवे तोलन वेदी संयोजकता	15	11	10	04
5.	बृहत् क्षेत्र जालक्रम (आसंधियों/ अवस्थितियों की संख्या)	244	242	242	02

14.5 सत्यनिष्ठा संधि कार्यक्रम का क्रियान्वयन :

सत्यनिष्ठा संधि पहले से ही प्रचलन में है।

14.6 सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अनुपालन :

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार 30.10.2023 से 05.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय "भ्रष्टाचार का न कहो; राष्ट्र को समर्पित" था। 30.10.2023 को, हमारी गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में अखंडता और पारदर्शिता लाने और जीवन के सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए अथक रूप से काम करने के लिए सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर, 2023 का सतर्कता समाचारपत्र, "सचेतना", पीआईडीपीआई और क्या करें और क्या न करें पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। इसके अलावा, पीआईडीपीआई पर एक लघु फिल्म जिसे ईसीएल द्वारा कंपनी से प्राप्त सभी कलाकारों के साथ बनाया गया था, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ईसीएल द्वारा जारी किया गया था। परिवादों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए एक पोर्टल का उद्घाटन 30.10.2023 को किया गया था। 31.10.2022 को सतर्कता विभाग में सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 148वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्पांजलि अर्पित की गई, सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी गई और एकता दिवस की शपथ ली गई। कुनुस्तोड़िया क्षेत्र द्वारा 31.10.2023 को एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया जिसमें सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम में कुल 50 कर्मचारियों ने भाग लिया। 01.11.2023, 02.11.2023 और 03.11.2023 को विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 04.11.2023 को कजोरा क्षेत्र और मुगमा क्षेत्र में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई और मुगमा क्षेत्र में एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। ईसीएल मुख्यालय और सभी क्षेत्रों/इकाइयों/स्थापनों में रणनीतिक बिंदुओं पर भ्रष्टाचार विरोधी सुक्तियों वाले बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

इनके अलावा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 में महत्तम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, निम्नलिखित पहल की गई:

अ) पीआईडीपीआई के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सभी ईसीएल सीयूजी नंबरों (लगभग 3000) की कॉलर ट्यून को इन-हाउस रिकॉर्डिंग के साथ बदल दिया गया था।

आ) इन तस्वीरों को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के तहत फेसबुक पेज के माध्यम से सीवीसी (ट्विटर: @सीवीसीइंडिया, फेसबुक: @सीवीसीऑफइंडिया) को टैग करते हुए दैनिक आधार पर सोशल मीडिया में अपलोड किया गया था।

इ) ईसीएल के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों द्वारा ई-मेल द्वारा सभी ईसीएल क्षेत्र/विभाग/इकाई/स्थापना के सभी महाप्रबंधक/विभागीय प्रधानों को ई-मेल द्वारा ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए व्यापक प्रचार किया गया था।

ई) ई-शपथ लेने की सुविधा प्रदान करने के लिए ईसीएल वेबसाइट (http://easterncoal.nic.in) पर सत्यनिष्ठ शपथ (जैसा कि सीवीसी द्वारा प्रदान किया गया है) के बैनर के साथ एक सक्रिय लिंक रखा गया था।

14.7 वर्ष 2023-24 के दौरान की प्रमुख उपलब्धियाँ :

अ) सामान्य प्रबंधकीय कृत्यों के साथ सतर्कता गतिविधियों को एकीकृत कर, कंपनी जागरूकता सह अभिप्रेरण कार्यक्रमों में नियमित अन्योन्यक्रिया द्वारा कर्मियों एवं अन्य हितधारकों के मनोबल में संवर्धन के रूप में लाभांवित हुई है। यह उत्पादन और उत्पादकता में आश्चर्यजनक ढंग से प्रतिबिम्बित हो चुका है।

आ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान ईसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा कृत कई आकस्मिक निरीक्षणों, सीटीई निरीक्षण और लेखापरीक्षा दल की संवीक्षा के परिणामतः ₹34,51,853.00 की राशि का प्रत्युद्धरण किया गया।

इ) सतर्कता पहल के पश्चात रेलवे पार्श्व स्थल में एचएसडी के दुर्विनियोजन के जरिए ₹88,38 लाख की राशि की बचत की जा सकती है।

ई) पारदर्शिता के साथ-साथ दक्षता की वृद्धि में सारगर्भित ढंग से कई सूचना प्रौद्योगिकीय पहलों के उद्यामन को साधा गया है। इसके अलावे, अधिक प्रतिस्पर्धी बोलियों के माध्यम से लागत कटौती और एक समग्र उचित कार्य संस्कृति में परिणत हुआ है।

उ) अन्वेषण और प्रतिवेदन हेतु मामलातों को निर्दिष्ट करने के लिए मुख्य सतर्कता आयोग एवं कोयला मंत्रालय के अनुपालन अभिप्रायपूर्ण ढंग से किये गए हैं।

15.0 राजभाषा कार्यान्वयन :

अ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के सितंबर माह में राजभाषा (हिंदी) माह, 2023 के रूप में संपूर्ण ईसीएल में मनाया गया जिस क्रम में हिंदी भाषा के विकास के लिए ईसीएल मुख्यालय, इसके 13 खनन क्षेत्रों एवं समीपवर्ती अवस्थित बांग्ला एवं हिंदी माध्यम के स्कूलों में 100 से अधिक नानाविध कार्यक्रम व गतिविधियाँ संपन्न हुए। साथ ही, हिंदी दिवस समारोह एवं राजभाषा (हिंदी) माह, 2023 समापन सह पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। राजभाषा माह के दौरान सोनपुर बजारी क्षेत्र एवं कुनुस्तोड़िया क्षेत्र द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

आ) भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पुणे शहर में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन (14.09.2023 से 15.09.2023 तक) में ईसीएल के तीन अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रहीं।

इ) हिंदी भाषा के संवर्धन के उद्देश्य से ईसीएल द्वारा आसनसोल शहरवासियों के लिए एक दिवसीय "राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन, 2023" का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। सम्मेलन का विषय – "हिंदी : समाज और साहित्य" था। सम्मेलन को चार कुलपतियों का सप्रेम सान्निध्य प्राप्त हुआ और प्रतिष्ठित व प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति और स्थानीय विद्यार्थियों की सहभागिता से सम्मेलन की सार्थकता सिद्ध हुई।

ई) भारतीय युवाओं के आदर्श एवं पथप्रदर्शक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करने के लिए पूरा ईसीएल परिवार द्वारा दिनांक 12.01.2024 को अंतरराष्ट्रीय-सह-राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। यह दिवस मुख्यालय सहित समस्त खनन क्षेत्रों में मनाया गया। मुख्यालय में ईसीएल का राजभाषा विभाग द्वारा यह आयोजन संपन्न किया गया था जिसमें 200 से अधिक कर्मियों ने अपने मुख्यालय के तकनीकी भवन में अधिस्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के सम्मुख एक-साथ उपस्थित होकर यह दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया।

उ) कोयला क्षेत्र में सामासिक संस्कृति संस्थापन तथा जनमानस में नैतिक शिक्षा के बीजारोपण के लिए ईसीएल के राजभाषा विभाग की ओर से दिनांक 05.03.2024 को डिसेरगढ़ क्लब, झालबगान में सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जाना है जिसका विषय है : भारतीय संस्कृति में राम – एक प्रेरक प्रसंग। समागम में मुख्य वक्ता के रूप में रामकृष्ण मठ, भुज (गुजरात) के स्वामी सुखानन्द जी महाराज एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में रामकृष्ण मिशन आश्रम, आसनसोल के स्वामी सोमात्मानन्द जी महाराज को सादर आमंत्रित किया गया था।

ऊ) ईसीएल के सोनपुर बजारी क्षेत्र द्वारा राजभाषा (हिन्दी) माह, 2023 के दौरान जनसमुदाय में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया था जो पूरे सितम्बर माह रानीगंज क्षेत्र के विभिन्न बाजारों, कंपनी परिसरों, कोलियरियों आदि में हिन्दी का प्रचार किया। यात्रा के क्रम में हिन्दी रथ जहाँ रूकती थी वहाँ आम जनता से हिन्दी संबंधित प्रश्न पूछे जाते थे और जो सही उत्तर देते थे उन्हें पुरस्कृत किया जाता था।

ऋ) दिनांक 07.10.2023 को ईसीएल मुख्यालय में बांग्ला-हिंदी काव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), आसनसोल एवं बांग्ला-हिंदी के प्रतिष्ठित कविगणों द्वारा उपस्थित श्रोताओं के मन पर अमिट छाप छोड़ते हुए काव्य के गुण एवं नव रस की विधाओं से परिचित करवाया।

ऌ) ईसीएल के मुख्यालय सहित खनन क्षेत्रों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग में संवृद्धि के लिए 11 राजभाषा (हिंदी) कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें भारत सरकार के गृह मंत्रालय के हिंदी शिक्षण योजना के संकाय सदस्य द्वारा "हिंदी ई-टूल्स और उनका अनुप्रयोग" विषय पर सुग्राह्य व्याख्यान दिया गया। इन कार्यशालाओं के माध्यम से 380 से अधिक ईसीएल कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।

ऍ) हिंदी में कार्यालयीन कार्यों की सुगमता के लिए फोनेटिक एवं पारंपरिक टंकण दोनों में मुख्यालय सहित समस्त खनन क्षेत्रों के सभी कंप्यूटर यूनिकोड समर्थ हिंदी फॉन्ट में सक्रिय है। प्रत्येक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है ताकि हिंदी पत्राचार में संवृद्धि प्राप्त हो सके। साथ ही, आधुनिक तकनीक के माध्यम से अनुवाद करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ऐ) राजभाषा विभाग की बांग्ला पत्रिका "मृदंगार" के चतुर्थ एवं पंचम अंक तथा हिंदी पत्रिका "ज्योत्स्ना" के 20वें एवं 21वें अंक का प्रकाशन किए गए हैं। दोनों पत्रिकाओं का प्रत्यके अंक की एक-एक हजार प्रतियों को कंपनी कर्मियों एवं उनके निवास स्थान में वितरण किया गया तथा इसके ई-संस्करण को दस हजार से अधिक लोगों को ईमेल किया गया है।

ए) हिंदी में 06 न्यूज बुलेटिनों नामतः सतग्राम-श्रीपुर क्षेत्र से "सतग्रामिका", सलानपुर क्षेत्र से "सलानपुर दर्पण", सोनपुर बजारी क्षेत्र से "सोनपुर बजारी संवाद", कुनुस्तोड़िया क्षेत्र से "समृद्धि" एवं काजोड़ा क्षेत्र से 'प्रयास' को प्रकाशित किए गए है। ईसीएल के जनसंपर्क विभाग से हिंदी भाषा में 01 द्विमासिक वॉल पोस्टर 'ईसीएल समाचार' नियमित प्रकाशित हुई है।

ऐ) पुस्तकों की खरीद के लिए आबंटित राशि का शत प्रतिशत हिंदी पुस्तक की खरीद पर व्यय किया गया है। इसके साथ ही, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में आयोजित समारोहों, सम्मेलनों एवं संगोष्ठियों में आगत 1842 विशिष्ट अतिथियों एवं श्रोताओं को ज्ञानवर्धक हिंदी पुस्तकें भेंट की गई हैं।.

ऑ) दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को आयोजित कोयला मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में ईसीएल के सीएमडी एवं राजभाषा अधिकारी की सक्रिय सहभागिता रहीं और समिति सदस्यों द्वारा प्रदत्त सुझावों को कंपनी स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है। आसनसोल-बर्नपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आहुत बैठकों एवं संगोष्ठियों में ईसीएल का नियमित प्रतिनिधित्व रहा है तथा ईसीएल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक नियमित की गई है।

ओ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के हर तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित तिमाही रिपोर्ट (यथा संकलित) गृह मंत्रालय, कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड, क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पूर्वी क्षेत्र) एवं बर्नपुर-आसनसोल नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को तिमाही की समाप्ति पर निश्चित रूप से प्रेषित तथा समरूपता के साथ भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

कंपनी सचिवालय को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया

16.0 कंप्यूटरीकरण एवं सूचना प्रौद्योगिकी समर्थ सेवाएँ :

16.1 ईसीएल में ई-निविदा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ :

अ. वर्ष 2023-24 के दौरान, कार्य एवं सेवाओं से संबंधित 4491 निविदाएँ सीआईएल ई-निविदा पोर्टल अर्थात् https://coalindiatenders.nic.in पर प्रकाशित की गई जिसमें से 2170 निविदाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है, 320 निविदाएँ रद्द कर दी गई तथा शेष अंतिम रूप प्रदान करने के विविध चरणों (जेम पोर्टल पर प्लवमान निविदाओं से रहित) में हैं।

आ. ई-निविदा में अंतर्ग्रस्त प्रक्रियाओं से संबंधित विविध आधुनिक सॉट्वेयर टूल्स का उपयोग क्षेत्रो/कर्मशालाओं में आंतरिक व दूरस्थ प्रशिक्षण/ सहायता की शिक्षा दी गई है।

इ. जेम के जरिए संविदा प्रबंधन/ई-निविदा एवं अधिप्राप्ति के साधन पर वेबिनार के माध्यम से ईसीएल मुख्यालय में संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

ई. वर्ष के दौरान मुख्यालय सहित भिन्न-भिन्न क्षेत्रों एवं कर्मशालों के 95 अधिकारियों के लिए अंकीय हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) की व्यवस्था किया गया है।

उ. वर्ष 2023-24 में 81 दिनों का औसतन पर ई-निविदा पोर्टल के जरिए निविदा की समाप्ति अवधि का औसतन चक्र अनुरक्षित किया गया है। ई-निविदा पोर्टल के जरिए निविदा की समाप्ति की न्यूनतम चक्र अवधि 12 दिन है।

ऊ. ईसीएल में सिविल क्रय आदेशों के लिए ई-मापन पुस्तिका (ई-एमबी) का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया गया है।

ऋ. जीईएम पोर्टल (विविध सेवाओं) के लिए मानक एनआईटी निर्मिति किया गया था और ईसीएफडी, ईसीएल के उचित अनुमोदन के पश्चात सभी को परिचालित किया गया था।

16.2 ईआरपी क्रियान्वयन :

एसएपी ईआरपी के सभी मॉड्यूल निर्धारित समय के भीतर सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं और बेहतर नियंत्रण और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ईसीएल के सभी क्षेत्रों में मॉड्यूल का सुचारू संचालन जारी है। ईसीएल ने 2022-23 में एसएपी ईआरपी कार्यान्वयन के लिए प्रतिष्ठित कोयला मंत्रालय पुरस्कार प्राप्त किया है। एसएपी के लाभप्रद उपयोग के लिए विभिन्न नई पहलें भी शुरू की गई हैं। 2023-24 में ईसीएल की मॉड्यूल-वार विस्तृत उपलब्धियां नीचे दी गई हैं:

मॉड्यूल	वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्धियाँ
वित्त व नियंत्रण (फिको)	1) बैंक एकीकरण के साथ ईसीएल के सभी क्षेत्रों के लिए वेतन का केंद्रीकृत भुगतान प्राप्त किया गया है। 2) एसएपी में जीएसटीआर-2बी डेटा कैप्चर करने और खातों के साथ मिलान के लिए उक्त रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया का विकास। 3) लाभ केंद्र पदानुक्रम में परिवर्तन को बनाए रखते हुए सतग्राम और श्रीपुर क्षेत्र का एकल क्षेत्र में सुचारू विलय, दिन-प्रतिदिन के संचालन में बाधा डाले बिना लागत/लाभ केंद्र के साथ निधि केंद्र प्रतिचित्रण।
सामाग्री प्रबंधन (एमएम)	1) पीओ निर्माण के लिए एसएपी ईआरपी में पीआर निर्माण शुरू किया गया है। 2) सिविल क्रय से संबंधित ई-एमबी के लिए रिलीज रणनीति एसएपी में पूरे ईसीएल में लागू की गई है। 3) विस्फोटक और पीओएल समूह में उचित शीर्ष-वार लेखांकन के लिए मास्टर डेटा और मूल्यांकन वर्ग को बदल दिया गया है।
उत्पादन योजना (पीपी)	1) दैनिक आधार पर समय पर उत्पादन संबंधी डेटा अपलोड करना हासिल किया गया है।
परियोजना प्रणाली (पीएस)	1) ईसीएल में यूनिट स्तर से ही डब्ल्यूबीएस कार्यकलाप की पुष्टि शुरू कर दी गई है। पहले यह केंद्रीय स्तर पर किया जाता था। 2) नई भूमिकाओं और प्राधिकरण नियंत्रण का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया है।
मानव पूँजी प्रबंधन (एचसीएम)	1) ईसीएल के सभी क्षेत्रों के लिए केंद्रीकृत पेरोल प्रसंस्करण हासिल किया गया है। 2) कठोरता से नियंत्रित दैनिक उपस्थिति प्रविष्टि एसएपी ईआरपी में शुरू कर दिया गया है। 3) रविवार और अतिकाल गणना में अधिरोपित क्रियान्वयन और प्रतिबंधता। 4) एसएपी में वीवी और आयकर विवरणी का सृजन शुरू किया गया है। 5) मैनुअल कार्ड वितरण के स्थान पर सीपीआरएमएस-ई के लिए एसएपी ईआरपी के माध्यम से मेडिकल कार्ड निर्मित करना शुरू कर दिया गया है।
विक्रय व वितरण (एसडी)	1) कोयला उपभोक्ताओं को कागज रहित स्वत: वापसी एसएपी ईआरपी में शुरू की गई है। 2) ईसीएल के राजमहल क्षेत्र में साइलो की एमजीआर मात्रा को एसएपी ईआरपी के साथ एकीकृत किया गया है। 3) भूटान के लिए निर्यात बिक्री चालान का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया है। 4) ग्रेड स्लिपेज का पता लगाने के लिए नमी टी-कोड का विकास। 5) जीएसटी मूल्य के साथ-साथ आईआरएन कार्यक्रम में संशोधन को शामिल करके एसईजेड ग्राहक का विकास।

17.0 इलैक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार :

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के अभिवर्धन के साथ तालमेल बिठाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

अ) पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्य में ईसीएल के सभी क्षेत्रों में फैले 242 विभिन्न स्थानों की कनेक्टिविटी के लिए सेवा प्रदाता के रूप में मेसर्स रेलटेल द्वारा एमपीएलएस वीपीएन प्रबंधित नेटवर्क सेवाओं की स्थापना की गई, जिसमें ईसीएल में ईआरपी के लिए नई दिल्ली में डेटा सेंटर और मुंबई में डेटा रिकवरी सेंटर शामिल हैं।

आ) ईसीएल मुख्यालय पर 1 जीबीपीएस इंटरनेट लीज लाइन और न्यूनतम 160 सार्वजनिक आईपी के साथ केंद्रीकृत उच्च गति इंटरनेट सेवाएं, जो ईसीएल के एमपीएलएस स्थानों पर वितरित की जाती हैं, जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय, यूजी और ओसी खानों के एजेंट और प्रबंधक कार्यालय, केंद्रीय स्टोर, केंद्रीय कर्मशालाएं, अस्पताल, भण्डार, कर्मशालाएं, मौजूदा एमपीएलएस वीपीएन अंत बिंदुओं के दायरे में अन्य कार्यालय शामिल हैं।

इ) सीआईएल, अनुषंगी मुख्यालय, मंत्रालयों, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी कार्यालयों, अन्य कार्यालयों और एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क पर आधारित ईसीएल के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और 23 विभिन्न स्थानों पर वीडियो एंड प्वाइंट के साथ सार्वजनिक आईपी के साथ विभिन्न बैठकों और नियमित बातचीत की सुविधा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली स्थापित की गई है।

ई) कंपनी मुख्यालय, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, ईसीएल के केंद्रीय अस्पतालों में एसएपी-ईआरपी अनुप्रयोग, इंटरनेट तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए वाई-फाई प्रणाली के साथ लैन बुनियादी ढांचे की स्थापना की गई।

उ) भूमिगत खदानों में तथा सतही स्तर तक सुचारू टेलीफोन संचार के लिए 46 विभिन्न भूमिगत खदानों में भूमिगत टेलीफोन संचार प्रणाली स्थापित की गई।

ऊ) खदानों में आंतरिक कोयला ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही की प्रभावी निगरानी और कोयले की चोरी को रोकने के लिए 1207 जीपीएस सेटों और खदान क्षेत्रों की जियो-फेंसिंग के साथ जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली (वीटीएस) की व्यवस्था की गई है।

ऋ) संवेदनशील स्थानों जैसे कि तोलन वेदी, कोयला स्टॉक यार्ड, रेलवे पार्श्वस्थल, मैगजीन, स्टोर आदि पर केंद्रीकृत सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के साथ इलेक्ट्रॉनिक निगरानी।

ऌ) आरएफआईडी और बूम बैरियर आधारित तोलन वेदी स्वचालन प्रणाली को कुल 124 सड़क तोलन वेदियों पर लागू किया गया है, ताकि अनधिकृत वाहनों के प्रवेश और मानवीय हस्तक्षेप को रोका जा सके तथा केंद्रीय सर्वर पर वजन संबंधी आंकड़ों को स्वचालित वास्तविक समय में स्थानांतरित किया जा सके।

17.1 विशेष उपलब्धियाँ :

अ) खदानों में कोयला ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही की प्रभावी लाइव निगरानी और ईसीएल में कोयले की चोरी को रोकने के लिए 1473 जीपीएस/ जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) के कार्यान्वयन के लिए मेसर्स डढवाल वेइंग इंस्ट्रूमेंट रिपेयरिंग वर्क्स को एलओए दिया गया है। 20.03.2024 को कार्य आदेश दिया गया है। अब तक परिवहन वाहनों में 924 जीपीएस डिवाइस लगाए जा चुके हैं।

ईसीएल ने 2022-23 में एसएपी ईआरपी कार्यान्वयन का लिए प्रतिष्ठित कोयला मंत्रालय पुरस्कार मिला

आ) ईसीएल के विभिन्न संवेदनशील स्थानों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित वीडियो एनालिटिक्स के साथ सीसीटीवी से वीडियो फुटेज की लाइव निगरानी और रिकॉर्डिंग के लिए नए केंद्रीकृत निगरानी सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की स्थापना के लिए मेसर्स कॉन्टिनेंटल इंजन प्राइवेट लिमिटेड को कार्य आदेश दिया गया है। इसमें कुल 1144 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। अब तक 745 कैमरे लगाए जा चुके हैं, जुलाई, 2024 तक पूरी प्रणाली चालू होने की उम्मीद है।

इ) मेसर्स एमआईएमईसी इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड को 5 डीजीएमएस अनुमोदित आंतरिक रूप से सुरक्षित भूमिगत संचार प्रणाली की खरीद के लिए आपूर्ति आदेश दिया गया है। सभी 5 डीजीएमएस की आपूर्ति की गई और उन्हें चालू कर दिया गया है, अर्थात (ए) सतग्राम-श्रीपुर- 2 और (बी) सोदपुर- 3।

ई) विभिन्न प्रकार के भूमिगत टेलीफोन केबलों की अधिप्राप्ति के लिए मेसर्स आरईटीसीओ इंडिया को आपूर्ति आदेश दिया गया है। सभी प्रकार की केबलों की पूरी मात्रा की आपूर्ति की गई है तथा सभी केबलों को भूमिगत संचार में उपयोग के लिए क्षेत्र में वितरित किया गया है।

उ) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली के साथ एकीकृत नई ऑडियो-कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली को "संकल्प" कक्ष ईसीएल, मुख्यालय में लागू किया गया है।

18.0 भूमि अधिग्रहण एवं भूमि सूचना स्थिति :

18.1 भूमि अधिग्रहण की स्थिति :

वर्ष 2023-24 के लिए नानाविध प्रकारों के अधीन भूमि अधिग्रहण / दखल दियानी की स्थिति यथा निम्नवत है :

अधिग्रहण का प्रकार	अधिगृहीत (हेक्टेयर में)	दखल दियानी (हेक्टेयर में)
काश्तकारी भूमि का प्रत्यक्ष क्रय	113.30	113.298
भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम / भूमि अधिग्रहण अधिनियम	कुछ नहीं	कुछ नहीं
कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन व विकास) अधिनियम	38.20	101.468
सरकारी भूमि का अंतरण	27.99	27.771
वन भूमि का अंतरण	कुछ नहीं	0.81
कुल	**179.49**	**243.347**

भटमुडा में पुस्तकालय

सोनपुर बाजारी में प्राथमिक विद्यालय

सोनपुर बाजारी में सामुदायिक भवन

सोनपुर बाजारी में गेटयुक्त सामुदायिक भवन

सोनपुर बाजारी में पीएएफ के लिए पुनर्वास गृह

सोनपुर बाजारी में नाट्य मंच

सोनपुर बाजारी में पीएएफ के लिए पुनर्वास गृह

सोनपुर बाजारी में सामुदायिक मंदिर

18.2 कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन व विकास) अधिनियम, 1957 के अधीन अधिगृहीत भूमि में प्रगति :

परियोजना का नाम	जिला / राज्य	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	आवेदन की तिथि	प्रास्थिति
चितरा ईस्ट खुली खदान परियोजना	देवघर / झारखण्ड	146.62	01.02.2024	भारत के राजपत्र में प्रकाशित का.आ. 415 (ई) दिनांक 01.02.2024 के तहत अधिसूचनाएं।
मोहनपुर विस्तारित ओसीपी (2.50 मि.टन प्रति वर्ष)	पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल	38.20	04.01.2024	भारत के राजपत्र में प्रकाशित का.आ. 62 (ई) दिनांक 04.01.2024 के तहत अधिसूचनाएं।
सोनपुर बजारी खुली खदान	पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल	526.51	18.12.2023	भारत के राजपत्र में प्रकाशित का.आ. 5363 (ई) दिनांक 18.12.2023 के तहत अधिसूचनाएं।
झांझरा परियोजना	पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल	0.17	29.11.2023	भारत के राजपत्र में प्रकाशित का.आ. 5082 (ई) दिनांक 29.11.2023 के तहत अधिसूचनाएं।
झांझरा परियोजना	पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल	4.21	14.11.2023	भारत के राजपत्र में प्रकाशित का.आ. 4942 (ई) दिनांक 14.11.2023 के तहत अधिसूचनाएं।

18.3 पश्चिम बंगाल में सरकारी भूमि का अंतरण :

चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही अनुमोदित सरकारी भूमि के अंतरण के मामले :

क्षेत्रफल	मौजा	भूमि की प्रमात्रा (एकड़)
एस.पी. माइन्स	खून, तुलसीडाबर एवं ताराबाद	45.1516
केन्दा	बॉनबहाल	8.81
केन्दा	बहुला एवं परासकोल	14.6425
कुल		**68.6041**

18.4 पुनर्वासन की प्रास्थिति :

वर्ष 2023-24 के दौरान विस्थापित परिवारों की संख्या जिन्होंने पुनर्व्यवस्थापन हितलाभ प्राप्त किया हो :

क्षेत्र के नाम	विस्थापित परिवार जिन्होंने भू-खण्ड प्राप्त किया है।	विस्थापित परिवार जिन्होंने भू-खण्ड के एवज में एकमुश्त राशि प्राप्त की है।	स्थानांतरित वास्तविक विस्थापित परिवार
राजमहल	01	01	कुछ नहीं
एस.पी. माइन्स	12	07	24
पाण्डवेश्वर	कुछ नहीं	कुछ नहीं	33
सलानपुर	कुछ नहीं	कुछ नहीं	523

18.5 भूमि अभिलेखों का अंकीयकरण

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, भूमि प्रबंधन सॉफ्टवेयर (कोलआरआर) विकसित और लॉन्च किया गया है। यह सॉफ्टवेयर एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है और इसका पहला मॉड्यूल (यानी लीगेसी डेटा) 2023-24 में लाइव पोर्टल में लॉन्च किया गया है। इंस्टॉल किए गए सॉफ्टवेयर के जरिए डेटा डिजिटाइजेशन और क्लाउड में अपलोड करने की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। विभिन्न तरीकों के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर कार्रवाई करने, पहले से अधिग्रहीत भूमि का कब्जा लेने, परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) को पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन हितलाभ प्रदान करने, भूमि के एवज में नियोजन प्रस्तावों के अनुमोदन आदि के लिए सॉफ्टवेयर में अन्य प्लेटफार्मों का विकास किया जा रहा है।

19.0 सुरक्षा प्रबंधन :

सुरक्षा विभाग का ध्येय कंपनी के लोगों और सामग्री को संरक्षित करना है। कंपनी के पास सुरक्षा गठन के चार प्रकार है :

i) ईसीएल सुरक्षा - 2370 कर्मी

ii) कें.औ.सु.ब. - 943 कर्मी

iii) संविदात्मक सुरक्षा - 1140 कर्मी

iv) होमगार्ड - 176 कर्मी

विभागीय सुरक्षा का प्राथमिक कर्तव्य कंपनी की संपत्ति अर्थात भंडार, कार्यालय, विस्फोटक मैगजीन/बारूद घर, कोयला डिपो/पार्श्वस्थल, कॉलोनियों की सुरक्षा करना और प्रबंधन द्वारा आवश्यकता पड़ने पर वीआईपी की सुरक्षा करना है। तौल पूर्ण होने तक कोयला डिपो/ पार्श्वस्थल से रेलवे तौल घरों तक भरे हुए रेलवे रेक, टिपिंग ट्रकों/डम्परों का मार्गरक्षण करना है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस के साथ सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ द्वारा संसूचना और आसूचना आगमों के अनुसार छापे मारे जाते हैं, अंतर्ग्रस्त ट्रकों/ वाहनों के साथ कोयला जब्त किया जाता है और शरारती तत्वों को पकड़ा जाता है। ऐसे व्यक्तियों को स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंप दिया

जाता है और तदनुसार एफआईआर दर्ज किया जाता है। उन्हें हड़ताल/घेराव/प्रदर्शन/भूख हड़ताल के समय और कमान क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की कानून और व्यवस्था की समस्या के दौरान भी तैनात किया जाता है। सुरक्षा व्यवस्थाओं के संवर्धन के लिए विभागीय सुरक्षा के साथ संविदात्मक सुरक्षा कर्मियों को अभिनियोजित किया जाता था। राजमहल, सोनपुर बजारी, एस.पी. माइंस में स्थायी दायित्व के लिए के.औ.सु.ब. अभिनियोजित किया गया है। इसके अलावे मुगमा, सलानपुर, कुनुस्तोड़िया, पांडवेश्वर, कालीदासपुर और सतग्राम-श्रीपुर क्षेत्र में उनके शिविर हैं। वे अवैध खनन, कोयले की अवैध तस्करी और अवैध कोयला डिपो के विरूद्ध छापेमारी करने के लिए मोबाइल ड्यूटी पर रहते हैं तथा कोलियरी/ क्षेत्र में हड़ताल/ घेराव के दौरान भी अभिनियोजित किए जाते हैं। विभागीय सुरक्षा के साथ-साथ होम गार्डों को अभिनियोजित किए जाते थें।

19.1 सुरक्षा के पुनर्निर्माण हेतु परिगृहीत कदम :

अ. सीआईएसएफ के अग्र पदस्थापन के लिए पुनःसर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है और प्रतिवेदन गृह मंत्रालय को भेज दी गई है।

आ. रेलवे साइडिंग पर कोयले की चोरी के सभी निवारक उपायों के साथ सीसीटीवी, आरएफआईडी और बूम बियर लगाए गए हैं।

इ. स्थानीय पुलिस स्टेशनों से जब्त कोयले को एकत्र करने के लिए एक तंत्र तैयार किया गया है और कंपनी को विभिन्न पुलिस स्टेशनों से जब्त कोयला प्राप्त हुआ है।

ई. ड्रोनों के प्रवेशन के लिए प्रस्ताव शुरू किया गया है।

उ. कें.औ.सु.ब. के सहयोग के साथ 105 नव चयनित सुरक्षा गार्डों के प्रवेशन के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

ऊ. विभागीय सुरक्षा कर्मियों के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है।

19.2 अवैध खनन/ कोयले का परिवहन / कोयले की चोरी के जाँच पड़ताल / रोकथाम के लिए परिगृहीत कदम :

अ. आसूचना संग्रहण।

आ. होलोग्राम का उपयोग विभिन्न खानों से कोयले के परिवहन में लगे ट्रकों के लिए किया जा रहा है। इसकी सूचना बर्दवान (पूर्व) और बर्दवान (पश्चिम) जिले की स्थानीय पुलिस को भी दी जाती है और उन ट्रकों को भी सूचित किया जाता है जिन्हें ईसीएल का होलोग्राम या ईसीएल का संदिग्ध होलोग्राम उपलब्ध नहीं कराया गया है। आवश्यक विभागीय/कानूनी कार्रवाई शुरू की जाती है।

इ. कोयला परिवहन का जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन लक्ष्यानुसरण प्रणाली प्रयोग में है।

ई. कोयला खान शीर्ष, कोयले की ढेर, कोयला स्थलों के तोलन वेदी, परिवहन के प्रवेश और निकास केंद्र पर सीसीटीवी का संस्थापन।

उ. वीटीएस से जुड़ने वाले इलेक्ट्रॉनिक तोलन वेदी और चलायमान तोलन वेदी का संस्थापन।

ऊ. कोयला परिवहन मार्ग पर कुछ सशंकित स्थलों की पहचान की गई है जहाँ नियमित गश्ती की जाती है।

ऋ. खनन प्रहरी अनुप्रयोग व्यवहृत की जा रही है।

ऌ. पुलिस के साथ-साथ के.औ.सु.ब. एवं विभागीय सुरक्षा कर्मी द्वारा औचक जांच/छापा किया गया है और अवैध कोयले का अभिग्रहण / अंतर्ग्रस्त वाहनों के साथ-साथ कोयले की अवैध तस्करी एवं बदमाशों की गिरफ्तारी और तत्पश्चात उन्हें स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंपना।

ॠ. अवैध खनन और कोयला चोरी को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्य के राज्य प्राधिकारियों के साथ बैठकें और जिला स्तरीय बैठकें (पश्चिम बंगाल का बर्दवान, बांकुड़ा, पुरुलिया और बीरभूम जिला और झारखंड का संयुक्त जिला स्तरीय बैठक) जिला प्राधिकारियों के साथ आवधिक रूप से आयोजित की जाती हैं।

ऐ. कोयला चोरी के मुद्दों में धर-पकड़ करने के लिए एक समर्पित कृतिक बल का गठन किया गया है।

ए. के.औ.सु.ब. अधिकारियों के साथ अभिकर्ता, प्रबंधक, सर्वेक्षण अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी से बने क्षेत्रीय दल द्वारा प्रभावित स्थलों का नित्य निरीक्षण किया जाता है और तदनुसार नियमित रूप से के.औ.सु.ब. के समादेष्टा कार्यालय में बैठकें आयोजित की जाती हैं।

ऐ. न्यायालय में लंबित उन मामलातों के तार्किक निष्कर्ष के लिए, ईसीएल ने उन मामलातों के अनुसरण करने के लिए अधिवक्ता को नियुक्त किया है।

ऑ. आसनसोल की निचली अदालत और सत्र न्यायालय में लंबित मामलातों की त्वरित सुनवाई के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए भी लोक अभियोजक के साथ परिचर्चा की गई है।

ओ. कोयले की चोरी को रोकने के लिए ईसीएल सुरक्षा ने कें.औ.सु.ब. कार्मियों के साथ औचक जांच/छापे मारे हैं। जांच छापों के दौरान वे कोयला जब्त करते हैं, शरारती तत्वों को पकड़ते हैं और स्थानीय पुलिस स्टेशन में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हैं।

19.3 कोयले की चोरी के रोकथाम के लिए प्रौद्योगिकी मध्यक्षेप :

अ. शिकायतकर्ता की पहचान को गुप्त रखते हुए अवैध खनन की किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के निहितार्थ आमजनों की सुगम्यता के लिए खनन प्रहरी अनुप्रयोग का लोकार्पण किया गया है।

आ. समस्त क्षेत्रों में प्रवर्तित जीपीएस आधारित वाहन अनुश्रवण प्रणाली कोयले की चोरी को रोकने के लिए एक कदम है।

इ. निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक रेलवे पर्श्वस्थल एवं अन्य संवेदनशील अवस्थानों पर सीसीटीवी कैमरों का स्थापन किए गए हैं।

ई. वाहन का जीवंत लक्ष्यानुसरण के लिए कोयला परिवहन वाहन में वीटीएमएस प्रणाली समर्थ जीपीएस लगाया गया है।

19.4 वर्ष के दौरान विभागीय सुरक्षा कर्मियों, के.औ.सु.ब. एवं स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध खनित कोयले के अभिग्रहण के ब्यौरे :

वर्ष	राज्य	छापों की संख्या	अभिगृहीत कोयला (टन)	अभिगृहीत वाहन	गिरफ्तार व्यक्ति	प्राथमिकी दर्ज
अवैध तस्करी से कोयले का अभिग्रहण						
2023-24	पश्चिम बंगाल	2612	18317.31	69	79	1183
	झारखण्ड	1213	6565.32	43	36	264
	कुल	3825	24882.63	112	115	1447
2022-23	कुल	3769	20342.39	202	179	1455
	अंतर	56	4540.24	-90	-64	-8
ईसीएल सुरक्षा कर्मी, के.औ.सु.ब. एवं स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध खनित कोयले का अभिग्रहण						
2023-24	पश्चिम बंगाल	49	97.07	04	01	49
	झारखण्ड	05	-	-	02	05
	कुल	54	97.07	04	03	54
2022-23	कुल	309	1461.79	11	15	103
	अंतर	-255	-1364.72	-07	-12	-49

उपरि वर्णित आँकड़े, कोलियरी परिसर के बाहर, पुलिस के साथ-साथ के.औ.सु.ब. एवं ईसीएल सुरक्षा कर्मी द्वारा अभिगृहीत है। ट्रकें या तो अवैध खनन स्थलों से या अवैध तस्करी/अवैध कोयला स्टॉक से उक्त कोयला ले जा रहे थे। अवैध खनन स्थलों को बंद करने/सीलबंद करने/भरने के दौरान के.औ.सु.ब. और स्थानीय पुलिस के साथ विभागीय सुरक्षा कर्मी को पट्टाधृति क्षेत्र के अंदर और बाहर बंद करने के स्थान पर भी अभिनियोजन किया जाता है। वर्ष के दौरान, अवैध कोयला खनन एवं कोयले के मूषण के खतरों को रोकने के लिए 1126 स्थानों को बंद/सीलबंद किया गया है। राज्य प्रशासन अवैध कोयला खनन एवं कोयले के मूषण के खतरों को रोकने के लिए सक्रिय रूप से अंतर्ग्रस्त है।

अवैध खनन स्थलों को बंद करने/सीलबंद करने/भरने के दौरान के.औ.सु.ब. एवं स्थानीय पुलिस के साथ-साथ विभागीय सुरक्षा कर्मियों को पट्टाधृति क्षेत्रों के अंदर एवं बाहर बंद करने वाले स्थान पर भी अभिनियोजित किया जाता है। वर्ष 2023-24 के दौरान, अवैध कोयला खनन को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल में 624 स्थलों और झारखंड में 502 स्थलों को बंद/सीलबंद किया गया है और अवैध खनन स्थलों को बंद करने/सीलबंद करने/भरने की सूचना पश्चिम बंगाल और झारखंड के स्थानीय पुलिस स्टेशनों को क्रमश 52 स्थलों और 75 स्थलों के लिए भेज दी गई है। राज्य प्रशासन अवैध कोयला खनन एवं कोयले के मूषण के खतरों को रोकने के लिए सक्रिय रूप से अंतर्ग्रस्त है।

19.5 अवैध कोयला तस्करी का अभिग्रहण :

वर्ष	2023-24	2022-23	अंतर
छापों की संख्या	3825	3769	56
प्राथमिकी दर्ज की संख्या	1447	1455	-8
अभिगृहीत कोयला परिमाण (मैट्रिक टन)	24882.63	20342.39	4540.24
अभिगृहीत वाहन की संख्या	112	202	-90
गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	115	179	-64

19.6 अवैध खनन स्थलों से अभिग्रहण :

वर्ष	2023-24	2022-23	अंतर
छापों की संख्या	54	309	-255
प्राथमिकी दर्ज की संख्या	54	103	-49
अभिगृहीत कोयला परिमाण (मैट्रिक टन)	97.07	1461.79	-1364.72
अभिगृहीत वाहन की संख्या	04	11	-7
गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	03	15	-12

19.7 अन्य सामग्रियों की चोरी / प्रत्युद्धरण :

वर्ष	2023-24	2022-23	अंतर
घटनाओं की संख्या	81	99	-18
प्राथमिकी दर्ज / सूचनाओं की संख्या	65	74	-9
चोरी की गई संपत्ति (₹ में)	8,65,335.00	28,12,494.38	-19,47,159.38
प्रत्युद्धरित संपत्ति (₹ में)	-	22,045.90	-22,045.90
गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	08	12	-4

नव प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की पासिंग आउट परेड को दर्शाने वाला एक कार्यक्रम

20.0 अवसंरचना विकास :

अ) भवन : वर्ष के दौरान आवासीय भवन, सेवा भवन, सामुदायिक भवन, जल आपूर्ति और सड़कों से संबंधित विभिन्न कार्य शुरू किए गए हैं। 45.10 करोड़ रुपये मूल्य के कार्य का निष्पादन किया जा चुका है।

आ) सड़क, रेलवे पार्श्व स्थल एवं सीएचपी संबंधित कार्य : कोयले का प्रेषण प्रमुख कार्यकलापों में से एक है और इसे कोयला परिवहन सड़कों, सीएचपी और रेलवे साइडिंग के नेटवर्क के माध्यम से प्रभावी ढंग से और कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। ईसीएल ने इस संबंध में उचित कदम उठाए हैं। वर्ष के दौरान रेलवे पार्श्वस्थल, सीएचपी और सड़कों से संबंधित विभिन्न कार्य निष्पादित किए गए और 298.67 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया गया।

इ) पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन स्थल पर विकासात्मक कार्य : राजमहल, सोनपुर बाजारी, एसपी माइंस, मुगमा और खोट्टाडीह परियोजना में पुनर्वास स्थलों के विकास के लिए सड़क, नाली, चारदीवारी, स्कूल भवन, क्लब, सामुदायिक भवन, जल आपूर्ति बुनियादी ढांचे आदि के निर्माण जैसे विभिन्न कार्य किए गए हैं। वर्ष के दौरान 94.36 करोड़ रुपये मूल्य के कार्य निष्पादित किए गए हैं।

ई) खान विकास : उपसुरंग की अनुसुरंगन, आनत की अनुसुरंगन, पादाग्र दीवार का निर्माण, अवधारण भित्ति का निर्माण, रेत भूगर्त भरण बंकर का निर्माण, सड़कों का मोड़, सड़कों का पथांतरण आदि जैसे विभिन्न कार्य खानों के विकास के लिए शुरू किए गए हैं। वर्ष के दौरान 25.92 करोड़ रुपये मूल्य के कार्य निष्पादित किए गए हैं।

उ) पर्यावरण : प्राकृतिक और सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना के तहत विभिन्न गतिविधियाँ शुरू की गई हैं। कुछ प्रमुख कार्यकलाप शुरू किए गए। वर्ष के दौरान 70.39 लाख रुपये मूल्य के बोरवेल, तालाब के विकास, स्कूल के बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य अवसंरचना, सड़कों आदि से संबंधित विभिन्न कार्य पूरे किए जा चुके हैं और 224.74 लाख रुपये मूल्य के कार्य प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा ऐसी गतिविधियों के लिए राज्य सरकार द्वारा 196.69 लाख रुपये की धनराशि जमा की गई है।

21.0 संविदा प्रबंधक :

21.1 एमडीओ एवं राजस्व साझाकरण संविदाएँ :

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों के भीतर जेम पोर्टल पर ईसीएल की अनिरंतरित खानों के लिए सबसे अधिक संख्या में राजस्व साझाकरण निविदा जारी करके प्रमुख रणनीतिक उद्देश्यों में से एक को प्राप्त किया है। कुल मिलाकर, जीईएम पोर्टल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 06 राजस्व हिस्सेदारी निविदाएं जारी की गई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक (01) राजस्व हिस्सेदारी निविदा प्रदान की गई है। विवरण नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष 2023-24 में एमडीओ राजस्व साझाकरण निविदाओं (चलंत एवं अधिनिर्णित) के ब्यौरे						
क्रम	खान का नाम	क्षेत्रफल	कोयले का औसत ग्रेड	अनन्तिम / प्रस्तावित निष्कर्षण योग्य निचय (मि.टन)	4% की न्यूनतम दर से प्रकाशित बोली के आधार पर कोयले का मूल्य (₹ करोड़ में)	अनन्तिम संविदा अवधि
1.	कुँअरडीह तिरात भूमिगत	सतग्राम-श्रीपुर	जी-6	23.04	501.72	25 वर्ष
2.	मीठापुर (आर) भूमिगत	सतग्राम-श्रीपुर	जी-6	17.17	373.89	25 वर्ष
3.	रतिबाटी भूमिगत		जी-5	8.75	203.49	25 वर्ष
4.	महाबीर (आर) कोलियरी	कुनुस्तोड़िया	जी-7	44.39	599.79	25 वर्ष
5.	बेनाली कोयला खान	सतग्राम-श्रीपुर	जी-7	12.91	174.44	25 वर्ष
6.	गिरमिट-केडी आतन भूमिगत	सतग्राम-श्रीपुर	जी-4	9.45	227.78	25 वर्ष
			कुल	**115.71 मि.टन**	**₹2,081.11 करोड़**	

उक्त के अलावा, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जीईएम पोर्टल पर एमडीओ की दो (02) निविदाएं जारी की गई हैं और सीआईएल एनआईसी पोर्टल पर एक (01) एमडीओ निविदा (8,498.51 करोड़ रुपये की दर से 3.5 मि.टन प्रति वर्ष की अधिकतम क्षमता के साथ इटापाड़ा) प्रदान की गई है, जैसा कि नीचे सारणीबद्ध है:

वित्तीय वर्ष 2023-24 में एमओडी निविदाओं (चलंत एवं अधिनिर्णित) के ब्यौरे						
क्रम	खान का नाम	क्षेत्रफल	अनन्तिम / न्यूनतम निष्कर्षण योग्य निचय (मि.टन)	अधिकतम क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	अनन्तिम संविदा अवधि (वर्ष में)	31.03.2024 को यथा अभ्युक्ति
1.	इटापाड़ा ओसीपी	सलानपुर	46.02	3.5	18	₹8498.51 करोड़ की संविदा मूल्य के साथ 08.05.2023 को अधिनिर्णित।
2.	चुपरभीटा शिम्लोंग ओसी	राजमहल	118.9	6	25	06.03.2024 को निविदा प्रकाशित की गई। बोली 15.05.2024 को खोली जाएगी।
3.	अमरकोंडा मुर्गदंगल एमडीओ	गोड्डा कोयला ब्लॉक	गवेषण किया जाना है	6	28 (3 वर्ष गवेषण + 25 वर्ष उत्पादन)	निविदा 30.03.2024 को प्रकाशित की गई। बोली 28.06.2024 को खोली जाएगी
		कुल	**164.92**	**15.5**		

21.2 भूमिगत खानों में पुँजोत्पादन प्रौद्योगिकी के पुरःस्थापित के लिए वैश्विक निविदा :

भूमिगत में मानक ऊंचाई वाले सतत खनित्र, कम ऊंचाई वाले सतत खनित्र, लांगवाल खनन की शुरूआत से निरंतर कर्तन की तकनीक भूमिगत खनन उत्पादन क्षमता में भारी वृद्धि लाती है। संविदा किराए के आधार पर सौंपे जाते हैं। वर्ष के दौरान झांझरा क्षेत्र में सतत खनित्र के दो (02) संचालन और रखरखाव निविदाएं 546.40 करोड़ रुपये के अनुमानित मूल्य के साथ जारी की गई हैं और वित्त वर्ष 2023-24 में मुगमा क्षेत्र की शामपुर-बी कोलियरी (कम ऊंचाई वाले सतत खनित्रों के 2 सेट) की पेस्ट फिल तकनीक के साथ सतत खनिक के लिए एक (01) निविदा जारी की गई है। पेस्ट फिल टेक्नोलॉजी टेंडर के साथ यह सतत खनित्र कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के भीतर पेस्ट फिल टेक्नोलॉजी विधि के साथ सतत खनित्र को अपनाने के पहले उदाहरण का प्रतिनिधित्व करता है, जो ईसीएल के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

21.3 उपरि संस्तर हटाव एवं कोयला निष्कर्षण के लिए उपस्करों को किराए पर लेना :

कोयला उत्पादन का एक बड़ा अंश बाह्यस्रोत से की गई ओपनकास्ट खानों से आता है। विद्यमान संविदाओं के अतिरिक्त, वर्ष 2023-24 के दौरान 59.1 मि.टन कोयला और 486.35 मि.घनमीटर की परिमाण के साथ 14 नई निविदाएं प्रदान की गई हैं। अधिनिर्णित संविदाओं में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए औसत 9.09 मि. टन कोयला और 76.47 मि. घनमीटर उपरि संस्तर हटाव की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 14 संविदाओं के लिए दिया गया कुल अनुबंध मूल्य 6,967.41 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2023-24 में अधिनिर्णित संविदाओं में पिछले वर्ष की समान अवधि के कुल उत्पादन की तुलना में 3.34 मि.टन कोयले और 29.42 मि. घनमीटर उपरि संस्तर के हटाव में वृद्धि हुई है। ईसीएल की कुल संविदात्मक क्षमता 01.04.2024 तक 41.72 मि. टन कोयला उत्पादन और 200.96 मि. घनमीटर उपरि संस्तर हटाव है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बाह्यस्रोत (एचईएमएम को किराए पर लेना) मोड के माध्यम से कोयले का एपीपी लक्ष्य लगभग 34 मि.टन था और कोयला उत्पादन के लिए संविदात्मक क्षमता 41.72 मि.टन है, जिससे यह आवश्यक क्षमता का 122.70% है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एचईएमएम निविदाओं की भर्ती की तुलना निम्नानुसार है:

क्रम	ब्यौरे	2023-24	2022-23	प्रतिशत अंतर
1.	अधिनिर्णित संविदाओं की कुल संख्या	14	09	55.55
2.	अधिनिर्णित संविदाओं का कुल मूल्य (जीएसटी सहित ₹ करोड़ में)	6,967.41	4,066.23	71.34
3.	निविदा के अंतिम रूप के लिए लिया गया समय (दिवस)	47.85	83	(-)42.33

21.4 कोयला परिवहन, वैगन लोडिंग, मोबाइल क्रशर सेवाएँ और प्रकीर्ण संविदाएँ :

इन संविदाओं में आतन / स्टॉकयार्ड से पार्श्वस्थल तक कोयले की ढुलाई करना, रेल द्वारा प्रेषण के लिए वैगनों में कोयले का लदान और कोयले को (-) 100 मिमी आकार तक संदलन के लिए मोबाइल क्रशर संस्थापना शामिल है। वर्ष 2023-24 के दौरान, जीएसटी सहित कुल बीस (20) कोयला परिवहन, वैगन लोडिंग, मोबाइल क्रशर संविदा 329.03 करोड़ रुपये के प्रदान किए गए मूल्य के साथ प्रदान किए गए हैं और कुल छह (06) विविध अनुबंध जीएसटी सहित 4.29 करोड़ रुपये के प्रदान किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कोयला परिवहन, वैगन लोडिंग, मोबाइल क्रशर और विविध संविदाओं की तुलना वित्तीय वर्ष 2022-23 के साथ निम्नानुसार है:

क्रम	ब्यौरे	2023-24	2022-23	प्रतिशत अंतर
1.	अधिनिर्णित संविदाओं की कुल संख्या	26	17	52.94
2.	अधिनिर्णित संविदाओं का कुल मूल्य (जीएसटी सहित ₹ करोड़ में)	333.32	103.93	220.71
3.	निविदा के अंतिम रूप के लिए लिया गया समय (दिवस)	48.5	59.64	(-)18.68

राजमहल क्षेत्र, ईसीएल में ई-रिक्शा का वितरण

21.5 विशेष उपलब्धियाँ :

अ) सीएमसी विभाग की सभी निविदाएं वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर जारी की गई हैं, जिससे सीआईएल एनआईसी पोर्टल से जीईएम पोर्टल तक 100% की पूर्ण संक्रमण दर प्राप्त हुई है।

आ) आंशिक रूप से गवेषित कोयला ब्लॉक की पहली निविदा सीआईएल और उसकी अनुषंगी कंपनियों (अमरकोंडा मुर्गदंगल कोयला ब्लॉक, दुमका भूवैज्ञानिक निचय के साथ- 411.21 मि. टन और खनन योग्य निचय- 94 मि. टन) के भीतर 28 वर्षों (03 वर्ष की गवेषण और 25 वर्ष उत्पादन) की अवधि के लिए जारी की गई है।

इ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान सीआईएल और इसकी अनुषंगी कंपनियों के भीतर सीएमसी विभाग द्वारा जेम पोर्टल पर सबसे अधिक (छह-06) राजस्व हिस्सेदारी निविदाएं जारी की गई हैं।

ई) परिवहन संविदाओं के लिए निविदाएं 120 दिनों की बोली वैधता अवधि के भीतर पूरी की जानी हैं। तकनीकी बोली खुलने के बाद निविदाएं देने में लगने वाला समय वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 79.35 दिनों की तुलना में 51 दिन है। चूंकि बोली वैधता अवधि की समाप्ति से 69 दिन पहले एचईई/परिवहन निविदाएं पूरी की जा रही हैं, इसलिए अंतिम रूप देने के समय में 35.72% की महत्वपूर्ण कमी से वैगन लोडिंग और संदलन गतिविधियों सहित कोयला उत्पादन, उपरि संस्तर हटाव और परिवहन की शुरुआत हो जाती है।

उ) क्रय वरीयता नीति और मेक इन इंडिया नीति के तहत कुल छब्बीस (26) एमएसई को लाभ मिला है। एमएसई को जीएसटी सहित कुल 385.03 करोड़ रुपये का अधिनिर्णय दिया गया है।

ऊ) 'एचईएमएम संविदाओं को किराए पर लेने' के संदर्भ में, चूककर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ग्यारह (11) संविदाओं को समाप्त कर दिया गया है, और समाप्त किए गए संविदाओं में से आठ (08) के लिए पुनःनिविदा को अंतिम रूप दिया गया है।

ऋ) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल बारह (12) चूककर्ता संविदाकारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

22.0 गुणवत्ता नियंत्रण :

22.1 तृतीय पक्ष नमूनाकरण :

कंपनी ने सभी स्त्रोतों से कोयले की खरीद के लिए उपभोक्ताओं की सभी श्रेणियों के लिए स्वीकार्य ग्रेड के कोयले के निर्धारण के लिए तृतीय पक्ष नमूनाकरण की सुविधा का विस्तार किया है। तृतीय पक्ष नमूनाकरण के लिए सभी अपेक्षित सक्षम शर्तों को पूरा किया गया है।

22.2 ग्रेड पुष्टिकरण स्थिति :

वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 की अवधि के लिए ग्रेड तात्त्विकता निम्नानुसार है:

अवधि	कुल प्राप्त परिणाम परिमाण	ग्रेड पुष्टिकरण प्रतिशत				रेफरी विश्लेषण के लिए लंबित प्रतिदर्श	
		बोनस	ग्रेड में	ग्रेड पुष्टिकरण प्रतिशत	गिरावट	कुल	%
2021-22	28.54	25%	66%	91%	9%	0.58	2%
2022-23	27.98	24%	73%	97%	3%	5.61	20%
2023-24	43.58	9%	89%	98%	2%	7.3	16%

अंतिम स्वीकार्य परिणामों के आधार पर 2021-22 की अवधि के लिए समग्र ग्रेड पुष्टि 91% है, जो 2022-23 की अवधि के लिए बढ़कर 97% और 2023-24 में 98% हो गई है।

22.3 प्रेषित कोयले की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदम :

अ) 07.06.2023 से 22.06.2023 तक गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया गया। अभियान का मूल विषय कोयला खदान से लेकर क्षेत्र और मुख्यालय स्तर तक सभी स्तरों पर भागीदारी के लिए कर्मियों को सम्मिलित करके खदान से बाजार तक कोयले की गुणवत्ता के बारे में चेतना जागृत करने पर केंद्रित था। यह एक अभ्यास था जिसका उद्देश्य अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले के प्रेषण के संबंध में ग्राहकों की संतुष्टि के बेहतर स्तर के माध्यम से निगमित छवि को बढ़ाना था।

आ) जमीनी स्तर पर गुणवत्ता चेतना विकसित करने के लिए 11.12.2023 से 25.12.2023 तक दूसरा गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा मनाया गया।

इ) गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के नियमों के अनुसार आकस्मिक गुणवत्ता निरीक्षण किया गया है। सभी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम चलाए गए हैं जैसे कि खदान स्थल पर नियमित गुणवत्ता वार्ता, पार्श्वस्थल में विभिन्न स्त्रोतों से कोयले के लिए स्थान का स्थायी विपणन, पार्श्वस्थल में उपभोक्ता प्रतिक्रिया रजिस्टर का रखरखाव, छिड़काव और रोशनी की उपलब्धता, खदान और साइडिंग में पत्थर/चट्टानों का पृथक्करण आदि।

ई) कोयले की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उपभोक्ताओं से किसी भी शिकायत के मामले में, संबंधित क्षेत्र को अधिसूचित किया जाता है और कोयले की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रतिक्रिया की जाती है और इसे उचित स्तर पर सूचित किया जा रहा है।

उ) हमारी परीक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में दस (10) नए बम कैलोरीमीटर अधिप्राप्ति किए गए हैं।

सीएमडी, ईसीएल सोनपुर बाजारी क्षेत्र को गुणवत्ता पुरस्कार सौंपते हुए

कोयला नियंत्रक द्वारा ईसीएल की खदानों की समीक्षा

23.0 संधारणीय विकास पहले :

सतत विकास को आमतौर पर सीमित प्राकृतिक संसाधनों के संदर्भ में विरोधाभास माना जाता है। खनन की सदियों पुरानी प्रथाओं में पर्यावरण और समुदायों पर नकारात्मक प्रभावों पर विचार करने के बजाय अल्पकालिक लाभों को प्राथमिकता दी गई है। प्रौद्योगिकी के संवर्धन और संधारणीयता के मुद्दों के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, खनन को कैसे संधारणीय बनाया जाए, यह सवाल सबसे आगे आ गया है। पर्यावरणीय आयाम प्राकृतिक पर्यावरण की संधारणीयता और प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करता है। सामाजिक आयाम सामाजिक और सांस्कृतिक संधारणीयता की आवश्यकता पर जोर देता है, जो लाभ वितरण, खनन लागत और निर्णय लेने की प्रक्रिया के सवालों से जुड़ा है। आर्थिक आयाम जीवन के मानकों को बनाए रखने और उन मानकों की आर्थिक संधारणीयता से जुड़ी लागतों पर ध्यान केंद्रित करता है।

कंपनी द्वारा समग्र रूप से किए जाने वाले विभिन्न पर्यावरणीय शमन उपायों की योजना बनाने, दिशा-निर्देश तैयार करने, समय-समय पर निगरानी करने और उनका मूल्यांकन करने के लिए नए विचार उत्पन्न करने की दिशा में काम करने के लिए "संधारणीय विकास प्रकोष्ठ (एसडीसी)" का गठन किया गया है। एसडीसी की बैठक

की अध्यक्षता निदेशक (तकनीकी) करते हैं। पर्यावरणीय शमन उपायों को सही और टिकाऊ तरीके से अपनाने से आस-पास के क्षेत्रों में काम करने और रहने वाले लोगों को बेहतर पर्यावरण मिलेगा और देश में कोयला क्षेत्र की समग्र छवि भी सुधरेगी। एसडीसी के तहत गतिविधियाँ इस प्रकार थीं:

अ. ईको-पार्क या उद्यानों का विकास :

(i) ईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 87.03 लाख रुपये की वित्तीय भागीदारी के साथ जेके नगर कोलियरी के अंतर्गत मधुवन वाटिका में 4.0 एकड़ क्षेत्र में जैव विविधता पार्क विकसित किया है। पार्क में विकसित सुविधाओं में जॉगिंग ट्रैक, फव्वारा, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, पिकनिक क्षेत्र, गज़ेबो, पानी और शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा सह टिकट कक्ष शामिल हैं।

(ii) ईसीएल पश्चिम बंगाल वन विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से झांझरा क्षेत्र में 13.02 हेक्टेयर भूमि पर 10.51 करोड़ की अनुमानित लागत से एक इको-टूरिज्म पार्क विकसित करने की प्रक्रिया में है। कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरा होने की उम्मीद है।

धूल दमन के लिए पानी का छिड़काव - स्थिरता की ओर एक कदम

आ. अपशिष्ट से सर्वश्रेष्ठ : प्लास्टिक अपशिष्ट हैंडलिंग यूनिट : बैंकोला क्षेत्र ने 'अपशिष्ट से सर्वश्रेष्ठ' की अवधारणा के तहत डिजाइन की गई 'प्लास्टिक वेस्ट हैंडलिंग' इकाई विकसित की है। यह प्लांट बेकार प्लास्टिक को पेवर ब्लॉक में बदलता है जिसका उपयोग विभिन्न निर्माण उद्देश्यों जैसे कि सड़कों, बगीचों, पार्कों आदि के लिए किया जा सकता है। प्लांट ने अब तक 2000 किलोग्राम बेकार प्लास्टिक को पेवर ब्लॉक में बदल दिया है जिसका स्थायी रूप से उपयोग किया गया है। बैंकोला क्षेत्र की प्लास्टिक वेस्ट हैंडलिंग इकाई की सफलता को विश्व पर्यावरण दिवस 2023 और मिशन लाइफ में अच्छी तरह से मान्यता मिली है। प्लांट को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में समाधान के रूप में स्वच्छता अभियान 2023 के तहत विशेष अभियान 3.0 में भी विशेष उल्लेख प्राप्त हुआ है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र

इ. धूल दमन अध्युपाय : खदानों और रेलवे पार्श्वस्थल में पानी के छिड़काव की व्यवस्था की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, बंकोला क्षेत्र में तीन (03) फॉग कैनन लगाए गए हैं।

ई. वर्षा जल संचयन संरचनाएँ : वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, बंकोला क्षेत्र में भूजल पुनर्भरण द्वारा जल संरक्षण की पर्यावरण अनुकूल विधि सुनिश्चित करने के लिए 2 वर्षा जल संचयन संरचनाएं स्थापित की गई हैं। स्थापित संरचनाएं भूजल, सतही जल या नगरपालिका के पानी जैसे पानी के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता को कम करने में मदद करती हैं।

उ. **वैज्ञानिक अध्ययन :** ईसीएल की चालू/सक्रिय खदानों के उपरि संस्तर में फ्लाई ऐश के उपयोग/डंपिंग/मिश्रण के लिए एनआईटी दुर्गापुर द्वारा अध्ययन किया गया है और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है।

ओबी डंप का तालाब में परिवर्तन एक सतत विकास पहल

24.0 परिवाद निवारण तंत्र – निदान :

निदान सेल के तहत शिकायतों, पीजी पोर्टल के तहत सीपीजीआरएएमएस और एमएसएमई मामलों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। निदान के अंतर्गत मुख्यालय स्तर पर कर्मी की सेवानिवृत्ति के माह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों/ग्रेड/क्षमता में कार्य कर रहे कर्मियों से कंपनी के समुचित विकास एवं वृद्धि के संबंध में सुझाव प्राप्त/स्वीकार किए जाते हैं और कल्याण विभाग को भेजे जाते हैं। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के दौरान उनके मूल्यवान सुझाव दिए जाते हैं। वर्ष के दौरान सीपीजीआरएएमएस और निदान के संबंध में 637 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 597 मामलों का निपटान कर दिया गया है और 40 मामले प्रक्रियाधीन हैं। सीपीजीआरएएमएस, निदान और एमएसएमई के लिए मासिक रिपोर्ट नियमित आधार पर और जब कभी आवश्यक हो, विभिन्न प्राधिकरणों/सीआईएल/एमओसी से भेजी जा रही है।

डीएआरपीजी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सीपीजीआरएएमएस के अंतर्गत सभी शिकायतों का निपटान 45 दिनों के भीतर किया जाना है और सभी शिकायतों को समयबद्ध तरीके निपटान कर लिया जाएगा। शिकायत निवारण तंत्र "ऑनलाइन निदान" और दुर्लभ ऑफ़लाइन प्रणाली के तहत ऑनलाइन प्रणाली पर आधारित है। शिकायतों के निवारण की समय सीमा 90 दिन है लेकिन इसका निवारण 60 दिनों के भीतर किया जाता है। आज की तारीख में ऑनलाइन निदान योजना/ सीपीजीआरएएमएस और ऑफलाइन के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों की दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है और संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों में, नोडल अधिकारी है, जो लंबित शिकायतों की सीधे निगरानी करता है और शिकायतों के तेजी से निवारण को बढ़ावा देने के लिए मेल / व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करता है। पीजी पोर्टल और निदान के तहत शिकायतों को समय-सीमा के भीतर निपटाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों, इकाइयों और मुख्यालय स्तर से नियमित फॉलो-अप किया जा रहा है। लोक शिकायत प्रकोष्ठ-निदान द्वारा अनसुलझी शिकायतों पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए मुख्यालय स्तर और क्षेत्रों में एक शिकायत निवारण समिति का पुनर्गठन किया गया है।

एमएसएमई समाधान पोर्टल को लोक शिकायत प्रकोष्ठ-निदान, मुख्यालय द्वारा भी संभाला और मॉनीटर किया जाता है और मासिक आधार पर दृष्टि डैशबोर्ड पोर्टल (सीपीएसई कॉन्क्लेव) में अपलोड करने के लिए एमएसएमई समाधान पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।

25.0 जनसंपर्क :

ईसीएल एवं समाज के बीच सद्भावना और आपसी समझ स्थापित करने तथा उसे सतत कायम रखने के लिए जनसंपर्क विभाग योजनाबद्ध रीति से निरंतर प्रयासरत रहती है। कंपनी की जनसंचार माध्यम की नीति स्पष्ट, निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों से नित्य संपर्क सुदृढ़ करने एवं उसे कायम रखने के लिए अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सभी निदेशकगण द्वारा समय-समय पर प्रेस सम्मिलन आयोजित किए जाते है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी की नानाविध गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 115 प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी की गई है, 69 विज्ञापन दिए गए है एवं 09 प्रत्याभूति/प्रदर्शियाँ में सहयोगिता या सहभागिता की गई है। ईसीएल अपने फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम एवं लिंक्डइन पर 400 से अधिक पोस्ट सचित्र अपलोड करती है। ईसीएल की आधिकारिक वेबसाइट को द्विभाषिक रूप से अनुरक्षित किया जा रहा है। नागरिक घोषणा पत्र के तहत भूमि से संबंधित 39, अनुशासनात्मक कार्यवाहियों की 12, नियुक्ति/भर्ती की 02 एवं कॉमन विंडोज के माध्यस से 24 अन्य सूचनाएँ कंपनी के वेबसाइट पर अपलोड की गई है। ईसीएल की गतिविधियों का वॉल पोस्टर "ईसीएल समाचार" का नियमित प्रकाशन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में ईसीएल के सीएमडी द्वारा प्रेस वार्ता

26.0 अधिशासी स्थापना :

अ) **प्रबंधन प्रशिक्षुओं एवं डॉक्टरों की ऑनबोर्डिंग :** गेट-2022 एवं सीबीटी-2022 और विकेंद्रीकृत चिकित्सा भर्ती-2021 और 2022 के माध्यम से भर्ती किए गए विभिन्न विषयों के कुल 20 अधिकारी वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान ईसीएल में समाहित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, खनन, सिविल और भूविज्ञान विभाग के 27 प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने गेट-2023 के माध्यम से भर्ती होने पर ईसीएल में प्रवेश लिया है। विभिन्न बैठकों/वीसी के माध्यम से, उनके पदस्थापन के संबंधित क्षेत्रों/स्थापना में भोजन/आवास और परिवहन से संबंधित व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने का प्रयास किया गया था।

आ) **निष्पादन प्रबंधन प्रणाली :** निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) की सभी गतिविधियाँ यथा पीएमएस लक्ष्य निर्धारण, मूल्यांकन, प्राइड अपील, पीएआर अपील और स्पैरो की सभी गतिविधियाँ निर्धारित समय के भीतर पूरी की गईं।

इ) **सलाहकार की नियुक्ति :** ईसीएल में तीन (03) सलाहकारों को संसाधित किया गया है। राजमहल, ईसीएल में सलाहकार (भू.रा.स.) की नियुक्ति द्वारा एक (01) पद भरा गया है और सलाहकार (भू.रा.स.)/पश्चिम बंगाल क्षेत्र के शेष एक पद के लिए कोई उपयुक्त आवेदन प्राप्त नहीं हुए थे। इसके अलावा, सलाहकार (पर्यावरण) के लिए नई अधिसूचना जारी करने संबंधी प्रस्ताव पर पहले ही संसाधित किया जा चुका है।

ई) **मेडिकल कार्ड निर्गमन :** ईसीएल मुख्यालय के ऑन-रोल अधिशासियों को कुल 143 फोटो मेडिकल कार्ड (अधिशासी और उनके आश्रित) निर्गत किए गए हैं।

उ) **जनवरी, 2024 में वार्षिक संपत्ति विवरणी दाखिल :** 2161 अधिशासियों ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए वार्षिक संपत्ति विवरणी (APR) दायर किया। यह कई पत्रों, ई-मेल संचार और क्षेत्रीय नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय के माध्यम से निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई के साथ संभव हुआ था।

ऊ) **ईआईएस एवं एचआरएमएस रिकॉर्ड सृजन / अद्यतन एवं एसएपी का समाकलन :** ईआईएस/एचआरएमएस पर अब तक लगभग 268 रिकार्ड सृजित किए गए हैं और शेष 60 नए भर्ती किए गए प्रबंधन प्रशिक्षुओं के रिकार्ड शीघ्र ही पूरे किए जाने हैं। इसके अतिरिक्त, सभी 328 नए सदस्यों के संबंध में एसएपी डाटा के सृजन/अद्यतन करने के रिकार्ड ईआरपी प्रकोष्ठ को समयबद्ध रीति से भेज दिए गए हैं।

ऋ) **ईसीएल वेबसाइट पर स्थानांतरण, पदोन्नति और अन्य प्रासंगिक परिपत्र या नियमावलियों के कार्यालय आदेशों का प्रकाशन :** पीएमएस नियमावली और अन्य संबंधित परिपत्रों के साथ अधिशासियों के सभी स्थानांतरण आदेश ईसीएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा रहे हैं और इसे ई-मेल के माध्यम से सभी संबंधितों को भेजा जा रहा है।

ऌ) **मासिक अधिशासी जनशक्ति और ईआईएस या जनशक्ति आँकड़ों पर आधारित नानाविध प्रतिवेदन :** ईआईएस/एचआरएमएस रिकार्डों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है जिसके आधार पर विभिन्न प्रकार की रिपोर्टें निर्मिति की जा रही हैं और उच्चतर प्रबंधन को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सुपुर्द की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों और विषयों से आकड़ों के संकलन के बाद, मासिक अधिशासी जनशक्ति विवरणी की निर्मिति किया जा रहा है और हर अगले महीने के 7वें दिन तक जनशक्ति प्रकोष्ठ, ईसीएल को प्रस्तुत किया जा रहा है।

ऍ) **अनुकंपा नियोजन या एमएमसीसी दावों का प्रक्रमण :** पूरे महीने अनुकम्पा नियोजन/एमएमसीसी मामलों के लिए अर्हक दावों पर बिना किसी विलंब के कार्रवाई की गई और ईसीएल के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

27.0 कर्मियों का विवरण :

किसी भी कर्मचारी को कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XIII के तहत कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 के तहत निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ

28.0 निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

28.1 कार्यकारी निदेशक :

श्री एपी पांडा 27.12.2023 तक कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक थे और श्री समीरन दत्ता को 28.12.2023 से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में नियुक्त किया गया था और वित्तीय वर्ष के अंत तक निदेशक मंडल में थे। मो. अंजार आलम को 15.09.2022 से निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया था। श्रीमती आहुती स्वाई को 18.11.2022 से निदेशक (कार्मिक) के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री नीलेंदु कुमार सिंह को 09.12.2022 से निदेशक (तकनीकी) परियोजना और योजना के रूप में नियुक्त किया गया था और 29.04.2024 तक जारी रखा गया था। श्री नीलाद्रि रॉय को 01.02.2023 से निदेशक (तकनीकी) संचालन के रूप में नियुक्त किया गया था।

28.2 सरकार नामित निदेशकगण :

श्री बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), सीआईएल 18.03.2024 तक कंपनी के नामित निदेशक थे। श्री मुकेश अग्रवाल, निदेशक (वित्त), सीआईएल को 18.03.2024 से नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री हारा कुमार हाजोंग, आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय 30.06.2023 तक कंपनी के नामित निदेशक थे। श्री माणिक चंद्र पंडित, निदेशक, कोयला मंत्रालय को 19.07.2023 से नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

28.3 स्वतंत्र निदेशकगण :

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता 13.02.2024 तक स्वतंत्र निदेशक थीं। श्री शिव नारायण पाण्डेय और श्री शिव तपस्या पासवान, जिन्हें 01.11.2021 से स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए थे, पूरे वर्ष निदेशक मंडल में थे।

28.4 प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

श्री मोहम्मद अंजार आलम जिन्हें निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया है ने 15.09.2022 से सीएफओ का कार्यभार संभाला और वर्ष 2023-24 के दौरान सतत रहे। श्री रामबाबू पाठक उस वर्ष के दौरान कंपनी सचिव थे।

29.0 निगमित सुशासन :

निगमित सुशासन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य शेयरधारकों की आकांक्षाओं और हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करना है। यह एक प्रतिबद्धता है जो शेयरधारकों के मूल्य, कामकाज में पारदर्शिता, मूल्यों और संगठन के सभी घटकों के बीच आपसी विश्वास को अधिकतम करने के मौलिक विश्वास द्वारा समर्थित है। निगमित सुशासन एक ऐसी संस्कृति है जो शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित की दिशा में कार्य करने के लिए निदेशक मण्डल, प्रबंधन और कर्मियों का मार्गदर्शन करती है। इसमें अनिवार्य रूप से विभिन्न हितधारकों के लिए एक रचनात्मक, उत्पादक और सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र सम्मिलित है।

आपकी कंपनी शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने, सभी हितधारकों को सभी वास्तविक जानकारी के समय पर और संतुलित प्रकटीकरण और उनके हितों की सुरक्षा के प्राथमिक उद्देश्य के साथ सभी हितधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करके संचालन के सभी क्षेत्रों में अधिक पारदर्शिता, खुलेपन, जवाबदेही और निष्पक्षता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने जोखिमों को कम करने और दिन-प्रतिदिन के व्यावसायिक कार्यों में भूमि के कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए आंतरिक नियंत्रण की एक मजबूत प्रणाली स्थापित की है।

29.1 लेखापरीक्षा समिति की संरचना :

31 मार्च, 2024 तक, लेखापरीक्षा समिति में दो (02) अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक अर्थात् श्री शिव नारायण पाण्डेय और श्री शिव तपस्या पासवान; दो (02) अंशकालिक आधिकारिक निदेशक अर्थात श्री मुकेश अग्रवाल, निदेशक (वित्त), सीआईएल और श्री माणिक चंद्र पंडित, निदेशक, कोयला मंत्रालय और तीन (03) कार्यात्मक निदेशक अर्थात सुश्री आहुती स्वाई, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना और श्री नीलाद्रि रॉय, निदेशक (तकनीकी) प्रचालन सम्मिलित थे। श्री शिव नारायण पाण्डेय, अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक वित्तीय वर्ष के अंत तक लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष थे। निदेशक (वित्त) और विभागाध्यक्ष (आंतरिक लेखापरीक्षा) लेखापरीक्षा समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं और कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

29.2 सीएसआर समिति की संरचना :

बोर्ड की 261वीं बैठक में सीएसआर उप-समिति का गठन किया गया। 31 मार्च, 2024 तक समिति में दो (02) अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक अर्थात् श्री शिव तपस्या पासवान और श्री शिव नारायण पाण्डेय और चार (04) कार्यात्मक निदेशक अर्थात् मोहम्मद अंजार आलम, निदेशक (वित्त); श्रीमती आहुती स्वाई, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना और श्री नीलाद्रि रॉय, निदेशक (तकनीकी) प्रचालन सम्मिलित थे। अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक श्री शिव तपस्या पासवान वर्ष के अंत तक सीएसआर उप-समिति के अध्यक्ष थे। कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं और महाप्रबंधक (सीएसआर और कल्याण) इस समिति के लिए नोडल अधिकारी हैं।

29.3 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) के तहत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा दी गई घोषणा :

निम्नलिखित स्वतंत्र निदेशकों ने 2024-25 के दौरान अपनी घोषणा दी थी कि वे कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149 की उप-धारा (6) में निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं:

अ) श्री शिव नारायण पाण्डेय एवं
आ) श्री शिव तपस्या पासवान

सीएमडी, ईसीएल और निदेशक (तकनीकी), सीआईएल की उपस्थिति में सीआईएल के अध्यक्ष श्री पी एम प्रसाद द्वारा समीक्षा बैठक

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (7) के तहत आवश्यकतानुसार, स्वतंत्र निदेशकों ने घोषणा प्रस्तुत की थी कि वे एलओडीआर 2015 के विनियमन 16 (आई) के खंड (बी) में प्रदान किए गए स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और उन्हें किसी भी परिस्थिति या स्थिति के बारे में पता नहीं है, जो विद्यमान है या यथोचित रूप से प्रत्याशित हो सकती है जो एक उद्देश्यपूर्ण स्वतंत्र निर्णय के साथ और बिना किसी बाहरी प्रभाव के कर्तव्यों का निर्वहन करने की उनकी क्षमता को बाधित या प्रभावित कर सकती है।

29.4 निदेशक मण्डल को लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश :

लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई सभी सिफारिशों को निदेशक मणडल द्वारा स्वीकार कर लिया गया था।

29.5 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 की उप-धारा (3) के तहत प्रदान की गई योग्यता, सकारात्मक गुणों, निदेशक की स्वतंत्रता और अन्य मामलों को निर्धारित करने के मानदंड सहित निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक पर कंपनी की नीति :

एमसीए ने दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना के तहत सरकारी कंपनियों के लिए उपर्युक्त को छूट दी थी।

29.6 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(4) के अधीन – निदेशकगणों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और वरिष्ठ प्रबंधन की पारिश्रमिक नीति :

एमसीए ने दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना के तहत सरकारी कंपनियों के निदेशकों के लिए उपर्युक्त को छूट दी थी।

29.7 संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्था :

नियंत्रक कंपनी और नियंत्रक कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों के साथ किए गए लेनदेन को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 23 (5) (ए) और (बी) के तहत छूट दी गई थी, जो दो सरकारी कंपनियों के बीच लेनदेन और नियंत्रक और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के बीच किए गए लेनदेन थे, जिनके खाते नियंत्रक कंपनी के साथ समेकित होते हैं और अनुमोदन के लिए सामान्य बैठक में शेयरधारकों के समक्ष रखे जाते हैं। इसलिए फॉर्म एओसी 2 तैयार नहीं किया जाता है।

29.8 निदेशक मण्डलीय सदस्यों का परिचय कार्यक्रम :

निदेशक मंडल को व्यवसाय से संबंधित सभी मामलों, कंपनी द्वारा किए गए संबंधित जोखिम और शमन उपायों, कंपनी की नई पहलों आदि के बारे में पूरी तरह से जानकारी दी जाती है। निदेशक मंडल को कंपनी अधिनियम, 2013, भेदिया व्यापार प्रतिषेध विनियम, 2015 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी स्वतंत्र निदेशकों अर्थात् श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, श्री शिव तपस्या पासवान और श्री शिव नारायण पाण्डेय ने जुलाई, 2023 में हैदराबाद में आयोजित निदेशक संस्थान (आईओडी) द्वारा आयोजित 'स्वतंत्र निदेशकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम' में भाग लिया, प्रशिक्षण

प्रयास ने भाग लेने वाले निदेशकों के लिए व्यापक व्यावसायिक विकास और संवर्धन के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। श्री शिव तपस्या पासवान, स्वतंत्र निदेशक ने मार्च, 2024 में वाराणसी में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। श्रीमती आहुती स्वाईं, निदेशक (कार्मिक), ईसीएल ने मार्च, 2024 में शिमला में आयोजित सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

29.9 कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न का रोकथाम :

कंपनी के पास कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप एक लैंगिक उत्पीड़न विरोधी नीति है। आंतरिक परिवाद समिति (आईसीसी) लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित परिवादों के निवारण के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की प्रत्येक अनुषंगी कंपनी और कार्यालय में काम कर रही है। सभी महिला कर्मियों (स्थायी, संविदात्मक, अस्थायी, प्रशिक्षु) उक्त नीति के तहत कवर किए जाते हैं। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की आंतरिक परिवाद समिति (आईसीसी) के सदस्य निम्नानुसार हैं:

1. श्रीमती मंजु चौधुरी - अध्यक्ष
2. डॉ. सोमदत्ता मण्डल – सदस्य
3. सुश्री पृथ्या कनौजिया – सदस्य
4. श्री स्नेह तिवारी – सदस्य
5. श्री शुभम कुशवा – सदस्य
6. सुश्री पल्लवी हल्दार – एनजीओ सदस्य

वर्ष 2023-24 के दौरान यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

30.0 लागत लेखापरीक्षा एवं लागत लेखापरीक्षक

मेसर्स आर.जे. गोयल एंड कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए आपकी कंपनी की लागत लेखापरीक्षा किया और लागत लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को निदेशक मंडल द्वारा 12 सितंबर, 2023 को आयोजित उनकी 366वीं बैठक में अनुमोदित किया गया। उपर्युक्त प्रतिवेदन 10 अक्टूबर, 2023 को एमसीए के साथ एक्सबीआरएल मोड में दायर की गई थी। मेसर्स के.जी. गोयल एंड एसोसिएट, जयपुर को वर्ष 2023-24 के लिए ईसीएल के लिए अग्रणी लागत लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। ई-फॉर्म सीआरए-2 को एसआरएन एफ 65143380 दिनांक 26 सितंबर, 2023 के माध्यम से एमसीए पोर्टल के साथ दायर किया गया है।

सोनपुर बाजारी, ईसीएल में एचईएमएम की शुरूआत क्षेत्र

31.0 सचिवालयिक लेखापरीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के अनुसरण में, कंपनी ने वर्ष 2023-24 के लिए एक सहकर्मी समीक्षात्मक कंपनी सचिव फर्म मेसर्स मेहता एंड मेहता, पेशेवर कंपनी सचिव द्वारा सचिवालयिक लेखापरीक्षा आयोजित की थी। 24 मार्च, 2022 को आयोजित 360 वीं बोर्ड बैठक में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी गई थी। कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए प्रपत्र एमआर-3 में 'सचिवालयिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन' प्राप्त की है और उनकी टिप्पणी का उत्तर **उपाबंध-VIII** में संलग्न है।

32.0 भण्डार लेखापरीक्षा :

वित्तीय वर्ष 2018-19 से कंपनी में भण्डार लेखापरीक्षा की अवधारणा को लाया गया है। सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों में लागू कार्य के संशोधित दायरे और संशोधित लेखा परीक्षा शुल्क के साथ भण्डारों के भौतिक सत्यापन के लिए भण्डार लेखापरीक्षकों की नियुक्ति पर सीआईएल के बोर्ड अनुमोदन के अनुपालन में, वर्ष

2019-20 और उसके बाद के लिए भण्डार लेखापरीक्षा आयोजित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 तक की लेखापरीक्षा समाप्त हो गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 और उसके बाद तीन वर्षों की अवधि के लिए भंडार लेखापरीक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और यह प्रक्रियाधीन है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भंडार बहीखाते में आवश्यक सुधार शामिल किया गया है और वार्षिक खातों में लेखांकन उपचार किया गया है।

उपर्युक्त के अलावा, अपने सभी लेनदेन/गतिविधियों को डिजिटल रूप से संसाधित और अभिलिखित करने के लिए, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एसएपी (ईआरपी) प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया है। कंपनी ने आक्रामक रूप से ई-ऑफिस पोर्टल को भी लागू किया और कंपनी के सभी प्रमुख स्तरों द्वारा इसका उपयोग करना अनिवार्य कर दिया। कंपनी के बही-खातों के रखरखाव के लिए लेखा सॉफ्टवेयर से संबंधित सांविधिक आवश्यकता का सामना करने के लिए, एसएपी (ईआरपी) के लेखा परीक्षा मॉड्यूल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं ताकि कंपनी के सभी संबंधित व्यक्तियों को अपेक्षित ज्ञान प्रदान किया जा सके।

33.0 जोखिम प्रबंधन नीति

आपकी कंपनी ने कंपनी के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत जोखिम प्रबंधन संस्कृति बनाने के लिए जोखिम प्रबंधन चार्टर और जोखिम रजिस्टर को मंजूरी दे दी है। इकाई स्तर के जोखिम मूल्यांकन में रणनीतिक जोखिम, परिचालन जोखिम, वित्तीय जोखिम और अनुपालन जोखिम सम्मिलित हैं। रजिस्टर के अनुसार, विभिन्न जोखिमों की पहचान की गई है। पहचान किए गए प्रत्येक जोखिम के लिए जोखिम स्वामी और जोखिम न्यूनीकरण योजना के मालिक को भी नामित किया गया है ताकि इसकी निरंतर निगरानी और शमन सुनिश्चित किया जा सके। विभागाध्यक्षों के परामर्श से और जोखिम प्रबंधन समिति के मार्गदर्शन में मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) की अध्यक्षता में एक जोखिम प्रबंधन टीम ने जोखिम जो मायने रखते है (आरटीएम) के लिए जोखिम शमन योजनाओं के निर्माण के साथ-साथ जोखिम प्रबंधन ढांचे में परिकल्पित सुशासन प्रक्रिया को लागू किया था।

अध्यक्ष, सीआईएल और सीएमडी, ईसीएल द्वारा राजमहल क्षेत्र की समीक्षा

34.0 निदेशकगण का उत्तरदायित्व कथन :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा (5) के अनुसरण में कंपनी के निदेशक मण्डल एतदद्वारा अभिव्यक्त और पुष्टि करते हैं कि :

अ. 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा के निर्मिति में, तात्विक विचलनों से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ समस्त प्रयोज्य भारतीय लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है;

आ. निदेशकगणों ने ऐसे लेखांकन नीतियों का चयन और उसे सतत लागू किया था तथा निर्णय एवं प्राक्कलनों किए थे जो युक्तियुक्त एवं प्रज्ञायुक्त है ताकि वित्तीय वर्ष के अंतिम में कंपनी के मामलों की दशाओं एवं उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ/हानि का सत्य एवं पारदर्शी रूप प्रदान किया जा सके;

इ. निदेशकगणों ने कंपनी की आस्तियों को सुरक्षा प्रदान करने तथा कपट और अन्य अनियमितताओं के निवारण एवं पता लगाने के निमित्त कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के अनुरक्षण के लिए उचित एवं पर्याप्त देखभाल की थी।

ई. निदेशकगणों ने चालू समुत्थान आधारित वार्षिक लेखा निर्मिति की थी;

उ. निदेशकगणों ने कंपनी द्वारा अनुसरण किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अभिकथित किए थे और यह कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त है तथा प्रभावी ढ़ंग से कार्य कर रहे थे और

ऊ. निदेशकगणों ने सभी प्रयोज्य विधियों के प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली की योजना बनाई थी और यह कि ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त एवं प्रभावी ढ़ंग से कार्य कर रही थीं।

35.0 अनुसंधान व विकास परियोजनाएँ :

कार्यरत अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत प्रास्थिति **उपाबंध-I** में दी गई है।

36.0 विज्ञान व प्रौद्योगिकी परियोजनाएँ :

कोयला मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान परियोजनाओं के क्रियान्यवन का विस्तृत प्रास्थिति **उपाबंध-II** में दी गई है।

37.0 विज्ञान व प्रौद्योगिकी परियोजनाएँ परियोजना अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन की प्रास्थिति :

परियोजना अनुश्रवण के ब्यौरे एवं क्रियान्वयन की प्रास्थिति **उपाबंध-III** में उल्लिखित है।

38.0 प्रबंधकीय विवेचना एवं विश्लेषण प्रतिवेदन :

प्रबंधकीय विवेचना एवं विश्लेषण प्रतिवेदन को निदेशकगणों के प्रतिवेदन (**उपाबंध-IV**) का भागरूप एक पृथक खण्ड में प्रस्तुत किया जाता है।

अध्यक्ष, सीआईएल और निदेशक (तकनीकी), सीआईएल द्वारा नारायणकुरी, कुनुस्तोरिया क्षेत्र में हाईवॉल खनन की समीक्षा

39.0 निगमित सामाजिक दायित्व :

कंपनी अधिनियम, 2013 धारा 135 (2) के अनुसरण में निगमित सामाजिक दायित्व का प्रतिवेदन निदेशक मण्डल प्रतिवेदन के भागरूप में बने पृथक अनुभाग में प्रस्तुत किया गया है। (**उपाबंध-V**)।

40.0 अभिस्वीकृति :

अधिमूल्यन की भावना के साथ आपके निदेशकगण समय-समय पर भारत सरकार मुख्यतः कोयला मंत्रालय, पर्यवारण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड राज्य सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड, विनिमयकारी व कानूनी निकायों से प्राप्त सहयोग की अभिस्वीकृति करते हैं।

आपके निदेशकगण ग्राहकों के समर्थन, विश्वास एवं प्रतिश्रय की प्रशंसा करते हैं। आपके निदेशकगण कंपनी के परियोजनाओं एवं खनन परिचालनों के निष्पादन में परामर्शियों, विक्रेताओं, संविदाकर्ताओं इत्यादि के योगदान की भी प्रशंसा करते हैं।

सांविधिक लेखापरीक्षकों, लागत लेखापरीक्षकों, सचिवालयिक लेखापरीक्षकों, कर लेखापरीक्षकों, बैंकरों, कंपनियों के रजिस्ट्रार (पश्चिम बंगाल) और भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षकों से प्राप्त मूल्यवान सुझावों की अभिस्वीकृति करते हैं।

आपके निदेशकगण कंपनी के कार्य-निष्पादन प्रदर्शन में कर्मियों के सम्मिलित प्रयासों एवं श्रमिक संगठनों के उदार समर्थन के लिए आपना आभार व्यक्त करना चाहेंगे।

41.0 अनुशेष :

प्रतिवेदन में निम्निलिखित कागजात उपाबंधित किए जाते हैं :

i. निगमित सुशासन पर प्रतिवेदन (उपाबंध – VI)

ii. 31 मार्च, 2024 के समाप्त वर्ष के लिए निगमित सुशासन पर डीपीई अनुदेश के उपखण्ड 8.2.1 के अनुसरण में निगमित सुशासन के शर्तों के अनुपालन संबंधित व्यावसायिक कंपनी सचिव से प्रमाण-पत्र (उपाबंध-VII)

iii. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अधीन भारत का नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टीका-टिप्पणी और प्रबंधन प्रत्युत्तर।

iv. सांविधिक संपरीक्षकों के प्रतिवेदन और उसके आधार पर प्रबंधन के प्रत्युत्तर।

v. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) का अनुसरण कर व्यवसायतः कंपनी सचिव द्वारा प्रदत्त फॉर्म सं. एमआर-3 में सचिवालीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (उपाबंध-VIII)।

vi. विदेशी मुद्रा उपार्जन एवं व्यय (उपाबंध- IX)।

vii. कंपनी के अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के बाबत ब्यौरे (उपाबंध-X)।

viii. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उपधारा (6) के अधीन कंपनी के अंशकालिक पदीय निदेशकों द्वारा स्वावलंबन की घोषणा यथा उपाबंध-XI परिवेष्ठित किया गया है।

ix. वर्ष 2023-24 के लिए समझौता ज्ञापन की प्राप्ति की स्थिति (उपाबंध-XII)

x. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की वार्षिक विवरणी हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के निमित्त और उनकी ओर से

(समीरन दत्ता)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन - 08519303

स्थान: सांकतोड़िया
दिनांक: 30 जुलाई, 2024

उपाबंध - I

31 मार्च, 2024 तक की ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वयन किए गए अनुसंधान और विकास परियोजनाओं की प्रास्थिति :

क्रम सं	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
1.	कोयला खानों में सुरक्षा और उत्पादकता में सुधार के लिए वर्चुअल रियलिटी माइन सिम्युलेटर (वीआरएमएस) का विकास। **परियोजना कोड:** सीआईएल/आर एवं डी/01/67/2017 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** आईआईटी-आईएसएम, धनबाद, एस एवं आर विभाग, सीआईएल, ईसीएल, सीएमपीडीआई, रांची, एनसीएल, और एसएमआई-जेकेटेक प्राइवेट लिमिटेड, यूओक्यू, ऑस्ट्रेलिया	1410.40 आईआईटी-आईएसएम, - 1320.40 सीएमपीडीआई, रांची- 90.00	1 सितम्बर 2017	30 अप्रैल, 2024	₹1325.49 [आईआईटी-आईएसएम-1250.00; सीएमपीडीआईएल-75.49]	अ) 3600 इमर्सिव वीआरएमएस थिएटर का विकास और कार्यान्वयन पूरा हो चुका है। आ) खतरनाक खान पर्यावरण का अनुकरण करने और उससे निपटने के लिए आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रशिक्षण सहायता के साथ खान सुरक्षा प्रशिक्षण मॉड्यूल का कार्यान्वयन पूरा हो चुका है। इ) सुरक्षा और प्रचालन मॉड्यूल को कवर करते हुए एक ओपनकास्ट खान अर्थात निगाही ओसीपी, एनसीएल और एक भूमिगत खान अर्थात झांझरा भूमिगत खान, ईसीएल के लिए भारतीय वीएमएसटी अनुप्रयोग विकास। कुछ मौल 90% के करीब हैं, जिनमें से कुछ 70% पूर्णता चरण में हैं। हिंदी में वॉइस ओवर पूरा किया जाना है। एचएमडी निर्माण प्रगति पर है। ई) भारतीय वीएमएसटी अनुप्रयोग परिदृश्य जनरेटर परमाणुकरण - 54 परिदृश्यों में से, 45 70% तक निर्मित हैं। उ) प्रणाली एकीकरण पूरा हो चुका है और प्रशिक्षण प्रगति पर है।
2.	चल मशीनरी का लागत दक्ष सुरक्षित संक्रिया के लिए सद्यकाल पुर्वानुमान प्रणाली (आरटीपीएस) के विकास व अंगीकरण : डम्पर काफिला का शोकेस प्रदर्शन। **परियोजना कोड :** सीआईएल/आर एवं डी/1/71/2019 **कार्यान्वयन अभिकरणे:** आईआईटी, खड़गपुर; सीआईएमएफआर, धनबाद; लुलेया टेकनोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, स्वीडन एवं ईसीएल सांकतोड़िया	440.30 आईआईटी, खड़गपुर – 180.36 ; सीआईएमएफआर - ₹180.00; एलटीयू, स्वीडन – 79.94	16 दिसंबर, 2019	15 मार्च 2023	300.00 [आईआईटी, खड़गपुर – 130.0 ; सीआईएमएफआर – 130.00 ; एलटीयू – 40.00]	परियोजना पूरी हो गई है और पूरण प्रतिवेदन स्वीकार कर ली गई है।
3.	भूमिगत कोयला खानों में विद्युत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के रूप में वेंटिलेशन फैन विंड पावर रिकवरी सिस्टम का डिजाइन और परिनियोजन। **परियोजना कोड:** सीआईएल/आर एवं डी/04/12/2021 **कार्यान्वयन अभिकरणे:** आईआईटी-आईएसएम, धनबाद और ईसीएल, सांकतोड़िया	66.70 आईआईटी-आईएसएम – 66.70 ; ईसीएल - शून्य	10 फरवरी, 2021	9 फरवरी, 2024	54.00 [आईआईटी-आईएसएम - 54.00 ; ईसीएल – शून्य]	परियोजना पूर्ण हो चुकी है और पूरण प्रतिवेदन की निर्मिति प्रक्रियाधीन है।

क्रम सं	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
4.	भूमिगत कोयला खानों में प्रयुक्त चानक तल बफर के लिए पाती जाँच प्रसुविधा का अभिकल्प व विकास **परियोजना कोड :** सीआईएल/आर एवं डी/1/74/2021 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** सीएमईआरआई, दुर्गापुर एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	248.61 सीएमईआरआई-248.61 ; ईसीएल - शून्य	10 फरवरी, 2021	9 अगस्त, 2023	230.00 [सीएमईआरआई – 230.00 ; ईसीएल - शून्य	परियोजना पूरी हो गई है और पूरण प्रतिवेदन भी स्वीकार कर ली गई है।
5.	खनि प्रवणता प्रास्थिति अनुश्रवण के लिए सद्यकाल ऊर्जा दक्षता साइबर-भौतिक आसूचना प्रणाली। **परियोजना कोड :** सीआईएल/आर एवं डी/1/77/2022 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** आईआईटी-आईएसएम, धनबाद; सीएमपीडीआईएल एवं ईसीएल	263.75 आईआईटी-आईएसएम-238.97 सीएमपीडीआई -24.78	1 फरवरी, 2022	31 जुलाई 2024	206.33 [आईआईटी-आईएसएम - 195.00; सीएमपीडीआईएल-11.33]	अ) फील्ड डाटा एकत्र करने के लिए सोनपुर बाजारी, ईसीएल का क्षेत्र भ्रमण किया गया। आ) स्केल किए गए मॉडल में सेंसर एकीकरण प्रयोगशाला में शुरू किया गया है। प्रारंभिक चरण में परिसर में छोटे पैमाने पर फील्ड स्थापना की तैयारी। इ) माइक्रो-इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम का लैब स्केल परीक्षण किया जाता है। जिग बी नेटवर्क और एमएसएमई एक्सेलेरोमीटर एकीकरण किया गया। ई) संख्यात्मक मॉडलिंग चल रही है; विभिन्न भू-खनन मापदंडों में भिन्न 1000 से अधिक मॉडल विकसित किए और खदान डंप के व्यवहार में परिवर्तन का विश्लेषण किया। उ) मंत्रालय की निविदा से ग्लोबल टेंडरिंग के लिए अनुमति मांगी गई है, जिसका अभी इंतजार है। ऊ) निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति पर है।
6.	भूमगित कोयला खानों में वृहत् जल शीर्ष के प्रतिकूल संरक्षी रोध स्तंभ का अभिकल्प। **परियोजना कोड:** सीआईएल/आर एवं डी/1/75/2021 **कार्यान्वयन अभिकरणे:** आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	87.47 आईआईटी-बीएचयू – 87.47	1 मई 2021	31 अक्टूबर 2023	65.00 [आईआईटी-बीएचयू – 65.00]	परियोजना पूरी हो गई है और पूरण प्रतिवेदन स्वीकार कर ली गई है।
7.	खुली खदान के डंप पर ब्लास्टिंग का प्रभाव और ब्लास्ट प्रेरित कंपन और डंप डिजाइन के बीच संबंधों का विकास। **परियोजना कोड :** सीआईएल/आर एवं डी/01/73/2021 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची; आईआईटी-आईएसएम, धनबाद और बीआईटी, मेसरा	344.22 सीएमपीडीआई – 202.96 आईआईटी-आईएसएम -108.26 बीआईटी फ्रेंडली - 33.00	10 फरवरी, 2021	09 अगस्त, 2023	251.59 [सीएमपीडीआईएल - 121.59 आईआईटी-आईएसएम -100.00 अनुकूल बीआईटी -30.00]	परियोजना पूरी हो गई है और पूरण प्रतिवेदन स्वीकार कर ली गई है।

क्रम सं	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
8.	मुगमा क्षेत्र, ईसीएल के श्यामपुर बी कोलियरी के लिए सतत खनित्र (सीएम) तैनाती द्वारा पेस्ट फिल प्रौद्योगिकी और निष्कर्षण पद्धति के लिए अग्रानुक्रम दृष्टिकोण का विकास **परियोजना कोड:** सीआईएल/आर एवं डी/04/18/2022 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** ईसीएल, सांकतोड़िया एवं सीआईएमएफआर, धनबाद	4997.45 ईसीएल: 4822.66 सीआईएमएफआर: 174.79	15 सितंबर, 2022	14 सितंबर, 2024	4920.00 ईसीएल: 4790.00 सीआईएमएफआर: 130.00	अ) ईसीएल ने प्रस्तावित संयंत्र की स्थापना के लिए निविदा जारी की है, जिसमें केवल एक बोलीदाता ने भाग लिया। निविदा समिति ने संभावित बोलीदाताओं से सुझाव/फीडबैक प्राप्त होने के बाद संशोधित एनआईटी/निविदा दस्तावेज के लिए सिफारिश की। टीसी की सिफारिश समीक्षा के लिए आरआई-आई, सीएमपीडीआई को भेज दी गई है। आ) पेस्ट की क्षमता में सुधार के लिए सीआईएमएफआर, धनबाद में प्रयोग किए जा रहे हैं। इ) सीआईएमएफआर द्वारा दो उपस्करों की अधिप्राप्ति की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।
9.	नरम कवर के तहत खंभों के निष्कर्षण के लिए सुरक्षित पार्टिंग मोटाई और इष्टतम गोफ एज समर्थ आवश्यकता का आकलन। **परियोजना कोड :** सीआईएल/आर एवं डी/01/79/2022 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी; ईसीएल, सांकतोड़िया; सीसीएल, राँची एवं एसईसीएल, बिलासपुर	182.29 आईआईटी-बीएचयू: 182.29	2 जनवरी, 2023	1 जनवरी, 2025	100.00 आईआईटी-बीएचयू: 100.00	अ) परियोजना के लिए साहित्य सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और यदि कोई पेपर प्राप्त होता है तो नवीनतम संदर्भों के साथ अद्यतन किया जाएगा। आ) ईसीएल और सीसीएल में फील्ड अध्ययन के लिए प्रायोगिक स्थलों की पहचान की गई है और स्थल को अंतिम रूप देने के लिए एसईसीएल से अनुसरण किया जा रहा है। वेधन के लिए दूसरी बार निविदा आमंत्रित की गई है और प्रतीक्षा समय समाप्त होने वाला है क्योंकि अल्प प्रतिक्रिया के कारण पहली निविदा सफल नहीं हो सकी। इ) संख्यात्मक मॉडल तैयार किए गए हैं और लगातार चलाए जा रहे हैं और पैरामीट्रिक रेंज की भी पहचान की गई है। ई) उपकरण के लिए निविदा संसाधित की गई है और खरीद आदेश शीघ्र ही जारी किए जाने हैं। उ) संशोधित समय-सीमा के भीतर पूरा होने की प्रत्याशा है।
10.	भारतीय भू-खनन स्थिति में प्रौद्योगिकी स्थापित करने के लिए भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूसीजी) पर एक पायलट परियोजना **कार्यान्वयन एजेंसियां:** ईईटीआई, कनाडा ; सीएमपीडीआई, रांची ; ईसीएल, सांकतोड़िया	6941.64 चरण -1: 2309.63 ईईटीआई, कनाडा-1889.51; सीएमपीडीआईएल-116.23; ईसीएल- 24.78 विदेशी मुद्रा/अन्य कर-279.11	29 मार्च 2024	28 दिसंबर, 2024	-	पायलट परियोजना 28.03.2024 को आरंभ कि या गया था।

31 मार्च, 2024 तक की ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वयन किए गए कोयला मंत्रालय द्वारा निधिक वैज्ञानिक और तकनीकी परियोजनाओं के कोयले की प्रास्थिति :

क्रम सं.	कोड के साथ परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की पुनरीक्षित/ अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
1.	खान सुरक्षा एवं उत्पादकता वर्धन के लिए दीर्घभित्ति परिरक्षक दाबों के अनुश्रवण, विश्लेषण एवं निर्वचन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी समर्थ स्वदेशी विकास। **परियोजना कोड :** एमटी-172 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** सीएमपीडीआईएल, राँची; आईआईटी, खड़गपुर एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सांकतोड़िया	471.00 आईआईटी खड़गपुर – 367.16 सीएमपीडीआईएल – 103.84 ईसीएल- शून्य	1 दिसम्बर, 2020	31 मार्च, 2024	339.98 आईआईटी खड़गपुर – 320.00 सीएमपीडीआईएल – 19.98 ईसीएल- शून्य	अ) शियरर स्थिति निगरानी और विश्लेषण प्रणाली की अधिप्राप्ति की गई है और वर्तमान में लांगवॉल फेस में चालू शीयर में स्थापित किया गया है। अन्य सभी उपकरणों की अधिप्राप्ति कर ली गई है। आ) हाइड्रोलिक चॉक-शील्ड पावर सपोर्ट में डिजिटल दबाव सेंसर स्थापित करने के लिए उपकरण निर्माता सीओडीसीओ से प्राप्त अनुमति कर ली गई है। इ) फील्ड परीक्षण के लिए शक्ति समर्थन की पहचान और चयन के लिए फील्ड दौरा किया गया। ई) डेटा के हस्तांतरण के लिए, फाइबर ऑप्टिक केबल (लंबाई में 5 किमी) को लांगवॉल पैनल में सतह से भूमिगत तक बिछाया गया है। उ) मास्टर कंट्रोलर स्थापित करने के लिए मेन गेट रोड ट्रॉली को बनाया गया है और लॉन्गवॉल फेस पर ले जाया गया है। ऊ) अग्रिम रूप में ढाल दबाव भिन्नताओं के पैटर्न को फिर से व्यवस्थित करने के लिए एल्गोरिदम विकसित किया गया है। ऋ) डेटा अधिग्रहण प्रणाली का स्वदेशी विकास प्रगति पर है। ऌ) झांझरा लॉन्गवॉल पैनल में विकसित प्रणाली के फील्ड ट्रायल की अनुमति के लिए 09.02.2022 को डीजीएमएस में आवेदन किया। डीजीएमएस की अनुमति 19.05.2022 को प्राप्त हुई। ऍ) झांझरा भूमिगत खान, ईसीएल में हाल ही में पूरा हुए लॉन्गवॉल पैनल में फील्ड ट्रायल किया गया। फील्ड ट्रायल अगले लॉन्गवॉल पैनल में जारी रखा जाएगा। ऐ) डेटा प्रस्तुति मॉड्यूल तैयार है और वर्तमान में सतह पर यूजी डेटा प्राप्त किया जा रहा है। कंप्यूटर सर्वर में यूजी फील्ड डेटा की मात्रा के आधार पर इसे और अपग्रेड किया जाएगा। ए) इन मॉड्यूल को सूचना प्रौद्योगिक सक्षम बनाया जाएगा और एक ऐप के माध्यम से मोबाइल फोन पर भेजा जाएगा। ऐ) परियोजना प्रतिवेदन निर्मिति के अधीन है।

क्रम सं.	कोड के साथ परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की पुनरीक्षित/ अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
2.	भू-भौतिकीय तकनीक प्रयुक्त भूमिगत कोयला खानों में पूराने कार्य-स्थल अनधिगम्य में खनन प्रभावित उप-सतही कोटरों एवं जलभराव क्षेत्रों के कारण जोखिमों का अध्ययन। **परियोजना कोड :** एमटी-173 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** आईआईटी-आईएसएम, धनबाद एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	199.96 आईआईटी-आईएसएम-199.96 ईसीएल – शून्य	15 मार्च, 2021	14 मार्च, 2023	199.00 आईआईटी-आईएसएम -199.00 ईसीएल – शून्य	परियोजना पूरी हो गई है और पूरण प्रतिवेदन भी स्वीकार कर ली गई है।
3.	सुरक्षा और उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से भूमिगत खानों के खतरे की निगरानी के लिए एक उपकरण के रूप में सूक्ष्म भूकंपीयता का उपयोग। **प्रोजेक्ट कोड:** MT-178 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** आईआईटी, खड़गपुर; सीएमपीडीआईएल, राँची एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	199.78 आईआईटी, खड़गपुर: 145.50 सीएमपीडीआई: 54.28 ईसीएल-शून्य	29 दिसंबर, 2022	28 दिसम्बर, 2024	100.00 आईआईटी, खड़गपुर: 100.00 सीएमपीडीआई: कुछ नहीं ईसीएल: कुछ नहीं	अ) साहित्य सर्वेक्षण आरंभ हुआ। आ) उपकरणों की अधिप्राप्ति आरंभ हुआ। इ) परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए ईसीएल अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया गया और चर्चा की गई। ई) जीयूआई का विकास प्रक्रियाधीन है।
4.	ओपनकास्ट खानों के लिए एआई-सक्षम धूल दमन प्रणाली का डिजाइन और विकास **परियोजना कोड :** एमटी-181 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** सीएमईआरई, दुर्गापुर सी-डैक, तिरूवंतपुरम यूसीएलटी, राँची ईसीएल, सांकतोड़िया	340.84 सीएमईआरआई-139.71 सी-डैक-151.57 यूसीएलटी- 49.56 ईसीएल- शून्य	8 जनवरी 2024	7 जनवरी 2026	137.91 [सीएमईआरआई – 50.00, सी-डैक – 50.91, यूसीएलटी – 37.00, ईसीएल – शून्य]	साहित्य सर्वेक्षण और आवश्यकता को अंतिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है।

चालू परियोजनाओं के परियोजना अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन प्रास्थिति :

क्रम.	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूँजी (₹ करोड़)	अनुमोदन की मूल तिथि	पूरण की अधिसूचित तिथि	पूरण की प्रत्याशित तिथि	कार्यान्वयन की प्रास्थिति
1.	सोनपुर बजारी विस्तारित खुली खदान (12.00 मि.टन प्रति वर्ष)	5365.88	जुलाई, 2021	मार्च, 2029	मार्च, 2029	वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2021-22 : 9.62 मि. टन 2022-23 : 11.999 मि. टन 2023-24 : 12.374 मि. टन
2.	हुर्रा सी खुली खदान (3.00 मि.टन प्रति वर्ष)	ईसीएल अंश : 859.41 (वर्तमान 289.42 सहित)	अगस्त, 2022	मार्च, 2029	मार्च, 2029	चरण-II वानिकी सहमति प्राप्त किया गया और भूमि पर दखल दियानी प्रक्रियाधीन है। वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2022-23: 0.239 मि.टन 2023-24: 2.074 मि.टन
3.	झांझरा विस्तारित भूमिगत (5.00 मि.टन प्रति वर्ष)	1210.12	अप्रैल, 2020	मार्च, 2029	मार्च, 2029	वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2021-22: 3.63 मि.टन 2022-23: 2.917 मि.टन 2023-24: 2.659 मि.टन
4.	न्यू केन्दा खुली खदान परियोजना (1.20 मि.टन प्रति वर्ष)	127.72	नवम्बर, 2014	मार्च, 2019	मार्च, 2023	28.12.2018 को कोयला उत्पादन आरंभ हुआ। वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2021-22: 0.241 मि.टन 2022-23: 0.014 मि.टन 2023-24: 0.622 मि.टन
5.	चितरा पूर्वी खुली खदान (आरसीई) (2.50 मि.टन प्रति वर्ष)	513.99	अगस्त, 2018	मार्च, 2024	मार्च, 2024	वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2021-22: 0.990 मि.टन 2022-23: 1.031 मि.टन चरण-II वानिकी सहमति प्राप्त किया गया और भूमि पर दखल दियानी तथा पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन का कार्य प्रगति पर है। 2023-24: 1.755 मि.टन
6.	मोहनपुर विस्तारित खुली खदान (2.50 मि.टन प्रति वर्ष)	888.99	नवंबर, 2020	मार्च, 2026	मार्च, 2026	वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2021-22: 0.769 मि.टन 2022-23: 1.082 मि.टन 2023-24: 2.000 मि.टन भूमि पर दखल दियानी तथा पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन का कार्य प्रगति पर है।

क्रम.	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूँजी (₹ करोड़)	अनुमोदन की मूल तिथि	पूरण की अधिसूचित तिथि	पूरण की प्रत्याशित तिथि	कार्यान्वयन की प्रास्थिति
7.	खोट्टाडीह सीएम भूमिगत (0.60 मि.टन प्रति वर्ष)	127.17	मई, 2015	मार्च, 2016	मार्च, 2023	मार्च 2021 में सतत खनित्र (सीएम) चालू किया गया है। वर्ष के दौरान कोयला उत्पादन 2022-23: 0.539 मि.टन (सीएम से 0.332 मि.टन सहित) 2023-24 के दौरान प्राप्त कोयला उत्पादन : 0.521 मि.टन (झांझरा के तीसरे एलएचसीएम से 0.014 मि.टन एवं एसएचसीएम से 0.273 मि.टन सहित)
8.	सिदुली (खुली खदान : 1.20 एवं भूमिगत : 1.63 मि.टन प्रति वर्ष)	535.18	मई, 2018	मार्च, 2026	मार्च, 2026	संशोधित सिदुली ओसी पैच (फेज-I) के लिए 02.01.2024 को एलओए जारी किया गया। कार्य आदेश 30.01.2024 को जारी किया गया था और ओबी हटाव फरवरी, 2024 में शुरू हुआ था।
9.	नकराकोंडा कुमारडीह बी खुली खदान (3.00 मि.टन प्रति वर्ष)	502.68	अगस्त, 2018	मार्च, 2029	मार्च, 2029	18.04.2022 को कोयला उत्पादन आरंभ हुआ। वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2022-23: 0.444 मि.टन 2023-24: 0.218 मि.टन
10.	तिलाबोनी भूमिगत (1.86 मि.टन प्रति वर्ष)	ईसीएल अंश: 749.07 (वर्तमान 39.53 सहित)	जनवरी, 2023	मार्च, 2027	मार्च, 2027	मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को 30.03.23 को करार पत्र जारी किया गया करार 02.06.2023 को हस्ताक्षरित किया गया। 12.03.2024 को पैनल के विकास के लिए आर-VIII टॉप सीम में एक एलएचसीएम परिनियोजित किया गया है।
11.	परासिया-बेलबाद भूमिगत (2.07 मि.टन प्रति वर्ष)	ईसीएल अंश: 389.10 (वर्तमान 106.52 सहित)	जनवरी, 2023	मार्च, 2027	मार्च, 2027	मेसर्स गेनवेल कॉमोसेल्स प्राइवेट लिमिटेड को 30.03.2023 को एलओए जारी किया गया। शाफ्ट सिंकिंग और इनलाइन ड्रिवेज अक्टूबर, 2023 से शुरू हुआ। एमडीओ द्वारा शाफ्ट डूबने का कार्य शुरू कर दिया गया है। खनन प्रचालन शुरू होने की अपेक्षित तिथि 31.07.2024 है।
12.	श्यामसुंदरपुर भूमिगत (सर्पी इकाई सहित) (1.59 मि.टन प्रति वर्ष)	483.65	अप्रैल, 2020	मार्च, 2026	मार्च, 2026	वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2021-22: 0.645 मि.टन 2022-23: 0.661 मि.टन 2023-24: 0.720 मि.टन
13.	बोनजेमेहारी विस्तारित खुली खदान परियोजना (1.00 मि.टन प्रति वर्ष)	570.12	अगस्त, 2021	मार्च, 2026	मार्च, 2026	आउटसोर्सिंग द्वारा 44.41 लाख घनमीटन ओबी को हटाने के साथ 11.54 लाख टन कोयले के निष्कर्षण के लिए एक्ससेंट्रिक वाइब्रो रिपर का परिनियोजन के लिए 17.10.2022 को एलओए जारी किया गया। 30.11.2022 को कमीशन किया गया। वर्ष के दौरान प्राप्त उत्पादन 2022-23: 0.044 मि.टन 2023-24: 0.321 मि.टन
14	इटापाड़ा ओसीपी (3.50 मि.टन प्रति वर्ष)	ईसीएल अंश : 929.09	दिसंबर, 2023	मार्च, 2030	मार्च, 2030	मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट कंपनी को एमडीओ मोड में 08.05.2023 को एलओए जारी किया गया और 10.06.2023 को करार पर हस्ताक्षर किए गए। खनन परिचालन 10.09.2023 से शुरू हुआ। कोयला उत्पादन 20.12.2023 से शुरू हुआ। 2023-24: 0.172 मि.टन

प्रबंधकीय विवेचना व विश्लेषण प्रतिवेदन

एक आघात-सह अर्थव्यवस्था :



विभिन्न देशों की क्रय शक्ति समता (पीपीपी) (ट्रिलियन डॉलर यूएस में)

भारत की अर्थव्यवस्था क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के मामले में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद चीन ($35.29 ट्रिलियन) और संयुक्त राज्य अमेरिका ($28.78 ट्रिलियन) के पीछे $14.59 ट्रिलियन है। बाजार विनिमय दर पर, $3.942 ट्रिलियन का भारत का सकल घरेलू उत्पाद इसे दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पांचवें स्थान पर ले जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था का वित्तीय वर्ष 2023-24 में गत वर्ष के 7.00% की तुलना में 8.20% तक मामूली विस्तार हुआ है। भारतीय आर्थिक सुधार में उछाल बढ़ती मुद्रास्फीति, आपूर्ति शृंखला व्यवधानों, भू-राजनीतिक तनाव आदि से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रहा है, जो अनुमानित विकास दर को नीचे खींच रहा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति दर (खाद्य और ईंधन को छोड़कर) अर्थात् कोर मुद्रास्फीति और गैर-खाद्य मुद्रास्फीति दर उच्च बनी हुई है। पूरे वित्तीय वर्ष 2023-24 में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति दर भी दोहरे अंकों में थी, इसलिए जीडीपी अनुमानों को उच्च अपस्फीतिकारकों द्वारा शामिल किया गया है। अतः, अर्थव्यवस्था में निरंतर उच्च मुद्रास्फीति नीति निर्माताओं के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा, पिछले वर्षों में महामारी के दौरान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई थी, और अब भी बहुत नाजुक स्थिति में है। कई देशों के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध से बिगड़ती स्थिति बढ़ गई है, विशेष रूप से जो बाहर से ऊर्जा संसाधनों पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

यदि हम ऊर्जा की माँग को हाल की गर्मी की लहर द्वारा समर्थित आर्थिक विस्तार का बैरोमीटर मानते हैं, तो यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पीक पावर की मांग पिछले साल के पहले के उच्च स्तर को पार करते हुए 243 गीगावॉट को पार कर गई है, जो अर्थव्यवस्था में लचीलापन दिखाने के लिए पूर्व-कोविड स्तर से बहुत अधिक है, जहाँ बिजली की माँग कुल ऊर्जा माँग का एक बड़ा हिस्सा है। इस पृष्ठभूमि पर, यह ध्यान रखना प्रासंगिक है कि जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला भारत में बहुतायत में उपलब्ध है और राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 55% पूरा करता है। इसलिए जीविका के लिए कोयले की प्रासंगिकता को भारत में दूर नहीं किया जा सकता है।

विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों के अनुमान के अनुसार भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

पिछले दस वर्षों के दौरान ताप विद्युत परियोजनाओं को कोयले का प्रेषण और कोयले की खपत/उठान

(मात्रा एमटी में)

INFINITY BENCHMARK, 18TH FLOOR, ROOM NO. 105, STREET NO. 25, GP BLOCK, SECTOR-5,
BIDHANNAGAR, KOLKATA- 700091
Tel. +91 9867771580 • Email raveena@mehta-mehta.com • Visit Us www.mehta-mehta.com

(आ) भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार प्रतिषेध) विनियम, 2015;

(इ) भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनियम बोर्ड (पूँजी निर्गम और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2018 **(पुनर्विलोकन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं);**

(ई) भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनियम बोर्ड (अपरिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचियन) विनियम, 2021 **(पुनर्विलोकन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं);**

(उ) भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनियम बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी प्रसुविधाएँ और श्रमजन्य इक्विटी) विनियम, 2021 **(पुनर्विलोकन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं**);

(ऊ) कंपनी अधिनियम एवं ग्राहकों से संव्यवहार के संबंध में भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनियम बोर्ड (निर्गम रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता) विनियम, 1993 **(पुनर्विलोकन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं);**

(ऋ) भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनियम बोर्ड (इक्विटी शेयरों का असूचीबद्धता) विनियम, 2021 **(पुनर्विलोकन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं);**

(ऌ) भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनियम बोर्ड (प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद) विनियम, 2018 **(पुनर्विलोकन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं);**

हमने निम्नलिखित के लागू उपबंधों के अनुपालन की जाँच की है :

(i) भारतीय कंपनी सचिव संस्था द्वारा यथा निर्गत सचिवीय मानक ;

(ii) भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनियम बोर्ड (सूचिबद्ध बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 **(पुनर्विलोकन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं);**

(iii) कंपनी पर विशिष्टया लागू अन्य विधियाँ नामतः -

अ) कोयला खान अधिनियम, 1952

आ) भारतीय विस्फोटक अधिनियम, 1884

इ) कोलियरी नियंत्रण आदेश, 2000 तथा कोलियरी नियंत्रण आदेश, 2004

ई) कोयला खान विनियम, 2017

उ) वेतन भुगतान (खान) नियम, 1956

ऊ) कोयला खान पेंशन योजना, 1998

ऋ) कोयला खान (संरक्षण एवं विकास) अधिनियम, 1974

ऌ) खान व्यावसायिक प्रशिक्षण नियम, 1966

ऍ) खान क्रेच रूल्स, 1961

ऐ) खान बचाव नियम, 1985

ए) कोयला खान पिटहेड बाथ नियम, 1946

ऐ) मातृत्व लाभ (खान एवं सर्कस) नियम, 1963

ऑ) विस्फोटक नियम, 2008

HEAD. OFFICE : 201-206, Shiv Smriti, 2nd Floor, 44/A, Dr. Annie Besant Road, Above Corporation Bank, Worli, Mumbai-400 018
Tel. +91-22-6611 9696 • E-mail info@mehta-mehta.com • Visit us www.mehta-mehta.com

Mehta & Mehta
COMPANY SECRETARIES
INFINITY BENCHMARK, 18TH FLOOR, ROOM NO. 105, STREET NO. 25, GP BLOCK, SECTOR-5, BIDHANNAGAR, KOLKATA - 700091
Tel: +91 9867771580 • Email: raveena@mehta-mehta.com • Visit Us: www.mehta-mehta.com

ऒ) खनिज रियायत नियम, 1960

ओ) कोयला खान भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1948

औ) खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957

अं) असंवितरित मजदूरी (खान) भुगतान नियम, 1989

अः) भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 तथा भारतीय विद्युत नियम, 1956

अअ)पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा पर्यावरण संरक्षण नियम, 1986

आआ) परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016

इइ) जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा इसके अधीन निर्मित नियम

ईई) वायु (प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981

उउ) लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 तथा इसके अधीन निर्मित नियम

लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, कंपनी ने अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों इत्यादि के प्रावधानों का सामान्यतः अनुपालन किया है।

हम आगे प्रतिवेदित करते हैं कि

लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, कंपनी ने निम्न उल्लिखित सीमा को छोड़कर उपरि उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

1. <u>कंपनी के निदेशक मंडल की संरचना</u>

   पुनर्विलोकन अवधि के दौरान लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा निर्गत केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यम (सीपीएसई) के लिए निगमित सुशासन संबंधी डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.2 एवं अधिनियम की धारा 149(4) में यथा विचार के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या कंपनी के निदेशक मंडल में नहीं थी। चूंकि नियुक्ति कोयला मंत्रालय द्वारा की गई थी, इसलिए प्रबंधन द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए समय-समय पर कोयला मंत्रालय को अपेक्षित पत्र भेजे गए थे और उसकी प्रति इसकी धारक कंपनी को भी भेजी गई थी।

2. <u>कंपनी के निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति की संरचना</u>

   समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 तथा सीपीएसई के निगमित सुशासन के लिए लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के खंड 4.1.1 में यथाविचारित लेखापरीक्षा समिति में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

   हम आगे प्रतिवेदित करते हैं कि उपर्युक्त को छोड़कर लेखापरीक्षा अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में सभी परिवर्तन सीपीएसआई के लिए निगमित सुशासन पर अधिनियम और डीपीई दिशानिर्देशों के नानाविध प्रावधानों के उचित अनुपालन में किए गए थे।

   सभी निदेशकों को निदेशक मंडलीय / समिति बैठकों के नियत होने का यथायोग्य सूचना दिए जाते हैं, कार्यसूची एवं कार्यसूची की विस्तृत टिप्पणियाँ अग्रिम रूप से न्यूनातिन्यून सात दिवस पूर्व प्रेषित किए जाते हैं और अतिरिक्त सूचना व बैठक में प्रस्तुत कार्यसूची मद पर स्पष्टीकरण चाहने वाले एवं की अभिप्राप्ति के लिए तथा बैठक में बोधगम्य सहभागिता के लिए एक प्रणाली विद्यमान है।

HEAD. OFFICE : 201-206, Shiv Smriti, 2nd Floor, 49/A, Dr. Annie Besant Road, Above Corporation Bank, Worli, Mumbai-400 018
Tel: +91-22-6611 9696 • E-mail: info@mehta-mehta.com • Visit us: www.mehta-mehta.com

Mehta & Mehta

COMPANY SECRETARIES

INFINITY BENCHMARK, 18TH FLOOR, ROOM NO. 105, STREET NO. 25, GP BLOCK, SECTOR-5, BIDHANNAGAR, KOLKATA- 700091

Tel. +91 9867771580 • Email raveena@mehta-mehta.com • Visit Us www.mehta-mehta.com

बहुमत का विनिश्चय लिया जाता है, जबकि असहमति रखने वाले सदस्यों के विचारों को अभिग्रहण किया जाता है और कार्यवृत्त में यथा अंश दर्ज किया जाता है।

हम आगे यह भी प्रतिवेदित करते हैं कि प्रवृत्त विधियों, नियमों, विनियमों एवं मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुश्रवण एवं अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के क्षेत्र एवं संचालन के अनुरूप कंपनी में यथायोग्य प्रणाली एवं प्रक्रियाएँ विद्यमान हैं।

हम आगे यह भी प्रतिवेदित करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी के पास कोई विनिर्दिष्ट घटनाएँ नहीं थी, जिसका उपर्युक्त संदर्भित विधियाँ, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के मामलों पर बड़ा असर पड़ा।

मेहता एवं मेहता के लिए
कंपनी सचिव
(आईसीएसआई यूनिक कोड P1996MH007500)

रवीना दुगर अग्रवाल
साझेदार
एफसीएस सं. 51836
सीपी सं. 26055
यूडीआईएन :A051836F000533746
पीआर सं. 3686 / 2023

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 05.06.2024

टिप्पणी : इस प्रतिवेदन को सम तिथि के हमारे पत्र के साथ पढ़ा जाना है जिसे 'उपाबंध क' के रूप में संलग्न किया गया है और यह इस प्रतिवेदन का एक अभिन्न अंग है।

HEAD. OFFICE : 201-206, Shiv Smriti, 2nd Floor, 44/A, Dr. Annie Besant Road, Above Corporation Bank, Worli, Mumbai-400 018
Tel. +91-22-6611 9696 • E-mail info@mehta-mehta.com • Visit us www.mehta-mehta.com

उपाबंध - क

Mehta & Mehta
COMPANY SECRETARIES
INFINITY BENCHMARK, 18TH FLOOR, ROOM NO. 105, STREET NO. 25, GP BLOCK, SECTOR-5,
BIDHANNAGAR, KOLKATA 700091
Tel: +91 9867771580 • Email: raveena@mehta-mehta.com • Visit Us: www.mehta-mehta.com

सेवा में,
सदस्यगण,
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का कार्यालय,
सांकतोड़िया, पोस्ट- डिसेरगढ़,
जिला - पश्चिम बर्द्धमान
पिन – 713333, पश्चिम बंगाल

समतिथि की हमारी रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाना चाहिए।

1) सचिवालयिक अभिलेखों के अनुरक्षण का उत्तरदायित्व कंपनी प्रबंधन की है। हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवालयिक अभिलेखों पर एक अभिमत व्यक्त करना हमारा दायित्व है।
2) हमने लेखापरीक्षण पद्धतियों एवं प्रक्रियाओं का अनुगमन किया है जो सचिवालयिक अभिलेखों के अंतर्वस्तु की शुद्धता के बारे में युक्तियुक्त आश्वासन प्राप्त करने के लिए विनियोजित था। जांच आधारित सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन किया गया कि सही तथ्य सचिवालयिक अभिलेखों में प्रतिबिंबित होता है। हम विश्वास करते हैं कि प्रक्रियाएँ और पद्धतियाँ, हमने अनुगमन किया, हमारे अभिमत के लिए युक्तियुक्त आधार प्रदान किया।
3) हमने बहियों एवं कागजातों के अलावा कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और लेखा-बहियों की सत्यता एवं उपयुक्तता की पुष्टि नहीं की है।
4) जहाँ कहीं आवश्यकता हुआ, हमने विधियों, नियमों, विनियमों और घटनाओं के अनुपालन आदि के सबंध में प्रबंधन का अभ्यावेदन प्राप्त किया है।
5) निगमित विधियों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों इत्यादि के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारा परीक्षण जाँच आधारित प्रक्रिया के सत्यापन तक सीमित थी।
6) जहाँ तक फार्म एमआर-3 में हमारी सचिवालयिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में उल्लिखित प्रावधानों के अंतर्गत कंपनी द्वारा दायर बहियों, कागज पत्रों, प्रपत्रों, प्रतिवेदनों और विवरणियों का संबंध है, उक्त विनियमों की अपेक्षाओं की अनुषक्ति और अनुपालन प्रबंधन का दायित्व है। हमारी परीक्षा विभिन्न प्रपत्रों, प्रतिवेदन, विवरणियों और दस्तावेजों को दाखिल करने के निष्पादन और समयबद्धता की जाँच करने तक सीमित थी, जिन्हें कंपनी द्वारा उक्त नियमों के तहत विभिन्न प्राधिकरणों के साथ दायर करने की आवश्यकता है। हमने ऐसे प्रपत्रों, प्रतिवेदनों, विवरणियों और दस्तावेजों की सामग्री की शुद्धता और आवृत्त की पुष्टि नहीं की है।
7) सचिवालयिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी के भविष्यगत व्यवहार्यता के लिए एक आश्वासन है और न ही प्रभावकारिता या क्रियाशीलता का जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी मामलात को संचालित किया है।

मेहता एवं मेहता के लिए
कंपनी सचिव
(आईसीएसआई यूनिक कोड P1996MH007500)

रवीना दुगर अग्रवाल
साझेदार
एफसीएस सं. 51836
सीपी सं. 26055
यूडीआईएन: A051836F000533746
पीआर सं. 3686/2023

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 05.06.2024

HEAD. OFFICE : 201-206, Shiv Smriti, 2nd Floor, 49/A, Dr. Annie Besant Road, Above Corporation Bank, Worli, Mumbai-400 018
Tel.: +91-22-6611 9696 • E-mail: info@mehta-mehta.com • Visit us: www.mehta-mehta.com

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
Eastern Coalfields Limited
(कोल इंडिया की एक अनुषंगी)
(A Subsidiary of Coal India Limited)
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
(A Govt. of India Undertaking)
टेलीफैक्स: 0341-2520546
ई-मेल: companysecretary.ecl@coalindia.in

ईसीएल के सचिवालयिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2023-24 पर प्रबंधकीय प्रत्युत्तर

क्रम	संप्रेक्षण	प्रबंधकीय प्रत्युत्तर
1.	समीक्षाधीन अवधि के दौरान अधिनियम की धारा 149(4) तथा लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी केन्द्रीय सरकारी उद्यमों के लिए निगमित सुशासन संबंधी लोक उद्यम विभाग (सीपीएसई) के डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.2 में यथावभ्यास में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक कंपनी के बोर्ड में नहीं थे। चूंकि नियुक्ति कोयला मंत्रालय द्वारा की गई थी, इसलिए प्रबंधन द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए समय-समय पर कोयला मंत्रालय को अपेक्षित पत्र भेजे गए थे और उसकी प्रति इसकी धारक कंपनी को भी भेजी गई थी।	यह तथ्य का एक विवरण है। ईसीएल में निदेशकों की नियुक्ति कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जा रही है।
2.	समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 तथा सीपीएसई में निगमित सुशासन के लिए लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के खंड 4.1.1 में यथाविचारित लेखापरीक्षा समिति में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।	यह तथ्य का एक विवरण है। ईसीएल में निदेशकों की नियुक्ति कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जा रही है।

उपाबंध - IX

विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

(i) उत्पादनों, सेवाओं एवं निर्यात योजनाओं के लिए निर्यात संबंधित गतिविधियाँ, निर्यात संवृद्धि के लिए परिगृहीत पहलों, नए निर्यात बाजारों का विकास। : कंपनी निर्यात गतिविधियों में लगा हुआ नहीं है।

(ii) प्रयुक्त व अर्जित कुल विदेशी मुद्रा :

(₹ करोड़ में)

क्रम सं.	अभिवर्णन	2023-24	2022-23
(क)	**प्रयुक्त विदेशी मुद्रा :**		
	1. आयात का सीआईएफ मूल्य :		
	(आ) कच्चा माल	कुछ नहीं	कुछ नहीं
	(आ) संघटक, भण्डार एवं उपकरण	1.67	0.82
	(इ) पूँजीगत माल	कुछ नहीं	4.11
	2. यात्रा/प्रशिक्षण व्यय	0.18	0.08
	3. तकनीकी जानकारी पर व्यय और विदेशी सलाहकारी संस्था	कुछ नहीं	कुछ नहीं
	4. विदेशियों को पेंशन	कुछ नहीं	कुछ नहीं
	5. अन्य	7.79	1.28
	कुल	**9.64**	**6.29**
(ख)	**अर्जित विदेशी मुद्रा**	**कुछ नहीं**	**9.41**

तकनीक आमेलन के संबंध में विशिष्टियों का प्रकटन के लिए प्रपत्र

अनुसंधान एवं विकास (आ&डी)

1.	विशिष्ट क्षेत्र जिसमें कंपनी द्वारा आर&डी की गई	:	कंपनी का स्वयं का अनुसंधान व विकास संघटन नहीं है। सीएमपीडीआईएल, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की अनुषंगी कोल इंडिया लिमिटेड की समस्त अनुषंगियों के लिए अनुसंधान और विकास कार्य करता है।
2.	उपर्युक्त आर&डी के फलस्वरूप उद्भूत प्रसुविधाएँ	:	लागू नहीं
3.	भविष्यत् कार्ययोजना	:	लागू नहीं
4.	आर&डी पर व्यय	:	लागू नहीं
	(अ) पूँजीगत		-
	(आ) आवर्ती		-
	(इ) कुल		-
	कुल आर&डी व्यय यथा कुल कारबार का प्रतिशत	:	लागू नहीं

तकनीक आमेलन, अनुकूलन एवं नवाचार

1.	तकनीक आमेलन, अनुकूलन एवं नवाचार की दिशा में कृत, संक्षेप में, प्रयास	:	कुछ नहीं
2.	उपर्युक्त प्रयासों अर्थात् उत्पादन सुधार, लागत घटत, उत्पाद विकास, आयात प्रतिस्थापन, आदि के फलस्वरूप उद्भूत प्रसुविधाएँ	:	कुछ नहीं
3.	आयातित तकनीक (वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से संगणित अंतिम 5 वर्षों के दौरान आयातित) के मामले में, निम्नलिखित संसूचना प्रस्तुत किया जा सकता है :	:	कुछ नहीं
	(i) आयातित तकनीक	:	कुछ नहीं
	(ii) आयात का वर्ष	:	कुछ नहीं
	(iii) क्या तकनीक पूर्णतः आमेलित हो चुकी है?	:	कुछ नहीं
	(iv) यदि पूर्णतः आमेलित नहीं हुई है, क्षेत्र जहाँ यह परिगृहीत नहीं हुई है, इसके कारण और भविष्यत् कार्ययोजना	:	कुछ नहीं

उपाबंध - XI

स्वतंत्रता की घोषणा

सेवा में,
निदेशक मण्डल,
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड,
सांकतोड़िया, पश्चिम बर्द्धमान,
पश्चिम बंगाल 713333

विषय: कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उप-धारा (6) के अधीन स्वतंत्रता की घोषणा।

मैं, शिव नारायण पाण्डेय, एतद्वारा प्रमाणित करता हूँ कि मैं ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड सांकतोड़िया, पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल का एक स्वतंत्र निदेशक हूँ और कंपनी अधिनियम 2013 में यथा परिकल्पित स्वतंत्र निदेशक के समस्त मानदंडों का अनुपालन करता हूँ।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि

1. कंपनी में एक स्वतंत्र निदेशक होने के लिए सुसंगत विशेषज्ञता और अनुभव धारण करता हूँ;
2. मैं कंपनी या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी का संप्रवर्तक नहीं हूँ / था;
3. मैं कंपनी, इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी में निदेशक मण्डलीय स्तर या निदेशक मण्डल से निम्न स्तरीय पर प्रबंधन पद का अधियोग करने वाले संप्रवर्तकों/ निदेशकों/ व्यक्तियों से संबंध नहीं है;
4. निदेशकीय बैठक शुल्क प्राप्त करने के अतिरिक्त, मेरा दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों या वर्तमान वर्ष के दौरान कंपनी, इसके संप्रवर्तकों, इसके निदेशकों, इसके वरिष्ठ प्रबंधन या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी, या उनके संप्रवर्तकों या निदेशकों के साथ धनीय संबंध/ संव्यवहार नहीं है/ था।
5. मेरा कोई रिश्तेदार नहीं:
   i) पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी, इसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी की कोई सुरक्षा या हित धारण कर रहा है: बशर्ते कि रिश्तेदार पचास से अधिक अंकित मूल्य की कंपनी में सुरक्षा या हित रख सकता है लाख रुपये या दो फीसदी. कंपनी, उसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी की चुकता पूंजी या ऐसी उच्चतर राशि जो निर्धारित की जा सकती है;
   ii) कंपनी, उसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी या उनके प्रमोटरों, या निदेशकों का दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी समय 50 लाख की राशि से अधिक का ऋणी है;
   iii) कंपनी, उसकी होल्डिंग, सहायक या सहयोगी कंपनी या उनके प्रमोटरों, या ऐसी होल्डिंग कंपनी के निदेशकों को किसी तीसरे व्यक्ति की ऋणग्रस्तता के संबंध में दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी समय 50 लाख रुपये की राशि के लिए कोई गारंटी दी है या कोई सुरक्षा प्रदान की है; या
   iv) कंपनी, या इसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी, या उनके प्रमोटरों, या निदेशकों के साथ कोई अन्य आर्थिक लेनदेन या संबंध है, जो इसके सकल कारोबार या कुल आय का 2% या अधिक या रु दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 50 लाख या इतनी अधिक राशि जो निर्धारित की जा सकती है, जो भी कम हो;
6. ना तो मैं ना ही मेरा कोई रिश्तेदार :
   अ) वित्तीय वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती तीन किसी वित्तीय वर्षों में कंपनी या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी के पद धारण करता है या किया है या कर्मी/अधिशाषी है या रहा है;
   आ) वित्तीय वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती किसी भी तीन वित्तीय वर्षों में कर्मी या स्वत्वधारी या एक भागीदार है या रहा है;
      क. व्यवसाय में लेखापरीक्षकों या कंपनी सचिवों के एक फर्म या कंपनी या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी के लागत लेखापरीक्षकों; या
      ख. कोई विधिक या परामर्शी फर्म जिसका कंपनी, इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी के साथ ऐसे फार्म के सकल आवर्त का 10% या अधिक की कोटि का हो कोई संव्यवहार है या था;
   इ) कंपनी के कुल मत-शक्ति का 2% या अधिक मेरे रिशतेदारों के साथ धारण करता है; या
   ई) किसी अलाभकारी संगठन जो कंपनी, अपने किसी संप्रवर्तकों, निदेशकों या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी से इसकी प्राप्तियों का 25% या अधिक प्राप्त करता है या जो कंपनी के कुल मत-शक्ति का 2% या अधिक धारण करता है के मुख्य अधिशाषी या निदेशक, जिस किसी नाम से बुलाया जाता हो, है; या
7. मैं कंपनी का सामाग्री आपूर्तिकर्ता, सेवा प्रदाता या ग्राहक या एक पट्टाकर्ता या पट्टेदार नहीं हूँ।
8. मैं 21 वर्ष से कम उम्र का नहीं हूँ।

घोषणा

मैं वचन देता हूँ कि यदि और जहाँ तक मेरा कोई ऐसा संबंध/संव्यवहार, चाहे तात्त्विक हो या अतात्त्विक, मैं बोर्ड का पूर्व अनुमोदन चाहूँगा। यदि मैं ऐसा करने में असफल होता हूँ, मैं ऐसे संबंध/ संव्यवहारों में प्रवेश करने की तिथि से एक स्वतंत्र निदेशक होने के लिए स्थगन करूँगा। इसके अतिरिक्त, मैं एतदद्वारा घोषणा और पुष्ट करता हूँ कि यथा स्वतंत्रता की घोषणा की तिथि पर उपर्युक्त संसूचनाएँ सत्य हैं और मेरी जानकारी के अनुसार सही है और मैं इसकी शुद्धता का उत्तरदायित्व लेता हूँ और यदि भविष्य में वही दोषपूर्ण या गलत पाया जाता है कंपनी, इसके निदेशकों पर यदि कोई अधिरोपित जुर्माना के लिए दायी होऊंगा। मैं आगे उसे अद्यतन करने के लिए कंपनी को परिवर्तनों, यदि कोई हो, की तत्काल सूचना देने का भी वचन देता हूँ।

सधन्यवाद!

आपका विश्वासी,

नाम: श्री शिव नारायण पाण्डेय
डीआईएन: 09413672

तिथि: 06.04.2024
स्थान: जगदलपुर

स्वतंत्रता की घोषणा

सेवा में,
निदेशक मण्डल,
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड,
सांकतोड़िया, पश्चिम बर्द्धमान,
पश्चिम बंगाल 713333

विषय: **कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 149 की उप-धारा (6) के अधीन स्वतंत्रता की घोषणा।**

मैं, शिव तपस्या पासवान, एतद्वारा प्रमाणित करता हूँ कि मैं ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड सांकतोड़िया, पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल का एक स्वतंत्र निदेशक हूँ और कंपनी अधिनियम 2013 में यथा परिकल्पित स्वतंत्र निदेशक के समस्त मानदंडों का अनुपालन करता हूँ।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि

1. कंपनी में एक स्वतंत्र निदेशक होने के लिए सुसंगत विशेषज्ञता और अनुभव धारण करता हूँ;
2. मैं कंपनी या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी का संप्रवर्तक नहीं हूँ / था;
3. मैं कंपनी, इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी में निदेशक मण्डलीय स्तर या निदेशक मण्डल से निम्न स्तरीय पर प्रबंधन पद का अधियोग करने वाले संप्रवर्तकों/ निदेशकों/ व्यक्तियों से संबंध नहीं है;
4. निदेशकीय बैठक शुल्क प्राप्त करने के अतिरिक्त, मेरा दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों या वर्तमान वर्ष के दौरान कंपनी, इसके संप्रवर्तकों, इसके निदेशकों, इसके वरिष्ठ प्रबंधन या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी, या उनके संप्रवर्तकों या निदेशकों के साथ धनीय संबंध/ संव्यवहार नहीं है/ था।
5. मेरा कोई रिश्तेदार नहीं:
   i) पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी, इसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी की कोई सुरक्षा या हित धारण कर रहा है: बशर्ते कि रिश्तेदार पचास से अधिक अंकित मूल्य की कंपनी में सुरक्षा या हित रख सकता है लाख रुपये या दो फीसदी. कंपनी, उसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी की चुकता पूंजी या ऐसी उच्चतर राशि जो निर्धारित की जा सकती है;
   ii) कंपनी, उसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी या उनके प्रमोटरों, या निदेशकों का दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी समय 50 लाख की राशि से अधिक का ऋणी है;
   iii) कंपनी, उसकी होल्डिंग, सहायक या सहयोगी कंपनी या उनके प्रमोटरों, या ऐसी होल्डिंग कंपनी के निदेशकों को किसी तीसरे व्यक्ति की ऋणग्रस्तता के संबंध में दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी समय 50 लाख रुपये की राशि के लिए कोई गारंटी दी है या कोई सुरक्षा प्रदान की है; या
   iv) कंपनी, या इसकी होल्डिंग, सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी, या उनके प्रमोटरों, या निदेशकों के साथ कोई अन्य आर्थिक लेनदेन या संबंध है, जो इसके सकल कारोबार या कुल आय का 2% या अधिक या रु। दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 50 लाख या इतनी अधिक राशि जो निर्धारित की जा सकती है, जो भी कम हो;
6. ना तो मैं ना ही मेरा कोई रिश्तेदार :
   i) वित्तीय वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती तीन किसी वित्तीय वर्षों में कंपनी या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी के पद धारण करता है या किया है या कर्मी/अधिशाषी है या रहा है;
   ii) वित्तीय वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती किसी भी तीन वित्तीय वर्षों में कर्मी या स्वत्वधारी या एक भागीदार है या रहा है;
      अ) व्यवसाय में लेखापरीक्षकों या कंपनी सचिवों के एक फर्म या कंपनी या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी के लागत लेखापरीक्षकों; या
      आ) कोई विधिक या परामर्शी फर्म जिसका कंपनी, इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी के साथ ऐसे फार्म के सकल आवर्त का 10% या अधिक की कोटि का हो कोई संव्यवहार है या था;
   iii) कंपनी के कुल मत-शक्ति का 2% या अधिक मेरे रिशतेदारों के साथ धारण करता है; या
   iv) किसी अलाभकारी संगठन जो कंपनी, अपने किसी संप्रवर्तकों, निदेशकों या इसके नियंत्रक, अनुषंगी या सहयुक्त कंपनी से इसकी प्राप्तियों का 25% या अधिक प्राप्त करता है या जो कंपनी के कुल मत-शक्ति का 2% या अधिक धारण करता है के मुख्य अधिशाषी या निदेशक, जिस किसी नाम से बुलाया जाता हो, है; या
7. मैं कंपनी का सामाग्री आपूर्तिकर्ता, सेवा प्रदाता या ग्राहक या एक पट्टाकर्ता या पट्टेदार नहीं हूँ।
8. मैं 21 वर्ष से कम उम्र का नहीं हूँ।

घोषणा

मैं वचन देता हूँ कि यदि और जहाँ तक मेरा कोई ऐसा संबंध/संव्यवहार, चाहे तात्त्विक हो या अतात्त्विक, मैं बोर्ड का पूर्व अनुमोदन चाहूँगा। यदि मैं ऐसा करने में असफल होता हूँ, मैं ऐसे संबंध/ संव्यवहारों में प्रवेश करने की तिथि से एक स्वतंत्र निदेशक होने के लिए स्थगन करूँगा। इसके अतिरिक्त, मैं एतदद्वारा घोषणा और पुष्ट करता हूँ कि यथा स्वतंत्रता की घोषणा की तिथि पर उपर्युक्त संसूचनाएँ सत्य हैं और मेरी जानकारी के अनुसार सही है और मैं इसकी शुद्धता का उत्तरदायित्व लेता हूँ और यदि भविष्य में वही दोषपूर्ण या गलत पाया जाता है कंपनी, इसके निदेशकों पर यदि कोई अधिरोपित जुर्माना के लिए दायी होऊंगा। मैं आगे उसे अद्यतन करने के लिए कंपनी को परिवर्तनों, यदि कोई हो, की तत्काल सूचना देने का भी वचन देता हूँ।

सधन्यवाद!

आपका विश्वासी,

नाम: श्री शिव तपस्या पासवान

डीआईएन: 09414240

तिथि: 06.04.2024

स्थान: बाबुरी

उपाबंध-XII

वर्ष 2023-24 के लिए सहमति ज्ञापन लक्ष्य की प्राप्ति की प्रास्थिति

क्रम	निष्पादन मानदण्ड	मापन की इकाई	वर्ष के लिए लक्ष्य	प्राप्ति
1.	परिचालन से राजस्व	₹ करोड़	18,600.00	14,559.14
2.	कोयले का उत्पादन	मि.टन	53.00	47.56
3.	पूँजीगत व्यय	₹ करोड़	1,250.00	1,461.34
4.	राजस्व के प्रतिशत के रूप में ईबीआईटीडीए	%	11%	6.81%
5.	निवल मालियत पर प्रतिलाभ	%	47%	8.68%
6.	आस्ति आवर्त अनुपात	%	109%	84.74%
7.	अनुमोदित अधिप्राप्ति योजना के अनुसार GeM से अधिप्राप्ति	%	100%	100%
8.	परिचालन से राजस्व दिवसों की संख्या के रूप में व्यवसाय प्राप्य	दिवस की संख्या	30	28.77
9.	सौर ऊर्जा संयंत्र की कमीशनिंग	मेगावाट	5	0.0853
10.	विनिर्दिष्ट समय के भीतर TReDS पोर्टल के माध्यम से माल और सेवाओं के चालान की स्वीकृति / अस्वीकृति	%	100%	60%
11.	अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस)	₹	300.00	58.93

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सदस्यों को

एकल वित्तीय विवरणी पर प्रतिवेदन

राय

हमने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ("कंपनी") (इसके पश्चात "ईसीएल") के एकल वित्तीय विवरणी का लेखपरीक्षा किया है, जिसमें 31 मार्च, 2024 तक की तुलन-पत्र और लाभ-हानि विवरणी (अन्य व्यापक आय सहित), तब समाप्त वर्ष के लिए साम्या में परिवर्तनों का विवरणी एवं नकदी प्रवाह विवरणी, और तात्त्विक लेखांकन नीतियों एवं अन्य व्याख्यात्मक संसूचना (इसके पश्चात् यथा "एकल वित्तीय विवरणी" संदर्भित) का सारांश सहित समाविष्ट हैं जो (1) उखड़ा क्षेत्रीय कर्मशाला; (2) झांझरा क्षेत्र; (3) केन्दा क्षेत्र; (4) बांकोला क्षेत्र; (5) सोनपुर बजारी क्षेत्र; (6) बराकर इंजीनियरिंग और फाउंड्री वर्क्स; (7) मुगमा क्षेत्रीय कर्मशाला; (8) मुगमा क्षेत्र; (9) सोदपुर केन्द्रीय कर्मशाला; (10) रतिबाटी कर्मशाला; (11) सतग्राम-श्रीपुर क्षेत्र; (12) सोदपुर क्षेत्र; (13) पोनियाटी कर्मशाला; (14) कजोड़ा क्षेत्र; (15) कुनुस्तोड़िया क्षेत्र; (16) एस.पी. माइन्स क्षेत्र; (17) राजमहल क्षेत्र; और (18) पांडवेश्वर क्षेत्र के वित्तीय विवरणियों से समाविष्ट, घटक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित उस तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए 18 घटकों की विवरणियाँ समाविष्ट हैं।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम संसूचना के अनुसार तथा हमें प्रस्तुत स्पष्टीकरण के तहत, संलग्न वित्तीय विवरणी कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") द्वारा अभीष्ट संसूचना अपेक्षित रीति से 31 मार्च, 2024 को यथा कंपनी के कार्यकलाप की स्थिति और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय, साम्या में परिवर्तन और उसके नकदी प्रवाह सहित उसके लाभ का विवरण प्रदान करता है तथा भारत में सामान्यतया स्वीकृत अधिनियम की धारा 133 के साथ पठित भारतीय लेखा मानक कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, ("भा.ले.मा.") और अन्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और ऋजु चित्र प्रस्तुत करता है।

राय के लिए आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अधीन विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा पर मानकों (एसए) के अनुसार अपने वित्तीय विवरणियों का लेखापरीक्षा किया। उन मानकों के अधीन हमारे उत्तरदायित्वों को आगे हमारे प्रतिवेदन के एकल वित्तीय विवरणी अनुभाग की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्वों में वर्णित किया गया है। हम कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ-साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक उत्तरदायित्वों को पूर्ण किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य वित्तीय विवरणियों पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

विषयों का प्रबलन

हम निम्नलिखित पर ध्यान आकर्षित करते हैं:-

1. हम वित्तीय विवरणियों के उपयोगकर्ताओं का ध्यान टिप्पणी संख्या 16 (5) (के) की ओर आकर्षित करते हैं, जहाँ कंपनी ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान विपट्टन गतिविधि लेखांकन नीति में बदलाव के कारण 22-23 के यथापूर्व वित्तीय विवरण में ₹486.47 करोड़ की अन्य साम्या, ₹834.74 करोड़ की संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर और ₹348.27 करोड़ रुपये के अप्रचलित प्रावधान को मान्यता दी है। तुलनात्मक अवधि (01.04.2022) की आरंभिक तिथि को प्रभाव ₹579.09 करोड़ की राशि के लिए अप्रचलित प्रावधान में संबंधित क्रेडिट के साथ संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर को नामे डाला / विकलित किया गया था। प्रबंधन ने आस्थगित करों की गणना करते समय इस पर विचार किया है।

2. हम आपका ध्यान वित्तीय विवरणी के टिप्पणी 6.2.3 की ओर आकर्षित करते हैं जहाँ झारखंड राज्य में निविष्टि कर जमा के महत्वपूर्ण संचय के कारण निविष्टि सामग्री/सेवाओं पर भुगतान किए गए जीएसटी से संबंधित ₹526.14 करोड़ का निविष्टि कर जमा प्राप्य है, जिसका उपयोग उत्पादन (आउटपुट) पर जीएसटी के प्रतिकूल किया जाएगा।

3. हम आपका ध्यान वित्तीय विवरणी के टिप्पणी 10.2.1 की ओर आकर्षित करते हैं कि कोयला धारक भूमिक पर उपकर के भुगतान के रूप में उपकर समानीकरण खाते के अंतर्गत ₹2331.42 करोड़ यथा देयता पड़े हैं जो प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल को प्रचलित दर से मूल्यवान गत दो वर्षों का औसत उत्पादन पर आधारित है तथा ग्राहकों से प्राप्त इस राशि की वसूली पिछले वित्तीय वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार कोयले पर प्रचलित बिक्री मूल्य को ध्यान में रखते हुए कोयले के प्रेषण के मूल्य पर आधारित होती है।

   इन मामले के संबंध में हमारी राय में कोई उपांतर नहीं किया गया है।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणियों के हमारे लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्र रूप से वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में संबोधित किया गया था, और उस पर हमारी राय बनाने में, और हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने नीचे वर्णित मामलों को हमारी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है।

क्र.सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा मामले	प्रधान लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ
1	**विपट्टन गतिविधि व्यय या समायोजन** खुली खदान खनन के मामले में, कोयले तक पहुँच तथा इसके निष्कर्षण के लिए खदान अपशिष्ट सामग्रियाँ ("उपरिभार") जो कोयले सीम के शीर्ष पर मृदा और शैल के रूप में होती है को अपसारित करने की आवश्यकता होती है। इस अपशिष्ट हटाव गतिविधि को यथा 'विपट्टन' माना जाता है। खुली खदानों में, कंपनी को खान के सक्रिय प्रयोज्यता / जीवन्तता पर ऐसे व्यय उपगत करना पड़ता है। **पूर्व लेखांकन नीति** एक मिलियन टन प्रति वर्ष और उससे अधिक की निर्धारित क्षमता वाली खानों में विपट्टन गतिविधि लागत में दो घटक अर्थात अग्रिम विपट्टन और अनुपात अंतर सम्मिलित हैं। अग्रिम विपट्टन को भौतिक माप के आधार पर यथा चालू आस्ति अवधारित की गई थी। अनुपात अंतर को मानक अनुपात के आधार पर परियोजना की अवधि के दौरान समान रूप से ओबीआर लागत को विस्तारण के लिए यथा अप्रचलित प्रावधान अवधारित की गई है। उपर्युक्त लेखांकन नीति को कंपनी द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (धारक / नियंत्रक कंपनी) से प्राप्त निर्देशों के अनुसार बदल दिया गया था और इस तरह 31 मार्च 2023 और 1 अप्रैल 2022 (पूर्ववर्ती अवधि के आरंभ) के अनुसार इसके तुलन-पत्र और भा.ले.मा. 8 के अनुसार 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि की विवरणी और नकदी प्रवाह की विवरणी को पूर्वव्यापी रूप से पुनःस्थापित किया गया था। विपट्टन गतिविधि समायोजन के लिए नई अपनाई गई तात्त्विक लेखांकन नीति इस प्रकार है: **विकास चरण के दौरान विपट्टन लागते** ये निकाले जाने वाले कोयले तक पहुंच प्राप्त करने के लिए किए गए प्रारंभिक उपरिभार हटाव की लागत हैं। इन लागतों को पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभव होता है कि भविष्य के आर्थिक लाभ समूह में प्रवाहित होंगे और लागत को मज़बूती से मापा जा सकता है। एक बार उत्पादन चरण शुरू होने के बाद, पूंजीकृत विकास विपट्टन लागत खदान के जीवन पर परिशोधित हो जाती है। **उत्पादन चरण के दौरान विपट्टन लागते** ये समूह की नीति के अनुसार खदान को राजस्व में लाने के उपरांत किए गए ओवरबर्डन हटाव की लागत है। उत्पादन चरण के दौरान लागत को अलग करने से दो लाभ हो सकते हैं, वर्तमान अवधि में कोयले के निष्कर्षण और कोयले तक बेहतर पहुंच जो भविष्य की अवधि में निष्कर्षित जाएगी। उत्पादन चरण के दौरान विपट्टन लागत को उत्पादित वस्तुसूची और विपट्टन गतिविधि आस्ति के मध्य एक मानक पट्टी अनुपात (उपरिभार-से-कोयला) का उपयोग करके आवंटित किया जाता है। मानक पट्टी अनुपात खान के जीवन पर निकाले जाने वाले कुल कोयले के प्रतिकूल खदान के जीवन पर हटाए जाने वाले उपरिभार की कुल मात्रा है। जब हटाए गए उपरिभार की वास्तविक मात्रा उपरिभार हटाव की अपेक्षित मात्रा से अधिक होती है, तो अपेक्षित उपरिभार हटाव पर हटाए गए अतिरिक्त उपरिभार के लिए विपट्टन लागत को विपट्टन गतिविधि आस्ति के लिए पूंजीकृत किया जाता है। विपट्टन गतिविधि आस्ति खदान के जीवन पर परिशोधन है। **पुनर्कथन की तिथि पर प्रभाव :** तुलनात्मक अवधि के उद्घाटन के रूप में विपट्टन गतिविधि आस्ति की वहन राशि को यथा अप्रचलित विपट्टन गतिविधि आस्ति अवधारित की गई थी, जिसे भा.ले.मा. 16 के उपाबंध ख के अनुसार खदान के शेष जीवन में परिशोधन किया जाना है। तुलनात्मक अवधि के आरंभ में दिखाई देने वाली अनुपात अंतर आरक्षित की वहन राशि को व्यवस्थित तरीके से प्रतिवर्तित कर दिया जाएगा जब भी संबंधित खानों के संदर्भ में प्रावधान के उत्क्रमण / प्रतिवर्ती की स्थिति उत्पन्न होगी। तुलन-पत्र, लाभ-हानि विवरणी तथा वित्तीय विवरणी के टिप्पणी 16(5)(ट) में संदर्भित है।	अ) खानवार विपट्टन व्यय समायोजन के लिए, हमने संबंधित शाखा लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर भरोसा किया है जिसके तहत उपयुक्त खानें स्थित थीं। आ) विपट्टन समायोजन के कार्य डेटा प्राप्त किए और परीक्षण की जांच की कि सामग्री लेखा नीति का अनुपालन करने वाले वित्तीय विवरणी में पुनर्कथन का प्रभाव प्रदान किया गया है। इ) जाँच की गई कि वर्ष के दौरान सही रीति से उपरिभार के लिए आबंटित राशि एवं निष्कर्षित उपरिभार परिमाण के आधार पर अनुपात अंतर संगणना की जाती है। ई) निष्पादित विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और संव्यय की उचितता के लिए विवरण का परीक्षण विपट्टन गतिविधि समायोजन संगणना माना जाता है। *निष्पादित उपर्युक्त प्रक्रियाओं के आधार पर, हमने देखा कि विपट्टन गतिविधि आस्तियों और अनुपात अंतर आरक्षित को अलग करने में गत तुलनात्मक अवधि (01.04.2022) की पहली तिथि से परे परिवर्तन का संचयी प्रभाव वित्तीय विवरणी में प्रदान नहीं किया गया था क्योंकि प्रबंधन ने इसे अव्यवहारिक माना था।*

क्र.सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा मामले	प्रधान लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ
2	**उपभोक्ताओं संग संविदाओं से राजस्व**	
	राजस्व लेखांकन मानक के अभ्यावेदन में वर्ष के दौरान विशिष्ट कार्य-निष्पादन दायित्वों का परिलक्षण, परिलक्षित कार्य-निष्पादन दायित्वों के लेन-देन मूल्य का अवधारण, निर्धारित राजस्व को मापन के लिए प्रयुक्ति आधार की उपयुक्तता से संबंधित कतिपय प्रमुख निर्णय सम्मिलित है। राजस्व निर्धारण की सटीकता और कोयला गुणवत्ता के लिए समायोजन के संबंध में एकल वित्तीय विवरणियों में महत्वपूर्ण अनुमान सम्मिलित हैं। किसी विशेष संविदा में कंपनी द्वारा निर्धारण प्राप्त राजस्व संबंधित ग्राहक के लिए ई-नीलामी में बिक्री करार / आवंटन पर निर्भर है। अंतरित कोयले के ग्रेड बेमेल/ स्लिपेज के कारण लेन-देन मूल्य में बाद में समायोजन किए जाते हैं। संविदा मूल्य में अंतर, यदि संविदा के पक्षकारों के बीच पारस्परिक रूप से निपटाया नहीं जाता है, को तृतीय पक्ष/रेफरी परीक्षण के लिए भेजा जाता है और कंपनी ऐसे विवाद के निपटान तक राजस्व निर्धारण के लिए अपेक्षित समायोजनों का अनुमान लगाती है। राजस्व में ऐसे समायोजन ऐतिहासिक प्रवृत्ति के आधार पर अनुमानित आधार पर किए जाते हैं।	हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं, जिनके आधार पर हम ग्राहकों से संविदाओं से राजस्व के निर्धारण के बारे में तर्कसंगतता के संबंध में निष्कर्ष पर पहुंचे, में निम्नलिखित सम्मिलित हैं: 1. हमने कंपनी के राजस्व निर्धारण और प्रक्रिया में अनुमानित समायोजन की उपयुक्तता के संबंध में भा.ले.मा. 115 के प्रावधानों की प्रयोज्यता का आकलन किया है। 2. हमने प्रतिदर्श आधार पर लेनदेन का चयन किया है और संविदा की शर्तों के संबंध में ग्रेड बेमेल / स्लिपेज, निष्पादन दायित्व की संतुष्टि का मूल्यांकन लेनदेन मूल्य में भिन्नता के कारण राजस्व में समायोजन की जांच करने से संबंधित विवादों से जुड़े संविदाओं की पहचान के लिए परीक्षण किया है। 3. हमने प्रतिफल के अनुमान के आधार को स्थापित करने के लिए और क्या ऐसे अनुमान कंपनी की लेखांकन नीति के अनुरूप हैं परीक्षण किए हैं। 4. हमने संबंधित एफएसए और कोल इंडिया लिमिटेड से इस संबंध में प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रबंधन द्वारा अनुमानित प्रदर्शन प्रोत्साहन और मुआवजे की गणना की जांच की है। *परीक्षण जांच के आधार पर की गई उपर्युक्त प्रक्रियाओं के आधार पर, हमने पाया कि बिना बिल वाले राजस्व के निर्धारण के लिए लागू प्रबंधन का अनुमान और निर्णय सीआईएल के निर्देशों और एफएसए के अनुरूप है जैसा कि प्रबंधन द्वारा परिस्थितियों के लिए उपयुक्त माना जाता है और उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित है। बिना बिल न किए गए राजस्व की अनुमानित राशि बदली हुई परिस्थितियों में भिन्न हो सकती है।*
3	**कर्मचारियों के लिए परिभाषित प्रसुविधा दायित्व का मूल्यांकन**	
	परिभाषित प्रसुविधा योजनाओं के लिए लेखांकन बीमांकिक प्राक्धारणाओं पर आधारित है, जिसके लिए दायित्व को मापने, नियोजित आस्तियों का मूल्यांकन करने और संबंधित बीमांकिक लाभ या हानि की संगणना की आवश्यकता होती है। दायित्व पर पहुंचने के लिए भविष्य के सभी नकदी प्रवाह को वर्तमान मूल्य पर भुनाई गई। बट्टा दरों, मुद्रास्फीति दरों, वेतन में वृद्धि और मृत्यु दर सहित महत्वपूर्ण अनुमान कंपनी के परिभाषित प्रसुविधा दायित्वों का मूल्यांकन करने में किए जाते हैं। कंपनी उचित प्राक्धारणाओं का चयन करने और दायित्वों की संगणना में उनकी सहायता के लिए बाह्य बीमांकिक विशेषज्ञ को संलग्न करती है। इन मामलों का प्रभाव जोखिम निर्धारण का एक हिस्सा है और परिभाषित प्रसुविधा दायित्वों के मूल्यांकन में उच्च स्तर का अनुमान है क्योंकि यह प्राक्धारणाओं पर आधारित है। (वित्तीय विवरणियों की अतिरिक्त टिप्पणियाँ 16(3) में संदर्भित हैं।)	हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं, जिनके आधार पर हम कर्मियों के लिए परिभाषित लाभ दायित्वों के मूल्यांकन की तर्कसंगतता के बारे में निष्कर्ष पर पहुंचे, में निम्नलिखित सम्मिलित हैं: लागू मार्गदर्शन टिप्पणी के अनुसार लागू प्रमुख मान्यताओं (छूट दर, मुद्रास्फीति दर, मृत्यु दर) का मूल्यांकन किया। 1. कंपनी के बीमांकिक विशेषज्ञ की क्षमता, स्वतंत्रता और अखंडता का आकलन किया। 2. बीमांकिक मान्यताओं की समीक्षा और अनुमोदन पर नियंत्रण, बाहरी बीमांकिक को प्रदान किए गए डेटा की पूर्णता और सटीकता, और विशेषज्ञ की गणना में उपयोग किए गए डेटा के सामंजस्य का परीक्षण किया गया था।

क्र.सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा मामले	प्रधान लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ
		3. परिभाषित लाभ योजना के कारण अर्जित देयता के बारे में प्रबंधन के साथ चर्चा की और व्यवसाय को समझने और मूल्यांकन किया कि क्या मान्यताओं में कोई असंगति थी। 4. टिप्पणियों में भा.ले.मा. 19 के अनुसार कंपनी के प्रकटीकरण की पर्याप्तता सत्यापित है। सम्मिलित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमने देखा कि मूल्यांकन के संबंध में प्रबंधन द्वारा की गई धारणाएं उपलब्ध साक्ष्य द्वारा समर्थित थीं। *निष्पादित उपर्युक्त प्रक्रियाओं के आधार पर, कर्मियों के लिए परिभाषित लाभ दायित्वों के मूल्यांकन के बारे में अनुमान को पर्याप्त और उचित माना गया है।*
4	**प्रावधानों एवं आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन** कंपनी विभिन्न मंचों पर कंपनी के प्रतिकूल विवाद के तहत कराधान, खनन, स्थानीय, राज्य लेवी से संबंधित मामलों में अनिश्चित पदों के संपर्क में है, जिसमें समाधान के लिए शामिल समय अवधि और वित्तीय विवरणियों पर इसके संभावित प्रभाव का आकलन करने में महत्वपूर्ण निर्णय सम्मिलित है। आकस्मिक देयताओं के संबंध में प्रबंधन के प्रकटित एकल वित्तीय विवरणियों के अतिरिक्त टिप्पणियों के टिप्पणी सं. 16 (4) में प्रस्तुत किए गए हैं। मुकदमों से जुड़े जोखिमों का आकलन जटिल मान्यताओं पर आधारित है। इसमें प्रावधान के स्तर को स्थापित करने के लिए प्रबंधन निर्णय की महत्वपूर्ण डिग्री शामिल है, जोखिम को बढ़ाता है कि प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं को उचित रूप से प्रदान नहीं किया जा सकता है या पर्याप्त रूप से प्रकटन नहीं किया जा सकता है। तदनुसार, इस मामले को एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामला माना जाता है।	मुकदमों और आकस्मिक देयताओं की पर्याप्त समझ प्राप्त करने के लिए, हमने कंपनी के कानूनी और वित्त विभागों के साथ विभिन्न चर्चाओं के माध्यम से ऐसे प्रावधानों के लिए प्रबंधन द्वारा कार्यान्वित पहचान की प्रक्रिया पर चर्चा की है। हम कंपनी की कानूनी और वित्त टीम द्वारा प्रदान किए गए मुकदमेबाजी मामलों का सारांश पढ़ते हैं। हम, जहां लागू हो, कंपनी द्वारा मांगी गई बाहरी कानूनी या नियामक सलाह को पढ़ते हैं। हमने कंपनी की कानूनी और वित्त टीम के साथ रिपोर्ट में उल्लिखित कुछ वास्तविक मामलों के बारे में चर्चा की ताकि कंपनी की संभावना, परिमाण और किसी भी देयता के लेखांकन का आकलन किया जा सके। उपर्युक्त के प्रकाश में, हमने आकस्मिक देयता के रूप में प्रकट की गई राशि की समीक्षा की और एकल वित्तीय विवरणियों में प्रकटीकरण की पर्याप्तता का आकलन करने के लिए अपने पेशेवर निर्णय का प्रयोग किया। *निष्पादित उपर्युक्त प्रक्रियाओं के आधार पर, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं के मूल्यांकन के बारे में अनुमान पर्याप्त और उचित रहे हैं।*

वित्तीय विवरणी से भिन्न संसूचना एवं उसपर लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन

कंपनी के निदेशक मंडल अन्य संसूचनाओं की निर्मिति के लिए उत्तरदायी है। अन्य संसूचनाओं में निदेशकगण का प्रतिवेदन, निगमित सामाजित दायित्व प्रतिवेदन, अनुसंधान व विकास और निगमित सुशासन पर प्रतिवेदन तथा प्रबंधकीय विवेचना एवं विश्लेषण प्रतिवेदन के प्रतिवेदन के उपाबंधों सहित निदेशकगणों के प्रतिवदेन में सम्मिलित संसूचनाएँ समाविष्ट होती है। जब हमें निदेशक मण्डल के प्रतिवेदन के साथ उपाबंधों, सीएसआर प्रतिवेदन, अनुसंधान व विकास और निगमित सुशासन पर प्रतिवेदन तथा प्रबंधकीय विवेचना एवं विश्लेषण प्रतिवेदन सहति निदेशक मण्डल का प्रतिवेदन उपलब्ध करायी जाती है और हम इसे पढ़ते हैं, यदि हम यह निश्चित करते हैं कि इसमें कोई तत्व अयथार्थ कथन है, तो हमें इस विषय को सुशासन के भारितों तक संसूचित करना आवश्यक है और प्रवृत्त विधियों एवं विनियमों में लागू कार्रवाइयों का वर्णन करना होगा।

वित्तीय विवरणी पर हमारी राय में अन्य संसूचना समाविष्ट नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करेंगे। वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा के संसंग में, हमारा उत्तरदायित्व ऊपर पहचानी गई अन्य संसूचना को पढ़ने की है जब यह उपलब्ध हो जाती है और, ऐसा करने में, इस बात पर विचार करतें हैं कि क्या अन्य संसूचना वित्तीय विवरणी के साथ तत्वतः असंगत है या लेखापरीक्षा में प्राप्त हमारी संसूचना या अन्यथा तत्वतः मिथ्या कथन करती प्रतीत होती है।

प्रबंधन के दायित्वों और एकल वित्तीय विवरणियों के लिए सुशासन के साथ प्रभारित

कंपनी का निदेशक मण्डल इन एकल वित्तीय विवरणियों की निर्मिति से संबंधित कंपनी अधिनियम ("अधिनियम") की धारा 134(5) में विवरणित विषयों के लिए उत्तरदायी है जो कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (यथा संशोधित) के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अधीन विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों (भा.ले.मा.) सहित, भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय निष्पादन, वित्तीय स्थिति का सही और ऋजु चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस उत्तरदायित्व में कंपनी की आस्तियों की संरक्षा के लिए और कपट एवं अन्य विसंगतियों की रोकथाम एवं पता लगाने के लिए तथा समुचित लेखांकन नीतियों के चयन एवं अनुप्रयोग; निर्णयों या अनुमानों जो युक्तियुक्त और प्रज्ञायुक्त हो लेने या लगाने; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के अभिकल्प, कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण, जो लेखांकन अभिलेखों की निश्चितता एवं पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशीलता से परिचालित किया जा रहा था, वित्तीय विवरणियों जो सही और ऋजु चित्र प्रस्तुत करता है और तात्विक अयथार्थ कथन से मुक्त है, चाहे कपट या त्रुटि के कारण हो, के निर्मिति एवं प्रस्तुतिकरण को सुसंगत करने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के अनुरक्षण भी समाविष्ट है।

वित्तीय विवरणी निर्मिति में, प्रबंधन यथा चालू समुत्थान रखने की कंपनी की क्षमता का मूल्यांकन करने, चालू समुत्थान, यथा लागू हो, संबंधित विषयों को प्रकटन करने और लेखांकन के चालू समुत्थान आधारित उपयोग करने के लिए उत्तरदायी है जब तक कि निदेशक मंडल या तो कंपनी को परिसमापन करने या परिचालन बंद करने का इरादा नहीं रखता है, या ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प नहीं है।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय प्रतिवेदिति प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए भी उत्तरदायी है।

वित्तीय विवरणी के लेखापरीक्षा के लिए लेखपरीक्षकों का दायित्व

हमारा उद्देश्य इस बाबत युक्तियुक्त आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से एकल वित्तीय विवरणी तात्विक अयथार्थ कथन से मुक्त हैं, चाहे वह कपट या त्रुटि के कारण हो, और एक लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन जिसमें हमारी राय समाविष्ट है निर्गत करना है। युक्तियुक्त आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह प्रत्याभूत नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुसार आयोजित लेखापरीक्षा सदैव तात्विक अयथार्थ कथन जब वह विद्यमान हो का पता लगाएगा। अयथार्थ कथन कपट या त्रुटि से उद्भूत हो सकते हैं और उन्हें तात्विक प्रतिफलित किया जाता है यदि, व्यष्टि रूप से या समग्र रूप से, इन एकल वित्तीय विवरणियों के आधार पर परिगृहीत उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की युक्तियुक्त रूप से प्रत्याशा की जा सकती है।

अधिनियम की धारा 143(10) के अधीन लेखांकन मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग रूप में, हम वृत्तिक निर्णय का प्रयोग करते हैं और पूरे लेखापरीक्षा में वृत्तिक संशयवाद बनाए रखते हैं। हम :

1. एकल वित्तीय विवरणी के तात्विक अयथार्थ कथन के जोखिमों को भी परिलक्षित और उनका मूल्यांकन करते हैं, चाहे वे कपट या त्रुटि के कारण हों, उन जोखिमों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अभिकल्पित और निष्पादित भी करते हैं, और लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है। कपट के परिणामस्वरूप होने वाले एक तात्विक अयथार्थ कथन को परिलक्षित नहीं करने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले से अधिक है, क्योंकि कपट में दुरसंधि, कूटरचना, साशय चूक, दुर्व्यपदेशन, या आंतरिक नियंत्रण का अध्यारोही समाविष्ट हो सकता है।
2. उन परिस्थितियों में संगत लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अभिकल्पित करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ भी प्राप्त करते हैं। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अधीन, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता है।
3. प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा कृत लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरण की तर्क संगति का भी मूल्यांकन करते हैं।
4. लेखांकन के चालू समुत्थान के आधार पर प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालें और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर, क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई तात्विक अनिश्चितता विद्यमान है जो कंपनी की एक चालू समुत्थान के रूप में जारी रखने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि एक तात्विक अनिश्चितता विद्यमान है, तो हमें अपने लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में एकल वित्तीय विवरणी में या, यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हैं, तो अपनी राय को उपांतरित करने के लिए संबंधित प्रकटन पर ध्यानाकर्षित किया जाना अपेक्षित है। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन की तिथि तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। तदापि, भविष्यत् घटनाएँ या दशाएँ कंपनी को यथा चालू समुत्थान जारी रखने में अवरोध का कारण बन सकती है।
5. प्रकटनें सहित एकल वित्तीय विवरणी की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन भी करते हैं, और क्या एकल वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का इस तरह से प्रतिनिधित्व करते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।

एकल वित्तीय विवरणी में तात्त्विकता अयथार्थ कथनों का परिमाण है, जो व्यष्टि रूप से या संकलित में, यह अधिसंभाव्य है कि एकल वित्तीय विवरणी के युक्तियुक्त रूप से सुविज्ञ उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने लेखापरीक्षा कार्य की परिधि की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने; और (ii) एकल वित्तीय विवरणी में किसी भी परिलक्षित अयथार्थ कथनों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक तात्त्विकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम, अन्य मामलों के अलावा, लेखापरीक्षा के नियोजित परिधि और समय-सीमा और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्ष, आंतरिक नियंत्रण में कोई महत्वपूर्ण कमियाँ जिन्हें हम अपने लेखापरीक्षा के दौरान परिलक्षित करते हैं सहित, के बारे में सुशासन के भारितों को संसूचित करते हैं।

हम उन लोगों को भी प्रदान करते हैं जिन पर सुशासन भारिता है कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और उन समस्त संबंधों और अन्य विषयों जो हमारी स्वतंत्रता पर युक्तियुक्त विचार कर सकते हैं, और जहाँ लागू हो, संबद्ध संरक्षा पर उनके साथ संवाद करना है।

सुशासन से भारित लोगों के साथ संवाद किए गए मामलों से, हम उन मामलों को निर्धारित करते हैं जो वर्तमान अवधि के कंपनी के एकल वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपने लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि किसी मामले को हमारे प्रतिवेदन में सूचित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों से इस तरह के संचार के सार्वजनिक हितलाभों से अधिक होने की उम्मीद की जाएगी।

अन्य विषय

1. हमने एकल वित्तीय विवरणियों में सम्मिलित घटकों के वित्तीय विवरणियों का लेखापरीक्षा नहीं किया, जिनके वार्षिक वित्तीय विवरणी 31 मार्च 2024 को ₹14,071.83 करोड़ की कुल आस्ति और ₹13,502.94 करोड़ की कुल आय और उस वर्ष के लिए ₹904.26 करोड़ का कर पूर्व निवल हानि दर्शाते हैं, जैसा कि संलग्न वित्तीय विवरणी में माना जाता है। इन क्षेत्रों/यूनिटों के वित्तीय विवरणियों/ संसूचनाओं की लेखापरीक्षा उस क्षेत्र/यूनिट लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है जिनका प्रतिवेदन हमें प्रस्तुत कर दी गई हैं और जहाँ तक यह इन क्षेत्रों/इकाइयों के संबंध में सम्मिलित राशियों और प्रकटीकरणों से संबंधित है, हमारी राय पूरी तरह से ऐसे क्षेत्र/इकाई लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन पर आधारित है।
2. ग्राहकों, विक्रेताओं से शेष राशि की पुष्टि और तुलन-पत्र की तिथि में दर्शाई गई शेष राशि के लिए कुछ अग्रिम प्रक्रियाधीन हैं।
3. नियंत्रक कंपनी (कोल इंडिया लिमिटेड) द्वारा एचईएमएम उपस्करों के उपयोगी जीवन काल का तकनीकी मूल्यांकन आवधिक आधार पर किया जाता है।
4. कंपनी के पास विक्रेता सृजन के समय एमएसएमई लेनदारों को पकड़ने के लिए पर्याप्त प्रणाली नहीं है। कंपनी ने एमएसएमई लेनदारों को बकाया राशि की मैन्युअल रूप से पहचान की है जो 31.03.2024 को ₹1.70 करोड़ थी।
5. ईसीएल की लेखांकन नीति के पैरा 2.14.5 के अनुसार, वित्तीय आस्तियों और देयताओं का प्रतितुलन की जाती है और यदि राशि का प्रतितुलन करने के लिए वर्तमान में प्रवर्तनीय कानूनी अधिकार है तो तुलन-पत्र में निवल राशि की सूचना दी जाती है। तथापि, कंपनी ने उन्हीं खानों के लिए सृजित निधि से खान संवरण करने की देयता का प्रतितुलन नहीं की है।
6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 77 के अनुसार वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक सावधि जमा के एवज में प्राप्त ओवरड्राफ्ट ऋण स्वीकृति के लिए कंपनी रजिस्ट्रार के पास प्रभार सृजित नहीं किया गया है।
7. कंपनी ने ₹552.55 करोड़ के विवादित ग्राहक शेष की पहचान की है, जिसमें से वित्तीय विवरणी में ₹494.56 की क्रेडिट हानि हानि प्रदान की गई थी।

उपर्युक्त "अन्य विषय" के संबंध में हमारी राय में कोई उपांतर नहीं किया गया है।

अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन

1. यथा अधिनियम की धारा 143(11) के निबंधनों में भारत की केंद्रीय सरकार द्वारा निर्गत कंपनी (लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन) आदेश, 2020 ("आदेश") द्वारा अपेक्षित है, हम "उपाबंध क" में, आदेश के पैरा 3 एवं 4 में, विनिर्दिष्टि विषयों पर लेखापरीक्षा के अधीन वर्ष के लिए लागू सीमा तक एक विवरणी प्रदान करते हैं।
2. कंपनी अधिनियम की धारा 143 (5) के अधीन यथा अपेक्षित, "उपाबंध ख" में हमने, इस प्रतिवेदन को, लेखापरीक्षा की इंगित प्रणालीतंत्र के अनुपालन के पश्चात भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा निर्गत निदेशनों एवं अतिरिक्त निदेशनों में विवरणी, उस पर की गई कार्रवाई और कंपनी के लेखा और एकल वित्तीय विवरणियों पर इसके प्रभाव को प्रस्तुत करते हैं।
3. यथा अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हम प्रतिवेदित करते हैं कि :

अ. हमने सभी संसूचना और स्पष्टीकरण की ईप्सा किए हैं और उसे प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के लिए उपर्युक्त पैराग्राफ "विषयों का प्रबलन" के साथ पठित उपरिकथित एकल वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे।

आ. हमारी राय में, उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरणियों की निर्मिति से संबंधित कानून द्वारा आवश्यक खाते की उचित बहिखातें कंपनी द्वारा अब तक रखी गई हैं, जहाँ तक उन पुस्तकों की हमारी परीक्षा और अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट से प्रकट होता है।

इ. शाखा / क्षेत्र लेखापरीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143(8) के अधीन लेखापरीक्षित कंपनी की शाखा कार्यालयों के लेखा पर प्रतिवेदन हमें प्रेषित की गई है और इस प्रतिवेदन को निर्मिति करने में हमारे द्वारा समुचित बरता गया है।

ई. तुलन-पत्र, अन्य व्यापक आय सहित लाभ-हानि विवरणी, नकदी प्रवाह विवरणी तथा इस प्रतिवेदन द्वारा निपटारित साम्या में परिवर्तन विवरणी, जिसमें शाखाओं / क्षेत्र लाखपरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित क्षेत्रों के विवरण सम्मिलित है, लेखा बहियों के अनुरूप हैं।

उ. हमारी राय में, हमारे पास कोई संप्रेक्षण नहीं है जिससे कंपनी के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

ऊ. प्रबंधन से प्राप्त हमारी परीक्षा और स्पष्टीकरण के आधार पर, उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरणी अधिनियम की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं, जो इसके तहत निर्गत प्रासंगिक नियम के साथ पढ़ा जाता है, सिवाय नकदी प्रवाह के विवरणी को छोड़कर जहाँ अप्रचलित उधार का जाल बनाया गया था जो आईएनडी ए7 के पैरा 22 के अनुसार अनुज्ञेय नहीं है।

ऋ. कारपोरेट मामले के मंत्रालय द्वारा निर्गत अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के अनुसरण में, निदेशकगणों की निरर्हता से संबंधित अधिनियम की धारा 164(2), सरकारी कंपनी पर लागू नहीं है।

ऌ. हमारे पास खातों के रखरखाव और उससे जुड़े मामलों से संबंधित कोई योग्यता, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

एफवीटीओसीआई प्रवर्ग में समाविष्ट कर्ज लिखतें प्रारंभतः के साथ-साथ प्रत्येक प्रतिवेदित पर उचित मूल्य पर मापन किए जाते है। उचित मूल्य संचलन अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में निर्धारित किए जाते हैं। यद्यपि, कंपनी लाभ व हानि विवरणी में ब्याज आय, क्षति हानि व उत्क्रमण और विदेशी विनिमय अभिलाभ या हानि को निर्धारित करती है। आस्ति के अनिर्धारण पर, ओसीआई में पूर्व निर्धारित संचयी अभिलाभ या हानि को साम्या से लाभ व हानि विवरणी में पुनःवर्गीकृत किए जाते हैं। एफवीटीओसीआई कर्ज लिखत धारण करने के दौरान अर्जित ब्याज को प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करते हुए यथा ब्याज आय ज्ञापित किया जाता है।

2.14.2.3 एफवीटीपीएल पर कर्ज लिखत

एफवीटीपीएल कर्ज लिखतों के लिए एक अवशिष्ट प्रवर्ग है। किसी कर्ज लिखत, जो यथा परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई पर यथा प्रवर्गीकरण के लिए मानदंडों को पूर्ण नहीं करता है, को यथा एफवीटीपीएल वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी एफवीटीपीएल पर यथा कर्ज लिखत, जो अन्यथा परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मानदंड पूर्ण करती है को अभिहित करने का चयन कर सकती है। तथापि ऐसे चयन केवल तभी अनुज्ञात किए जाते हैं जब ऐसा करने से मापन या अवधारण असंगति (लेखांकन असंतुलन के रूप में संदर्भित) कम होता है या दूर होता है। कंपनी ने किसी कर्ज लिखतों को यथा एफवीटीपीएल अभिहित नहीं किया है।

एफवीटीपीएल प्रवर्ग में समाविष्ट कर्ज लिखतों को लाभ-हानि में निर्धारित समस्त परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापन किए जाते हैं।

2.14.2.4 अनुषंगियों, सह एवं संयुक्त उद्यमों में साम्या निवेश

भारतीय लेखांकन मानक 101 के अनुसार (भारतीय लेखांकन मानक का प्रथमतः अंगीकरण), पूर्व जीएएपी (सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत) के अनुसार इन निवेशों के वहनीय राशि यथा पारगमन की तिथि पर समझी गई लागत माना जाता है। तत्पश्चात अनुषंगियों, सह-सदस्यों और संयुक्त उद्यमों में निवेश लागत पर मापन किए जाते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणी के मामले में, भारतीय लेखांकन मानक 28 के 10वें पारा में यथा विहित साम्या विधि के अनुसार सह-सदस्यों और संयुक्त उद्यमों में साम्या निवेश लेखांकित किए जाते हैं।

2.14.2.5 अन्य साम्या निवेश

भारतीय लेखांकन मानक 109 की व्याप्ति में समस्त अन्य साम्या निवेश लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर मापित किए जाते हैं।

कंपनी अन्य व्यापक आय में प्रस्तुत करने के लिए उचित मूल्य में पश्चात्वर्ती परिवर्तनों के लिए एक अप्रतिसंहरणीय चयन कर सकती है। कंपनी इस तरह के चयन लिखत दर लिखत के आधार पर करती है। प्रारम्भिक निर्धारण पर वर्गीकरण किया जाता है और अप्रतिसंहरनीय है।

लाभ और हानि विवरणी में उचित मूल्य अभिलाभ एवं हानि का कोई पश्चात्वर्ती पुनर्वर्गीकरण नहीं है। तदापि, कंपनी साम्या के अंदर संचयी अभिलाभ या हानि को अंतरित कर सकती है। इस तरह के निवेश से लाभांश को लाभ और हानि विवरणी में "अन्य आय" के रूप में निर्धारित किया जाता है जब कंपनी का भुगतान प्राप्त करने का अधिकार अधिस्थापित होता है।

एफवीटीपीएल प्रवर्ग के अंतर्गत समाविष्ट साम्या लिखतें लाभ-हानि विवरणी में निर्धारित समस्त परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापित किए जाते हैं।

2.14.2.6 अनिर्धारण

एक वित्तीय आस्ति (या, जहाँ प्रयोज्य है, वित्तीय आस्ति का एक भाग या समरूप वित्तीय आस्तियों का एक समूह) को प्रधानतः अनिर्धारित किए जाते हैं (अर्थात तुलन पत्र से हटा दिया जाता है) जब :

- आस्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार समाप्त हो चुका हो, या
- कंपनी ने आस्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार हस्तांतरित कर दिया है या 'पास-थ्रू' व्यवस्था के अधीन किसी तीसरे पक्षकार को तात्त्विक विलम्ब के बिना प्राप्त नकदी प्रवाह का पूर्णतः संदाय करने का दायित्व ग्रहण किया हो; और या तो (क) कंपनी ने आस्ति के समस्त जोखिमों और पारिश्रमिकों का सारतः हस्तांतरण किया हो, या (ख) कंपनी ने आस्ति के समस्त जोखिमों और पारिश्रमिकों का सारतः न तो हस्तांतरित किया हो न ही प्रतिधारित किया हो, बल्कि आस्ति के नियंत्रण को हस्तांतरित किया हो।

जब कंपनी किसी आस्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार हस्तांतरित कर दिया है या पास-थ्रू व्यवस्था में प्रवेश किया है तो यह मूल्यांकन करती है कि क्या और किस विस्तार तक उसने स्वामित्व के जोखिमों और पारिश्रमिकों को प्रतिधारित किया है। जब इसने आस्ति के जोखिमों और पारिश्रमिकों को सारतः न तो हस्तांतरित किया है और न ही प्रतिधारित किया है, न ही आस्ति का नियंत्रण हस्तांतरित किया है कंपनी कंपनी की सतत सहभागिता के विस्तार तक हस्तांतरित आस्ति को निर्धारण करना जारी रखती है। उस मामले में, कंपनी संबद्ध देयता का भी निर्धारण करती है। हस्तांतरित आस्ति और संबंधित देयता उस आधार पर मापित किए जाते हैं जो अधिकारों और दायित्वों जिसे कंपनी ने प्रतिधारित किया है को परावर्तित करता है। सतत सहभागिता जो हस्तांतरित आस्ति के ऊपर प्रत्याभूति का रूप लेती है आस्ति के मूल वहनीय राशि के निम्नतर पर मापन किया जाता है और प्रतिफल की अधिकतम राशि जिसे कंपनी को संदाय करने की आवश्यकता हो सकती है।

2.14.2.7 वित्तीय आस्तियों की क्षति (उचित मूल्य के बिना)

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार, कंपनी निम्नलिखित वित्तीय आस्तियों और साख जोखिम एक्सपोजर पर क्षति हानि के मापन और निर्धारण के लिए प्रत्याशित साख हानि (ईसीएल) प्रतिरूप को लागू करती है :

अ) वित्तीय आस्तियाँ जो कर्ज लिखतें हैं, और परिशोधित लागत अर्थात ऋणें, कर्ज प्रतिभूतियों, जमाराशियों, व्यवसाय प्राप्तियों और बैंक में अतिशेष पर मापन किए जाते हैं

आ) वित्तीय आस्तियाँ जो कर्ज लिखतें हैं और एफवीटीओसीआई पर मापन किए जाते हैं

इ) लेखांकन मानक 116 के अधीन पट्टा प्राप्तियाँ

ई) व्यवसाय प्राप्तियाँ या नकदी या अन्य वित्तीय आस्ति प्राप्त करने के लिए कोई संविदात्मक अधिकार जो लेनदेनों के परिणाम है और भारतीय लेखांकन मानक 115 की व्याप्ति के अंतर्गत है

कंपनी क्षति हानि भत्ता के निर्धारण के लिए अधोलिखित पर 'सरलीकृत उपागम' का अनुसरण करती है :

- व्यवसाय प्राप्तियाँ या संविदा राजस्व प्राप्तियाँ; और
- भारतीय लेखांकन मानक 116 के विस्तार के अंतर्गत लेनदेनों के परिणामतः समस्त पट्टा प्राप्तियाँ।

सरलीकृत उपागम का अभ्यावेदन के लिए कंपनी को साख जोखिम में परिवर्तनों पर नजर रखने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बजाय, यह प्रत्येक प्रतिवेदित तिथि पर, इसकी प्रारंभिक निर्धारण से ही, आजीवन प्रत्याशित साख हानियों (ईसीएल) के आधार पर क्षति हानि भत्ता को निर्धारित करती है।

2.14.3 वित्तीय देयताएँ

2.14.3.1 आरंभिक निर्धारण एवं मापन

कंपनी की वित्तीय देयताएँ बैंक ओवरड्राफ्ट सहित व्यवसाय एवं अन्य देय राशियों, ऋणों और उधारों को समाविष्ट करती हैं।

समस्त वित्तीय देयताएँ प्रारंभतः उचित मूल्य पर और ऋणों एवं उधारों तथा देय राशियों के मामले में प्रत्यक्षतः रोप्य लेनदेन लागतों पर निर्धारित किए जाते हैं।

2.14.3.2 पाश्चिक मापन

वित्तीय देयताओं का मापन उनके वर्गीकरण, यथा निम्न व्याख्यायित, पर निर्भर करता है :

2.14.3.3 लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ

लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ व्यवसाय के लिए धारित वित्तीय देयताओं और लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर यथा प्रारम्भिक निर्धारण के ऊपर अभिहित वित्तीय देयताओं को समाविष्ट करती है। वित्तीय देयताओं को यथा व्यवसाय के लिए धारित वर्गीकृत किए जाते हैं यदि वे निकट अवधि में पुनःक्रय के प्रयोजनार्थ उपगत किए जाते हैं। इस प्रवर्ग में कंपनी द्वारा दर्ज किए गए व्युत्पन्नि वित्तीय लिखतें भी सम्मिलित हैं जिन्हें भारतीय लेखांकन मानक 109 द्वारा यथा परिभाषित बचाव संबंधों में बचाव लिखतों के रूप में अभिहित नहीं किया गया है। पृथक-पृथक अंतःस्थापित व्युत्पन्नि को भी यथा व्यवसाय के लिए धारित वर्गीकृत किया जाता है जब तक कि उन्हें यथा प्रभावी बचाव लिखतें अभिहित नहीं किया जाता है।

व्यवसाय के लिए धारित देयताओं पर अभिलाभ या हानियोँ को लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं।

2.14.3.4 परिशोधित लागत पर वित्तीय देयातएँ

प्रारंभिक निर्धारण के पश्चात्, इन्हें बाद में प्रभावी ब्याज दर प्रणाली का उपयोग करके परिशोधित लागत पर मापन किए जाते हैं। अभिलाभ और हानियाँ लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं जब देयताओं को अनिर्धारण करने के साथ-साथ प्रभावी ब्याज दर परिशोधन प्रणाली के जरिए किए जाते हैं। परिशोधित लागत की गणना अर्जन पर किसी भी बट्टा या प्रीमियम और फीस या लागत जो प्रभावी ब्याज दर का एक अभिन्न अंग हैं को ध्यान में रखकर की जाती है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ-हानि विवरणी में यथा वित्त लागत समाविष्ट किया जाता है।

2.14.3.5 अनिर्धारण

एक वित्तीय देयता को अनिर्धारित किया जाता है जब देयता के अधीन दायित्व का उन्मोचन या रद्द किया जाता है या पर्यवसित हो जाता है। जब उसी ऋणदाता से सारतः भिन्न निबंधनों पर एक विद्यमान वित्तीय देयता को अन्य से प्रस्थापित किया जाता है या विद्यमान देयता के निबंधन सारतः उपांतरित किए जाते हैं, ऐसे विनिमय या उपांतरण वास्तविक देयता के अनिर्धारण और नई देयता के निर्धारण की तरह व्यवहृत होते हैं। किसी अन्य पक्षकार को निर्वापित या अंतरित वित्तीय देयता (या वित्तीय देयता के भाग) की वहनीय राशि और कोई अंतरित गैर-नकदी आस्तियों या अवधारित देयताओं को समाविष्ट करते हुए संदत्त प्रतिफल के मध्य के अंतर को लाभ या हानि में निर्धारित किए जाएंगे।

2.14.4 वित्तीय आस्तियों का पुनःवर्गीकरण

कंपनी प्रारम्भिक निर्धारण पर वित्तीय आस्तियों और देयताओं का वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारम्भिक निर्धारण के पश्चात्, वित्तीय आस्तियाँ जो साम्या लिखतें और वित्तीय देयताएँ हैं के लिए पुनःवर्गीकरण नहीं किया जाता है। वित्तीय आस्तियों के लिए जो ऋण लिखतें हैं, उन आस्तियों के प्रबंधन के लिए कारबार प्रतिरूप में यदि कोई परिवर्तन है तो पुनःवर्गीकरण किया जाता है। कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन यदा-कदा होना प्रत्याशित माना जाता है। कंपनी का वरिष्ठ प्रबंधन कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन यथा बाह्य और आंतरिक परिवर्तन के परिणाम जो कंपनी के परिचालनों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं निर्धारित करती है। ऐसे परिवर्तन बाह्य पक्षकारों के लिए सुव्यक्त होते हैं। कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन पाया जाता है जब कंपनी कोई गतिविधि जो इसके परिचालनों के लिए महत्वपूर्ण है के कार्य-निष्पादन को या तो प्रारम्भ करती है या प्रविरत हो जाती है। यदि कंपनी वित्तीय आस्तियों को पुनःवर्गीकृत करती है, यह पुनःवर्गीकरण तिथि जो कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन का अनुगामी तत्काल अगले प्रतिवेदित अवधि का प्रथम दिवस है से भविष्यलक्षी रूप से पुनःवर्गीकरण लागू करती है। कंपनी किसी पूर्व निर्धारित अभिलाभों, हानियों (क्षति अतिलाभ या हानियाँ सहित) या ब्याज का पुनःकथन नहीं करती है।

निम्न तालिका नानाविध पुनःवर्गीकरण और उनका हिसाब कैसे लगाया जाता है को दर्शाती है

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखांकन सुविधा
परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य पर मापन किया जाता हैं। पूर्व परिशोधित लागत और उचित मूल्य के मध्य का अंतर लाभ-हानि में निर्धारित किया जाता हैं।
एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य इसकी नई सकल वहनीय राशि बन जाती है। नई वहनीय राशि के आधार पर प्रभावी ब्याज दर की संगणना की जाती है।
परिशोधित लागत	एफवीटीओसीआई	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य मापन किया जाता है। पूर्व परिशोधित लागत और उचित मूल्य के मध्य का अंतर अन्य व्यापक आय में निर्धारित किया जाता है। पुनःवर्गीकरण के कारण ईआईआर में में कोई परिवर्तन नहीं है।
एफवीटीओसीआई	परिशोधित लागत	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य पर इसकी नई परिशोधित लागत वहनीय राशि बन जाता है। तदापि, अन्य व्यापक आय में संचित अभिलाभ या हानि उचित मूल्य के प्रतिकूल समायोजित किया जाता है। तत्पश्चात, आस्ति को मापित किया जाता है जहाँ तक, यह सदैव परिशोधित लागत पर मापित किया गया हो।
एफवीटीपीएल	एफवीटीओसीआई	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य इसकी नई वहनीय राशि बन जाती है। किसी अन्य समायोजन की आवश्यकता नहीं है।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीएल	आस्तियों को उचित मूल्य पर मापन किया जाना जारी है। अन्य व्यापक आय में निर्धारित पूर्व संचयी अभिलाभ या हानि को पुनःवर्गीकरण तिथि पर लाभ-हानि विवरणी में पुनःवर्गीकृत किया जाता है।

2.14.5 वित्तीय लिखत का प्रतितुलन

आस्तियों की प्राप्ति के साथ-साथ देयताओं के निपटान के लिए, वित्तीय आस्तियों एवं वित्तीय देयताओं को समंजन/प्रतितुलन किया जाता है और निवल राशि को समेकित तुलन-पत्र में प्रतिवेदित किया जाता है यदि निर्धारित राशियों को समंजन/प्रतितुलन करने के लिए वर्तमान में प्रवर्तनीय विधिक अधिकार हो और निवल आधार पर निपटान करने का आशय हो।

2.14.6 वित्तीय लिखतों का उचित मूल्य मापन

उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी आस्ति को बिक्री के लिए प्राप्त होगा या वर्तमान बाजार स्थितियों के तहत मापन तिथि पर बाजार सहभागियों के बीच एक व्यवस्थित लेनदेन में देयता को स्थानांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा।

कंपनी उचित मूल्य पर मापी गई आस्तियों एवं देयताओं को तीन स्तरों में से एक में वर्गीकृत करती है, जो इस तरह के मापन के लिए नियोजित प्रविष्टियों का निरीक्षण करने की क्षमता पर निर्भर करती है:

(अ) स्तर 1: प्रविष्टियाँ समान आस्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत मूल्य (असमायोजित) हैं।
(आ) स्तर 2: स्तर 1 के भीतर शामिल उद्धृत कीमतों के अलावा अन्य प्रविष्टियों जो आस्ति या देयता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखने योग्य हैं।
(इ) स्तर 3: आस्ति या देयता के लिए प्रविष्टियाँ जो अवलोकन योग्य बाजार डेटा (अदृश्य प्रविष्टियाँ) पर आधारित नहीं हैं।

कंपनी के पास उचित मूल्यों के मापन के संबंध में एक अधिस्थापित नियंत्रण ढांचा है। इसमें एक वित्त टीम शामिल है जिसके पास सभी महत्वपूर्ण उचित मूल्य मापनों की देखरेख करने की समग्र दायित्व है जो नियमित रूप से महत्वपूर्ण अप्राप्य निविष्टियों, मूल्यांकन समायोजन और उचित मूल्य पदानुक्रम की समीक्षा करते हैं जिसके तहत मूल्यांकन को वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

2.14.7 नकदी एवं नकदी समतुल्य

तुलन पत्र में नकदी एवं नकदी समतुल्य में बैंकों और हाथ में नकदी तथा मूल परिपक्वता के तीन महीने या कम के साथ अल्पावधि जमाराशि, जो मूल्य में परिवर्तन के अमहत्वपूर्ण जोखिमों के अध्यधीन है, समाविष्ट है। नकदी प्रवाह के समेकित विवरणी के प्रयोजन के लिए, नकदी और नकदी समतुल्य में नकदी और अल्पावधि जमाराशियों, यथा उपरि परिभाषित, बकाया बैंक ओवरड्राफ्ट के निवल क्योंकि उन्हें कंपनी के नकदी प्रबंधन का एक अभिन्न अंग माना जाता है समाविष्ट है।

2.15. उधार लागत

उधार लागत को जैसे ही और जब उपगत होती है व्यय किया जाता है, सिवाय इसके कि जहाँ वे प्रत्यक्षतः अर्हक संपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए रोप्य होते हैं, अर्थात वे आस्तियाँ जो इसके आशयित उपभोग के लिए तैयार रहने के लिए आवश्यक रूप से पर्याप्त समयावधि लेती है, इस मामले में उस तिथि तक जब अर्हक आस्ति इसके आशयित उपभोग के लिए तैयार हो उन आस्तियों के लागत के भाग के रूप में वे पूँजीकृत किए जाते हैं।

2.16 कराधान

आयकर व्यय तत्काल संदाय योग्य कर और आस्थगित कर के योग को दर्शाता है।

वर्तमान कर एक अवधि के लिए कर-योग्य लाभ (कर हानि) की बाबत देय (अप्रतिसंहरणीय) आयकरों की राशि है। करयोग्य लाभ लाभ और हानि विवरणी तथा अन्य व्यापक आय में यथा ज्ञापित "आयकर पूर्व लाभ" से भिन्न होता है क्योंकि यह आय या व्यय के मदों को जो अन्य वर्षों में करयोग्य या कटौतीयोग्य है को अपवर्जित करता है और यह आगे के मदों जो कभी भी करयोग्य या कटौतीयोग्य नहीं है को अपवर्जित करता है। वर्तमान कर के लिए कंपनी की देयता कर को दरों जो प्रतिवेदित अवधि के अंत में अधिनियमित या विशेष्यतः अधिनियमित किया गया है का उपयोग करते हुए संगणित किया जाता है।

आस्थगित कर देयताएँ प्रायः समस्त कर-योग्य अस्थायी अंतर के लिए निर्धारित किए जाते हैं। आस्थगित कर आस्तियाँ प्रायः समस्त कटौती-योग्य अस्थायी अंतर उस विस्तार तक निर्धारित किए जाते हैं कि यह संभाव्य है कि कर-यो लाभ उपलब्ध होगा जिसके सहारे वे कटौतीयोग्य अस्थायी अंतर का उपयोग किए जा सकते हैं। ऐसी आस्तियाँ और देयताएँ निर्धारित नहीं किए जाते हैं यदि लेन-देन में सदिच्छा से या अन्य आस्तियों और देयताओं के प्रारम्भिक निर्धारण (कारबार संयोजन से भिन्न में) से अस्थायी असमानताएँ उद्भूत होती हैं जो ना तो कर-योग्य लाभ को ना ही लेखांकन लाभ को प्रभावित करती है।

आस्थगित कर देयताएँ अनुषंगियों और एसोसिएटों में निवेशों के साथ सहयुक्त कर-योग्य अस्थायी असमानताओं के लिए निर्धारित किए जाते हैं, सिवाय जहाँ कंपनी अस्थायी असमानताओं के उलटाव को नियंत्रित करने के लिए समर्थ है और यह संभाव्य है कि अस्थायी असमानता पूर्वाभासी भविष्य में फिर से उलटाव नहीं होगा। ऐसे निवेशों और ब्याजों से सहयुक्त कटौतीयोग्य अस्थायी अंतरों से उद्भूत हो रहे आस्थगित कर आस्तियाँ केवल उस विस्तार तक निर्धारित किए जाते हैं कि यह संभाव्य है कि पर्याप्त कर-योग्य लाभ होंगे जिसके सहारे अस्थायी अंतरों की प्रसुविधाएँ उपयोग किए जाएँगे।

आस्थगित कर आस्तियों के वहनीय राशि प्रत्येक प्रतिवेदित अवधि के अंत में पुनर्विलोकित किए जाते हैं और उस विस्तार तक अवनत किए जाते हैं कि यह अधिक संभावी नहीं हो कि समस्त या आस्ति के भाग का प्रत्युद्धरण किया जाना है को अनुज्ञात करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा। प्रत्येक प्रतिवेदित अवधि के अंत में उस विस्तार तक अनिर्धारित आस्थगित कर आस्तियाँ पुनर्मूल्यांकित की जाती हैं कि यह संभाव्य हो चुका है कि समस्त या आस्थगित कर आस्ति के भाग का प्रत्युद्धरण किया जाना है को अनुज्ञात करने के लिए पर्याप्त कर-योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर आस्तियाँ और देयताएँ कर दरों पर मापित किए जाते हैं जो उस अवधि जिसमें देयता निपटारित या आस्ति प्राप्त किए जाते हैं में संप्रयोजित करने के लिए प्रत्याशित होते हैं, कर दर (और कर विधियों) पर आधारित जो प्रतिवेदित अवधि के अंत तक अधिनियमित या विशेष्यतः अधिनियमित किये गए हैं।

आस्थगित कर देयताओं और आस्तियों के मापन कर परिणामों को परावर्तित करते हैं जो उस रीति से अनुसारित होते हैं जिसमें कंपनी प्रतिवेदित अवधि के अंत में, इसके आस्तियों और देयताओं के वहनीय राशि के प्रत्युद्धरण या निपटान करने की प्रत्याशा करती है।

चालू और आस्थगित कर लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं, सिवाय जब वे मदों से संबंधित होते हैं जो केवल अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्षतः साम्या में निर्धारित किए जाते हैं, जिन मामलों में, वर्तमान और आस्थगित कर क्रमशः अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्ष साम्या में भी निर्धारित किए जाते हैं। जहाँ एक कारबार संयोजन के लिए प्रारंभिक लेखांकन से वर्तमान कर और आस्थगित कर उद्भूत होता है, कारबार संयोजन के लिए लेखांकन में कर प्रभाव समाविष्ट किया जाता है।

आस्थगित आयकर आस्तियों एवं देयताओं को प्रतितुलन किया जाता है जब चालू कर देयताओं के विरूद्ध चालू कर आस्तियों को प्रतितुलन करने के लिए विधिक रूप से लागू करने योग्य अधिकार होता है, और जब आस्थगित आयकर आस्तियाँ एवं देयताएँ एक ही कराधान प्राधिकरण द्वारा लगाए गए आयकर से संबंधित होती हैं या तो कर योग्य इकाई या विभिन्न कर योग्य संस्थाएं जहाँ निवल आधार पर शेष राशि का निपटान करने का आशयित होता है।

2.17 कर्मी प्रसुविधाएँ

2.17.1 अल्पावधि प्रसुविधाएँ

अल्पावधि कर्मी प्रसुविधाएँ कर्मी प्रसुविधाएँ हैं (पर्यवासन से भिन्न) है जो वार्षिक प्रतिवेदित अवधि जिसमें कर्मीगण संबद्ध सेवा प्रदान करते हैं की समाप्ति के पश्चात के 12 माह पूर्व पूर्णतः निपटारित किए जाने की प्रत्याशा हैं।

अवधि जिसमें कर्मियों द्वारा सेवाएँ दी जाती हैं में समस्त अल्पावधि कर्मी प्रसुविधाएँ निर्धारित किए जाते हैं।

2.17.2 नियोजनोपरांत प्रसुविधाएँ एवं अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ

2.17.2.1 परिभाषित अंशदान योजना

एक परिभाषित अंशदान योजना एक पश्च-नियोजन प्रसुविधा योजना है जिसके अधीन कंपनी एक पृथक निकाय द्वारा अनुरक्षित निधि में नियत अंशदान का संदाय करती है और अगली राशि के संदाय के लिए कंपनी की कोई विधिक या आन्वयिक दायित्व नहीं होगा। परिभाषित अंशदान योजना में अंशदान के लिए दायित्व अवधि जिसके दौरान कर्मीगण द्वारा सेवाएँ प्रदान की जाती हैं में लाभ और हानि विवरणी में यथा कर्मी प्रसुविधा व्यय निर्धारित किए जाते हैं।

2.17.2.2 परिभाषित प्रसुविधाएँ योजना

परिभाषित प्रसुविधा योजना परिभाषित अंशदान योजना से भिन्न एक पश्च-नियोजन प्रसुविधा योजना है। परिभाषित प्रसुविधा योजनाओं की बावत कंपनी का निवल दायित्व आगत प्रसुविधा की राशि के प्राक्कलन द्वारा संगणना की जाती है जिसे कर्मी ने वर्तमान और पूर्वीक अवधि में अपनी सेवा के बदले उपार्जित किया है। प्रसुविधा, यदि कोई हो, इसके वर्तमान मूल्य को अवधारित करने के लिए बट्टाकृत किया जाता है और योजना आस्तियों के उचित मूल्य द्वारा अवनत किया जाता है। बट्टा दर प्रतिवेदित तिथि को यथा भारत के सरकारी प्रतिभूतियों के प्रचलित बाजार प्रतिफल पर आधारित होते हैं जिसकी कंपनी के दायित्वों के निबंधनों सन्निकटक परिपक्वता तिथि होती है और जिसे उसी मुद्रा में जिसमें प्रसुविधाएँ संदत्त किया जाना प्रत्याशित है मूल्यवर्गित किए जाते हैं।

बीमांकिक मूल्यांकन का आवेदन बट्टा दर, आस्तियों पर प्रतिलाभ का प्रत्याशित दर, आगत वेतन वृद्धि, मृत्यु दर आदि के विषय में अवधारणाएँ निर्माण को अंतर्ग्रस्त करता है। इन योजनाओं के दीर्घावधि प्रकृति के कारण, ऐसे प्राक्कलन अनिश्चितताओं के अध्यधीन होते हैं। पूर्वानुमानित इकाई साख पद्धति का उपयोग करते हुए बीमांकक द्वारा प्रत्येक तुलन पत्र में संगणना संपादित किए जाते हैं। जब संगणना से कंपनी के प्रसुविधा को परिणाम आता है, निर्धारित आस्ति योजना से या योजना

के लिए आगत अंशदान में कमी से किसी आगत प्रतिदायों के रूप में उपलब्ध आर्थिक प्रसुविधाओं के वर्तमान मूल्य के लिए सीमित की जाती है। कंपनी के लिए आर्थिक प्रसुविधा उपलब्ध होता है यदि यह योजना के कार्यकाल, या योजना देयताओं के निपटारण के दौरान वसूलीयोग्य होता है।

निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता का पुनर्मापण, जो योजना आस्तियों पर प्रत्यागम (ब्याज रहित) और आस्ति सीमा (ब्याज रहित, यदि कोई हो) के प्रभावों को विचार करते हुए बीमांकिक लाभ और हानियों को समाविष्ट करता है तत्काल अन्य व्यापक आय में निर्धारित किए जाते हैं। कंपनी अवधि के दौरान निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) में किसी भी परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए यथा अंशदान और प्रसुविधा संदायों के परिणामस्वरूप, उस निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) को वार्षिक अवधि के प्रारंभ में परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) को मापन करने के लिए प्रयुक्त बट्टा दर के संप्रयोजन द्वारा उस अवधि के लिए निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता पर निवल ब्याज व्यय (आय) निर्धारित करती है। परिभाषित प्रसुविधा योजनाओं से संबंधित निवल ब्याज व्यय और अन्य व्यय लाभ और हानि में निर्धारित किए जाते हैं।

जब योजना की सुविधाएँ संवर्धित की जाती हैं, कर्मियों द्वारा पूर्व सेवा से संबंधित वृद्धि हुई प्रसुविधाओं के भाग लाभ और हानि विवरणी में तत्काल यथा व्यय निर्धारित किए जाते हैं।

2.17.3 अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ

अल्पावधि कर्मी प्रसुविधाओं, पश्च-नियोजन प्रसुविधाओं एवं पर्यवसान प्रसुविधाओं से भिन्न समस्त कर्मी प्रसुविधाएँ अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ हैं।

अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ उन मदों को समाविष्ट करती है जिसकी वार्षिक प्रतिवेदित अवधि की समाप्ति के पश्चात जिसमें कर्मीगण संबंधित सेवाएँ देते हैं के बारह माह पूर्व निपटारित न होने की प्रत्याशा की जाती है।

अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाओं के लिए, लाभ या हानि विवरणी में निम्नलिखित राशियों का निवल कुल निर्धारित किया गया है :

अ. सेवा लागत
आ. निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) पर निवल ब्याज
इ. निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) का पुनःमापन

2.18 विदेशी मुद्रा

लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करते हुए विदेशी मुद्राओं में लेनदेन को कंपनी की प्रतिवेदित मुद्रा में परिवर्तित किया जाता है। प्रतिवेदित अवधि की समाप्ति पर परादेय विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्गित मौद्रिक आस्तियों और देयताओं को प्रतिवेदित अवधि की समाप्ति पर यथा प्रचलित विनिमय दरों में परिवर्तित किया जाता है। अवधि के दौरान या पूर्व वित्तीय विवरणियों में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं के निपटान से या उस दर से भिन्न दरों जिसपर आरंभिक निर्धारण पर परावर्तित की गई थी पर मौद्रिक आस्तियों और देयताओं के परावर्तित होने से उद्भूत विनिमय अंतरों को अवधि जिसमें वे उद्भूत हुए है में लाभ और हानि विवरणी में निर्धारित किए जाते हैं।

लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दरों पर विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित गैर-मौद्रिक मदों को मूल्यांकित किए जाते हैं।

2.19 विपट्टन गतिविधि

कोयले तक पहुंचने के लिए उपरिभार को हटाने की प्रक्रिया को विपट्टन कहा जाता है। कोयले तक पहुंच प्राप्त करने के लिए विपट्टन आवश्यक है और एक खुली खदान के पूरे अस्तित्व काल में होता है। विकास और उत्पादन चरणों के दौरान विपट्टन लागत को संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों में अन्य खनन बुनियादी ढांचे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। अलग-अलग खानों के लिए विपट्टन लागत का पृथकतः हिसाब रखा जाता है।

कंपनी निम्नानुसार विपट्टन गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है :

कंपनी निम्नानुसार विपट्टन गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है :

ये निकाले जाने वाले कोयले तक पहुंच प्राप्त करने के लिए किए गए प्रारंभिक उपरिभार हटाव की लागत हैं। इन लागतों को पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभव होता है कि भविष्य के आर्थिक लाभ समूह में प्रवाहित होंगे और लागत को मज़बूती से मापा जा सकता है। एक बार उत्पादन चरण शुरू होने के बाद, पूंजीकृत विकास विपट्टन लागत खदान के अस्तित्व काल पर परिशोधित हो जाती है।

उत्पादन के दौरान विपट्टन लागत :

ये समूह की नीति के अनुसार खदान को राजस्व में लाने के बाद किए गए उपरिभार हटाव की लागत है। उत्पादन चरण के दौरान लागत को अलग करने से दो लाभ हो सकते हैं, वर्तमान अवधि में कोयले की निकासी और कोयले तक बेहतर पहुंच जो भविष्य की अवधि में निकाली जाएगी। उत्पादन चरण के दौरान विपट्टन लागत को उत्पादित वस्तुसूची और विपट्टन गतिविधि आस्ति के बीच एक मानक पट्टी अनुपात (उपरिभार-से-कोयला) का उपयोग करके आवंटित किया जाता है। मानक पट्टी अनुपात खान के अस्तित्व काल पर निष्कासित कुल कोयले के विरूद्ध खदान के अस्तित्व काल में हटाए जाने वाले उपरिभार के कुल आयतन है। जब हटाए गए उपरिभार की वास्तविक मात्रा ओवरबर्डन हटाने की अपेक्षित मात्रा से अधिक होती है, तो अपेक्षित उपरिभार हटाने पर हटाए गए अतिरिक्त उपरिभार के लिए विपट्टनलागत को विपट्टन गतिविधि आस्ति के लिए पूंजीकृत किया जाता है। विपट्टन गतिविधि आस्ति खदान के अस्तित्व काल में परिशोधन है। भू-खनन स्थितियों में

परिवर्तन का मानक पट्टी अनुपात पर प्रभाव पड़ सकता है। अनुपात में परिवर्तन को भावी रूप से हिसाब दिया जाता है। विपट्टन गतिविधि आस्ति को संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के तहत अलग से शामिल किया गया है।

कंपनी एक मिलियन टन प्रति वर्ष और उससे अधिक की रेटेड क्षमता वाली खानों में उत्पादन चरण के दौरान लागत को अलग करने के लिए विपट्टन गतिविधि आस्ति को निर्धारित करता है।

2.20 वस्तुसूचियाँ

2.20.1 कोयला स्टॉक

कोयला/कोककारी की वस्तुसूचियाँ कम लागत और निवल वसूलयोग्य मूल्य पर अभिकथित की जाती है। भारित औसत पद्धति का उपयोग करके वस्तुसूचियों के लागतों की संगणना की जाती है। निवल वसूलयोग्य मूल्य वस्तुसूचियों के अनुमानित विक्रय कीमत से सभी अनुमानित पूरण लागतों और विक्रय करने के लिए आवश्यक लागतों को घटाकर व्यपदेशन करता है।

बहीगत कोयला स्टॉक को खाता में विचार किया जाता है जहाँ बहीगत स्टॉक एवं मापित स्टॉक के बीच का अंतर +/- 5% तक है और जहाँ अंतर +/- 5% से अधिक है के मामले में मापित स्टॉक पर विचार किया जाता है। ऐसे स्टॉक निवल वसूलयोग्य मूल्य या लागत जो कम हो पर मूल्यांकित किया जाता है।

कोयला और कोककारी-सूक्ष्मक लागत या निवल वसूलीयोग्य मूल्य के कमतर पर मूल्यांकित और कोयला स्टॉक के अंश के रूप में प्रतिफलित किए जाते हैं।

कर्दम (कोककर/अकोककर), वाशारियों का मिडलिंग और उपोत्पादों का निवल वसूलीयोग्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और कोयला स्टॉक के अंश के रूप में विचार किया जाता है।

2.20.2 भण्डार, उपकरणें एवं अन्य वस्तुसूचियाँ

अन्य वस्तुसूचियाँ सहित भण्डारों एवं उपकरणों (जिसमें खुदरा औजारें भी सम्मिलित है) के स्टॉक को भारित औसत विधि के आधार पर संगणित लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

अनुपयोगी, क्षतिग्रस्त और अप्रचलित स्टोरों और पुर्जों के लिए 100% की दर से और 5 वर्षों से अहस्तांतरित स्टोर और पुर्जों के लिए 50% की दर से प्रावधान बनाए गए हैं।

2.21 प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ एवं आकस्मिक आस्तियाँ

प्रावधानों को निर्धारित किया जाता है जब कंपनी के पास विगत घटना के फलस्वरूप वर्तमान दायित्व (विधिक या रचनात्मक) होता है, और यह अधिसंभाव्य है कि दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक प्रसुविधाओं के निर्गमन की आवश्यकता होगी और दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है। जहाँ धन का सामयिक मूल्य भौतिक है तब दायित्व के निपटान के लिए प्रत्याशित व्यय के वर्तमान मूल्य पर प्रावधानों को अभिकथित किया जाता है।

प्रत्येक तुलन-पत्र तिथि पर सभी प्रावधानों का पुनर्विलोकन किए जाते हैं और वर्तमान सर्वोत्तम अनुमान को दर्शित करने के लिए समायोजित किए जाते हैं।

जहाँ यह अधिसंभाव्य नहीं होता है कि आर्थिक प्रसुविधाओं को निर्गमन की आवश्यकता होगी, या राशि को अनुमान स्थिरता से नहीं लगाया जा सकता है तब दायित्व को यथा आकस्मिक देयता प्रकटन किया जाता है, जबतक कि आर्थिक प्रसुविधाओं के निर्गमन की अधिसंभाव्यता दूरस्थ न हो। अधिसंभाव्य दायित्वों, जिसका अस्तित्व एक या अधिक भविष्यत् अनिश्चित घटनाओं जो पूर्णतः कंपनी के नियंत्रण में न हो के घटित या अघटित होने के द्वारा केवल सुनिश्चित किया जाएगा, उसे यथा आकस्मिक देयताएँ भी प्रकटन किया जाता है जब तक कि आर्थिक प्रसुविधाओं का निर्गमन की अधिसंभाव्यता दूरस्थ न हो।

आकस्मिक आस्तियाँ संभावित आस्तियाँ है जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होती है और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या एक से अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं की घटना या गैर-घटना से की जाएगी, जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं है। आकस्मिक आस्तियों का प्रकटन वित्तीय विवरणियों में तब किया जाता है जब प्रबन्ध के निर्णय के आधार पर आर्थिक प्रसुविधाओं की आमद संभाव्य हो। इनका निरंतर मूल्यांकन किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय विवरणियों में विकास समुचित रूप से परिलक्षित हो।

2.22 अर्जन प्रति शेयर

प्रति शेयर मूल अर्जन अवधि के दौरान बकाया साम्या शेयर के भारित औसत संख्या को करोपरांत निवल लाभ से विभाजित कर संगणना की जाती है। प्रति शेयर तनुकृत अर्जन को मूल अर्जन प्रति शेयर को व्युत्पन्नित करने और भी साम्या शेयरों की भारित औसत संख्या जो समस्त तनुकृत रूपक संभाव्य साम्या शेयरों के रूपांतरण के लिए निर्गत किए गए हैं से प्रतिफलित साम्या शेयरों की भारित औसत संख्या को करोपरांत लाभ से विभाजित कर संगणना की जाती है।

2.23 अनुपात अंतर

अनुपात अंतर आरक्षित के निर्धारण ने सीआईएल द्वारा अपनी स्थापना के बाद से स्थापित नीति का सतत पालन किया है। इस लेखांकन पद्धति को आयकर अधिकारियों सहित कई आधिकारिक निकायों और मंचों द्वारा प्रमाणित और मान्य किया गया है।

जब भी प्रावधान/आस्ति के व्युत्क्रमण की स्थिति उत्पन्न होती है, अनुपात अंतर आरक्षित की वहन राशि को व्यवस्थित रूप से उलट दिया जाएगा। ऐसा उत्क्रमण उन खानों के लिए विशिष्ट होना चाहिए जिनके लिए समान प्रावधान/आस्ति को निर्धारित की गई है।

एक खान के मामले में, जहाँ अनुपात अंतर आरक्षित में जमा शेष होता है, उपरिभार के आयतन पर निष्कासित उपरिभार की एक अतिरिक्त आयतन को विपट्टन गतिविधि की आरंभिक औसत दर से गुणा किया जाता है, जिसे अनुपात अंतर आरक्षित के लिए संबंधित नामे के साथ लाभ और हानि विवरणी में यथा विपट्टन गतिविधि समायोजन निर्धारित की जाएगी।

एक खान के मामले में, जहाँ अनुपात अंतर आरक्षित में जमा शेष होता है, निष्कासित उपरिभार के आयतन से अपेक्षित उपरिभार के आयतन की अधिकता को विपट्टन गतिविधि की शुरुआती औसत दर से गुणा किया जाता है, जिसे अनुपात अंतर आरक्षित के लिए संबंधित जमा के साथ लाभ और हानि विवरणी में यथा विपट्टन गतिविधि समायोजन निर्धारित की जाएगी।

जहाँ अपेक्षित उपरिभार के आयतन मानक पट्टी अनुपात से गुणा किए गए कोयले का आयतन है, जहाँ मानक पट्टी अनुपात खान अस्तित्व काल के दौरान निष्कासित कुल कोयले से विभाजित खान अस्तित्व काल के दौरान निष्कासित कुल उपरिभार है।

2.24 निर्णय, प्राक्कलन एवं ग्रहण

भारतीय लेखांकन मानक के साथ अनुरूपता में वित्तीय विवरणी की निर्मिति में प्रबंधन को प्राक्कलनों, निर्णयों और ग्रहणों जो आस्तियों एवं देयताओं के लेखांकन नीतियों एवं प्रतिवेदित राशियों के अनुप्रयोग, वित्तीय विवरणी की तिथि पर आकस्मिक आस्तियों एवं देयताओं का प्रकटीकरण तथा प्रतिवेदित अवधि के दौरान राजस्व और व्यय की राशि को प्रभावित करती है के निर्माण करने की आवश्यकता होती है। जटिल और विषयपरक निर्णयों वाले लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग और इन वित्तीय विवरणों में ग्रहणों के उपयोग का प्रकटन किया गया है। लेखांकन प्राक्कलनें समय-समय पर परिवर्तित हो सकते हैं। वास्तविक परिणाम प्राक्कलनों से भिन्न हो सकते हैं। प्राक्कलनों और अंतर्निहित ग्रहणों का पुनर्विलोकन सतत आधार पर किया जाता है। अवधि जिसमें प्राक्कलन परिशोधित किए जाते है में लेखांकन प्राक्कलनों के लिए परिशोधनों को निर्धारित किए जाते हैं और, यदि तात्विक हो, इनके प्रभावों को वित्तीय विवरणियों के टिप्पणियों में प्रकटन किए जाते हैं।

2.24.1 निर्णय

कंपनी के लेखांकन नीतियों के संप्रयोजन की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णय लिए है जिनका वित्तीय विवरणी में निर्धारित राशियों पर अति विशिष्ट प्रभाव है।

2.24.1.1 लेखांकन नीतियों का निरूपण

लेखांकन नीतियाँ इस तरीके से विनिर्मित की जाती है कि, जिसके परिणामस्वरूप लेनदेनों, अन्य घटनाओं और दशाओं के बारे में सुसंगत और विश्वसनीय संसूचना से युक्त वित्तीय विवरणी में परिणाम होता है जिन पर वे संप्रयोजित होते हैं। उन नीतियों को संप्रयोजित करने की आवश्यकता नहीं है जब उन्हें संप्रयोजन करने का प्रभाव महत्वहीन हो।

भारतीय लेखांकन नीति की अनुपस्थिति में जो विनिर्दिष्टतः किसी लेनदेनों, अन्य घटनाओं या दशाओं के लिए संप्रयोजित होती है, प्रबंधन ने लेखांकन नीति के विकास और संप्रयोजन में अपना निर्णय प्रयोग किया है जो संसूचनाओं में यथा परिणाम देता है :

अ) प्रयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय-निर्माण जरूरतों के लिए सुसंगत

आ) उस वित्तीय विवरणी में विश्वसनीय होता है: और

(i) कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकदी प्रवाह को निष्ठापूर्वक व्यपदिष्ट करता है; (ii) लेनदेनों, अन्य दशाओं और घटनाओं के आर्थिक उपादान को परावर्तीत करती है और केवल विधिक रूप को नहीं; (iii) तटस्थ रहता है, अर्थात् पूर्वाग्रह से मुक्त; (iv) प्रबुद्ध होता है और (v) अविरूद्ध आधार पर समस्त तात्विक विषयों में पूर्ण होते हैं।

निर्णय निर्माण में, प्रबंधन अवरोही क्रम में निम्नलिखित स्रोतों की संप्रयोज्यताओं को निदिर्ष्ट और विचार करती है :

अ. एक समान और संबंधित विवाद्यकों की कार्यवाही में भारतीय लेखांकन मानकों की आवश्यकताएँ।

आ. रूपरेखा में आस्तियों, देयताओं, आय और व्यय के लिए परिभाषाएँ, निर्धारण मानदंड और मापन संकल्पना।

निर्णय निर्माण में, प्रबंधन अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड की हाल की घोषणा को प्रतिफलित करती है और इसके अनुपस्थिति में उन अन्य मानक-समायोजक निकायों के जो उस विस्तार तक लेखांकन मानकों, अन्य लेखांकन साहित्य और स्वीकृत उद्यम प्रथाओं को विकसित करने के लिए समरूप संकल्पित रूपरेखा का प्रयोग करते हैं जो उपर्युक्त पैरा में यथा उद्धृत भारतीय लेखांकन मानक और लेखांकन नीतियों तथा प्रथाओं के साथ संघर्ष नहीं करते हो।

कंपनी खनन सेक्टर में संचालन करती है (जहाँ गवेषण, मूल्यांकन, विकास उत्पादन चरणें दशकों से चालू अवधि वाले पट्टा में विस्तृत विविधि स्थलाकृति और भूखननीय भूभाग पर आधारित हैं), विगत कई दशकों से इसके अविरुद्ध अनुप्रयोगों के ऋणी होते हुए अनुसंधान समितियों द्वारा आलंबित एवं विभिन्न विनियामकों द्वारा अनुमोदित लेखांकन नीतियों जिसका विशिष्ट उद्दयम प्रथाओं पर आधारित होता है को विकसित किया गया है। कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में विशिष्ट लेखांकन साहित्य, मार्गदर्शन, और मानकों की अनुपस्थिति में जो उत्क्रमण की प्रक्रिया में हैं, कंपनी लेखांकन साहित्य के विकास के क्रम में लेखांकन नीतियों को विकसित करने का प्रयास जारी रखती है और उसमें किसी भी विकास को विशेष रूप से भारतीय लेखांकन मानक 8 में ऊपर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भूतलक्षी प्रभाव से हिसाब लगाया जाएगा।

2.24.1.2 तात्त्विक्ता

भारतीय लेखांकन मानक मदों के लिए जो तात्विक है को संप्रयोजित करता है। प्रबंधन निर्णय का उपयोग यह विनिश्चित करने में करता है कि क्या व्यष्टि मद या मद की संगति वित्तीय विवरणियों में तात्विक हैं। मद की प्रकृति या महता या दोनों के संदर्भ द्वारा तात्विक्ता को परखा जाता है। विनिश्चयन कारक यह है कि क्या किसी संसूचना को लोप या मिथ्या कथन या अस्पष्ट करना वैयक्तिक रूप से या अन्य संसूचना के संयोजन में उन निर्णयों जो प्राथमिक उपभोक्ताएँ वित्तीय विवरणी के आधार पर पर निर्मित करते हैं को प्रभावित कर सकता है। भारतीय लेखांकन मानक के आवश्यकता अनुरूप अवधारित करने के लिए प्रबंधन तात्विक्ता के निर्णय का भी प्रयोग करती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी को विधि द्वारा आवश्यक होने पर पृथक्तः अतात्विक मदों को प्रस्तुत करने की भी आवश्यकता हो सकती है।

01.04.2019 से प्रभावी पूर्व अवधियों से संबंधित वर्तमान वर्ष में खोजी गई भूलें/चूकें यथा अतात्विक माने जाते हैं और वर्तमान वर्ष में समायोजित किए जाते हैं, यदि कंपनी के अंतिम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणी के अनुसार कुल मिलाकर समस्त ऐसी भूलें और चूकें परिचालन से कुल राजस्व के 1% से अधिक नहीं होती हो।

2.24.1.3 परिचालनगत पट्टा

कंपनी ने पट्टा करार कर लिया है। कंपनी ने व्यवस्थाओं के निबंधनों और शर्तों के मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया है, जैसे कि पट्टे की अवधि वाणिज्यिक संपत्ति के आर्थिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा नहीं है और संपत्ति का उचित मूल्य, कि यह सभी महत्वपूर्ण जोखिमों को बरकरार रखता है और इन संपत्तियों के स्वामित्व के प्रतिफल और परिचालनगत पट्टों के रूप में संविदाओं के लिए जिम्मेदार हैं।

2.24.2 प्राक्कलन एवं ग्रहण

प्रतिवेदित तिथि पर प्राक्कलन अनिश्चितता के आगत और अन्य प्रमुख स्रोतों के मद्धे प्रमुख ग्रहणों, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष में आस्तियों और देयताओं के वहनीय राशि के वास्तविक समायोजन के कारण एक विशिष्ट जोखिम है, नीचे वर्णित है। जब वित्तीय विवरणियों की विनिर्मिति किए जाते थे तब कंपनी ने उपलब्ध मापदण्डों पर अपने ग्रहणों और प्राक्कलनों को आधारित किया। आगत विकास को लेकर विदद्यमान परिस्थितियों और ग्रहणों, यद्यपि बाजार परिवर्तनों या उद्भूत परिस्थितियों, जो कंपनी के नियंत्रण से बाहर होते हैं, के कारण परिवर्तित हो सकते हैं। ऐसे परिवर्तन जब वे घटित होते हैं ग्रहणों में परावर्तित होते हैं।

प्राक्कलन, निर्णय और संबद्ध ग्रहणे पारम्परिक अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित हैं जिन्हें प्रासंगिक माना जाता है। वास्तविक परिणाम इन प्राक्कलनों से भिन्न हो सकते हैं।

प्राक्कलनों और अंतर्निहित ग्रहणों की सतत आधार पर समीक्षा की जाती है। लेखांकन प्राक्कलनों में संशोधन को उस अवधि में निर्धारण की जाती है जिसमें प्राक्कलन संशोधित होता है और भविष्य की अवधि प्रभावित होती है।

लेखांकन नीतियों के आवेदन के लिए जटिल और आत्मनिष्ठ निर्णयों और इन एकल वित्तीय विवरणियों में ग्रहणों के उपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों और लेखांकन प्राक्कलनों की आवश्यकता होती है, जिनका प्रकटन यहाँ नीचे किया गया है :

2.24.2.1 गैर-वित्तीय आस्तियों की क्षति

हानि का एक उपदर्शन है यदि, किसी आस्ति या नकदी जनन इकाई का वहनीय मूल्य उसकी प्रत्युद्धरणीय राशि से अधिक है, जो कि इसके उचित मूल्य से अधिक है, निपटान की लागत और उपयोग में इसके मूल्य से अधिक है। कंपनी हानि के परीक्षण के प्रयोजन के लिए व्यष्टि खानों को यथा पृथक नकदी जनन इकाइयाँ प्रतिफलित करती है। संगणना में प्रयुक्त मूल्य एक डीसीएफ प्रतिरूप पर आधारित है। नकदी प्रवाह अगले पांच वर्षों के लिए बजट से लिया गया है और इसमें पुनर्गठन गतिविधियों को सम्मिलित नहीं किया गया है जिसके लिए कंपनी अभी तक प्रतिबद्ध नहीं है या महत्वपूर्ण भविष्य के निवेश जो परीक्षण किए जा रहे सीजीयू के आस्ति के प्रदर्शन को बढ़ाएंगे। प्रत्युद्धरणीय राशि डीसीएफ मॉडल के लिए प्रयुक्त बट्टा दर के साथ-साथ बहिर्वेशन के प्रयोजनार्थ प्रयुक्त प्रत्याशित भावी नकदी-अंतर्वाह और वृद्धि दर के प्रति संवेदनशील है। ये अनुमान अन्य खनन अवसंरचना के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। भिन्न-भिन्न सीजीयू के लिए प्रत्युद्धरणीय राशि अवधारित करने के लिए प्रयुक्त प्रमुख ग्रहणों का प्रकटन किया गया है और आगे संबंधित टिप्पणियों में व्याख्या किया गया है।

2.24.2.2 कर

आस्थगित कर आस्तियों को अप्रयुक्त कर हानियों के लिए इस विस्तार तक निर्धारित की जाती है कि यह अधिसंभाव्य है कि कर-योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके विरुद्ध हानियों की उपयोगिता सिद्धि की जा सकती है। संभावित समय और भविष्य के कर-योग्य लाभ के स्तर के साथ-साथ भविष्य की कर योजना रणनीतियों के आधार पर, आस्थगित कर आस्तियों की राशि निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय की आवश्यकता होती है।

2.24.2.3 परिभाषित प्रसुविधा योजनाएँ

परिभाषित प्रसुविधा योजना और अन्य पश्च-नियोजन चिकित्सा प्रसुविधाओं की लागत और दायित्वों का वर्तमान मूल्य बीमांकिक मूल्यांकन का उपयोग करके निर्धारित किया जाता है। एक बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न ग्रहणों को सृजित करना सम्मिलित है जो भविष्य में वास्तविक विकास से भिन्न हो सकती हैं। इनमें बट्टा दर, भविष्यत् वेतन वृद्धि और मृत्यु दर के निर्धारण सम्मिलित हैं।

मूल्यांकन और इसकी दीर्घकालिक प्रकृति में सम्मिलित जटिलताओं के कारण, एक परिभाषित प्रसुविधा दायित्व इन ग्रहणों में परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। प्रत्येक प्रतिवेदित तिथि पर सभी ग्रहणों की समीक्षा की जाती है। सबसे अधिक परिवर्तन के अध्यधीन मापदंड बट्टा दर है। भारत में परिचालित

परियोजनाओं के लिए उचित बट्टा दर का निर्धारण करने में, प्रबंधन पश्च-नियोजन प्रसुविधा दायित्व की मुद्राओं के अनुरूप मुद्राओं में सरकारी बॉडों की ब्याज दरों को प्रतिफलित करती है।

मृत्यु दर देश की सार्वजनिक रूप से उपलब्ध मृत्यु दर तालिकाओं पर आधारित है। जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रत्युत्तर में अंतराल पर ही उन मृत्यु दर तालिकाओं में परिवर्तन होता है।

2.24.2.4 विकास के अधीन अमूर्त आस्ति

कंपनी लेखांकन नीति के अनुसार परियोजना के लिए विकास के अधीन अमूर्त आस्ति को पूँजीकृत करती है। लागतों का प्रारम्भिक पूँजीकरण प्रबंधन के निर्णयों पर आधारित होता है जिसका तकनीकी और आर्थिक साध्यता पुष्ट किया जाता है, प्रायः तब जब एक परियोजना प्रतिवेदन विनिर्मित और अनुमोदित की जाती है।

2.24.2.5 खान संवरण, स्थल पुनरूद्धार एवं अप्रवर्तन दात्यिव के लिए प्रावधान

कंपनी लेखांकन नीति के अनुसार परियोजना के लिए विकास के अधीन अमूर्त आस्ति को पूँजीकृत करती है। लागतों का प्रारम्भिक पूँजीकरण प्रबंधन के निर्णयों पर आधारित होता है जिसका तकनीकी और आर्थिक साध्यता पुष्ट किया जाता है, प्रायः तब जब एक परियोजना प्रतिवेदन विनिर्मित और अनुमोदित की जाती है।

- भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा निर्गत दिशानिर्देशों में यथा विनिर्दिष्ट प्रति हेक्टेयर प्राक्कलित लागत
- बट्टा दर (पूर्व कर दर) जो मुद्रा का सामयिक मूल्य और देयता के विशिष्ट जोखिमों के वर्तमान बाजार मूल्यांकन को परावर्तित करता है।

2.25 प्रयुक्त संक्षेपाक्षर :

अ.	सीजीयू	नकदी जनन इकाई
आ.	डीसीएफ	बट्टागत नकदी प्रवाह
इ.	एफवीटीओसीआई	अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य
ई.	एफवीटीपीएल	लाभ और हानि के जरिए उचित मूल्य
उ.	जीएएपी	सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत
ऊ.	भा. ले. मा.	भारतीय लेखांकन मानक
ऋ.	ओसीआई	अन्य व्यापक आय
ए.	पी&एल	लाभ और हानि
ऐ.	पीपीई	संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर
ओ.	एसपीपीआई	मूल और ब्याज
औ.	इआईआर	प्रभावी ब्याज दर

वित्तीय विवरणी की टिप्पणियाँ (जारी है ....)

टिप्पणी 3.1 : संपत्ति, संयत्र एवं उपस्कर

(₹ करोड़ में)

	पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि	अन्य भूमि	भूमि उद्धार/ स्थल प्रत्यावर्तन लागत	भवन (जलापूर्ति, सड़क एवं नाला)	संयंत्र एवं उपस्कर	संयंत्र एवं उपस्कर	वाहन	कार्यालयीन उपस्कर	दूरसंचार	रेलवे पार्श्वस्थल	अन्य खनन अवसंरचना	विपट्टन गतिविधि आस्तियाँ[3.1.7]	सर्वे-ऑफ आस्तियाँ	अन्य	कुल
सकल वहनीय राशि :															
01-04-2022 को यथा	435.22	1,467.03	418.57	713.87	2,755.37	111.33	3.09	46.41	24.78	188.72	1,010.20	579.09	5.57	2.71	**7,761.96**
परिवर्धन	72.43	236.14	43.45	79.91	249.11	1.34	3.47	5.16	2.49	15.33	205.38	274.73	10.20	0.06	**1,199.20**
अपमार्जन / समायोजन	(6.09)	5.75	(23.89)	(1.66)	12.94	(7.90)	0.15	(27.57)	0.22	(13.26)	3.80	-	(2.08)	(1.53)	**(61.12)**
31-03-2023 को यथा	**501.56**	**1,708.92**	**438.13**	**792.12**	**3,017.42**	**104.77**	**6.71**	**24.00**	**27.49**	**190.79**	**1,219.38**	**853.82**	**13.69**	**1.24**	**8,900.04**
01-04-2023 को यथा	501.56	1,708.92	438.13	792.12	3,017.42	104.77	6.71	24.00	27.49	190.79	1,219.38	853.82	13.69	1.24	**8,900.04**
परिवर्धन	195.50	159.73	11.71	94.45	204.50	2.08	2.69	14.88	14.57	19.10	106.15	366.39	7.55	-	**1,199.30**
अपमार्जन / समायोजन	-	(12.14)	(15.46)	(1.02)	(85.98)	(14.53)	-	13.30	(3.53)	0.21	(10.03)	-	0.08	(1.18)	**(130.28)**
31-03-2024 को यथा	**697.06**	**1,856.51**	**434.38**	**885.55**	**3,135.94**	**92.32**	**9.40**	**52.18**	**38.53**	**210.10**	**1,315.50**	**1,220.21**	**21.32**	**0.06**	**9,969.06**
संचित मूल्यह्रास, परिशोधन एवं क्षति[3.1.7]															
01-04-2022 को यथा	-	445.21	237.35	217.49	1,203.07	80.60	1.50	23.56	15.79	23.94	514.96	-	5.57	2.53	**2,771.57**
वर्ष के लिए प्रभार	-	126.01	29.32	37.77	281.29	2.60	0.39	5.95	2.54	11.60	102.62	19.08	3.55	-	**622.72**
अपमार्जन / समायोजन	-	(1.05)	-	(0.01)	(10.17)	9.63	0.26	(16.05)	0.24	-	15.03	-	(1.64)	(2.53)	**(6.29)**
31-03-2023 को यथा	**-**	**570.17**	**266.67**	**255.25**	**1,474.19**	**92.83**	**2.15**	**13.46**	**18.57**	**35.54**	**632.61**	**19.08**	**7.48**	**-**	**3,388.00**
01-04-2023 को यथा	-	570.17	266.67	255.25	1,474.19	92.83	2.15	13.46	18.57	35.54	632.61	19.08	7.48	-	**3,388.00**
वर्ष के लिए प्रभार	-	140.61	20.02	46.29	256.64	2.39	0.55	7.77	2.18	13.43	134.41	67.89	2.88	-	**695.06**
अपमार्जन / समायोजन	-	-	0.01	(0.75)	(86.19)	(12.77)	-	10.19	(0.03)	-	1.98	-	0.13	-	**(87.43)**
31-03-2024 को यथा	**-**	**710.78**	**286.70**	**300.79**	**1,644.64**	**82.45**	**2.70**	**31.42**	**20.72**	**48.97**	**769.00**	**86.97**	**10.49**	**-**	**3,995.63**
निवल वहनीय राशि															
31-03-2024 को यथा	**697.06**	**1,145.73**	**147.68**	**584.76**	**1,491.30**	**9.87**	**6.70**	**20.76**	**17.81**	**161.13**	**546.50**	**1,133.24**	**10.83**	**0.06**	**5,973.43**
31-03-2023 को यथा	**501.56**	**1,138.75**	**171.46**	**536.87**	**1,543.23**	**11.94**	**4.56**	**10.54**	**8.92**	**155.25**	**586.77**	**834.74**	**6.21**	**1.24**	**5,512.04**

टिप्पणी:

3.1.1. स्थावर संपत्तियों का हक विलेख कंपनी के नाम पर नहीं है।

तुलन-पत्र में प्रासंगिक लाइन मद्द	संपत्ति के मद्द का विवरण	सकल वहनीय मूल्य	के नाम पर हक विलेख	क्या हक विलेख धारक एक संप्रवर्तक, निदेशक या संप्रवर्तक*/ निदेशक का सगे-संबंधी# या संप्रवर्तक/निदेशक का कर्मी है?	संपत्ति किस तारीख से धारित है	कंपनी के नाम नहीं होने का कारण
संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर	पूर्ण-स्वामित्व वाली भूमि	समाधान के अधीन	लागू नहीं	नहीं	लागू नहीं	कोयला खान (राष्ट्रीकरण) अधिनियम, 1973 के अनुसरण में अधिगृहीत भूमि, संबंधित भूमि के लिए पृथकतः हक विलेख की आवश्यकता नहीं है। अधिगृहीत भूमि के लिए सभी अन्य हक विलेखें दखल में हैं और कंपनी के पक्ष में नामांतरित किया गया है सिवाय पूर्णस्वामित्व वाली भूमियों के कतिपय मामलें जहाँ विधिक औपचारिकताएँ लंबित होने के कारण वैसा ही प्रक्रियाधीन है। 720.00 हेक्टेयर भूमि की बाबत दस्तावेजों/हक विलेखों का संकलन एवं समाधान प्रगति पर है।

3.1.2. भूमि – अन्य में कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 एवं भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के अधीन अधिगृहीत भूमि भी समाविष्ट है।

3.1.3. 3. भूमि उद्धार/स्थल प्रत्यावर्तन लागत में मुद्रास्फीति (5% प्रति वर्ष) के लिए विधिवत वृद्धि हुए और तब 8% बट्टा दर में भुनाए गए जो उचित मूल्य पर चालू बाजार दर एवं जोखिम को प्रतिबिम्बित करता है खान समाप्ति के चरण में उपगत अनुमानित लागत समाविष्ट है।

3.1.4. कोयला खदान श्रमिक कल्याण संगठन एवं कोयला खान बचाव संगठन से ग्रहण कर लिए गए आस्तियों एवं देयताओं, जिसके लिए कोई परिमाणात्मक ब्यौरे उपलब्ध नहीं है, को उनके मूल्य के अवधारण के लंबित खातों में सम्मिलित नहीं किया गया है। कोयला खदान श्रमिक कल्याण संगठन, कल्ला एवं केन्द्रीय अस्पताल के साथ-साथ 4 अन्य अस्पताल/औषधालयों, खान बचाव केन्द्र, बराकर इंजीनियरिंग एण्ड फाउंड्री वर्क्स की बाबत कंपनी द्वारा हस्तांतरित एवं ग्रहण की गई आस्तियों एवं देयताओं के लिए औपचारिक हस्तातंरण विलेखों/करार अभी अंतिम रूप दिया जाना है और कंपनी के पक्ष में निष्पादित किया जाना है।

3.1.5. भवन में आवासीय/कार्यालय/खनन क्षेत्रों में अवस्थित सड़क और नाला सम्मिलित है।

3.1.6. टिप्पणी-2 (2.7) में यथा उल्लिखित प्रयोज्य सक्रियता के आधार पर मूल्यह्रास को उपबंधित किया गया है।

3.1.7. भा.ले.मा. 8, "लेखांकन नीतियों, लेखांकन प्राक्कलन एवं त्रुटियों में परिवर्तन" तथा भा.ले.मा. 1, "वित्तीय विवरणियों का प्रस्तुतिकरण" के अनुसार टिप्पणी 9.1 में विपट्टन गतिविधि समायोजन के निहितार्थ पुनर्वर्गीकरण एवं पुनर्कथन का परिणामी प्रभाव के लिए टिप्पणी 16(5)(ट) का संदर्भ लें।

3.1.8. संचित क्षति में संचलन

	पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि	अन्य भूमि	भूमि उद्धार/ स्थल प्रत्यावर्तन लागत	भवन (जलापूर्ति, सड़क एवं नाला)	संयंत्र एवं उपस्कर	फर्नीचर एवं जुड़नार	वाहन	कार्यालयीन उपस्कर	दूरसंचार	रेलवे पार्श्वस्थल	अन्य खनन अवसंरचना	विपट्टन गतिविधि आस्तियाँ	सर्वे-ऑफ आस्तियाँ	अन्य	कुल
01-04-2022 को यथा	-	-	-	-	22.55	-	-	-	-	-	218.74	-	5.57	-	**246.86**
वर्ष के लिए प्रभार	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	44.89	-	3.55	-	**48.44**
अपमार्जन / समायोजन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1.07	-	(1.64)	-	**(0.57)**
31-03-2023 को यथा	**-**	**-**	**-**	**-**	**22.55**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**264.70**	**-**	**7.48**	**-**	**294.73**
01-04-2023 को यथा	-	-	-	-	22.55	-	-	-	-	-	264.70	-	7.48	-	**294.73**
वर्ष के लिए प्रभार	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	51.27	-	2.88	-	**54.15**
अपमार्जन / समायोजन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0.88	-	0.13	-	**1.01**
31-03-2024 को यथा	**-**	**-**	**-**	**-**	**22.55**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**316.85**	**-**	**10.49**	**-**	**349.89**

वित्तीय विवरणी की टिप्पणियाँ (जारी है ....)

नोट 3.2 : पूंजीगत कार्य प्रगति पर

(₹ करोड़ में)

	भवन (जलापूर्ति, सड़क एवं नाला सहित)	संयंत्र एवं उपस्कर	रेलवे पार्श्वस्थल	अन्य खनन अवसंरचना / विकास	सौर परियोजना	अन्य	कुल
सकल वहनीय राशि :							
01-04-2022 को यथा	72.14	60.34	115.68	161.62	-	15.16	**424.94**
परिवर्धन	70.58	262.35	72.39	106.33	-	1.22	**512.87**
पूँजीकरण / अपमार्जन	(60.26)	(99.06)	(18.47)	(169.58)	-	(15.26)	**(362.63)**
31-03-2023 को यथा	**82.46**	**223.63**	**169.60**	**98.37**	**-**	**1.12**	**575.18**
01-04-2023 को यथा	82.46	223.63	169.60	98.37	-	1.12	**575.18**
परिवर्धन	72.20	315.22	77.32	114.84	18.24	18.36	**616.18**
पूँजीकरण / अपमार्जन	(90.04)	(151.26)	(26.83)	(91.91)	-	(14.78)	**(374.82)**
31-03-2024 को यथा	**64.62**	**387.59**	**220.09**	**121.30**	**18.24**	**4.70**	**816.54**
संचित क्षति							
01-04-2022 को यथा	0.52	2.54	-	21.29	-	0.08	**24.43**
वर्ष के लिए प्रभार	-	0.32	-	1.47	-	-	**1.79**
अपमार्जन / समायोजन	-	-	-	(7.62)	-	-	**(7.62)**
31-03-2023 को यथा	**0.52**	**2.86**	**-**	**15.14**	**-**	**0.08**	**18.60**
01-04-2023 को यथा	0.52	2.86	-	15.14	-	0.08	**18.60**
वर्ष के लिए प्रभार	0.44	-	-	0.83	-	-	**1.27**
अपमार्जन / समायोजन	-	0.13	-	(2.02)	-	-	**(1.89)**
31-03-2024 को यथा	**0.96**	**2.99**	**-**	**13.95**	**-**	**0.08**	**17.98**
निवल वहनीय राशि							
31-03-2024 को यथा	**63.66**	**384.60**	**220.09**	**107.35**	**18.24**	**4.62**	**798.56**
31-03-2023 को यथा	**81.94**	**220.77**	**169.60**	**83.23**	**-**	**1.04**	**556.58**

वित्तीय विवरणी की टिप्पणियाँ (जारी है ....)

3.2.1 पूँजीगत चालू कार्य (सकल) का काल-प्रभावन अधिसूची

(₹ करोड़ में)

	31-03-2024 को यथा पूँजीगत चालू कार्य में राशि				
	1 वर्ष के कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	कुल
परियोजनाएँ प्रगति पर:					
भवन (जलापूर्ति, सड़क एवं नाला सहित)	39.64	3.44	11.78	9.10	**63.96**
संयंत्र एवं उपस्कर	134.38	130.70	115.44	7.07	**387.59**
रेलवे पार्श्वस्थल	115.86	59.81	25.04	19.38	**220.09**
अन्य खनन अवसंरचना/ विकास	59.36	21.17	14.67	23.97	**119.17**
सौर परियोजना	18.24				**18.24**
अन्य	4.24	0.17	-	0.29	**4.70**
कुल (क)	**371.72**	**215.29**	**166.93**	**59.81**	**813.75**
अस्थायी रूप से निलंबित परियोजनाएँ :					
भवन (जलापूर्ति, सड़क एवं नाला)					
मंदारबोनी कोलियरी के फुटबॉल मैदन के चारों ओर चाहरदीवारी	-	-	0.11		**0.11**
पाण्डवेश्वर क्षेत्र के अधीन डालुरबांध में पहुँच आरसीसी सड़क का निर्माण	-	-	-	0.10	**0.10**
सलानपुर कॉम्पेक्स में चाहरदीवारी का निर्माण				0.45	**0.45**
अन्य खनन अवसंरचना/ विकास					
पाण्डवेश्वर क्षेत्र के अधीन पाण्डवेश्वर भूमिगत खान में वापसी सड़क मार्ग के साथ रूफ बोल्टिंग	-	-	-	0.02	**0.02**
खोट्टाडीह भूमिगत खान में सेक्शनल टॉप्पिंग का निर्माण				0.01	**0.01**
सोनपुर बजारी क्षेत्र में 25 मेगावोल्ट प्रति एंपीयर उपकेन्द्र के समीप 5 नम्बर 6.6 किलो वोल्ट फीडर स्थान से परित्यक्त 4 मेगावोल्ट प्रति एंपीयर उपकेन्द्र के जरिए खान घेरा के साथ बांधबोहल ग्राम के समीप एवं शंकरपुर डम्प तक एवं 01 नम्बर 25 मेगावोल्ट प्रति एंपीयर उपकेन्द्र से पथांतरित राष्ट्रीय मार्ग-60 के साथ सेक्टर 3 तक का स्थानांतरण				2.10	**2.10**
कुल (ख)	**-**	**-**	**0.11**	**2.68**	**2.79**
कुल जोड़ (क + ख)	**371.72**	**215.29**	**167.04**	**62.49**	**816.54**

	31-03-2023 को यथा पूँजीगत चालू कार्य में राशि				
	1 वर्ष के कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	कुल
परियोजनाएँ प्रगति पर:					
भवन (जलापूर्ति, सड़क एवं नाला सहित)	45.45	15.10	5.20	16.50	**82.25**
संयंत्र एवं उपस्कर	137.43	73.42	5.72	7.06	**223.63**
रेलवे पार्श्वस्थल	65.94	61.04	4.88	37.74	**169.60**
अन्य खनन अवसंरचना/ विकास	33.51	31.99	8.47	22.27	**96.24**
सौर परियोजना					**-**
अन्य	0.44	0.36	-	0.32	**1.12**
कुल (क)	**282.77**	**181.91**	**24.27**	**83.89**	**572.84**
अस्थायी रूप से निलंबित परियोजनाएँ :					
भवन (जलापूर्ति, सड़क एवं नाला सहित)					
मंदारबोनी कोलियरी के फुटबॉल मैदन के चारों ओर चाहरदीवारी		0.11			**0.11**
